सं0 3307/जी0-एस0-592/2022-23—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-6 की उप धारा-(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-8313/आई0ए0-813/1954, दिनांक 19 अक्टूबर, 1956 द्वारा यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज के ग्राम हरबल्लभपुर में उपर्युक्त अधिनियम की धारा-4क(2) के अधीन जारी की गई विज्ञप्ति संख्या-6084/जी0-610/2016-17 दिनांक 17 दिसम्बर, 2019 एतद्द्वारा निरस्त करता हूँ।

शुद्धि-पत्र

सं0 3308/जी0-एस0-592/2022-23—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा-6(1) के अन्तर्गत विज्ञप्ति संख्या-4110/जी0-158ए/65 दिनांक 28 जनवरी, 2009 द्वारा तहसील छिबरामऊ के ग्राम हरबल्लभपुर, जनपद कन्नौज की चकबन्दी क्रियाओं में सम्मिलित करने विशयक विज्ञप्ति संख्या-3986/जी0-38/80 दिनांक 10 जुलाई, 1980 को निरस्त किया गया था।

चूंकि उक्त ग्राम में अधिनियम की धारा-24 के अधीन कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी थी, जिसके परिणाम स्वरूप अधिनियम की धारा-30 के अधीन चकबन्दी योजना प्रवृत होकर नवीन प्रदिष्ट चकों पर खातेदारों को भौमिक अधिकार उदभूत हो चुके थे। इस प्रकार ग्राम हरबल्लभपुर के सम्बन्ध में जारी धारा-6(1) की विज्ञप्ति संख्या-4110/जी0-158ए/65 दिनांक 28 जनवरी, 2009 अधिनियम की धारा-6(2) के प्राविधानों के विपरीत होने के कारण निरस्त की जाती है, फलस्वरूप ग्राम को चकबन्दी क्रियाओं में सम्मिलित करने विषयक पूर्व की विज्ञप्ति संख्या-3986/जी0-38/80 दिनांक 10 जुलाई, 1980 प्रभावी रहेगी।

सं0 3309/जी0-28/2024-25/धारा-6(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-6 की उप धारा-(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-8313/आई0ए0-813/1954, दिनांक 19 अक्टूबर, 1956 द्वारा यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, तहसील बिल्सी, जनपद बदायूं के ग्राम पुसगवां में उपर्युक्त अधिनियम की धारा-4क(2) के अधीन जारी की गई विज्ञप्ति संख्या-3562/जी0-610/11 दिनांक 28 अगस्त, 2012 एतद्द्वारा निरस्त करता हूँ।

सं0 3310/जी0-250/2022-23/धारा-6(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-6 की उप धारा-(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-8313/आई0ए0-813/1954, दिनांक 19 अक्टूबर, 1956 द्वारा यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, तहसील नकुड़, जनपद सहारनपुर के ग्राम रानीपुर बरसी अहतमाल में उपर्युक्त अधिनियम की धारा-4क(2) के अधीन जारी की गई विज्ञप्ति संख्या-2656/जी0-610/2012 दिनांक 11 जुलाई, 2014 एतद्द्वारा निरस्त करता हूँ।

सं0-3311/जी0-610/2024-25(5)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-4क की उप धारा-(2) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-3741/सी0एच0आई0ई0-454/53 दिनांक 21 अगस्त, 1963 द्वारा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके तथा शासनादेश सं0 23/1-1-1(5)1991-टी0सी0-रा0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 के अनुसार खण्ड ख में किये गये प्राविधान के अन्तर्गत मैं, जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जनपद गोरखपुर के निम्न ग्राम में चकबन्दी क्रियायें पुनः आरम्भ करने का निश्चय किया गया है—

ग्रामों की सूची

क्र0	जनपद	तहसील	परगना	ग्राम का नाम	धारा जिसके तहत प्रख्यापन होना है।
1	2	3	4	5	6
1	गोरखपुर	कैम्पियरगंज	हवेली तप्पा-पचवारा	थवाईपार,	धारा— 4क(2)/द्वितीय चक्र

सं0 3312/जी0-155/2024-25/धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23/1/1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील सदर परगना शमशाबाद पूर्व जनपद फर्रुखाबाद के ग्राम फगुना अतनपुर में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 3313/जी0-152-A/2024-25/धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23/1/1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील कादीपुर परगना अल्देमऊ जनपद सुलतानपुर के ग्राम मालापुर जगदीशपुर में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

जी0एस0 नवीन कुमार,
चकबन्दी संचालक,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0—41 हिन्दी गजट—भाग 1-क—2025 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०-ए०डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 11 जनवरी, 2025 ई० (पौष 21, 1946 शक संवत्)

भाग 4

निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश
कार्यालय, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

12 अगस्त, 2024 ई0

सं0 मा0शि0प0 / परिषद्-9 / 386—सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 (परीक्षा वर्ष 2025) की हाईस्कूल (कक्षा 11 व 12) हेतु निम्नवत् पाठ्क्रम निर्धारित किया जाता है।

विषय—हिन्दी

(कक्षा—11) **पूर्णांक 100**

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र तीन घण्टे का होगा। सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित है—
क— गद्य, पद्य, खण्ड काव्य, नाटक और कहानी।
ख— संस्कृत— गद्य, पद्य, निबन्ध, काव्य सौन्दर्य के तत्व, संस्कृत व्याकरण और अनुवाद।

खण्ड—क (अंक—50)

1— हिन्दी गद्य का विकास—हिन्दी गद्य का उद्‌भव एवं विकास, भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग 1×4=4 अंक
2— काव्य साहित्य का विकास—पद्य साहित्य का उद्‌भव एवं विकास, काल विभाजन, आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियां, कवि एवं उनकी प्रमुख रचनाएं 1×4=4 अंक
3— सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम। 1×2=2 अंक
(सड़क सुरक्षा से ज्ञानात्मक बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछें जायेगें)।
4— पाठय्क्रम में निर्धारित गद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक
5— पाठय्क्रम में निर्धारित पद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक
6(क)—संकलित गद्य के पाठों के लेखकों का जीवन परिचय, कृतियाँ तथा भाषा शैली (शब्द सीमा अधिकतम 80) 3+2=5 अंक
(ख) कवि परिचय, जीवनी, कृतियाँ, साहित्यिक विशेषताएँ—(शब्द सीमा अधिकतम 80) 3+2=5 अंक
7— कहानी—चरित्र—चित्रण, कहानी के तत्व एवं तथ्यों पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 80) 5×1=5 अंक
8— नाटक—निर्धारित नाटक की विशेषताएँ एवं पात्रों के चरित्र चित्रण पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 80) 5×1=5 अंक

खण्ड–ख (अंक–50)

9(क)–पठित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के संस्कृत गद्य का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद 2+5=7 अंक
(ख)–पठित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के संस्कृत पद्य का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद 2+5=7 अंक
10– पाठों पर आधारित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर (कोई दो प्रश्न करना है)। 2+2=4 अंक
11–काव्य सौन्दर्य के तत्व–
(क) सभी रस–(परिभाषा, उदाहरण एवं पहचान) 1+1=2 अंक
(ख) अलंकार (1) शब्दालंकार–अनुप्रास, यमक, श्लेष (परिभाषा अथवा उदाहरण) 1+1=2 अंक
(2) अर्थालंकार–उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सन्देह, भ्रान्तिमान, अन्वय, प्रतीप, दृष्टान्त तथा अतिशयोक्ति (परिभाषा अथवा उदाहरण)
(ग) छन्द (1) मात्रिक–चौपाई, दोहा, सोरठा, रोला, कुण्डलिया, हरिगीतिका, वरवै (लक्षण एवं उदाहरण) 1+1=2 अंक
(2) वर्णवृत्त–इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, सवैया, मत्तगयंद, सुमुखी, सुन्दरी, बसन्ततिलका (लक्षण एवं उदाहरण)
(3) मुक्तक–मनहर (लक्षण एवं उदाहरण)
12– निबन्ध–हिन्दी में मौलिक अभिव्यक्ति। दिये हुए विषय पर निबन्ध, (जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा, यातायात के नियम आदि की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध पूछे जायेंगें)। 2+7=9 अंक

संस्कृत व्याकरण– (क्रम संख्या 12 एवं 13 से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे)

13– क–सन्धि–(1) स्वर सन्धि–एचोऽयवायावः एङः पदान्तादति, एङपररूपम् 1×3=3 अंक
(2) व्यंजन सन्धि–स्तोः श्चुनाश्चुः, ष्टुनाष्टुः, झलांजशझशि, खरिच, मोऽनुस्वारः तोर्लि, अनुस्वारस्ययि पर सवर्णः।
(3) विसर्ग सन्धि– विसर्जनीयस्य सः, सजुषोरूः, अतोरोरप्लुतादप्लुते, हशिच, रोरि।
ख–समास–अव्ययीभाव, कर्मधारय, बहुब्रीहि। 1+1=2 अंक
14–(क) शब्दरूप (1) संज्ञा–आत्मन्, नामन, राजन्, जगत्, सरित्। 1+1=2 अंक
(2) सर्वनाम– सर्व, इदम्, यद्।
(ख)–धातुरूप–लट्, लोट, विधिलिङ्ग, लङ, लृट–(परस्मैपदी) स्था, पा, नी, दा, कृ, चुर् 1+1=2 अंक
(ग)–प्रत्यय (1) कृत–क्त, क्त्वा, तब्यत्, अनीयर् 1+1=2 अंक
(2) तद्धित–त्व, मतुप, वतुप
(घ)–विभक्ति परिचय–अभितः परितः, समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि, येनाङ्विकारः,सहयुक्तेऽप्रधाने, नमः स्वस्तिस्वाहा, स्वधालंबषट्योगाच्च, षष्ठीशेषे, यतश्चनिर्धारणम। 1+1=2 अंक
15–हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। 2+2=4 अंक

निर्धारित पाठ्य वस्तु (माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंश) का अध्ययन करना होगा।

खण्ड–क

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
	2–आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी	महाकवि माघ का प्रभात वर्णन
	3–श्याम सुन्दर दास	भारतीय साहित्य की विशेषताएँ
	4–सरदार पूर्ण सिंह	आचरण की सभ्यता
	5–डा0 सम्पूर्णानन्द	शिक्षा का उद्देश्य
	6–रायकृष्ण दास	आनन्द की खोज, पागल पथिक
	7–राहुल सांकृत्यायन	अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा
	8–रामबृक्ष बेनीपुरी	गेहूं बनाम गुलाब
	9– – – –	सड़क सुरक्षा
	10– – – – –	गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–कबीरदास	साखी, पदावली
	2–मलिक मुहम्मद जायसी	नागमती का वियोग वर्णन
	3–सूरदास	विनय, वात्सल्य, भ्रमरगीत
	4–तुलसीदास	भरत–महिमा, गीतावली, कवितावली, दोहावली, विनय पत्रिका।
	5–केशवदास	स्वयंवर–कथा, विश्वामित्र और जनक की भेंट
	6–कविवर बिहारी	भक्ति एवं श्रृंगार।
	7–महाकवि भूषण	शिवा–शौर्य, छत्रसाल प्रशस्ति
	8–विविधा	सेनापति, देव, घनानन्द

कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1—प्रेमचन्द	बलिदान
	2—जयशंकर 'प्रसाद'	आकाश दीप
	3— भगवती चरण वर्मा	प्रायश्चित
	4—यशपाल	समय
	5—जैनेन्द्र कुमार	ध्रुवयात्रा

नाटक (सहायक पुस्तक)

क्र0 सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक—श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204—ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ।	मेरठ, आजमगढ़, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत।
2	आन की मान लेखक—श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, प्रयागराज	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रूखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर।
3	गरूड़ ध्वज लेखक—लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, प्रयागराज।	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, ललितपुर।
4	सूत पुत्र लेखक—डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड, आगरा।	प्रयागराज, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी।
5	राज मुकुट लेखक—श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड़, आगरा	कानपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर।

नोट :—इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

खण्ड—ख

संस्कृत दिग्दर्शिका
पाठ्य वस्तु

1—वन्दना
2—प्रयागः
3—सदाचारोपदेशः
4—हिमालयः
5—गीतामृतम्
6—चरैवेति—चरैवेति
7—विश्वबन्द्याः कवयः,
8—लोभः पापस्य कारणम।
9— चतुरश्चौर
10—सुभाषचन्द्रः।

विषय—सामान्य हिन्दी

(कक्षा—11) **पूर्णांक—100**

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्न—पत्र तीन घण्टे का होगा। सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित है—
क— गद्य, पद्य, खण्ड काव्य, नाटक और कहानी।
ख— संस्कृत— गद्य, पद्य, निबन्ध, काब्य सौन्दर्य के तत्व, संस्कृत एवं हिन्दी व्याकरण और पत्रलेखन।

खण्ड—क (अंक—50)

1— हिन्दी गद्य का विकास—हिन्दी गद्य का उद्भव एवं विकास, भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग 1×4=4 अंक
2— काव्य साहित्य का विकास—पद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास, काल विभाजन, आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियां, कवि एवं उनकी रचनाएं। 1×4=4 अंक
3— सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम। 1×2=2 अंक
(सड़क सुरक्षा से ज्ञानात्मक बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेगें)।
4— पाठ्यक्रम में निर्धारित गद्यांशों पर आधारित पाँच प्रश्न। 2×5=10 अंक

5–पाठ्यक्रम में निर्धारित पद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक
6 (क)–पाठ्यक्रम में निर्धारित लेखकों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5 अंक
(ख)–पाठ्यक्रम में निर्धारित कवियों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5 अंक
7– पाठ्यक्रम में निर्धारित कहानियों का सारांश एवं उद्देश्य पर आधारित प्रश्न। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 5×1=5 अंक
8– पाठ्यक्रम में निर्धारित नाटक की कथावस्तु एवं प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 5×1=5 अंक

खण्ड–ख (अंक–50)

9–(क)–पाठयक्रम में निर्धारित संस्कृत गद्य का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद। 2+5=7 अंक
(ख)–पाठयक्रम में निर्धारित संस्कृत पद्य का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद। 2+5=7 अंक
10–लोकोक्तियों एवं मुहावरों के अर्थ एवं वाक्य प्रयोग। 1+1=2 अंक
(क्रम संख्या 10 एवं 11 से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे)
11–(क)–संन्धि–(दीर्घ, गुण, यण, अयादि में से किन्हीं तीन सन्धियों से संबंधित शब्दों का सन्धि विच्छेद। 1×3=3 अंक
(ख) संस्कृत शब्दों में विभक्ति की पहचान– 1+1=2 अंक
संज्ञा–आत्मन्, नामन्, राजन्, जगत्, सरित्।
सर्वनाम– सर्व इदम् यद्।
12–(क)शब्दों में सूक्ष्म अन्तर। 1+1=2 अंक
(ख) अनेकार्थी शब्द। 1+1=2 अंक
(ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (केवल दो शब्द) 1+1=2 अंक
(घ) वाक्यों में त्रुटिमार्जन (लिंग, वचन, कारक, काल एवं वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ) 1+1=2 अंक
13–काव्य सौन्दर्य के तत्व– (क) रस–श्रृंगार, करुण, हास्य, वीर एवं शान्त रस के लक्षण एवं उदाहरण 1+1=2 अंक
(ख) अलंकार–(1) शब्दालंकार–अनुप्रास, यमक, श्लेष के लक्षण अथवा उदाहरण। 02 अंक
(2) अर्थालंकार–उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान एवं सन्देह के लक्षण अथवा उदाहरण।
(ग) छन्द–मात्रिक–चौपाई, दोहा, सोरठा, कुण्डलियां के लक्षण एवं उदाहरण। 1+1=2 अंक
14–पत्र लेखन (निम्नलिखित में से किसी एक पर)– 2+4=6 अंक
(1) नियुक्ति–आवेदन–पत्र
(2) बैंक से किसी व्यवसाय के लिए ऋण प्राप्त करने का आवेदन–पत्र।
(3) अपने नगर या गाँव की सफाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रार्थना–पत्र।
15–निबन्ध (विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना, यातायात के नियम पर आधारित जनसंख्या, स्वास्थ्य शिक्षा व पर्यावरण से सम्बन्धित) 2+7=9 अंक

पाठ्य वस्तु–खण्ड–क

सामान्य हिन्दी विषय के लिए निम्नलिखित पाठ्य वस्तु का अध्ययन करना होगा:–

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
	2–आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी	महाकवि माघ का प्रभात वर्णन
	3–सरदार पूर्ण सिंह	आचरण की सभ्यता
	4–डा0 सम्पूर्णानन्द	शिक्षा का उद्देश्य
	5–राहुल सांकृत्यायन	अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा
	6–रामवृक्ष बेनीपुरी	गेहूँ बनाम गुलाब
	7– –––––––	सड़क सुरक्षा
	8– –––––––	गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–संत कबीरदास	साखी, पदावली
	2–सूरदास	विनय, वात्सल्य, भ्रमरगीत
	3–गोस्वामी तुलसीदास	भरत–महिमा, कवितावली, गीतावली, दोहावली, विनय पत्रिका।
	4–कविवर विहारी	भक्ति एवं श्रृंगार
	5–महाकवि भूषण	शिवा–शौर्य, छत्रसाल प्रशस्ति
कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–प्रेमचन्द	बलिदान
	2–जयशंकर 'प्रसाद'	आकाश दीप
	3–यशपाल	समय
	4–भगवती चरण वर्मा	प्रायश्चित

नाटक (सहायक पुस्तक) **प्रथम प्रश्न–पत्र**

क्र0सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक– श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204–ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ	मेरठ, आजमगढ़, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत।
2	आन की मान लेखक– श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, प्रयागराज	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रुखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर।
3	गरूड़ ध्वज लेखक– श्री लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, प्रयागराज	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, ललितपुर।
4	सूत पुत्र लेखक– डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड़, आगरा	प्रयागराज, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी।
5	राज मुकुट लेखक– श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड, आगरा	कानपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर।

नोटः–इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

सामान्य हिन्दी–खण्ड–ख

संस्कृत दिग्दर्शिका

संस्कृत हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु–

1–वन्दना
2–प्रयागः
3–सदाचारोपदेशः
4–हिमालयः
5–गीतामृतम्
6–लोभः पापस्य कारणम्

विषय–नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा

(कक्षा–11) **पूर्णांक–50 अंक**

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे तथा 50 अंकों का होगा, इसके साथ ही 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। लिखित एवं प्रयोगात्मक में उत्तीर्ण होने के लिये विद्यार्थी को 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इस विषय के प्राप्तांकों का योग, श्रेणी निर्धारण में नहीं किया जायेगा। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा अग्रसारण/पंजीकरण अधिकारी द्वारा ली जायेगी।

उद्देश्य–

1–बालकों का सर्वांगीण विकास एवं गुणों का उन्नयन।
2–छात्रों में स्वयं उत्तरदायित्व वहन, समय पालन एवं स्वस्थ नेतृत्व शक्ति का विकास।
3–सुदृढ शरीर का निर्माण करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं की अभिवृद्धि।
4–सहयोग, सहिष्णुता तथा विश्वबन्धुत्व की भावना का विकास।
5–छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति अनुराग, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना का विकास।
6–भावी जीवन में जीविका के लिये तैयार करना।

नैतिक, खेल एवं भारीरिक शिक्षा **30 अंक**

इकाई–1–नैतिकता के मूल तत्व– **05 अंक**

नैतिकता का तात्पर्य तथा स्वरूप, महत्व, परिवार, समाज राष्ट्र एवं विश्व के सन्दर्भ में नैतिकता के आधार पर सत्य, अहिंसा, प्रेम, ईमानदारी, स्वतंत्र चिंतन, आत्मसंयम, सहिष्णुता, परोपकार तथा सह.अस्तित्व आदि के व्यावहारिक पक्ष।

इकाई–2–परिवार तथा समाज– **04 अंक**

परिवार के प्रति कर्तव्य विशेषकर परिवार में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों– दादा-दादी, नाना.नानी अथवा अभिभावकों के प्रति अधिक जागरूक एवं संवेदनशील रहना। माता.पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण.पोषण कल्याण कानून 2007 का संक्षिप्त ज्ञान। पारस्परिक संबंधों की रक्षा एवं निर्वाह, समाजसेवा का महत्व, अंध विश्वास एवं रूढ़ियों का उन्मूलन, सामाजिक दोषों का निराकरण, धूम्रपान, मद्यपान, दहेज, अशिक्षा, पारिवारिक उत्पीड़न तथा जाति.प्रथा।

इकाई–3–नागरिकता एवं भावनात्मक एकता– **03 अंक**

नागरिकता का अर्थ, परिभाषा, नागरिक के कर्तव्य, परिवार एवं समाज के प्रति शिष्टाचार, विश्व.बन्धुत्व, सर्व धर्म.समभाव।

इकाई–4– **03 अंक**

गुरू–शिष्य सम्बन्ध, वर्तमान शैक्षिक परिवेश में तनाव के कारण एवं निवारण।

इकाई–5–पर्यावरण, सुरक्षा एवं संरक्षण– **03 अंक**

पर्यावरण का अर्थ, परिभाषा एवं महत्व, मानव क्रिया.कलापों का पर्यावरण पर प्रभाव, जनसंख्या विस्फोट का पर्यावरण पर प्रभाव, प्राकृतिक आपदाओं का पर्यावरण पर प्रभाव, पर्यावरण सुरक्षा।

इकाई–6–सड़क यातायात एवं सावधानियां– **03 अंक**

यातायात नियम एवं उनके पालन की आवश्यकता, संकेतों की जानकारी एवं अर्थ, पैदल एवं वाहन चालकों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां और होने वाली असावधानियां, यातायात में आने वाले अवरोध, उनका निदान एवं उपचार।

इकाई–7– **03 अंक**

भारतीय संविधान में उल्लिखित नागरिकों के मूल कर्तव्य एवं उनके अनुपालन हेतु दिशा निर्देश।

इकाई–8–बाल अधिकार– **03 अंक**

जीवन संरक्षण सहभागिता, विकास का अधिकार, भारतीय संविधान में बाल अधिकार संरक्षण, शिकायत प्रणाली, बाल अधिकार संरक्षण आयोग, चाइल्ड लाइन, वीमेन पावन लाइन।

इकाई–9–बाल संरक्षण– **03 अंक**

बाल सुरक्षा, बच्चा और परिवार, अवयस्क बालक/बालिकाओं को बुरी आदतों से बचने हेतु प्रेरित करना एवं उनसे होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना। हानिकारक पारम्परिक प्रथायें, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी, वैकल्पिक देखभाल, शिक्षा का अधिकार, पीड़ित बच्चों के अधिकार, यौन उत्पीड़न, शारीरिक दण्ड, परीक्षा का बोझ, स्कूलों में बच्चों का अधिकार।

पुस्तक–''मानव अधिकार अध्ययन'' प्रकाशक माइण्डशेयर

उद्देश्य :

- विद्यार्थियों को 'योग' के लाभों से परिचित कराना और योग को उनकी दिनचर्या से जोड़ना।
- अभ्यासों एवं गतिविधियों के उत्तरोत्तर क्रम द्वारा उनका लाभ उठाकर, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पाने की सामर्थ्य का विकास करना।
- सरल विषयवस्तुओं के माध्यम से आत्मजागरण की ओर उन्मुख करना।
- किशोरवय की समस्याओं एवं रोगों को समझकर 'योग निर्देशन' एवं 'आयुर्वेदीय उपचार' आहार एवं प्राकृतिक औषध द्वारा इनका निदान करने में समर्थ बनाना।
- 'योग में जीविका के अवसर' के माध्यम से भविष्य में आजीविका के लक्ष्यों को निर्धारित करने में समर्थ बनाना।
- योगविषयक विचार एवं चिंतन को समझने की शक्ति विकसित करना।
- योग के माध्यम से विद्यार्थियों को सांस्कृतिक वातावरण एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना।

	योग शिक्षा–	**20 अंक**
1– योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	• हिरण्यगर्भशास्त्र, सांख्य एवं औपनिषदिक प्राणविद्या के सन्दर्भ में योग के ऋषि पतंजलि तथा योगसूत्र का उद्भव एवं योगदर्शन की परम्परा	**2 अंक**
2–वर्तमान में योगशिक्षा का महत्व	• योग का शरीर क्रियात्मक आधार • योग एक विकासात्मक उत्प्रेरक	**2 अंक**
3–अष्टांग योग.धारणा एवं ध्यान	• **धारणा-प्रक्रिया, प्रयोजन व लाभ** • **ध्यान** ☐ ध्यान : स्वरूप, परिभाषा	**2 अंक**
4–अष्टचक्र एवं पंचकोश	• **अष्टचक्र** 1. मूलाधार चक्र 2. स्वाधिष्ठान चक्र 3. मणिपुर चक्र 4. हृदय चक्र 5. अनाहत् चक्र 6. विशुद्धि चक्र 7. आज्ञा चक्र 8. सहस्त्रार चक्र • **पंचकोश** ☐ पंचकोश क्या हैं? ☐ अन्नमय, मनोमय, प्राणमय, विज्ञानमय, आनन्दमय	**4 अंक**

5–किशोरवय में आहार.निर्देशन	• **किशोर वय में आहार**	**2 अंक**
6–अनुशासन एवं समय प्रबन्धन	**अनुशासन** • क्या है? • प्रकृति में सर्वत्र अनुशासन है • प्राणी जगत में भी अनुशासन है • अनुशासन के लिए क्या करें– • सामान्य उपाय • यौगिक उपाय **समय-प्रबन्धन** • समय-प्रबन्धन की आवश्यकता एवं उपयोगिता • यौगिक उपाय	**3 अंक**
7– दुर्व्यसनों के प्रभाव	• दुर्व्यसन क्या हैं ? • योग से दुव्यर्सनों की समाप्ति	**2 अंक**
8–योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	• प्राकृतिक चिकित्सा क्या है? • प्राकृतिक चिकित्सा की विधियाँ एवं लाभ– 1. जल चिकित्सा 2. वाष्प चिकित्सा 3. मृत्तिकोपचार 4. वायुसेवन 5. अभ्यंग 6. आतपोपचार 7. उपवास एवं विश्रमण	**3 अंक**
	प्रयोगात्मक	**50 अंक**
1–आसन	• खड़े होकर किए जाने वाले (Standing Posture) ☐ ताड़ासन, तिर्यकताड़ासन, वृक्षासन–। • बैठकर किए जाने वाले (Sitting Posture) ☐ सुखासन।	**4 अंक**
2. चन्द्र–नमस्कार	• चन्द्र–नमस्कार ☐ परिचय ☐ यौगिक दृष्टिकोण	**3 अंक**
3–मुद्रा और स्वास्थ्य	• मुद्राओं का महत्व • मुद्रा के भेद	**3 अंक**
4–बन्ध और स्वास्थ्य	• महाबन्ध	**2 अंक**
5–प्राणायाम परिचय	• उज्जायी, उद्गीथ, शीतली, सीत्कारी	**2 अंक**
6–योगनिद्रा	• योग निद्रा मनोवैज्ञानिक व्याख्या	**2 अंक**
7–त्राटक	• प्रकार ☐ आन्तर त्राटक, बाह्य त्राटक, मध्य त्राटक • अनिद्रा एवं त्राटक : त्राटक के उपचारात्मक अनुप्रयोग	**4 अंक**

8–निम्नलिखित स्वीकृत शारीरिक प्रक्रियाओं मे से किन्हीं 3 अथवा अधिक में नियमित अभ्यास– **30 अंक**

क्रिकेट, बेसबाल, टेनिस, टेबल टेनिस, हाकी, बैडमिन्टन, बास्केटबाल, बाक्सिंग, एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, जिम्नास्टिक, दौडना साइकिलिंग, नौका चलाना, फ्लाइन्ग, स्केटिंग, घुडसवारी, शिविर निवास, खोज यात्रा का अभियान, बागवानी, लोक नृत्य।

महापुरूषों की जीवन गाथा का अध्ययन

1. राम प्रसाद "बिस्मिल"
2. भगत सिंह
3. डा0 भीमराव अम्बेडकर
4. सरदार वल्लभ भाई पटेल
5. पं0 दीनदयाल उपाध्याय
6. महाबीर जैन
7. महामना मदन मोहन मालवीय
8. अरविन्द घोष
9. राजा राम मोहन राय
10. सरोजनी नायडू
11. नाना साहब
12. महर्षि पतंजलि
13. शल्य चिकित्सक सुश्रुत
14. डा0 होमी जहाँगीर भाभा

Subject – English
(Class – XI)

There will be One question paper of 100 marks.

Section A–Reading- **15 Marks**

1. One long unseen passage followed by four short-answer questions and three vocabulary based questions. **4x3=12 (Short Questions)**
3x1=3 (Vocabulary)

Section B–Writing- **20 Marks**

2. Note making and summary 05
3. Article /Essay 08
4. Letter to the Editor/complaint letters/Business letter (Placing orders/booking or cancellation/ making enquiries etc) 07

Section C – Grammar- **25 Marks**

5. Ten Questions (MCQ /very short answer type questions) based on Narration, Synthesis, Transformation, Syntax and vocabulary items like- idioms and phrases/phrasal verbs, synonyms, antonyms, one word substitution, homophones. 2x10=20
6. Translation from Hindi to English.(7 to 8 sentences) 05

Section D – Literature - **40 Marks**

Hornbill – Text Book **25 marks**

Prose-

8. One long answer type question. 07
7. Two short answer type questions. 4+4=8

Poetry-

9. Three short answer type questions based on a given poetry extract. 2x3=6
10. Central idea. 04

Note- Questions related to identification of the following figures of speech will be included in the poetry section-(Simile, Metaphor, Personification, Oxymoron, Apostrophe, Hyperbole, Onomatopoeia)

Snapshot – Supplementary Reader - **15 marks**

12. One long answer type question. 07
11. Two short answer type questions. 4+4=8

Prescribed Content-

Sl. No	Lesson Name	Writer/Poet
1	**HORNBILL (Text Book)**	
	Prose-	
	1- The Portrait of a Lady	1- Khushwant Singh
	2- We're Not Afraid to Die…..if We Can All Be Together	2- Gordon Cook and Alan East
	3- Discovering Tut: The Saga Continues	3- A.R. Williams
	4- The Ailing Planet: The Green Movement's Role	4- Nani Palkhivala
	5- The Adventure	5- Jayant Narlikar
	6- Silk Road	6- Nick Middleton
	Poetry-	
	1- A Photograph	1- Shirley Toulson
	2- The Laburnum Top	2- Ted Hughes
	3- The Voice of the Rain	3- Walt Whitman
	4- Childhood	4- Markus Natten
	5- Father to son	5- Elizabeth Jennings
2	**SNAPSHOTS (Supplementary Reader)**	
	1- The Summer of the Beautiful White Horse	1- William Saroyan
	2- The Address	2- Marga Minco
	3- Mother's Day	3- J.B. Priestley
	4- Birth	4- A.J. Cronin
	5- The Tale of Melon City	5- Vikram Seth

Note- No book has been prescribed for grammar. Students can select any book recommended by the subject teacher.

संस्कृत
कक्षा–11

पूर्णांक–100

सामान्य निर्देश–संस्कृत विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा। प्रश्न–पत्र के प्रत्येक खण्ड में निर्धारित अंकों के अन्तर्गत दीर्घ उत्तरीय, लघु उत्तरीय, अति लघु उत्तरीय एवं बहुविकल्पीय प्रश्नों का समावेश कर कई प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रश्नपत्र में प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक ही उत्तर के आकार की संक्षिप्तता या दीर्घता का द्योतक होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र के अन्तर्गत समाविष्ट पाठ्यक्रम का अंक विभाजन निम्नवत् होगा:–

खण्ड–क (गद्य) **20 अंक**

चन्द्रापीडकथा (पूर्वार्द्ध)– आसीत् पुरा शूद्रको नाम राजा .... सर्वरामणीयकानाम् एकनिवासभूताम्, कादम्बरीं ददर्श।

1. गद्यांश के आधार पर प्रश्नोत्तर। 10 अंक
2. कथात्मक पात्रों का चरित्र चित्रण (हिन्दी में, अधिकतम 100 शब्द)। 4 अंक
3. रचनाकार का जीवन परिचय एवं गद्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द)। 4 अंक
4. सन्दर्भित पुस्तक से सम्बन्धित बहुविकल्पीय प्रश्न। 2 अंक

खण्ड–ख (पद्य) 20 अंक

रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)– श्लोक संख्या 01 से 40 तक।

1. किसी श्लोक की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। 2+5=7
2. किसी श्लोक की सन्दर्भसहित संस्कृत में व्याख्या। 2+5=7
3. कविपरिचय एवं काव्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द) 4
4. काव्यगत तथ्यों एवं भावों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न। 2

खण्ड–ग (नाटक) 20 अंक

अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थोऽङकः) प्रारम्भ से श्लोक संख्या 10 तक।

1. पाठगत नाटक के किसी गद्यांश अथवा पद्य की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। 2+5=7
2. पाठगत नाटक के अंशों से सूक्तिपरक पंक्ति की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। 2+5=7
3. कालिदास का जीवनपरिचय एवं नाट्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द)। 4
4. सन्दर्भित नाटक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न। 2

खण्ड–घ (पत्र लेखन)

मित्र या सम्बन्धियों को पत्र, प्रार्थनापत्र आदि। 6

खण्ड–ङ (अलंकार)

निम्नलिखित अलंकारों की सामान्य परिभाषा (हिन्दी या संस्कृत में) अथवा उदाहरण संस्कृत में–अनुप्रास एवं यमक। 4

खण्ड–च (व्याकरण)

1. अनुवाद – हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। 8
2. कारक तथा विभक्ति। 4
3. समास। 4
4. सन्धि अथवा सन्धि–विच्छेद, नामोल्लेख, नियम। 4
5. शब्दरूप। 4
6. धातुरूप। 4
7. प्रत्यय। 2

निर्धारित पुस्तकें एवं पाठ्यवस्तु

खण्ड–क (गद्य)

महाकविबाणभट्टप्रणीतम् – कादम्बरीसारभूता 'चन्द्रापीडकथा' का पूर्वार्द्ध भाग– ''आसीत् पुरा शूद्रको नाम राजा .... सर्वरामणीयकानाम् एकनिवासभूताम्, कादम्बरीं ददर्श।''

खण्ड–ख (पद्य)

महाकविकालिदासप्रणीतम्–रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)
श्लोक संख्या 01से 40 तक।

खण्ड–ग (नाटक)

महाकविकालिदासप्रणीतम्–अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थोऽङ्कः)
प्रारम्भ से लेकर पद्य संख्या 10 तक।

खण्ड–घ (पत्रलेखन)

मित्र या सम्बन्धियों को पत्र, प्रार्थनापत्र आदि।

खण्ड–ङ (अलंकार)

निम्नलिखित अलंकारों की सामान्य परिभाषा (हिन्दी या संस्कृत में) अथवा उदाहरण संस्कृत में–अनुप्रास एवं यमक।

खण्ड–च (व्याकरण)

1. अनुवाद –

हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद।

2. कारक तथा विभक्ति –

निम्नलिखित सूत्रों तथा वार्तिकों के आधार पर कारकों तथा विभक्तियों का ज्ञान –

(क) **प्रथमा विभक्ति (कर्ता कारक)**

(1) स्वतंत्रः कर्त्ता।
(2) प्रातिपदिकार्थलिंगपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा।

(ख) **द्वितीया विभक्ति (कर्म कारक)**

(1) कर्तुरीप्सिततमं कर्म।
(2) कर्मणि द्वितीया।
(3) अकथितं च।
(4) अधिशीङ्स्थासां कर्म।
(5) अभितःपरितःसमयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि। (वा0)
(6) कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे।

(ग) **तृतीया विभक्ति (करण कारक)**

(1) साधकतमं करणम्।
(2) कर्तृकरणयोस्तृतीया।
(3) सहयुक्तेऽप्रधाने।
(4) पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्।
(5) येनाङ्गविकारः।

3. समास –

निम्नलिखित समासों का ज्ञान, परिभाषा तथा संस्कृत में विग्रहसहित उदाहरण– तत्पुरुष, कर्मधारय, बहुव्रीहि।

4. सन्धि – सन्धि, सन्धिविच्छेद, नामोल्लेख तथा नियम।

निम्नलिखित सूत्रों के अनुसार संधियों का उदाहरण सहित ज्ञान।

स्वरसन्धि– (1) इको यणचि, (2) एचोऽयवायावः, (3) आद्‌गुणः, (4) वृद्धिरेचि, (5) अकः सवर्णे दीर्घः, (6) एङि पररूपम् (7) एङः पदान्तादति

5. शब्दरूप– निम्नलिखित संज्ञा शब्दों का रूप –

(अ) पुल्लिंग – राम, हरि, गुरु, पितृ, भगवत्, करिन्, राजन्, पति, सखि, विद्वस्, चन्द्रमस् ।
(आ) स्त्रीलिंग – रमा, मति, नदी, धेनु, वधू, वाच्, सरित्, श्री, स्त्री, अप्।

6. धातुरूप–दसों लकारों का सामान्य ज्ञान तथा निम्नलिखित धातुओं के लट्, लङ्, लोट्, विधिलिंग एवं लृट् में रूप।

परस्मैपद– भू, पठ्, पा, गम्, दृश्, स्था, नी, अस्, नश्, आप्, शक्, इष्, प्रच्छ्, कृष के रूप।

7. प्रत्यय– क्तिन्, क्त्वा, ल्यप्, शतृ, शानच्, तुमुन्, यत्।

टिप्पणी–संस्कृत देवनागरी लिपि में लिखी जायेगी।

विषय–उर्दू

(कक्षा–11)

इसमें एक प्रश्न–पत्र 100 अंको का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33 अंक

खण्ड– क (गद्य)	**पूर्णांक 50**
1–व्याख्या तशरीह (तीन इकतिबासात में दो की तशरीह)	15 अंक
2–नस्र नेगारो पर तनकीदी सवालात	10 अंक
3–खुलासा (गैरदरसी इकतबास)	10 अंक
4–तारीख नसरी असनाफ अदब	5 अंक
5–निबन्ध (मजमून)	10 अंक
खण्ड– ख (पद्य)	**पूर्णांक 50**
1–तशरीहात (गजल और दूसरे असनाफ–ए–शेर)	15 अंक
2–शायरों पर तनकीदी सवालात	10 अंक
3–असनाफ शायरी	5 अंक
4–(अ) कवायद (व्याकरण)	5 अंक

इल्मे बयान– (तशबीह, कनाया इस्तीयराह, मजाजमुरसल)

इल्मे बदीअ–सनाए लफजी, सनाए मानवी, सलअते कल्ब, सायाकुत अदाद, तरसीअ, इहाम, तलमीह, इस्तेयारा, मरातुन नजीर, हुस्नए–तालील, तजाहुल आरफाना, सनाअत मुबालगा, सनाअततज़ाद, तजनीस, लफओनस्र, तनसीकुस सिफात, अवमाज।

(ब) मुहावरे और कहावतें 5 अंक

5–उर्दू जुबान व अदब का इरतिका 10 अंक

खण्ड–क

पाठ्यवस्तु

(नस्र)

1–मिर्जा गालिब के खतूत–

(1) मुंशी दाद खां सैयाह के नाम।

(2) मुंशी हरगोपाल तफता के नाम।

2–सर सैयद अहमद खां–

(1) तहजीबुल एखलाक की अदबी खिदमात।

3–अल्लामा नजीर अहमद–

(1) एक अंग्रेज हाकिम से मुलाकात।

4–मौलाना अब्दुल हलीम शरर–

(1) लखनऊ में फुनून अदबिइया की तरक्की।

5–पं0 रतन नाथ सरशार–

(1) मुसाहिबों की नोक झोंक।

6–मुंशी प्रेमचन्द–

(1) रोशनी

7–मौलाना अब्दुल माजिद दरियाबादी–

(1) अकबर की शायरी का मआशरती व इखलाकी पसमनजर।

8–मिर्जा फरहत उल्ला बेग–

(1) जौक, गालिब व मोमिन से मिलिये।

9–काजी अब्दुल गफ्फार–

(1) उरूसुल बलाद।

10–प्रो0 रशीद अहमद सिद्दीकी–

(1) जिगर साहब।

11–पतरस बुखारी–

(1) सिनेमा का इश्क

12–कन्हैया लाल कपूर–

(1) बेतक्ल्लुफी

खण्ड–ख (पाठ्यवस्तु)

(नज्म) पद्य

गजल

सौदा, गालिब, जौक़, मोमिन, आरजू, रियाज खैराबादी, हसरत मुहानी, जिगर मुरादाबादी, फ़िराक गोरखपुरी

मसनवी

मसनवी मीर हसन

दास्तान हालात तबाह करने, मां–बाप की शहजादे के गायब होने पर।

शौक किदवई

तोता उड़ जाने पर अफ़सोस।

हफ़ीज जालंधरी

सेहरा की दुआ

कसीदा

कसीदह गालिब दर मदद बहादुरशाह।

अमीर मीनाई

दर मदह नवाब कल्ब अली खां बहादुर वालिए रामपुर।

मुनीर शिकोहाबादी

दर तहनियत गुस्ल सेहत नवाब तज्मुल हुसैन खान फर्रूखाबाद।

मरसिया

मीर अनीस

हजरत इमाम हुसैन का हजरत अब्बास को अलम सौपना (शुरू के 15 बन्द)

मिर्जा सलामत अली दवीर

(1) तलवार की काट।

(2) शहादत हज़रत इमाम हुसैन अलैहस्सलाम

बृज नारायन चकबस्त

(1) मर्सिया गोखले

जोश मलीहाबादी

नज्म आवाज–ए–हक से एक एक्तेबास

कताआत व रूबाईयात

हाली : असराफ़ और बुख्ल

शिबली नोमानीः– गरबा नवाजी

गुरबा नवाज़ी

अल्लामा इकबाल

(1) मस्तिये किरदार

(2) नसीहत

अख्तर

फ़ितरत

रूबाई

(1) हाली (2) अकबर (3) जोश (4) फ़िराक गोरखपुरी।

जदीद नज्म

(1) नजीर अकबराबादी : मेले की सैर

(2) अकबर इलाहाबादी : रंग जमाना

(3) इकबाल : सैर फ़लक

(4) सफ़ी लखनवी : बहार

(5) सीमाब अकबराबादी : ताजशबे तारीक में

(6) जोश मलीहाबादी : अलबेली सुबह

(7) एहसानबिन दानिश : वादि–ए–कश्मीर की एक सुबह

खुतूत निगारी, इन्शाइया, नावेल निगारी, अफसाना निगारी, खाका निगारी

इल्मे बयान–(तशबीह, अरकान–ए–तशबीह (सभी मिसालों के साथ) कनाया इस्तीयराह, मजाजमुरसल)

इल्मे बदीअ–सनाए लफजी, सनाए मानवी, सनअते कल्ब, सायाकुतल अदाद, तरसीअ, इहाम, तलमीह, इस्तेयारा, मरातुन नजीर, हुस्नए–तालील, तजाहुल आरफाना, सनाअत मुबालगा, सनाअततज़ाद, तजनीस, लफओनस्र, तनसीकुस सिफात, अवमाज।

प्रचलित मुहावरात और जरबुल इमसाल (कहावतें)

विषय–गुजराती
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

1–गद्य विभाग (भाव निरूपण)	20 अंक
2–पद्य विभाग (भाव निरूपण)	20 अंक
3–गद्य विभाग (पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न)	20 अंक
4–पद्य विभाग (पाठ्य पुस्तक पर आधारित कविताओं की समीक्षा)	20 अंक
5–व्याकरण	10 अंक
6–अपठित	10 अंक

निर्धारित पुस्तकें–

(1) गुजराती (प्रथम भाषा), (धोरण 11) गुजरात राज्य शाखा पाठ्य पुस्तक मण्डल विधायन, सेक्टर 10–ए, गांधी नगर (गुजरात)

(2) गुजराती व्याकरण व आलेखन की माध्यमिक स्तर की कोई एक पुस्तक।

विषय–पंजाबी
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र 3 घंटे का होगा–

1.	(1)	पंजाबी लोक साहित्य (बहु–विकल्पीय, ठीक / गलत),	1×5	=	5 अंक
	(2)	लोकगीत	1×5	=	5 अंक
	(3)	अंग्रेजी से पंजाबी में अनुवाद	1×5	=	5 अंक
	(5)	अंग्रेजी शब्दों को पंजाबी शब्दों में बनाओ।		=	5 अंक
2.		पंजाबी की पुस्तक से लोकगीतों के बारे में पाठ अभ्यास से प्रश्न	$2^1/_2$×4	=	10 अंक
3.		पाठ्य पुस्तक में से किन्हीं दो लोक कथाओं का सार	5×2	=	10 अंक
4.	(1)	पाठ्यपुस्तक में दी गई तकनीकी शब्दावली में किन्हीं 5 शब्दों के अर्थ।	1×5	=	5 अंक
	(2)	लोकगीत	1×5	=	5 अंक
5.		किसी मसले अथवा घटना में से किसी एक पर किसी समाचार–पत्र के सम्पादक को पत्र लिखना	(1×5)	=	5 अंक
6.		पाठ्य पुस्तक के अनुसार एक इश्तेहार अथवा आमंत्रण पत्र लिखना।		=	10 अंक
7.		किन्हीं तीन विषयों में से एक विषय पर 150 शब्दों की पैरा रचना करना।		=	5 अंक
8.		पाठ्यपुस्तक में से दस मुहावरों का अर्थ बनाकर वाक्यों में प्रयोग		=	10 अंक
9.		पंजाबी से हिन्दी में अनुवाद (पांच पंक्तियों)	2×5	=	10 अंक
10.		हिन्दी से पंजाबी में अनुवाद (पांच पंक्तियों)	2×5	=	10 अंक

निर्धारित पाठ्यपुस्तक

लाजमी पंजाबी कक्षा–11 पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड साहबजादा अजीत सिंह नगर–प्रकाशक–प्रकाशबुक डिपो हॉल बाजार अमृतसर

विषय–बंगला
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) गद्य पाठ्य–पुस्तक	40 अंक
(2) रचना	20 अंक
(3) अपठित	10 अंक
(4) सहायक पुस्तक (सामान्य प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे)	30 अंक

संस्तुत पुस्तकें––

उच्च माध्यमिक बंगला संचयन (गद्य)––

पश्चिम बंग उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद् विश्व भारती, 6 आचार्य जगदीश बसु रोड, कलकत्ता––17।

इस पुस्तक में से निम्नांकित पाठ पढ़ाये जायें––

1–बंगदेशे नीलकर––प्यारी चांद मित्र।

2–सीतार बनवास––ईश्वर चन्द्र।

3–बाबू––बंकिम चन्द्र।

4–छोतीकाहिनी––रवीन्द्र नाथ।

5–शूद्र जागरण––विवेकानन्द।

6–शुभ उत्सव––बलेन्द्र नाथ।

7–नेश अभियान––शरत चन्द्र।

8–आरण्यक––विभूति भूषण।

सहायक पुस्तकें––

निम्नलिखित में से कम से कम एक पुस्तक पढ़ी जाय––

1–छैलबेला––रवीन्द्र नाथ ठाकुर।

2–निष्कृति––शरत चन्द्र चटोपध्याय।

सहायक पुस्तकों में से सामान्य प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे।

उच्च माध्यमिक बंगला संचयन (कविता व नाटक)।

पश्चिम बंग माध्यमिक शिक्षा परिषद् विश्व भारती, जगदीश बसु रोड, कलकत्ता––17।

इस पुस्तक में से निम्नलिखित कविता तथा नाट्यांश पढ़ाये जायें––05 अंक

विषय–मराठी

(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या (गद्य भाग से एक)	08 अंक
(2) गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या (कथा एवं एकांकी भाग से एक)	08 अंक
(3) पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या (पद्य भाग से)	08 अंक
(4) गद्य पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न (गद्य भाग से)	08 अंक
(5) गद्य पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न (कथा एवं एकांकी भाग से)	08 अंक
(6) पद्य पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न (पद्य भाग से)	08 अंक
(7) निबन्ध– रहदारीचे नियम पाड़ा	12 अंक
(8) अनुवाद मराठी से हिन्दी	10 अंक
(9) विकारी–अविकारी शब्द	10 अंक
(10) अलंकार (उपमा, अनुप्रास, यमक, अतिशयोक्ति)	10 अंक
(11) पत्र	10 अंक

निर्धारित पुस्तकें––

1–युवक भारती (इयत्ता 11वीं)––महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पुणे।

2–युवक भारती (इयत्ता 11वीं)

उपर्युक्त दोनों पुस्तकों में से पद्य विभाग केवल।

निबन्ध, व्याकरण तथा अपठित के लिए संस्तुत पुस्तकें––

1–मराठी लेखन, लेखक––प्रोफे0––केरंवीकर तथा खानवलकर (केशव भीकाजी डबले, समर्थ सदन गिरगांव, बम्बई–4)

2–मराठी भाषा प्रदीप, लेखक––प्रकाशन––अरुण प्रकाशक, मलकापुर, सी0 रेलवे (केवल व्याकरण भाग)।

विषय–असमी

कक्षा–11

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे का होगा।

1–गद्य	. .	30 अंक
2–निबन्ध	. .	20 अंक
3–पद्य	. .	30 अंक
4–व्याकरण, अलंकार	. .	20 अंक

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें–

(गद्य)– 1– जीवन शांतिपर्व – सत्यनाथ वड़ा

2– असम और खेल धिमाली – नारायण शर्मा

1–आवश्यक असमीया कथा चयन, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, आसाम।

(पद्य)– 1– एखन चिरी – हेम बरूआ

2– लचित फुकन – देवकान्त बरूआ

आवश्यक कविता चयन, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, आसाम।

आपदा प्रबन्धन – डा0 मदन मोहन सैकिया।

विषय–उड़िया

कक्षा–11

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा

1.	गद्य	45 अंक
2.	पद्य	30 अंक
3.	व्याकरण	15 अंक
4.	निबन्ध	10 अंक

गद्य विस्तृत अध्ययन

क पठित खण्ड की व्याख्या

ख साधारण प्रश्न

ग संक्षिप्त विवरण या टिप्पणी

निर्धारित पाठ में से पौराणिक, एतिहासिक, लाक्षणिक या भावनात्मक संदर्भ में)
निम्नलिखित गद्य पाठों का अध्ययन करना होगा–
(1) शरशु पदर गोपीनाथ महान्ति
(2) झेलम नदी रे संधा–कुंज बिहारी दाश
(3) मधुबाबु–चिन्तामणि आचार्ज्य
(4) सेही स्मरणीय दिवस–हरे कृष्ण महताब
सहायक पुस्तक में पठित अंश (एकांकी का)
(1) अन्या चारित–प्राणबन्धु कर
(2) भालु अदुब–विजय मिश्र
(3) सीमित सम्पर्क–कार्तिक चन्द्र रथ
पद्य
1 पद्य पर आधारित सामान्य प्रश्न
2– व्याख्या
निम्नलिखित पद्य पाठों का अध्ययन करना होगा।
1. साहाड़ा बृख्य–सारला दास
2. शाप मोचन– जगन्नाथदास
3 हिमकाल–दिनकृष्ण दास
4 मित्रता–उपेन्द्र भन्ज
5 पयरे पशुद्धि शरण–मिम मोइ
व्याकरण –
पद प्रकरण–विशेष्य, विशेषण, सर्वनाम, क्रिया।
निबन्ध–
पर्यावरण, जनसंख्या, ट्रैफिक रूल्स, प्रदूषण पर भी निबन्ध पूछे जायेंगे।
गद्य, पद्य एवं एकांकी का तथा व्याकरण निबन्ध के लिए पुस्तक– साहित्य ज्योति
प्रकाशक– उड़िसा राज्य पाठ्य पुस्तक प्रणयन एवं प्रकाशन संस्था पुस्तक भवन भूवनेश्वर।

विषय–कन्नड़
कक्षा–11

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा––

1–सन्दर्भ सहित व्याख्या गद्य, पद्य, नाटक सहित	20 अंक
2–आलोचनात्मक प्रश्न–गद्य, पद्य, नाटक, सहित	20 अंक
3–सहायक पुस्तकें जिसका विस्तृत अध्ययन वांछनीय नहीं है	10 अंक
4–व्याकरण एवं लोकोक्तियाँ	10 अंक
5–भाषाभ्यास	25 अंक
6–निबन्ध	08 अंक
7–अपठित	07 अंक

निर्धारित पुस्तकें––
1– काव्य संगम–भाग–एक
अपठित––
2– सन्ना कटेगड 1–विमर्श, लेखक–मारुति वेण्कटेस आयंगर, भाग–1 मात्र, प्रकाशक–जीवन कार्यालय, बसवनगुड़ी, बंगलौर सिटी।
3– सुबन्ना लेखक–श्री निवास नास्ति वेंकटेश आयंकर, प्रकाशक–जीवन कार्यालय, बासवनगुड़ी, बंगलौर।
4–देवी चौधरानी–लेखक श्री निवास नास्ति वैंकेटेश आयंगर।
सूचना–कन्नड़ विषय के लिये निर्धारित सभी पुस्तकें सत्य शोधन पुस्तक भण्डार, बंगलौर से प्राप्त हो सकती है।

विषय–सिन्धी
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न.पत्र तीन घंटे का होगा।

भाग (अ)

गद्य, नाटक, निबंध
सिन्धी साहित्यिक रत्नावली
(सिन्धी नसुक खण्ड के पाठ 01 से 10)

1–गद्यांश अथवा सूक्ति परक वाक्य का संदर्भ, प्रसंग, व्याख्या, साहित्यिक सौंदर्य एवं सीख। 1½+1+5+1½+1 10
2–लेखकों की जीवनी, साहित्यिक परिचय, भाषा शैली तथा कृतियों की समीक्षा। 2+2+2+2+2 10
3–पाठों का सारांश (शब्द सीमा 75–100)। 05
4–तर्क संगत लघु उत्तरीय (शब्द सीमा 40–50) एक प्रश्न। 03
5–अति लघु उत्तरीय (शब्द सीमा 1–5) दो प्रश्न। 02
6–नाटक : पुकारू, लेखक डॉ0 प्रेम प्रकाशदृसीन सं0 1 से 10 तक।
इसमें निम्नलिखित तथ्यों पर आधारित प्रश्न (शब्द सीमा 75–100)– 10
(क) नाटक के तत्व एवं उनकी विशेषतायें।
(ख) सारांश/विविध घटनायें।
(ग) चरित्र–चित्रण या पात्रों की विशेषतायें।

7–निबंध :
निम्नलिखित विषयों में से 225–250 शब्दों तक एक निबंधदृ 10
(क) सिंधी भाषा।
(ख) सिंधी पर्व।
(ग) सिंधी महापुरुष।
(ङ) सिंधी साहित्यकार।
(च) सिंधी सामाजिक समस्यायें।

पद्य, अनुवाद, उपन्यास

सिन्धी साहित्यिक रत्नावली

(सिन्धी नज़्म खण्ड के पाठ 01 से 10)

8–पद्यांश अथवा सूक्ति परक वाक्य का संदर्भ, व्याख्या एवं काव्यगत सौंदर्य। 2+5+3 10
9–कवियों की जीवनी साहित्यिक परिचय, भाषा, शैली तथा कृतियों की समीक्षा। 2+2+2+2+2 10
10–कविताओं पर आधारित 1 प्रश्न (शब्द सीमा 50–60)। 05
11–कविताओं पर आधारित 3 प्रश्न (शब्द सीमा 1–5)। 05
12–अनुवाद :
(क) हिन्दी से सिंधी में पाँच वाक्य। 05
(ख) सिंधी से हिन्दी में पाँच वाक्य। 05

13–उपन्यास : अझो, लेखक–हरी मोटवानी।
निम्नलिखित तथ्यों पर आधारित प्रश्न– 10
(क) उपन्यास के तत्व एवं उनकी विशेषतायें।
(ख) चरित्र–चित्रण।
(ग) तथ्य एवं घटनायें।
(घ) भाषा।
(ङ) उपन्यास कला की दृष्टि से समीक्षा।
(च) सारांश।

पुस्तक :–

पुस्तक सिन्धी साहित्यिक रत्नावली सिन्धी (नसरू से नज़्म) संकलन संपादन–आतु टहिलयाणी
प्राप्ति स्थान निम्नवत् संशोधित–सिंधी वेलफेयर सोसायटी, एस0जी0–1, राज्पाल प्लाजा, कानपुर रोड, आलमबाग, लखनऊ–226005

नाटक :–

पुकारूं–लेखक–डॉ0 प्रेम प्रकाश, उपर्युक्त पुस्तक में उपलब्ध है।

उपन्यास :–

अझो लेखक–हरी मोटवाणी, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान में कक्षा 12 के लिये पाठ्य–पुस्तक निर्धारित है।

विषय–तमिल

(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) गद्य :

(1) सन्दर्भ तथा व्याख्या 05 अंक
(2) लेखक परिचय, शैली, आलोचना आदि 05 अंक
(3) कहानी सारांश अथवा अन्य सामान्य प्रश्न 10 अंक

(2) निबन्ध : 20 अंक

(3) (1) साधारण शब्दों तथा मुहावरों का प्रयोग 05 अंक

(2) समास तथा सन्धि 05 अंक

(3) शब्द–भेद (एक शब्द का भिन्न–भिन्न अर्थों सहित वाक्यों का प्रयोग) 10 अंक

(4) निर्धारित पुस्तकें :

(1) गद्य आधारित लघु प्रश्न 05 अंक

(2) गद्य आधारित अति लघु प्रश्न 15 अंक

(5) अनुवाद––(हिन्दी से तमिल) 10 अंक

(तमिल से हिन्दी) 10 अंक

पुस्तकें––तमिल पाठ्यपुस्तक कोर्स–11

विषय–तेलगू
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

1–गद्य, पद्य, पर आलोचनात्मक प्रश्न 25 अंक

2–सन्दर्भ सहित व्याख्या 25 अंक

3–व्याकरण एवं लोकोक्तियां 25 अंक

4–निबन्ध 25 अंक

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें––

पद्य––**1**–करुण श्री, ले0 जे0 पाप्य शास्त्री (राम पब्लिशर्स, कंतुल रिस्ट्रीट, विजयवाड़ा–1, आ0 प्र0 से प्राप्त)।

गद्य––नीतिचन्द्रिका––मित्रेवदन, लेखक––चिन्नसुयरि (वेंकट राम ऐण्ड कं0)।

व्याकरण––

4––आन्ध्र व्याकरणम् गा0 रा0 सीदरुलु।

विषय–मलयालम
कक्षा–11

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) पठित गद्य तथा पद्य पर आधारित 30 अंक

(2) निबन्ध 20 अंक

(3) मुहावरे 10 अंक

(4) व्याकरण 10 अंक

(5) पत्र–लेखन 10 अंक

(6) अंग्रेजी तथा हिन्दी से मलयालम में अनुवाद 10 अंक

(7) प्रश्नोत्तर 10 अंक

टिप्पणी––प्रश्न–पत्र में मलयालम साहित्य के इतिहास तथा चुने हुए अवतरणों पर आलोचनात्मक प्रश्न भी होंगे।

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें–– **(गद्य)**

1–गद्य केरली केरल विश्वविद्यालय।

सभी पुस्तकें नेशनल बुक स्टाल, कोट्टायम, केरल से प्राप्त हैं।

विषय–नेपाली
(कक्षा–11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा।

1–गद्य (ससन्दर्भ गद्यांश व्याख्या, लेखक परिचय और समीक्षा) (प्रारम्भिक 4 पाठ)। 20 अंक

2–पद्य (ससन्दर्भ पद्यांश व्याख्या, कवि परिचय और समीक्षा) (प्रारम्भिक 4 पाठ)। 20 अंक

3–नाटक (ससन्दर्भ अवतरण व्याख्या एवं हिरण्याकश्यपु भाग परिचय)। 10 अंक

4–अनुवाद नैपाली से संस्कृत 05 } 10 अंक
संस्कृत से नैपाली 05

5–निबन्ध (पर्व, पर्यावरण सम्बन्धित) 10 अंक

6–पाठ सारांश (निर्धारित पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों का सारांश पाठ का संक्षिप्तीकरण अथवा विभिन्न पाठों पर आधारित तर्क संगत लघु उत्तरीय प्रश्न) 10 अंक

7—छन्द (बसन्ततिलिका, द्रुत विलम्बित, मन्दाक्रान्ता, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, वंशस्थ, शिखरिणी, शार्दूल विकीडित, भुजंग प्रयात) 10 अंक

अलंकार—

(यमक, अनुप्रास, श्लेष)। 10 अंक

सन्धि—

शब्द रूप एवं धातुरूप।

शब्दरूप—राम, हरि, रमा।

धातुरूप—भू, धातु के लट्, लङ्, लिङ्, लुट्, लोट् लकार के रूप।

निर्धारित पाठ्य पुस्तक—

1—नेपाली गद्य चन्द्रिका, भाग—2, लेखक दिनेश चन्द्र, प्रकाशक जगदीश चन्द्र रेग्मी, नैपाली पुस्तक सदन, दुर्गाघाट, वाराणसी।

2—नेपाली पद्य चन्द्रिका, भाग—2, लेखक दिनेश चन्द्र, प्रकाशक जगदीश चन्द्र रेग्मी, नैपाली पुस्तक सदन, दुर्गाघाट, वाराणसी।

3—तरुण तपसी, 1—2 विश्राम रचयिता लेखनाथ पौडयाल, काठमाण्डू, नेपाल।

4—प्रहलाद (नाटक), बालकृष्ण समसाझा, प्रकाशन काठमाण्डू, नेपाल।

5—भिखारी, रचयिता लक्ष्मी प्रसाद देवकोटा, साझा प्रकाशन, काठमाण्डू, नेपाल (निर्धारित पाठ भिखारी, यात्री)।

सहायक ग्रन्थ—

1—छन्द, रस अलंकार—गोरखा पुस्तक भण्डार, वाराणसी।

2—शब्द धातु रूप छन्दसा तालिका, सम्पादक, विनोद राय पाठक, शारदा प्रकाशन संस्थान, वाराणसी।

3—लघु सिद्धान्त कौमुदी।

विषय—पालि

कक्षा—11

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न—पत्र 3 घण्टे का होगा।

1—गद्य सामञ्फलसुत्तं 30 अंक

2—पद्य—धम्मपदं (जरावग्गो, अत्तवग्गो, लोकवग्गो, बुद्धवग्गो, सुखवग्गो, पियवग्गो, कोधवग्गो, मलवग्गो। 30 अंक

3—व्याकरण, निबन्ध तथा अनुवाद

(1) व्याकरण——

(क) शब्द रूप——निम्नांकित संज्ञाओं तथा उनके अनुरूप अन्य शब्दों के रूप 10 अंक

[1] पुल्लिंग——बुद्ध

[2] स्त्रीलिंग——लता, रत्ति

[3] नपुंसकलिंग——फल

(ख) धातु रूप——वर्तमान, भूत तथा भविष्यत काल में निम्नलिखित धातुओं के रूप भू, हस, पठ, गम, वद, रक्ख, पच, नम, दिस, बुध, रूच, सक, लिख, भुज, चुर।

(ग) सन्धियाँ——निम्नलिखित सूत्रों पर आधारित होंगी, परन्तु सूत्रों को कंठस्थ करना आवश्यक नहीं है।

[क] स्वर सन्धि——(1) सरोलोपो सरो, (2) परोक्वचि, (3) न द्वे वा, (4) ए ओ नं

[ख] व्यंजन सन्धि——(1) व्यंजने दीघरस्सा।

[ग] निग्गहीतं सन्धि——(1) निग्गहीतं।

(घ) समास——निम्नलिखित समासों की सामान्य परिभाषा तथा उदाहरण :

[1] तत्पुरुष [2] कर्मधारय समास।

(2) निबन्ध——पालि भाषा में संक्षिप्त निबन्ध सरल सात वाक्यों में 10 अंक

इसिपतनं, सिद्वत्थ कुमारो, लुम्बिनी, अरियो अट्ठडिको, यातायात—सुरक्खा।

(3) अनुवाद——हिन्दी वाक्यों का पालि में रूपान्तर (अनुवाद का उद्देश्य छात्र/छात्राओं 10 अंक
को पालि भाषा में वाक्य रचना एवं पालि भाषा का संगठन/पद्धति से परिचित कराना है)। 10 अंक

नोट :——अनुवाद के लिये कोई पाठ्य—पुस्तक निर्धारित नहीं है।

(4) पालि साहित्य का इतिहास प्रथम संगीति, सुत्तपिटक। 10 अंक

निर्धारित पुस्तकें **(अ) गद्य**——सामञ्फलसुत्तं (दीघनिकायो) बौद्धभारती प्रकाशन, वाराणसी।

(आ) पद्य——

(1) धम्मपदं——अनुवाद—भिक्षु डा0 धर्म रक्षित, प्रकाशक ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी।

व्याकरण एवं पालि साहित्य के इतिहास के लिये संस्तुत पुस्तकें——

(1) पालि व्याकरण——लेखक—भिक्षु धर्म रक्षित, प्रकाशक——ज्ञान मण्डल लिमिटेड, कबीर चौरा, वाराणसी।

(2) पालि महाव्याकरण——लेखक—भिक्षु जगदीश कश्यप——प्रकाशक——महाबोधि सोसाइटी सारनाथ, वाराणसी।

(3) पालि साहित्य का इतिहास——लेखक—भिक्षु धर्मरक्षित, ज्ञानमण्डल लिमिटेड वाराणसी।

विषय—अरबी

(कक्षा—11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न पत्र 3 घण्टे का होगा

(क) निर्धारित पद्य की उर्दू या अंग्रेजी में व्याख्या	20 अंक
(ख) पाठ्यक्रम पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न, जिनके उत्तर उर्दू या अंग्रेजी में दिये जा सकते हैं	10 अंक
(ग) व्याकरण	08 अंक
(घ) उर्दू या हिन्दी या अंग्रेजी से अरबी में अनुवाद	12 अंक
(च) निर्धारित गद्य की उर्दू या अंग्रेजी में व्याख्या	20 अंक
(छ) पाठ्यक्रम पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न, जिनके उत्तर उर्दू या अंग्रेजी में दिये जा सकते हैं	08 अंक
(ज) निबन्ध—जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं ट्राफिक रूल्स की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध पूछे जायेंगे।	12 अंक
(झ) सहायक पुस्तक से व्याख्या	10 अंक

निर्धारित पाठ्य—पुस्तकें (गद्य तथा पद्य)——

1—अतीबुल मुन्तखबात, लेखक—हाफिज सैय्यद जलालउद्दीन अहमद जाफरी (प्रकाशक—जाफरी ब्रदर्स, प्रयागराज)।

गद्य— पाठ संख्या— 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 एवं 10

पद्य— पाठ संख्या— 1, 2, 3, 5, 6, 8, 9 एवं 10

2—व्याकरण—असासे अरबी, लेखक—नईमुर्रहमान (प्रकाशक—किताबिस्तान, प्रयागराज)।

सहायक पुस्तक—

अदादरारी, भाग 2, लेखक—डा0 ए0एम0एन0 अली हसन, प्रकाशक—राम नारायण लाल बेनी माधव, प्रयागराज (केवल प्रारम्भ से 30 पृष्ठ पढ़ना है)।

या

मिनहाजुल अरबिया, भाग 4, लेखक—एस0 नबी हैदराबादी।

विषय—फारसी

(कक्षा—11)

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न—पत्र 3 घण्टे का होगा।

(1) निर्धारित पाठ्य—पुस्तक से कविता का उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में व्याख्या	15 अंक
(2) पाठ्य—पुस्तक पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में	15 अंक
(3) व्याकरण	08 अंक
(4) अनुवाद उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी से फारसी में	12 अंक
(5) पठित पुस्तकों के किसी गद्य भाग की व्याख्या उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में	20 अंक
(6) पाठ्य—पुस्तक पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर उर्दू अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में	08 अंक
(7) सहायक पुस्तक के किसी उद्धरण की व्याख्या	10 अंक
(8) निबन्ध (जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं ट्रैफिक रूल्स की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी प्रश्न निबन्ध के रूप में पूछे जायेंगे)।	12 अंक

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें——

(पद्य के लिये)

1—बहारिस्ताने फारसी, भाग—दो लेखक—खानम जाकिरा रईस, प्रकाशक—शहनाज पब्लिकेशन, शहमदगंज, बरेली।

(पद्य के लिये)

2—वहारिरताने फारसी, भाग दो, लेखक—खानम जाकिरा रईस, प्रकाशक—शहनाज पब्लिकेशन, शहमदगंज, बरेली।

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें——

(पद्य)

शाहनामा फिरदौसी

1—हम्द खुदाये तआला।

2—निकुई।

3–कोशिश।
4–बाखैरत मन्दानशी।
5–सुखने नर्म।

सादी गजलियात

1–दिल बदस्त हज अकबर अस्त।
2–कनात तवंगर कुनद मर्दरा।
3–गरीब आश्नाबाश।
4–परहेज़गार मैमार–ए–मुलक वाशन्द।
5–हमाकायनात अज्बैर आशाइशे मर्दुपस्त।

गजलियात

1–अबु तालिब कलीम काशानी।

रूबाईयात

उमर खय्याम

1–सरमद शहीद

ईरज मीरजा

1–मादर
2–कारगर वकारफर्मा

(गद्य)

1–इन्तेखाब अज गुलिस्ता (बहारिस्तान फारसी)
2–इन्तेखाब अज बहारिस्तान जामी
3–चमन–ए–फारसी, तीसरा हिस्सा(हम्द,सदपन्द लुकमान,हिकायत, कादिरनामा)
4–चिराग़
5–कागज़
6–वर्जिश
7–शौरा–ए–नामवर ईरान

संस्तुत पुस्तकें––

व्याकरण––मिसवाहुल कवायद, प्रथम भाग, लेखक––एम0 एच0 एस0 जलालुद्दीन अहमद जाफरी, प्रकाशक––अनवार अहमदी प्रेस, प्रयागराज।

"चमन–ए–फारसी, तीसरा हिस्सा" लेखक अंजुम तनवीर–प्रकाशक जन्नतनिशां बुक डिपो सम्भली गेट, मुरादाबाद।

अनुवाद तथा निबन्ध––

जदीद रहनुमाय तरजुमा व कवायद फारसी, तृतीय भाग, लेखक––शाहरा जी अहमद, प्रकाशक––राम नारायण लाल बेनी माधव, प्रयागराज।

सहायक पुस्तकें––

गुलदस्ता–ए–फारसी, लेखक हाफिज मुहम्मद अयूब खाँ, प्रकाशक––राम नारायण लाल बेनी माधव, प्रयागराज।

विषय–इतिहास

(कक्षा–11)

इसमें 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33

प्रश्नो के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	योग
बहुविकल्पीय प्रश्न	10	1	10
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न	5	2	10
लघु उत्तरीय प्रश्न	6	5	30
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न	3	10	30
मानचित्र	5	02	10
ऐतिहासिक घटनाक्रम	10	01	10
	प्रश्नों की संख्या–39		**योग–100**

विश्व इतिहास के मूल आधार–

अनुभाग–1: प्रारम्भिक समाज **15 अंक**

1. **प्रारम्भिक शहर– लेखन कला और शहरी जीवन–**

इराक तीसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व के विशेष सन्दर्भ में।
(क) शहरों का विकास
(ख) प्रारम्भिक शहरी समाज की प्रकृति
परिचर्चा–लेखन कला के विकास पर।

अनुभाग–2 : साम्राज्य **25 अंक**

2. **तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य**
रोमन साम्राज्य, 27 ई0पू0 से 600 ई0 के सन्दर्भ में।
(क) राजनीतिक विकास
(ख) आर्थिक समृद्धि
(ग) धार्मिक सांस्कृतिक आधार
(घ) उत्तरजीविता
परिचर्चा–दास प्रथा के विभिन्न आयाम।

3. **यायावर (खानाबदोश) साम्राज्य–**
तेरहवीं से चौदहवीं शताब्दी के मंगोलों के विशेष संदर्भ में।
(क) यायावरी (खानाबदोशी) की प्रकृति
(ख) साम्राज्यों का निर्माण
(ग) अन्य राज्यों से सम्बन्ध और विजयें
परिचर्चा–यायावार (खानाबदोश) समाजों और राज्य निर्माण के सम्बन्ध।

अनुभाग–3 : बदलती परम्परायें– **25 अंक**

4. **तीन वर्ग (श्रेणी)**
मुख्यतः पश्चिमी यूरोप, 13वीं से 16वीं शताब्दी के विशेष सन्दर्भ में।
(क) सामन्ती समाज और अर्थव्यवस्था
(ख) राज्यों का गठन
(ग) चर्च और समाज
(घ) सामन्तवाद के पतन पर इतिहासकारों के विचार।

5. **बदलती हुयी सांस्कृतिक परम्परायें–**
14वीं से 17वीं शताब्दी के यूरोप के विशेष संदर्भ में–
(क) साहित्य एवं कला में नये विचार एवं प्रतिमानों का उदय
(ख) पूर्ववर्ती विचारों के साथ सहसम्बन्ध
(ग) पश्चिम एशिया का योगदान
परिचर्चा–यूरोपीय पुनर्जागरण के विचार की वैधता पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण।

अनुभाग–4: आधुनिकीकरण की ओर **25 अंक**

6. **मूल निवासियों का विस्थापन**
उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, 18वीं से 20वीं शताब्दी के विशेष संदर्भ में।
(क) उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में यूरोपीय उपनिवेश।
(ख) श्वेत उपनिवेशवादी समाजों का गठन (White Settler Socities)
(ग) स्थानीय निवासियों (मूल निवासियों) का विस्थापन एवं दमन।
परिचर्चा–यूरोपीय उपनिवेशवाद का मूल निवासियों पर प्रभाव' पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण पर परिचर्चा।

7. **आधुनिकीकरण के रास्ते–**
पूर्वी एशिया 19वीं और 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के विशेष संदर्भ में।
(क) जापान में सैन्यवाद और आर्थिक विकास।
(ख) चीन और साम्यवादी विकल्प।
(ग) आधुनिकीकरण पर इतिहासकारों के विचार–विमर्श

8. मानचित्र कार्य 05 प्रश्न प्रत्येक 02 अंक **10 अंक**
01 अंक सही उत्तर तथा 01 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित है। दृष्टिबाधित छात्र–छात्राओं के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर 05 प्रश्न प्रत्येक 02 अंकों के रखे जायेंगे।

विषय–नागरिक शास्त्र
(कक्षा–11)

केवल प्रश्न–पत्र अधिकतम अंक : 100 समय : 3 घण्टे

खण्ड 'क'	**भारत का संविधान : सिद्धान्त और व्यवहार**	**अंक**
1. (1)	संविधान क्यूँ और कैसे और संविधान दर्शन	10
(2)	भारतीय संविधान में अधिकार	

2. (1) (2)	चुनाव और प्रतिनिधित्व कार्यपालिका	10
3. (1)	विधायिका	10
(2)	न्यायपालिका	
4. (1) (2)	संघवाद स्थानीय शासन	10
5. (1) (2)	संविधान : एक जीवंत दस्तावेज संविधान का राजनीतिक दर्शन	10
	योग	**50 अंक**
खण्ड 'ख'	**राजनीतिक सिद्धान्त**	12
6(1)	राजनीतिकः सिद्धान्तः एक परिचय	
(2)	स्वतंत्रता	
7.(1)	समानता	14
(2)	सामाजिक न्याय	
8.(1)	अधिकार	12
(2)	नागरिकता	
9.(1)	राष्ट्रवाद	12
(2)	धर्मनिरपेक्षता	
	योग	**50 अंक**

1. <u>प्रश्नों के प्रकार</u>

प्रश्नों के प्रकार	**प्रश्नों की संख्या**	**अंक**	**कुल अंक**
बहुविकल्पीय प्रश्न	10	1	10
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न	10	2	20
लघु उत्तरीय प्रश्न–1	06	5	30
लघु उत्तरीय प्रश्न–2	04	6	24
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न	02	8	16
	प्रश्नों की संख्या–32		**योग – 100**

2. <u>प्रश्नों के स्वरूप पर बल</u>

क्रमांक	**प्रश्नों का प्रकार**	**अंक**	**अनुमानित प्रतिशत**
1.	ज्ञानात्मक	40	40%
2.	बोधात्मक	40	40%
3.	अनुप्रयोगात्मक	20	20%
	योग–	**100**	**100%**

3. <u>प्रश्नों की कठिनाई स्तर पर बल</u>

क्रमांक	**क्लिष्टता स्तर**	**अंक**	**प्रतिशत**
1.	सरल	30	30%
2.	सामान्य	50	50%
3.	कठिन	20	20%
	योग–	**100**	**100%**

पूर्णांक 100

	<u>खण्ड 'क' भारत का संविधान : सिद्धान्त एवं व्यवहार</u>	**50**
इकाई.I	**(1) संविधान क्यूँ और कैसे? संविधान का दर्शन–** संविधान क्यूँ और कैसे? संविधान का निर्माण,संविधान सभा, प्रक्रियात्मक उपलब्धि,संविधान दर्शन। **(2) भारतीय संविधान में अधिकार–** अधिकारों का महत्व; भारतीय संविधान में मूल अधिकार राज्य के नीति–निदेशक तत्व; मूल अधिकार एवं नीति–निदेशक तत्वों के पारस्परिक संबंध।	10 अंक

इकाई-II	**(1) चुनाव और प्रतिनिधित्व–** चुनाव और लोकतन्त्र, भारत में चुनाव प्रणाली, निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण, स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव, चुनाव सुधार **(2) कार्यपालिका–** कार्यपालिका क्या है? विभिन्न प्रकार की कार्यपालिका; भारत में संसदीय कार्यपालिका; प्रधानमंत्री और मन्त्रिपरिषद; स्थायी कार्यपालिका : नौकरशाही।	10 अंक
इकाई–III	**(1) विधायिका–** संसद की आवश्यकता क्यूँ होती है। द्विसदनात्मक संसद; संसद के कार्य तथा शक्तियाँ, विधायी कार्य; कार्यपालिका पर नियंत्रण; संसदीय समितियाँ : स्व नियमन।	10 अंक
	(2) न्यायपालिका– हमें एक स्वतंत्र न्यायपालिका की आवश्यकता क्यूँ है? न्यायपालिका की संरचना; न्यायिक सक्रियतावाद; न्यायपालिका एवं अधिकार; न्यायपालिका एवं संसद।	10 अंक
इकाई–IV	**(1)संघवाद–** संघवाद क्या है? भारतीय संविधान में संघवाद; एक शक्तिशाली केन्द्र के साथ संघवाद; भारत की संघीय प्रणाली के विशेष प्रावधान। **(2) स्थानीय शासन–** हमे स्थानीय शासन की आवश्यकता क्यू है? भारत में स्थानीय शासन का विकास, 73 वां एवं 74 वां संविधान संशोधन, 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन का क्रियान्वयन।	10 अंक
इकाई–V	**(1) संविधान एक जीवंत दस्तावेज–** क्या संविधान अपरिवर्तनीय होते हैं? संविधान में संशोधन की प्रक्रिया। संविधान में इतने संशोधन क्यूँ किये गये? संविधान की मूल संरचना तथा उसका विकास। संविधान : एक जीवंत दस्तावेज के रूप में। **(2)** संविधान का राजनीतिक दर्शन– संविधान– लोकतान्त्रिक बदलाव का साधन, हमारे संविधान का राजनीतिक दर्शन क्या है?	10 अंक
	खण्ड 'ख' राजनीतिक सिद्धान्त	**50 अंक**
इकाई–VI	(1) राजनीतिक सिद्धान्त–एक परिचय राजनीति क्या है? राजनीतिक सिद्धान्त में हम क्या अध्ययन करते हैं? राजनीतिक सिद्धान्त को व्यवहार में लाना। राजनीतिक सिद्धान्त के अध्ययन का उद्देश्य। **(2) स्वतन्त्रता–** स्वतन्त्रता का आदर्श; स्वतन्त्रता क्या है? हमें प्रतिबन्धों की आवश्यकता क्यूँ है? 'हानि सिद्धांत'। नकारात्मक एवं सकारात्मक स्वन्तत्रता।	12 अंक
इकाई–VII	**(1) समानता–** समानता का महत्व; समानता क्या है? समानता के विभिन्न आयाम; हम समानता को बढ़ावा कैसे दे सकते हैं? **(2) सामाजिक न्याय–** न्याय क्या है? न्याय की सुलभता (न्यायपूर्ण वितरण); निष्पक्ष न्याय; सामाजिक न्याय का अनुसरण।	14 अंक
इकाई–VIII	**(1) अधिकार–** अधिकार क्या है? यह कहाँ से आते हैं? कानूनी अधिकार और राज्य; अधिकारों के प्रकार; अधिकार और उत्तरदायित्व। **(2) नागरिकता–** नागरिकता क्या है? नागरिकता और राष्ट्र, सार्वभौमिक नागरिकता, वैश्विक नागरिकता।	12 अंक
इकाई–IX	**(1) राष्ट्रवाद–** राष्ट्र और राष्ट्रवाद; राष्ट्रीय आत्म–निर्णय ; राष्ट्रवाद और बहुलवाद। **(2) धर्मनिरपेक्षता–** धर्मनिरपेक्षता क्या है? धर्म–निरपेक्ष राज्य क्या है? धर्मनिरपेक्षता पर भारतीय एवं पाश्चात्य दृष्टिकोण। भारतीय धर्मनिरपेक्षताः आलोचना एवं तर्क।	12 अंक

विषय–अर्थशास्त्र
कक्षा–11

न्यूनतम उत्तीर्णांक–33 अंक
पूर्णांक–100

खण्ड–क
सांख्यिकी : अर्थशास्त्र के संदर्भ में

(1)	परिचय।	05 अंक
(2)	आंकड़ों का संग्रहण, व्यवस्थीकरण एवं उनका प्रस्तुतिकरण।	20 अंक
(3)	सांख्यकीय उपकरण एवं उनका अर्थ।	13 अंक
(4)	सह सम्बन्ध।	06 अंक
(5)	सूचकांक	06 अंक

खण्ड–ख – भारत का आर्थिक विकास

(6)	विकास के अनुभव (1947–1990) एवं 1991 से प्रारम्भ हुये आर्थिक सुधार।	17 अंक
(7)	भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष वर्तमान चुनौतियाँ।	25 अंक
(8)	भारत का अपना विकास का अनुभव–पड़ोसी देशों से तुलना।	08 अंक

खण्ड–क – सांख्यकी : अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में

इकाई–1 (1) अर्थशास्त्र क्या है? 05 अंक
(2) अर्थशास्त्र की परिभाषा, उसकी सम्भावनायें, कार्य एवं अर्थशास्त्र में सांख्यकी का महत्व।

इकाई–2 आंकड़ों का संग्रहण, व्यवस्थीकरण एवं प्रस्तुतिकरण 32 अंक

(1) **आंकड़ों का संग्रहण**– आंकड़ों का स्रोत–प्रारम्भिक एवं द्वितियक आंकड़े। आधारभूत आंकड़ा किस प्रकार से एकत्र किया जाता है। निदर्शन (Sampling) का सिद्धान्त। निदर्शन एवं गैर निदर्शन त्रुटियां, विनिमय आंकड़ों के कुछ महत्वपूर्ण स्रोत। भारत की जनगणना एवं राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन। National Sample Survey Organisation.

(2) **आंकड़ों का व्यवस्थीकरण** – परिवर्तनशीलता का अर्थ एवं उनके प्रकार, बारंबारता बंटन।

(3) **आंकड़ों का प्रस्तुतिकरण** – आंकड़ों का तालिकावार एवं आरेखीय प्रस्तुतिकरण (1) ज्यामितीय प्रकार–दंड आरेख, वृत्त चित्र (2) आवृत्ति आरेख – आयत चित्र (Histogram) बहुभुज (Polygram) एवं चाप विकर्ण (Ogive) (3) समय–श्रेणीक्रम – लेखा चित्र (Time- Series graph)

इकाई–3 **सांख्यकीय उपकरण एवं उनके अर्थ** **13 अंक**
केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापन, माध्य (सरल और भारित) माध्यक एवं बहुलक।

इकाई–4 **सह सम्बन्ध** **06 अंक**

इकाई–5 **सूचकांक** **06 अंक**

खण्ड–ख

भारत का आर्थिक विकास

इकाई–6 **विकास के अनुभव(1947–1990)एवं आर्थिक सुधार वर्ष 1991 से** **17 अंक**

1– स्वतंत्रता प्राप्ति की संध्या पर भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति का संक्षिप्त परिचय। पंचवर्षीय योजनाओं के सामान्य लक्ष्य।

2– कृषि की प्रमुख विशेषतायें, समस्यायें एवं नीतियाँ।
(ढाँचागत पक्ष एवं कृषि से संबंधित नवीन रणनीतियाँ आदि) उद्योग (औद्योगिक लाईसेन्स आदि) एवं विदेश व्यापार

1991 से आर्थिक सुधार

आवश्यकता एवं इसकी प्रमुख विशेषतायें– उदारीकरण, वैश्वीकरण एवं निजीकरण।
उदारीकरण, वैश्वीकरण एवं निजीकरण नीति का मूल्याँकन।

इकाई–7 **भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष वर्तमान चुनौतियाँ** **25 अंक**

1– ग्रामीण विकास – मुख्य बिन्दु–साख एवं विपणन–सहकारी समितियाँ, कृषि विविधता, वैकल्पिक खेती– जैविक खेती।

2– मानव पूंजी, उसका निर्माण– किस प्रकार से व्यक्ति साधन बन सकते हैं। आर्थिक विकास में मानव पूँजी की भूमिका, भारत में शिक्षा के क्षेत्र का विकास।

3– रोजगार– औपचारिक एवं गैर औपचारिक, वृद्धि एवं अन्य मुद्दे– समस्यायें एवं नीतियाँ – एक आलोचनात्मक विश्लेषण।

4— वहनीय आर्थिक विकास— अर्थ, आर्थिक विकास का संसाधनों एवं पर्यावरण पर प्रभाव जिसमें ग्लोबल वार्मिंग भी सम्मिलित है।

इकाई—8 भारत का विकास का अनुभव **08 अंक**

1— पड़ोसी देशों से तुलना
2— भारत एवं पाकिस्तान
3— भारत एवं चीन

मुद्दे — विकास, जनसंख्या, क्षेत्रवार विकास एंव अन्य विकास के संकेतक।

विषय—समाजशास्त्र
कक्षा—11
केवल प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

इकाई		कालांश	अंक
क	**समाजशास्त्र का परिचय**		
	1. समाजशास्त्र, समाज और अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ उसका सम्बन्ध।	20	10
	2. मूल संकल्पना और समाजशास्त्र में उनका उपयोग।	20	10
	3. सामाजिक संस्थाओं को समझना	22	10
	4. संस्कृति और समाजीकरण	18	10
	5. समाजशास्त्र की अनुसंधान विधियाँ	20	10
	योग	**120**	**50**
ख	**समाज को समझना**		
	6. सामाजिक संरचना स्तरीकरण और समाज में सामाजिक प्रक्रियाएँ	22	10
	7. ग्रामीण तथा नगरीय समाज में सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक व्यवस्था	22	10
	8. पर्यावरण और समाज	16	10
	9. पाश्चात्य समाजशास्त्रियों का परिचय	20	10
	10. भारतीय समाजशास्त्री	20	10
	योग	**120**	**50**
	महायोग	**240**	**100**

खण्ड—(क) समाजशास्त्र का परिचय—

इकाई—1 समाजशास्त्र, समाज और अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ उसका सम्बन्ध। **10 अंक**

1. समाज का परिचय, व्यक्तिगत और समष्टि (समूह) बहु दृष्टिकोण।
2. समाजशास्त्र का परिचय, उद्भव, प्रकृति और क्षेत्र तथा अन्य से सम्बन्ध।

इकाई—2 मूल संकल्पना तथा समाजशास्त्र में उनका उपयोग **10 अंक**

1. सामाजिक समाज और समूह
2. प्रस्थिति और भूमिका
3. सामाजिक स्तरीकरण
4. समाज और सामाजिक नियन्त्रण

इकाई—3 सामाजिक संस्थाओं को समझना **10 अंक**

1. परिवार, विवाह और नातेदारी
2. आर्थिक संस्थाएँ
3. राजनीतिक संस्थाएँ
4. धर्म एक सामाजिक संस्था के रूप में
5. शिक्षा एक सामाजिक संस्था के रूप में

इकाई—4 संस्कृति और सामाजीकरण **10 अंक**

1. संस्कृति, मूल्य और मानदण्ड : साझा, मिश्रित एवं सहभागिता के आधार पर।
2. सामाजीकरण—अनुरूपता, संघर्ष और व्यक्तित्व का निर्माण।

इकाई—5 समाजशास्त्र की अनुसंधान विधियाँ **10 अंक**

1. विधियाँ : अवलोकन एवं सर्वेक्षण
2. यन्त्र और तकनीक, साक्षात्कार एवं प्रश्नावली
3. समाजशास्त्र के क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य का महत्व

खण्ड–(ख) समाज को समझना

इकाई–6 सामाजिक संरचना, स्तरीकरण और समाज में सामाजिक प्रक्रियाएँ 10 अंक

1. सामाजिक संरचना
2. सामाजिक स्तरीकरण : वर्ग, जाति, प्रजाति, लिंग
3. सामाजिक प्रक्रिया : सहयोग, प्रतिस्पर्धा, संघर्ष

इकाई–7 ग्रामीण और नगरीय समाज में सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक व्यवस्थाएँ 10 अंक

1. सामाजिक परिवर्तन : अर्थ, प्रकार, कारण और परिणाम
2. सामाजिक व्यवस्था : प्रभुत्व, अधिकार और कानून : अपराध और हिंसा
3. गाँव, कस्बा और शहर : ग्रामीण और नगरीय समाज में परिवर्तन

इकाई–8 पर्यावरण और समाज 10 अंक

1. पारिस्थितिकी और समाज
2. पर्यावरणीय समस्यायें और सामाजिक प्रतिक्रियायें
3. सतत् विकास

इकाई–9 पाश्चात्य समाज शास्त्रियों का परिचय 10 अंक

1. कार्ल मार्क्स : वर्ग संघर्ष
2. इमाईल दुर्खीम : श्रम विभाजन और सामूहिक परिणाम की श्रेणी
3. मैक्स वेबर : नौकरशाही

इकाई–10 भारतीय समाजशास्त्री 10 अंक

1. जी0एस0 घूरिये : जाति एवं प्रजाति
2. डी0पी0 मुखर्जी : प्रथाएँ एवं परिवर्तन
3. ए0आर0 देसाई : राज्य
4. एम0एन0 श्रीनिवास : भारतीय गाँव

नोट– एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा निम्नलिखित पुनर्संयोजित पाठ्यसामाग्री के आधार पर ही पाठ्यकम अध्ययन किया जाना है।

समाजशास्त्र परिचय

पुस्तक में कोई परिवर्तन नहीं

समाज का बोध

अध्याय का नाम	**पृष्ठ सं0**	**हटाये गये विषय/अध्याय**
अध्याय 1–समाज में सामाजिक संरचना, स्तरीकरण और सामाजिक प्रकियाएं	11	बॉक्स
	19–20	कियाकलाप

विषय–शिक्षाशास्त्र

कक्षा–11

100 अंकों का एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक –33

खण्ड–क अंक 50

(शिक्षाशास्त्र के सिद्धान्त एवं आधुनिक शैक्षिक विकास)

1 प्रस्तावना–शिक्षा का अर्थ प्रचलित एवं वैज्ञानिक शिक्षा का महत्व, आवश्यकता एवं उपयोगिता, शिक्षा का स्वरूप–औपचारिक एवं अनौपचारिक। 15 अंक

2 शिक्षा के उद्देश्य (क) व्यक्तिगत एवं सामाजिक, (ख) व्यावसायिक, हमारे देश की वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में शिक्षा के उद्देश्य। 10 अंक

3 शिक्षा के अभिकरण शिक्षा अधिकारियों का वर्गीकरण, गृह, परिवार, विद्यालय, समुदाय, स्थानीय संस्थायें एवं राज्य। 15 अंक

4 शिक्षा प्रणालियां– मांटेसरी प्रणाली, किण्डरगार्डेन प्रणाली, डाल्टन प्रणाली, प्रोजेक्ट प्रणाली, बेसिक शिक्षा। 10 अंक

खण्ड–ख (शिक्षा मनोविज्ञान) 50 अंक

1 शिक्षा मनोविज्ञान (क) अर्थ एवं क्षेत्र, (ख) उपयोगिता एवं महत्व। 20 अंक

2 बालक की वृद्धि तथा विकास (क) प्रारम्भिक बाल्यकाल–शारीरिक एवं मानसिक विकास, संवेगात्मक विकास भाषा का विकास एवं सामाजिक विकास, 20 अंक

(ख) पूर्व किशोरावस्था एवं किशोरावस्था की अवस्थायें, शारीरिक एवं मानसिक विकास, संवेगात्मक विकास सामाजिक विकास।

3 व्यक्तिगत भेद–शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तिगत भेद । 10 अंक

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गई है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापकों के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

कक्षा–11

विषय–भूगोल

लिखित (केवल प्रश्न पत्र) 70 अंक

प्रयोगात्मक 30 अंक

खंड क

भौतिक भूगोल के मूल सिद्धांत 35 अंक

इकाई– 1– भूगोल एक विषय के रूप में 30 अंक

1– भूगोल एक विषय के रूप में

भूगोल एक समाकलन विषय के रूप में, भूगोल की शाखाएं (विषय वस्तु या क्रमगत उपागम के आधार पर) भौतिक भूगोल एवं इसका महत्व

इकाई 2–पृथ्वी

2–पृथ्वी की उत्पत्ति एवं विकास

आरंभिक सिद्धांत, पृथ्वी की उत्पत्ति, आधुनिक सिद्धांत–ब्रह्मांड की उत्पत्ति, तारों का निर्माण, ग्रहों का निर्माण, पृथ्वी का उद्‌भव, स्थलमंडल का विकास, वायु मंडल व जल मंडल का विकास, जीवन की उत्पत्ति।

3–पृथ्वी की आंतरिक संरचना

भूगर्भ की जानकारी एवं ज्वालामुखी के साधन, प्रत्यक्ष स्रोत, अप्रत्यक्ष स्रोत, भूकंप, भूकंपीय तरंगे, भूकंप के प्रकार व प्रभाव, पृथ्वी की संरचना, ज्वालामुखी एवं ज्वालामुखी निर्मित स्थलस्वरूप।

4–महासागर एवं महाद्वीपों का वितरण

महाद्वीपीय प्रवाह महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धान्त, महासागरीय स्थल की बनावट एवं मानचित्रण, भूकंप और ज्वालामुखी का वितरण, सागरीय अर्धस्थल का विस्तार , प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त प्रवाह दरें, संचालित करने वाले बल भारतीय प्लेट का संचलन, वेगनर का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत ।

इकाई 3– भू आकृतियां

5–भू–आकृतिक प्रक्रियाएं

भू–आकृतिक प्रकियायें–अन्तर्जनित प्रकियाएँ–पटल विरूपण, ज्वालामुखीयता, बर्हिजनिक प्रकियाएँ–अपक्षय, वृहत संचलन, भूस्खलन, अपरदन एवं निक्षेपण, मृदा निर्माण ।

6– भू–आकृतियां तथा उनका विकास

प्रवाहित जल, भौम जल, हिमनद, तरंग व धाराएँ, पवनों द्वारा अपरदित स्थल रूप, निक्षेपित स्थल रूप।

इकाई 4–जलवायु

7– वायुमंडल का संघटन तथा संरचना

वायुमंडल का संघटन, मौसम एवं जलवायु तत्व।

8–सौर विकिरण ऊष्मा संतुलन एवं तापमान

सौर विकिरण, पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप में विभिन्नता, वायुमंडल का तापन एवं शीतलन, पृथ्वी का उष्मा बजट, तापमान को प्रभावित (नियंत्रित) करने वाले कारक, तापमान का वितरण, तापमान का व्युत्क्रमण।

9–वायुमंडलीय परिसंचरण तथा मौसम प्रणालियां

वायु दाब वायुमण्डलीय दाब, वायुदाब में ऊर्ध्वाधर विभिन्नता, वायुदाब का क्षैतिज वितरण, समुंद्र तल, वायुदाब का विश्व वितरण, पवनों की दिशा व वेग को प्रभावित करने वाले बल, वायुमण्डल का सामान्य परिसंचरण, वायु राशियाँ, वाताग्र, बर्हि उष्ण कटिबंधीय चक्रवात, उष्णकटिबंधीय चक्रवात, तड़ित झंझा एवं टारनेडो।

10–वायुमंडल में जल

वाष्पीकरण तथा संघनन, ओस, तुषार, कोहरा एवं कुहासा, बादल, वर्षण, वर्षा के प्रकार एवं विश्व वितरण।

11–विश्व का जलवायु एवं जलवायु परिवर्तन

कोपन की जलवायु वर्गीकरण की पद्धति, जलवायु परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन के कारण भूमंडलीय जलवायु परिवर्तन, भूमंडलीय उष्मन, ग्रीन हाउस प्रभाव।

इकाई 5 – महासागरीय जल

12– महासागरीय जल

जलीय चक्र, महासागरीय अधस्तल का उच्चावच एवं विभाजन, महासागरीय जल का तापमान, महासागरीय, जल की लवणता एवं प्रभावित करने वाले कारक लवणता का क्षैतिज एवं उर्ध्वाधर वितरण।

13– महासागरीय जल संचलन

महासागरीय तरंगे, ज्वार भाटा एवं महासागरीय धाराओं के प्रकार तथा प्रभाव

इकाई 6 पृथ्वी पर जीवन

14–जैव विविधता एवं संरक्षण

अनुवांशिक जैव–विविधता, पादप एवं अन्य जीवो की विशेषताएं, जैव विविधता का ह्रास, जैव विविधता का संरक्षण,।

मानचित्र– पांच प्रश्न **05 अंक**

नोट– इकाई 1 से इकाई 6 तक से सम्बन्धित भू-दृश्य/राजनैतिक और भौतिक मानचित्र का दृश्यांकन – 1/2 अंक सही उत्तर एवं 1/2 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित हैं।

खंड– **35 अंक**

भारत–भौतिक पर्यावरण

खंड –1– प्रस्तावना **30 अंक**

1–भारत– स्थिति

स्थिति– आकार, भारत एवं उसके पड़ोसी

खंड–२–भू आकृति विज्ञान

2–संरचना तथा भू आकृति विज्ञान

प्रायद्वीपीय खंड, हिमालय और अन्य अतिरिक्त प्रायदीपीय पर्वत मालाएं, सिंधु गंगा ब्रह्मपुत्र मैदान, भू–आकृति, उत्तर तथा उत्तर–पूर्वी पर्वतमाला, उत्तर का मैदान, पर्वतीय पठार, भारतीय मरुस्थल, तटीय मैदान, दीप समूह।

3– अपवाह तंत्र

भारत के अपवाह तंत्र, हिमालय अपवाह–हिमालय पर्वतीय अपवाह तंत्र का विकास, हिमालय अपवाह तंत्र की नदियां, सिंधु नदी तंत्र, गंगा नदी तंत्र, ब्रहमपुत्र नदीतंत्र प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र, प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र का उद्‌विकास, प्रायदीपीय नदी तंत्र, नदी जल उपयोग की सीमा।

खंड –3–जलवायु एवं प्राकृतिक वनस्पति

4–जलवायु

मानसून जलवायु में एकरूपता एवं विविधता, भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक, भारतीय मानसून की प्रकृति, मानसून का आरंभ, मानसून में विच्छेद ,मानसून का निवर्तन, ऋतुओं की लय, शीत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु, दक्षिणी पश्चिमी मानसून की ऋतु, (वर्षा ऋतु), अरब सागर की मानसून पवनें , बंगाल की खाड़ी की मानसून पवनें, मानसून के निर्वतन की ऋतु, भारत की परंपरागत ऋतुएं, वर्षा का वितरण, मानसून और भारत का आर्थिक जीवन, भूमंडलीय तापन।

5–प्राकृतिक वनस्पति

वनों के प्रकार, वन संरक्षण, सामाजिक वानिकी, फार्म वानिकी, वन्य प्राणी, वन्य प्राणी संरक्षण, जीव मण्डल नीचय।

खंड –4–प्राकृतिक संकट तथा आपदाएं–कारण, परिणाम तथा प्रबंध

6–प्राकृतिक संकट तथा आपदाएं

प्राकृतिक आपदाओं का वर्गीकरण, भारत की प्राकृतिक आपदाएं–भूकंप, सुनामी, बाढ़, उष्ण कटिबंधीय चक्रवात, सूखा, भारत में सूखे के प्रकार, भारत में सूखाग्रस्त क्षेत्र, सूखे के परिणाम, भूस्खलन, भूस्खलन के परिणाम ,निवारण, आपदा प्रबंधन, निष्कर्ष।

मानचित्र– पांच प्रश्न **05 अंक**

नोट– खण्ड 1 से खण्ड 4 तक से सम्बन्धित भू दृश्य/राजनैतिक और भौतिक मानचित्र का दृश्यांकन – 1/2 अंक सही उत्तर एवं 1/2 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित हैं।

खण्ड 'ग'

प्रयोगात्मक कार्य **30 अंक**

इकाई–1 –

(i) **मानचित्र का परिचय**– मानचित्र बनाने की अनिवार्यतायें, मापनी प्रक्षेप, व्यापकीरण, अधिकल्पना, निर्माण तथा प्रस्तुति मानचित्र का इतिहास, मानचित्रों के प्रकार, मानचित्रों का उपयोग।

(ii) **मानचित्र मापनी**–मापनी क्या है, मापनी व्यक्त करने की विधियां, मापनी का रूपान्तरण

(iii) **अक्षांश, देशान्तर और समय**– अक्षांश समांतर, देशान्तर, याम्योत्तर, देशान्तर एवं समय, अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा।

(iv) **मानचित्र प्रक्षेप**– मानचित्र प्रक्षेप की आवश्यकता, मानचित्र प्रक्षेप के तत्व, वर्गीकरण, कुछ चुने हुये मानचित्र प्रक्षेप, एक मानक अक्षांश रेखावाला शंकुप्रक्षेप, बेलनाकार समक्षेत्र बेलनाकार, प्रक्षेप, मर्केटर प्रक्षेप।

(v) **स्थलाकृतिक मानचित्र**– समोच्च रेखा पार्श्वचित्र एवं भू–आकृतियां– ढाल, पहाड़ी, पठार घाटी (U एवं V आकार की), जलप्रपात, क्लिफ एवं स्थलाकृतिक मानचित्रों का निर्वचन महाखण्ड पर्वत स्कध।

(vi) **सुदूर संवेदन का परिचय**– सुदूर संवेदीय उपग्रह से प्राप्त चित्र आंकड़ों को अर्जित करने के चरण एवं संवेदन आंकड़ों को प्राप्त करना। (फोटोग्राफी एवं डिजिटल)

प्रयोगात्मक परीक्षा

अंक विभाजन

1–	लिखित परीक्षा– 6 प्रश्नों में से किन्ही 4 प्रश्नों का उत्तर देना है।	–	**20 अंक**
2–	प्रयोगात्मक अभ्यास पुस्तिका	–	**05 अंक**
3–	मौखिक परीक्षा	–	**05 अंक**

विषय—गृहविज्ञान
(कक्षा—11)
केवल प्रश्नपत्र

इसमें 70 अंकों की लिखित एवं 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 अंक

(केवल बालिकाओं के लिये) 100 अंक

भाग—1

अध्याय 1— **परिचय**—मानव पारिस्थिति की और परिवार विज्ञान
विषय का उद्भव और जीवन की गुणवत्ता के प्रति इसकी प्रासंगिकता

इकाई—1 स्वयं को समझना—किशोरावस्था 20 अंक

अध्याय—2 स्वयं को समझना
क. मुझे 'मैं' कौन बनाता है?
ख. स्वयं का विकास एवं विशेषताएँ
ग. पहचान पर प्रभाव—स्व बोध का विकास हम कैसे करते हैं?

अध्याय 3— भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और स्वस्थता
अध्याय 4— संसाधन प्रबंधन
अध्याय 5— कपड़े—हमारे आस—पास
अध्याय 6— संचार माध्यम और संचार कौशल

इकाई—2 परिवार, समुदाय और समाज के प्रति समझ 20 अंक

अध्याय 7— विविध संदर्भों में सरोकार और आवश्यकतायें
क. पोषण, स्वास्थ्य और स्वास्थता विज्ञान
ख. संसाधन उपलब्धता और प्रबन्धन
ग. भारत की वस्त्र परंपराएँ

भाग—2

इकाई 3— बाल्यावस्था 15 अंक

अध्याय 8— उत्तरजीविता, वृद्धि तथा विकास
अध्याय 9— पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्ता
अध्याय 10— हमारे परिधान

इकाई 4— वयस्कावस्था 15 अंक

अध्याय 11— वित्तीय प्रबंधन एवं योजना
अध्याय 12— वस्त्रों की देखभाल तथा रखरखाव

प्रयोगात्मक हेतु निर्देश

प्रयोगात्मक :— 30 अंक
सिलाई कला— 5 अंक
पाक कला— 5 अंक
कढ़ाई कला— 5 अंक
रंगाई कला (टाई एण्ड डाई)— 3 अंक
प्रोजक्ट कार्य— 6 अंक
मौखिक— 6 अंक
योग— 30 अंक

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम संबंधी विवरण :—

1. विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार छात्राओं को शिक्षिका द्वारा निम्न दो नमूना (मॉडल) सिखाया जायेगा—
   - सादा फ्राक या ब्लाउज़
   - झबला या पेटीकोट
2. शिक्षिका हेतु निर्देश :— किसी आयु वर्ग के पोषकीय आवश्यकतानुसार आहार का प्रयोग कराकर छात्राओं को पोषण संबंधी जानकारी देगी।
3. भारत के पारंपरिक कढ़ाई के छः नमूने एवं बंधेज से 1 नमूना तैयार कराया जायेगा।
4. पाठों से निर्देशानुसार क्रियात्मक एवं प्रयोगात्मक कार्यों, प्रोजेक्ट, फाइल तैयार करायी जायेगी।
5. मौखिक

विषय–मानवविज्ञान (एन्थ्रोपोलोजी)
कक्षा–11
(मानविकी, वैज्ञानिक वर्ग एवं व्यावसायिक वर्ग हेतु)

इस विषय की लिखित परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 एक प्रश्न–पत्र, 70 अंको का तीन घण्टे का होगा। 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

अध्ययन का उद्देश्य––

1–समाज के विकास, उनके आधारभूत कारकों, विस्तार तथा विविधता की जानकारी प्राप्त करना तथा उसके भावरूप के बारे में निष्कर्ष निकालना।

2–प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानव के मध्य अन्तःक्रिया को भारत तथा विश्व के सन्दर्भ में सामाजिक विकास पर पड़ने वाले उसके प्रभाव को समझना, विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालने के लिए सक्षम बनाना।

3–समाज की समसामयिक समस्याओं के बारे में जानकारी करके निर्णय लेने की योग्यता प्राप्त करना।

4–मानव विकास और उसकी उपलब्धियाँ तथा विफलताओं को सजीव एवं प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत कर समाज के समाजवादी स्वरूप की स्थापना करना।

5–विश्व के पर्यावरणीय घटकों, विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों तथा उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य के बारे में निष्कर्ष निकालना।

6–मानवविज्ञान नामक विषय के विकास तथा 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में हुये विभिन्न अध्ययनों से बनी मानव विज्ञान की रुपरेखा का ज्ञान विद्यार्थियों को देना।

7–मानवविज्ञान की विषय–वस्तु, विस्तार तथा विभिन्न शाखाओं का ज्ञान सरल तथा बोधगम्य भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त कराना।

8–मानवविज्ञान एक लोकप्रिय तथा उपयोगी विषय है जो कि मानव जीवन के शारीरिक तथा सामाजिक–सांस्कृतिक दोनों ही पक्षों के विकास पर प्रकाश डालता है। मानव जीवन का कोई भी पक्ष इससे अछूता नहीं है। सभी पक्षों के तारतम्य का एकीकृत चित्र प्रस्तुत करना।

9–मानव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की समस्याओं को समझाने तथा सुलझाने की क्षमता का सृजन करना।

10–सभ्यता की मुख्य धारा से दूर बसे सरल जनजाति समाजों की विशिष्टता, विविधता एवं उनकी आधुनिक समस्याओं का ज्ञान देना जिससे उन्हें राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के सफल प्रयास किये जा सके।

खण्ड–क **35 : अंक**

(सामाजिक मानवविज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	मानवविज्ञान की परिभाषा, शाखायें तथा अन्य विज्ञानों से सम्बन्ध।	4
इकाई–2	सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानव विज्ञान की परिभाषा एवं विषय क्षेत्र, सामाजिक मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र में समानतायें एवं भिन्नतायें।	6
इकाई–3	विवाह परिभाषा, जनजातीय समाजों में प्रचलित विवाह के प्रकार––एक विवाह, बहु विवाह जनजातीय समाजों में प्रचलित जीवनसाथी चुनने के तरीके––अधिमान्य विवाह, समलिंगीय सहोदरज (पैरेलल कजिन) विवाह, विषमलिंगीय सहोदरज (क्रास कजिन) विवाह, वधु–धन एवं उसका महत्व।	10
इकाई–4	परिवार–परिभाषा, प्रकार एवं कार्य।	7
इकाई–5	नातेदारी व्यवस्था–क्लान (गोत्र सम समूह), लिनिएज (वंश समूह) का वर्णन, नातेदारी के व्यवहार– प्रतिमान–परिहायें एवं परिहास सम्बन्ध।	8

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–डी0 एन0 मजूमदार एवं टी0 एन0 मदान––सामाजिक मानव शास्त्र : एक परिचय।

2–उमाशंकर मिश्र––सामाजिक–सांस्कृतिक मानव शास्त्र।
उमाशंकर मिश्र––नृतत्व चिन्तन (पलका प्रकाशन)।

3–विजय शंकर उपाध्याय एवं विजय प्रकाश शर्मा–भारत की जनजातीय संस्कृति (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।

4–शैपिरो एवं शैपिरो––मानव संस्कृति एवं समाज (Man Culture and Society)।

5–एम्बर एवं एम्बर––मानव विज्ञान (हिन्दी अनुवाद) यू0बी0सी0 सर्विसेज, दिल्ली।

6–गोपालशरण एवं आर0 पी0 श्रीवास्तव–मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र (इंगलिश)। न्यू रॉयल बुक कम्पनी, लखनऊ।

7–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र, क्राउन पब्लिकेशन्स, रांची।

8–नीरजा सिंह एवं निशा शर्मा––परिचयात्मक मानव विज्ञान।

9–ए0आर0एन0 श्रीवास्तव–जनजातीय विकास के साठ वर्ष– प्रकाशक– 42/7 जवाहर लाल नेहरू रोड़, प्रयागराज।

खण्ड–ख **35 : अंक**

(प्रागैतिहासिक मानव विज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	प्रागैतिहास, अर्थ, विषय क्षेत्र, काल मापन विधियाँ––सापेक्ष एवं निरपेक्ष।	12
इकाई–2	यूरोपीय पाषाण काल की संस्कृतियों की परिचयात्मक–रूपरेखा, पुरा पाषाणकाल, मध्य पाषाण काल एवं नव पाषाणकाल	12
इकाई–3	सिंधु घाटी की सभ्यता– उत्पत्ति, विस्तार, विशेषतायें, सांस्कृतिक, आर्थिक, नगर नियोजन, विकास और पतन	11

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–परिचयात्मक मानव विज्ञान––नीरजा सिंह, निशा शर्मा।

2–What is Anthropology–Dr. A. R. N. Srivastava.

3–डी0 के0 भट्टाचार्या––यूरोपियन प्रागैतिहास (इंगलिश)।

4–उद्‌विकासीय मानव विज्ञान–डा0 विभा अग्निहोत्री।

5–V. Rami Reddy—Prehistory (English) Thirupati (Andhra Pradesh)

(प्रायोगिक मानव विज्ञान) **पूर्णांक 30**

	पाठ्यक्रम	अंक भार
इकाई–1	कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन मानव कपाल का नारंग का फ्रन्टालिस एवं नॉरमा लैटरैलिस पक्ष का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन। ह्यूमरस, रेडियस, अल्ना, फीमर, टिबिया, फिबुला।	10 5 अंक चित्रण एवं 5 अंक सही नामांकन एवं वर्णन के लिए
इकाई–2	एन्थ्रोपोस्कोपी (मानववीक्षिकी) 5 व्यक्तियों के चेहरे पर निम्नलिखित सीमैटोस्कोपिक अवलोकन करना–– (क) मानव केश––स्वरूप, रंग, प्रकृति (फॉर्म, कलर एवं टैक्सचर) (ख) नासिका––मूल, सेतु, नथुने (रूट, ब्रिज, विंग्स) (ग) आँख––एपिकैन्थिक फोल्ड, नेत्र वर्ण (आई कलर) (घ) ओष्ठ (लिप)––मोटाई एवं वर्हिवर्तन (निचले होंठ का बाहर की ओर लटका होना) ओष्ठ की विद्यमानता (थिकनैस एवं इवरटेड ओष्ठ) (च) चेहरे की उद्‌गतहनुता (फेशियल प्रोग्नैथजम)	10
इकाई–3	प्रायोगिक रिकार्ड (लैब बुक)–– इकाई 1, 2, 3 और 4 विद्यार्थियों को सिखाये जायेंगे तथा उस पर आधारित लैब बुक होगी।	5
इकाई–4	मौखिक परीक्षा	5
		कुल अंक . . 30

निर्देश–इकाई 1 में वर्णित कपाल एवं उपांग अस्थियों को चार्ट से देखकर रेखांकित एवं चित्रित करना।

सन्दर्भ पुस्तकें––

(1) प्रयोगात्मक शारीरिक मानव विज्ञान––डा0 विभा अग्निहोत्री।

(2) मानव अस्थि विज्ञान––हिन्दी रूपान्तर––अजय भगत एवं पोद्‌दार।

(3) Physical Anthropology Practical--by B. M. Das & Ranjan Dek.

प्रयोगात्मक अंक विभाजन

मानव विज्ञान

अधिकतम अंक : 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक : 10** **समय : 03 घण्टा**

	निर्धारित अंक
1–कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित करना–– (सही चित्रण हेतु 3 अंक तथा नामांकन व पहचान हेतु 3 अंक)	06 अंक
2–एन्थ्रोपोस्कोपी	04 अंक
3–मौखिकी––	05 अंक

4–प्रोजेक्ट कार्य–– 5+5=10 अंक

(प) किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार

(पप) किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली तैयार करना––

5–प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक–– 05 अंक

नोट :––प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

विषय–सैन्य विज्ञान
कक्षा–11

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

सभी सामाजिक विज्ञानों में सैन्य विज्ञान एक जटिल एवं महत्वपूर्ण विज्ञान है। इसका अर्थ केवल सशक्त सेना संगठन, प्रतिष्ठान, शास्त्र अथवा सैनिक से ही नहीं अपितु उसकी जड़ें राष्ट्र के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैली है। इसका क्षेत्र व्यापक एवं सभी प्रकार के ज्ञान से सम्बन्धित है।

इसका एकांकी अध्ययन नहीं हो सकता। राष्ट्र की शक्ति, गरिमा और गौरव राष्ट्रीय मंच पर कैसे उभर सकती है तथा विश्व शान्ति और सह अस्तित्व स्थापित करने में भारत प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यही इस विषय के पठन–पाठन का मुख्य उद्देश्य है। यह विषय सैन्य शिक्षा अथवा प्रशिक्षण से भिन्न है।

सैन्य विज्ञान विषय में 70 अंको का एक लिखित प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा। 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। लिखित में उत्तीर्णांक 70 में से 23 अंक होंगे तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये 30 अंक में से 10 अंक होंगे। कुल में उत्तीर्णांक 33 अंक होंगे। लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

1–सैन्य विज्ञान : 12 अंक

(अ) परिभाषा, क्षेत्र तथा महत्व।

(ब) राजनीतिशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान से सम्बन्ध।

2–थल सेना : 10 अंक

(अ) थल सेना का वर्गीकरण (लड़ाकू, सहायक तथा प्रशासनिक अंगों के आधार पर), आवश्यकता तथा सामान्य ज्ञान।

(ब) पैदल सेना, कवचयुक्त सेना (टैंक) व तोपखाने की विशेषतायें तथा कार्य।

(स) पैदल सेना, बटालियन का संगठन तथा कार्य।

(द) शांति एवं युद्धकालीन थल सैन्य संगठन (केवल रूपरेखा)।

(च) भारतीय सशस्त्र सेनायें आणविक प्रक्षेपात्र के संदर्भ में।

3–वायु सेना : 06 अंक

(अ) भारतीय वायुसेना का संक्षिप्त इतिहास।

(ब) वायु सेना के कार्य।

(स) वायु सेना के विमानों के प्रकारों का सामान्य ज्ञान।

4–नौसेना : 07 अंक

(अ) भारतीय स्वतंत्रता के समय नौसेना की स्थिति।

(ब) भारतीय नौसेना के कार्य तथा पोतों के प्रकारों का सामान्य ज्ञान (विमान वाहन पोत, वाहन पोत, विध्वंसक–पोत तथा पनडुब्बियां, फ्रिगेट)।

5–भारतीय सैन्य इतिहास तथा युद्ध : 12 अंक

(1) वैदिक तथा महाभारतकाल सैन्य व्यवस्था।
(सैन्य व्यवस्था महाभारत के युद्ध के सन्दर्भ में)।

(2) झेलम का युद्ध 326 ई0 पूर्व।

(3) आचार्य चाणक्य द्वारा वर्णित मौर्य कालीन सैन्य व्यवस्था।

6–हिन्दू कालीन सैन्य व्यवस्था : 08 अंक

(गुप्तकाल से हर्ष काल तक संक्षेप में)।

7–मुगल युग की सैन्य व्यवस्था : 08 अंक

(केवल पानीपत के प्रथम युद्ध 1526 ई0 के सम्बन्ध में)।

8–राजपूत सैन्य व्यवस्था : 07 अंक

(महाराणा प्रताप (हल्दी घाटी की लड़ाई के सन्दर्भ में)।

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रयोगात्मक **30 अंक**

(1) मानचित्र पठन

(1) सर्वेक्षण पत्रक (सर्वे ग्रिडमैप) का परिचय, परिभाषा, उपयोगिता, हाशिये की सूचनायें, सांकेतिक चिन्ह, ग्रिड तथा कन्टूर व्यवस्था।

(2) उत्तर दिशायें–प्रकार तथा दिशा ज्ञान के तरीके।

(3) दिक्मान–परिभाषा तथा अन्तर परिवर्तन।

(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर तथा सशस्त्र सेनाओं के पद

(1) मानचित्र दिशानुकूल करना (नक्शा सेट करना)।

(2) तीनों सेनाओं के बेसिस ऑफ रैंक की पहचान।

(3) प्रयोगात्मक कार्य की अभ्यास पुस्तिका।

प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अंकों का विवरण निम्नलिखित होगा।

(क) मानचित्र पठन।	20 **अंक**
(ख) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक।	05 **अंक**
(ग) प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका।	05 **अंक**

प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर तथा प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका के अंक भौतिक परीक्षा पर भी आधारित होंगे। मानचित्र पठन के सभी प्रश्न–पत्र सर्वेक्षण पत्रांक पर ही होंगे।

सैन्य विज्ञान

अधिकतम अंक 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक 10 अंक** **समय 04 घण्टे**

नोट :एक टोली में परीक्षार्थियों की संख्या 20 से अधिक न हो। एक दिन में दो टोली से अधिक की परीक्षा न हो।

निर्धारित अंक

1 मानचित्र परिचय–परिभाषा, प्रकार, हाशिये पर दी गयी सूचनाओं को वास्तविक मानचित्र पर पढ़ना तथा हाशिये की सूचनाओं के प्रकार	02
2 मानचित्र निर्देशांक–चार अंकीय एवं छः अंकीय निर्देशांक।	02
3 मापक की परिभाषा, मापक के प्रकार।	02
4 सरल मापक की रचना।	01
5 दिक्सूचकदृनाम, विभिन्न पुर्जों के प्रकार तथा प्रयोग विधि।	01
6 मानचित्र दिशानुकूल करना।	02
7 मौखिक परीक्षा।	05
8 सांकेतिक चिन्ह–चार सांकेतिक चिन्हों को बनाना जिसमें एक सैनिक सांकेतिक चिन्ह अनिवार्य है।	02
9 उत्तर दिशाओं से सम्बन्धित प्रश्न।	02
10 मानचित्र पर ग्रिड दिक्मान नापना।	03
11 दिक्मानों के अर्न्तपरिवर्तन।	03
12 उत्तरान्तरों एवं विशिष्ट दिक्सूचक त्रुटि ज्ञात करना।	02
13 अभ्यास पुस्तिका।	

विषय–संगीत (गायन)

कक्षा–11

तीन घण्टों का एक लिखित प्रश्न–पत्र 50 अंकों का पूर्णांक होगा। 50 अंक पूर्णांक की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी।

संगीत (गायन)

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) **पूर्णांक : 25**

दो शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा और व्याख्या स्वर सप्तक का तारव (पिच), तीव्रता और गुण, शुद्ध और विकृत स्वर, श्रुतियां शुद्ध स्वरों का आन्दोलन और तार पर शुद्ध स्वरों का स्थान, अलाप, तान, मुर्की, कण कम्पन, मोड़, गमक, छूट, तानों के प्रकार (सपाट अलंकारिक आदि), आरोह, अवरोह पकड़ वक्र वादी का आलोचनात्मक अध्ययन। संवादी, अनुवादी, विवादी, वर्ज्य नाद की परिभाषा एवं विशेषतायें।

खण्ड–ख **पूर्णांक : 25**

(संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन)

गीतों की शैलियां और प्रकार–ध्रुपद, तराना, सरगम गीत, भजन त्रिवट, चतुरंग, रागमाला और होली। घरानों का संक्षिप्त अध्ययन।

प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम में रागों की विशेषतायें।

स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास और भेद। कठिन अलंकारों की रचना।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित तालों के बोलों का दुगुन, चौगुन का ज्ञान, तीनताल, झपताल, एक ताल।

गीतों के आलाप, तान, बोलतान सहित लिपिबद्ध करने की योग्यता।

छोटे स्वर समुदायों के आधार पर रागों को पहचानना और उनकी बढ़त की योग्यता।

सामान्य संगीत सम्बन्धी किसी विषय पर छोटा निबन्ध।

भारतीय संगीत में आशु रचना का स्थान।

भारतीय संगीत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास(प्राचीन काल)।

सारंगदेव, तानसेन, अमीर खुसरों, भीमसेन जोशी, किशोरी अमोनकर एवं गंगूबाई हंगल की जीवनियां और भारतीय संगीत में उनका योगदान।

प्रयोगात्मक (गायन) **50 अंक**

(1) निम्नलिखित से रागों का विस्तृत अभ्यासभीमपलासी, भैरव, मालकोस।

प्रत्येक में कम से कम एक द्रुत ख्याल तैयार होना चाहिये। उचित आलाप तान, मुर्की एवं अन्य लयपूर्ण तालबद्ध विस्तारण के साथ उनको गाने की योग्यता विद्यार्थी में अपेक्षित है। इन रागों में थोड़ी स्वतन्त्रता के साथ आशु रचना करने की शक्ति उन्हें दिखलानी चाहिये।

कठिन तालबद्ध रूपों और निरर्थक वेग पर ही केवल नहीं, वरन् सही ध्वनि, उच्चावचन, स्पष्टता और गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति एवं लय के स्वाभाविक प्रवाह पर बल होना चाहिये।

उक्त रागों के गीतों में कम से कम ध्रुपद अथवा धमार, एक विलम्बित ख्याल तथा एक तराना होगा। ध्रुपद और धमार में दुगुन, तिगुन और चौगुन गाने तथा लिखने की क्षमता होनी चाहिये।

(2) दुर्गा, हिंडोल, बहार नामक रागों का सामान्य रूप में अभ्यास। आलाप तान आदि की आवश्यकता नहीं है। केवल स्थायी और अन्तरा पर्याप्त होगा। विद्यार्थियों में इन रागों में से प्रत्येक का आरोह, अवरोह और पकड़ गाने की योग्यता होनी चाहिये और जब धीमी गति में अभिव्यक्ति आलाप के द्वारा प्रस्तुत किये जायें तब उन्हें पहचानने की क्षमता होनी चाहिये।

(3) निम्नलिखित में से प्रत्येक ताल में कम से कम एक गीत सीखना चाहिये।

तीन ताल, झप ताल, एक ताल, चौताल।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित सब तालों के ठेके ताल के साथ कहने एवं लिखने की योग्यता विद्यार्थी में होनी चाहिये।

(4) छोटे स्वर समुदायों को जब आकार में गाया अथवा बजाया जाये, विद्यार्थियों में उनके स्वर बतलाने की योग्यता होनी चाहिये। यह स्वर समुदाय पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन वाली रागों में से लिये जायेंगे। संगीत गायन के प्रत्येक विद्यार्थी में पाठ्यक्रम के सभी तालों का साधारण ठेका तबले पर बजाने की योग्यता होनी चाहिये।

विशेष सूचना–अध्यापकों को वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के विचारार्थ प्रत्येक विद्यार्थी के कार्यों की एक आख्या बनानी चाहिये।

विषय–संगीत (वादन)

कक्षा–11

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) **25 अंक**

चिकारी, स्वर, तोड़ा तिहाई, जमजमा, पेशकारा, टुकड़ा मुखड़ा, पलटा, मोहरा, तिहाई, सम, ताली खाली भरी।

विभिन्न प्रकार के भारतीय संगीत वाद्यों के ज्ञान के साथ जो विशेष वाद्य लिया गया है उसके विभिन्न अंगों एवं मिलाने का विशेष ज्ञान, तबला, पखावज, सितार, वायलिन, बांसुरी, वीणा, सरोद, सारंगी, दिलरूबा, इसराज।

खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन) **25 अंक**

(1) वाद्य पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित रागों की विशेषतायें, स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास एवं भेद।

अथवा

पाठ्यक्रम के तालों तीनताल, झपताल, सूलताल, एक ताल, चार ताल के विभिन्न लयों के साथ लयात्मक प्रकार, कठिन अलंकारों की रचना। लयकारियों मेंताललिपि में लिखने की क्षमता। जैसे कायदा, परन, टुकड़ा।

(2) तालों में कायदा, पलटा, तिहाई के साथ लिपिबद्ध करने की योग्यता।

अथवा

गतों को स्वरलिपि में साधारण तोड़े एवं झाले के साथ लिखने की योग्यता। अल्प स्वर विस्तार अथवा ठेकों के कुछ बोलों के आधार पर रागों अथवा तालों को पहचानने की योग्यता।

(3) विलम्बित और द्रुत गतें।

अथवा

बाजों के प्रकार (दिल्ली, अजराडा)

(4) सामान्य संगीत सम्बन्धी विषयों पर संक्षिप्त निबन्ध।

(5) भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास, भारतीय संगीतज्ञों सारंगदेव, तानसेन, अमीर खुसरो, पं0 विष्णु नारायण भात खण्डे , "भारत रत्न" पं0 रविशंकर, अल्लारक्खा खाँ, विलायत खां, एम0 राजम0 एवं पं0हरि प्रसाद चौरसिया जी का संगीत में योगदान और उनकी जीवनियाँ।

प्रयोगात्मक परीक्षा (वादन) 50 अंक

विद्यार्थी निम्नलिखत वाद्यों में से कोई भी एक ले सकता है :

(1) तबला, (2) पखावज, (3) वीणा, (4) सितार, (5) सरोद, (6) सारंगी, (7) इसराज अथवा दिलरूबा, (8) वायलन, (9) बांसुरी, (10) गिटार (गिटार का पाठ्यक्रम सितार की भांति होगा)।

प्रथम दो वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना अन्य वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना से भिन्न होगी।

तबला या पखावज की प्रयोगात्मक परीक्षा

1–विद्यार्थियों को पर्याप्त बोल (ठेका पेशकार, परन, टुकड़े, तिहाइयां आदि) जानना चाहिये। ताल का पांच मिनट का आकर्षक प्रदर्शन देने की योग्यता होनी चाहिये। इस प्रकार के प्रदर्शन में किसी भी बोल की पुनरावृत्ति न हो वरन् वही बोल विभिन्न लयों और दूसरे प्रकार के तालों से निस्तारण के रूप में यदि जान पड़े तो बजाया जा सकता है। एक ठेके के बोल निश्चय ही दो क्रमिक टुकड़ों आदि के बीच दोहराये जा सकते हैं। एकांकी (सोलों) प्रदर्शन के लिये निम्नलिखित तालें पाठ्यक्रम में समाहित हैं–

तीव्रा, तीनताल झपताल, एकताल, चारताल, सूलताल।

2–विद्यार्थियों की सरल धुनों के साथ, दादरा, कहरवा, तीनताल, रूपक, एकताल, चौताल और धमार में संगत करने की योग्यता होनी चाहिये।

3–जो वाद्य विद्यार्थी ले उन्हें मिलाने की योग्यता होनी चाहिये।

4–विभिन्न लयकारी जैसे कि दुगुन,तिगुन,चौगुन एवं आड़।

परीक्षक के द्वारा पूछे गये तालों को अपने वाद्य में प्रस्तुत करना।

सितार आदि लय वाले वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा

(1) निम्नलिखित 6 रागों में से प्रत्येक में एक गत मसीतखानी और एक रजाखानी जिसका विस्तार सहित अभ्यास होगा :

भीमपलासी, भैरव और मालकौंस।

चयनित वाय को उसकी विशेष गरिमा के साथ बजाना और अपनी गतों को और अधिक सुन्दर बजाना विद्यार्थियों से अपेक्षित है। उन रागों में आशु रचना करने की योग्यता होनी चाहिये।

(2) पूर्वी, मारवा, तिलक कामोद, रागों में केवल एक गत बिना किसी विशेष विस्तार के बजाना।

विद्यार्थियों को इनमें से प्रत्येक राग का आरोह–अवरोह और पकड़ बजाने की योग्यता होनी चाहिये और जब उन्हें धीमे अभिव्यक्ति आलापों द्वारा प्रस्तुत किया जाय तब पहचानने की योग्यता होनी चाहिये।

(3) ऊपर दिये (1) और (2) में सभी गतें तीन ताल में हो सकती है लेकिन विद्यार्थियों को निम्नलिखित ठेकों से परिचित होना चाहिये और उन्हें ताली देते हुये कहना आना चाहिये।

दादरा, कहरवा, रूपक।

विशेष सूचना– गायन या वादन की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंकों का बँटवारा निम्न प्रकार से होगा :

संगीत गायन/वादन

अधिकतम अंक–50 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–16 अंक समय–03 घण्टे

एक समय में परीक्षा के लिये परीक्षार्थियों की संख्या पर प्रतिबन्ध यदि आवश्यक हो। इण्टरमीडिएट परीक्षा संगीत वादन परीक्षा एक दिन में क्रमशः 20–25 परीक्षार्थियों से अधिक न हो। प्रत्येक खण्ड का विवरण तथा निर्धारित अंक :

1–तबला और पखावज लेने वालों के लिये–

1–परीक्षार्थियों द्वारा चुने गये अपने ताल का प्रदर्शन।	15
2–पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताले।	05
3–पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन की ताले।	10

4—तालों का कहना और उनका बजाना। 05
5—परीक्षक द्वारा गायी गयी अथवा बजायी गयी धुनों के साथ संगत करने की योग्यता। 05
6—ताल पढ़ने की योग्यता। 05
7—सामान्य प्रभाव। 05

नोट :—संगीत गायन के साथ हारमोनियम की संगत की अनुमति नहीं है।

2—तबला व पखावज के अलावा अन्य संगीत तंत्रवाद्य लेने वालों विद्यार्थियों के लिये —

1—विद्यार्थियों द्वारा चुने गये अपने रुचि के साथ गीत अथवा संगीत का प्रदर्शन। 15
2—विस्तृत अध्ययन के रागों के ऊपर पूछे गये आलाप। 10
3—पाठ्यक्रम में प्रस्तुत विस्तृत अध्ययन की ताल। 05
4—पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताल। 05
5—राग और स्वर समूह को पहचानने की क्षमता। 05
6—परीक्षार्थियों की आवाज और उसका सामान्य प्रभाव। 05
7—सामान्य प्रभाव। 05

संस्तुत पुस्तकें

1—ताल परिचय भाग दो—जी0सी0 श्रीवास्तव, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।
2—तबला प्रवेशिका भाग दो—पी0 नारायन (केला प्रकाशन, इलाहाबाद)।
3—तबला परिचय भाग एक—आई0एन0 गोस्वामी (एन गोस्वामी, बरेली)।

अध्यापकों के सन्दर्भ हेतु संस्तुत पुस्तकें

1—हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति—क्रमिक पुस्तक मालिका, भाग 2, 3 एवं 4, ले0 पं बी0एन0 भातखण्डे, संगीत प्रेस, हाथरस।
2—शास्त्र राग परिचय भाग दो—प्रकाशन नारायण (कला प्रकाशन, 240, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद)।
3—राग परिचय भाग दो—हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, संगीत सदन प्रकाशन, 88, साउथ मलाका, इलाहाबाद।

ग्रन्थ शिल्प

कक्षा—11

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न—पत्र 70 अंकों की एवं तीन घण्टे की अवधि का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा छः घण्टे की अवधि में एक दिन में सम्पन्न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक होने चाहिये।

इकाई—1 **14 अंक**

(1) कागज बनाने का इतिहास, निर्माण (कुटीर उद्योग पद्धति), कच्चे सामान के उद्गम एवं उनके बाजार कच्चे माल से लुग्दी बनाते समय गंदगी एवं प्रदूषण होने वाले प्रभाव व उनके बचाव के उपाय। भारत में मशीन द्वारा कागज बनाने के विभिन्न केन्द्र। कागज और दफ्ती की आधुनिक माप प्रणाली जैसे ए शून्य, पवन आदि का परिचय।
(2) टाइप के विभिन्न अंग, टाइप के विभिन्न नाप, टाइप केस तथा उसकी व्यवस्था, टाइप का विवरण, प्रूफ सुधारना तथा उनके संकेत।

इकाई—2 **14 अंक**

(1) प्रयोग में आने वाली सामग्री कागज (सादा एवं डिजाइनदार), दफ्ती, जिल्दबन्दी का कपड़ा (सादा एवं डिजाइनरदार), फीता, आइलेट्स, प्रेस बटन आदि। नाप, उनकी वजन रंगों आदि सहित उनका सही विवरण एवं उनके संग्रह की विधियाँ। लेई, सरेस एवं चिपकाने के आधुनिक पदार्थ।
(2) सरेस, लेई आदि तैयार करना एवं उनसे उत्पन्न होने वाली दुर्गन्ध से बचाव।

इकाई—3 **14 अंक**

(1) यंत्र संरक्षण तथा उसके उचित प्रयोग एवं रख—रखाव
(क) फोल्डर, कैंची, चाकू, पटरी, बैकिंग हैमर, काटने की आरी, पंच, आईलेट लगाने का यंत्र, बटन लगाने के यंत्र आदि।
(ख) दफ्ती काटने का यंत्र, निपिंग प्रेस, स्टैन्डिंग एण्ड लाइन प्रेस।
(2) जिल्दसाजी व्यापारिक विधि एवं लैमिनेशन कार्य।

इकाई—4 **14 अंक**

1 प्रयोगार्थ सामग्री विभिन्न प्रकार के लिखने तथा आवरण पृष्ठ के कागज।
2 लेटर प्रेस, लीथो, ऑफसेट व स्क्रीन प्रिन्टिंग की छपाई।

इकाई–5 **14 अंक**

1 निगेटिव बनाने की विधियां, धातु की प्लेट पर मुद्रण सतह बनाना। कैमरे का सिद्धान्त, हाफटोन एवं तिरंगी छपाई का सिद्धान्त।

2 ब्लॉक बनाने में रासायनिक पदार्थों के प्रयोग करते समय होने वाले प्रदूषण का निवारण।

प्रयोगात्मक **30 अंक**

(1) सत्र कार्य

(अ) प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक मॉडल बनाने का विवरण तैयार करना आवश्यक है। विवरण विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा अवलोकित होगा।

(ब) बनाये जाने वाले मॉडलों की सूची का चार्ट बनाया जाय और कक्षाओं में टांगा जाय।

(स) प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा विषय से सम्बन्धित एक चार्ट भी तैयार करना आवश्यक है।

(2) मौखिक परीक्षा

विषय अध्यापक द्वारा कम से कम तीन प्रश्न प्रत्येक विद्यार्थी से पूछे जायेंगे।

प्रयोगात्मक कार्य के लिये

1 सरल तथा क्रमवत् अभ्यास विभिन्न आकारों के लिफाफे, राइटिंग पैड, पोर्टफोलियो, पत्रिकाओं के कवर, एक जुज का नोट बुक जिसका कवर सादा व दफ्ती लगा हो। कलण्डर, एलबम, ,खुली हुई फाइल तथा केस बनाना।

2 पुस्तक की मरम्मत करना जिसकी सिलाई केसिंग से ठीक हो।

3 पृष्ठ बनाने के लिये कागज की सीटों को सरल विधियों से मोड़ना।

4 एक सस्ती पुस्तक जिल्दसाजी टोप की सिलाई द्वारा करना तथा उसकी केस बाइन्डिंग करना। उस पुस्तक के ऊपर और नीचे रक्षक कागज लगाना। यह बाइन्डिंग निम्नलिखित क्रियाओं को करते हुए की जाये।

(1) पुरानी पुस्तक का एक–एक जुज अलग करना।

(2) फटे हुये जुजों को साफ करना तथा मरम्मत करना, फटे हुये कागजों को सुधारना।

(3) रक्षक कागजों को बनाना।

(4) टेप सिलाई करना।

(5) पीठ पर सरेस लगाना, उसके किनारे काटना, पीठ को गोल करना, ऊपर नीचे काटकर बराबर करना।

(6) केस बनाना।

(7) केस को पुस्तक पर चिपकाना।

टिप्पणी

(1) प्रत्येक सत्र में प्रत्येक परीक्षार्थियों द्वारा कम से कम दस मॉडल अवश्य बनाये जायें और इसके अतिरिक्त प्रत्येक को कम से कम दो उच्च कोटि के सुन्दर मॉडल अपनी इच्छानुसार बनाये जायें।

(2) सभी मॉडलों पर सजावट का कार्य किया जाये।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

अधिकतम अंक 30	**न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक**	**समय 06 घण्टे**
1 मॉडल बनाना।		03
2 सजावट।		03
3 प्रेस कार्य		
(अ) कम्पोजिंग।		03
(ब) प्रूफ रीडिंग कार्य।		03
4 मौखिक		03
5 फाइल रिकॉर्ड।		04
6 सत्रीय कार्य सतत् मूल्यांकन।		03
7 प्रोजेक्ट कार्य		08
		योग=30 अंक

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के वरिष्ठ विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–काष्ठ शिल्प

कक्षा–11

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न पत्र तीन घण्टे का होगा। प्रश्न पत्र 70 अंक का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा छः घण्टे की अवधि में एक दिन में सम्पन्न होगी। उत्तीर्ण होने के लिए लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक होने चाहिए।

	प्रश्न पत्र		अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक
1.	लिखित–केवल प्रश्नपत्र		70 अंक	23 अंक
2.	प्रयोगात्मक		30 अंक	10 अंक
		योग. .	100 अंक	33 अंक

उत्तीर्ण होने के लिये लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होने के साथ ही 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–एक **10 अंक**

1. काष्ठशिल्प की परिभाषा, सिद्धान्त, महत्व उद्देश्य एवं फनरीचर का इतिहास।
2. काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाले यंत्र। यंत्र की परिभाषा एवं उनका वर्गीकरण।
3. **खुरदरा काटने वाले यंत्रः**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आरियों का ज्ञान। जैसे– दाँतों को बनाना, दांतों को सेट करना, दाँतों को तेज करना, 2.54 सेमी0 में दाँतों की संख्या, दाँतों का कोण तथा आरियों को चलाते समय ध्यान देने योग्य बातें।
4. **रन्दने वाले यंत्रः**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रन्दों का ज्ञान। जैसेः– परीभाषा उनका प्रयोग, खराबियाँ, मुँह का कोण उनके भाग आदि। रन्दें में खराविया तथा उनकों दूर करना। रन्दे को चलाते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें आदि।

इकाई–दो **10 अंक**

1.**छीलने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रुखानियों तथा ड्रा नाइफ का ज्ञान। जैसे– रूखानियों के प्रकार, उनके भाग, कार्य तथा प्रयोग करते समय विशेष देने योग्य बातें।

2. **खरोचने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रेतियों का ज्ञान। दातों तथा कार्य के अनुसार रेतियों के प्रकार, उनके भाग, प्रयोग तथा सुरक्षा आदि का ज्ञान।
3. **जाँच करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत स्ट्रेट एज, वाइडिंग स्ट्रिप, प्लम्ब सूई, स्प्रिट लेवेल, गुनिया, स्लाइडिंग बेवेल, माइटर स्क्वायर आदि का ज्ञान।
4. **चिन्ह लगाने तथा नापने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के खतकस, दो फुटा, चिन्ह चाकू, विंग परकार स्केल आदि का ज्ञान।

इकाई–तीन **10 अंक**

1. **छेद करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत ब्रेस, हैण्ड ड्रिल, देशी ड्रिल, एवं ब्राडाल का ज्ञान। ब्रेस तथा हैण्ड ड्रिल में प्रयोग होने वाले बिट्स (BITS) का ज्ञान।
2. **ठोकने तथा निकालने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत मुँगरी विभिन्न प्रकार के हथौड़े, जम्बूर, प्लायर्स, नेल पुलर, नेल पंच, पेचकस आदि का ज्ञान।
3. **कसकर पकड़ने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत मेज बांक, आरी बांक छड़ सिकन्जा, जी सिकन्जा, बेन्च वाइस, बेन्च होल्ड फास्ट, तथा दस्ती पेंच आदि का ज्ञान।

इकाई–चार **10 अंक**

1. **पर्यावरण**– पर्यावरण की परिभाषा प्रकार तथा काष्ठशिल्प प्रयोगशाला से होने वाले प्रदूषण, उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा बचाव के उपाय। वृक्ष हमारे मित्र, प्रदूषण दूर करने में इनसे प्राप्त सहायता।
2. **लकड़ी में खराबियाँ**–खराबियों के प्रकार तथा विस्तार से उनका वर्णन।
3. **वृक्ष**–वृक्ष के मुख्य भाग तथा उनके कार्य।
4. लकड़ी के व्यापार से राष्ट्रीय आय। आयात एवं निर्यात।

इकाई–पाँच **10 अंक**

1. वृक्षः वृक्ष के प्रकार तथा एक्सोजेनस वृक्ष के तने का व्यतस्त खण्ड।
2. वृक्षः वृक्ष का बढ़ना।
3. पेड़ काटने का उचित समय (मौसम), पेड़ काटने की उम्र तथा कटी हुई लकड़ियों के नाम व व्यापारिक आकार।
4. लट्ठे चीरना, लकड़ी के रेशे तथा अच्छी लकड़ी की पहचान (गुण)।

इकाई—छः **10 अंक**

1. **नमूनों (MODELS) को सजाने की विधियाँ**— जैसेः— शेपिंग, खराद कार्य, तक्षण कला, ऐंठन एप्लीक का कार्य , इनलेइंग,, मोल्डिंग, विनियरिंग तथा स्टेन्सिलिंग का सम्पूर्ण ज्ञान।
2. **आलेखन**— आलेखन की परिभाषा, प्रकार एवं बनाने का सिद्धान्त।
3. मापनी— मापनी की परिभाषा प्रकार, मापनी बनाने का सम्पूर्ण ज्ञान।

इकाई—सात **10 अंक**

1. **मोल्डिंग— मोल्डिंग की परिभाशा** उनके प्रकर, नाप, अनुपात, तथा एक या कई को मिलाकर उनका प्रयोग।
2. **सरेस— सरेस की परिभाशा,** सरेस के प्रकार तथा सरेस वर्तन पशु सरेस पकाने तथा प्रयोग करने की विधि ।
3. तेल—काष्ठकला में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के तेलों का ज्ञान ।

प्रयोगात्मक कार्य **30 अंक**

1. प्रयोगात्मक कार्य में छात्रों से विभिन्न प्रकार के नमूने (MODELS) बनवाये जायेंगे।
2. छात्रों से सभी प्रकार के यंत्रों का क्रमानुसार प्रयोग करने का उचित अभ्यास करायें जायें।
3. छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धिति प्रश्नों के अभ्यास करायें जायें।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा—

अधिकतम अंक—30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक—10** **समय—6 घण्टे (एक दिन में)**

1— लकड़ी का प्लेनिंग एवं शुद्वता	05 अंक
2 — माडल की तैयारी तथा सही बनाने की विधि	04 अंक
3— सही जोड़, कील एवं पेंच का प्रयोग	03 अंक
4— माडल की सही रूप रेखा	03 अंक
5— चिप कर्विंग	03 अंक
6— प्रोजेक्ट कार्य एवं मौखिक	08 अंक
7— सत्रीय कार्य एवं सतत् मूल्यांकन	04 अंक
	योग=30 अंक

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के वरिष्ठ विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर ले।

विषय—सिलाई

कक्षा—11

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न—पत्र 70 अंक व तीन घण्टे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है। प्रयोगात्मक परीक्षा 4 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक आने चाहिये।

पूर्णांक 100

इकाई

1-परिधान (पोषाक)- 10 अंक

(i) परिधान का महत्व, (ii) परिधान के प्रकार, (iii) मौसम, आयु, लिंग तथा विभिन्न अवसरों पर परिधान कैसे होने चाहिये? का ज्ञान।

2-वस्त्र अभिन्यास व्यवसाय- 10 अंक

(i) सफलता के तत्व (ii) वस्त्रों का मितव्ययी प्रयोग (iii) वस्त्रों के प्रकार- सूती, ऊनी, रेशमी, सिन्थेटिक एवं आधुनिक वस्त्रों की जानकारी तथा परिधानके अनुसार इन वस्त्रों के प्रयोग का ज्ञान।

3-कंधे एवं शरीर के गठन की जानकारी तथा इस के नाप लेने की विधि- 10 अंक

(1) शरीर- (i) सामान्य, (ii) तना हुआ, (iii) झुका हुआ, (iv) तोंदील तथा अर्ध तोंदील, (v) कूबड़ निकला हुआ

(2) कन्धा- (i) सामान्य कन्धा, (ii) ऊंचा कन्धा, (iii) झुका हुआ कन्धा

4-नाप लेने की पद्धतियाँ – 10 अंक

(i) ायरेक्ट पद्धति, (ii) क्लाइमेक्स पद्धति तथा विभिन्न पद्धतियों का संक्षिप्त ज्ञान ।

5-कटाई सिलाई के अंग- 10 अंक

(i) कटर क्या है,

(ii) अच्छे कटर और टेलर किस प्रकार बनाया जा सकता है।

(iii) कटाई, सिलाई तथा प्रेस करते समय की सावधानियाँ, (iv) आनुपातिक कपड़े का ज्ञान,

(v) फैशन के अनुसार परिधान बनाने की योग्यता, (vi) सिले हुये परिधान में होने वाले दोष की जानकारी तथा उन्हें दूर करने के उपाय।

6- सिलाई व्यवसाय में प्रयोग होने वाले शब्दों की परिभाषा एवं ज्ञान- 10 अंक

श्रिंक करना, दमफ्राक, गिदरी, हाला, टीथ, ार्ट, फिश ार्ट, प्लीट, गिरह, चाक, ताबीज, कुटका, चाँपा, धाँसा, ट्रीमिंग, बाबिन, बकरम, चिकोटी, लेआउट, टॉय-ऑन,अर्ज,आा, ओरेब आदि।

7-पर्यावरण सुरक्षा- 10 अंक

(i) सिलाई करते समय विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से होने वाली सम्भावनायें तथा उन्हें दूर करने के उपाय

(ii) सिलाई कक्ष में कूड़ा कचरा, कतरन जलने से प्रदूषण फैलना तथा उसे दूर करने के उपाय ।

(iii) मशीनों से उत्पन्न होने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने के उपाय

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रमः 30 अंक

दिए के नाप के अनुसार निम्नलिखित वस्त्रो का रेखाचित्र बनाना, काटना एवं पूर्णरूपेण से सिलना।

1- पुरुषो के वस्त्र –

(i) नेहरू कमीज, कुरता,

(ii) बुशर्ट ।

2- नेकर–

(i) आधुनिक नेकर, हाफ पैंट

(ii) तोंदील एवं अर्ध तोंदील व्यक्ति के लिए ।

3- पैंट-

(i) नार्मल करपुलेंट,

(ii) फ्लाटिरा एक प्लेट तथा बिना प्लेट वाला, आधुनिक फैशन के अनुसार बच्चों के वस्त्र,

(iii) बाबा सूट ।

4- कोट-

(i) नेशनल स्टाइल क्लोज (बंद गला कॉलर कोट),

(ii) आर्िनरी ओपन कॉलर कोट,

(iii) नेहरू जैकेट ।

प्रयोगात्मक परीक्षा का आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत होगा ।

अधिकतम अंक 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक** **समय 04 घण्टे**

1. दिये गये नापों के अनुसार वस्त्रों के विभिन्न भागों का चित्र बनाना (ड्राफ्टिंग) एवं कटाई करना।	06
2. वस्त्र की सिलाई, फिनिशिंग एवं प्रेसिंग।	06
3. मौखिक कार्य।	03
4. फाइल रिकार्ड।	05
5. सिलाई–बालिका, पुरूष एवं स्त्री के वस्त्र।	06
6. मशीन के विभिन्न भागों का ज्ञान।	02
7. सत्रीय कार्य एवं मौखिक कार्य।	02

विषय–चित्रकला (आलेखन)

कक्षा–11

इसकी परीक्षा 100 अंको के एक प्रश्न–पत्र में होगी। न्यूनतम उत्तीर्णाक–33

खण्ड (क) इसमें 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनिवार्य पूँछे जायेंगे।

खण्ड (ख) **60 अंक** अनिवार्य

आलेखन–प्राकृतिक, अलंकारिक, आकृतियों पर आधारित विभिन्न प्रकार के दो या दो से अधिक आवृत्ति के मौलिक–रचनात्मक आलेखन। पुष्प जैसे गुलाब, कमल, सूरजमुखी, डहलिया, गुड़हल, पेन्जी आदि फूल, कलियां, पत्तियों आदि वस्तुयें जैसे मानव शंख, तितलियां, हंस, हिरन, हाथी आदि का आधार लेकर आलेखन बनाना। कम से कम तीन रंग भरने हैं। उत्तम संगति के साथ। आलेखन वस्त्रों की छपाई, बुनाई, कढ़ाई, चर्म शिल्प, बर्तन, अल्पना व अन्य ज्यामिति आकार में बनाने होंगे। ग्राफ बना कर भी आलेखन बनाये जा सकते हैं।

खण्ड (ग) **30 अंक**

वस्तु चित्रण अथवा स्मृति चित्रण अथवा प्राकृतिक चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य चित्रण (Land Scape) में से कोई कोई एक खण्ड करना है–

वस्तु चित्रण– **30 अंक**

विभिन्न प्रकार के खेल से संबंधित उपकरण– बैट, बाल, हाकी, गेंद, फुटबाल, कृषि उपकरण–फावड़ा, हल, हंसिया, हथौड़ी आदि का चित्र बनाना–यह चित्रण इंक में प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया, पेन्सिल, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए करना है।

टिप्पणी–चित्र संयोजन 20 सेंमी० से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार या गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिनका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं को कम से कम 40 सेंमी० ऊंचाई पर रखा होना चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण– **30 अंक**

पुष्प जैसे–कमल, जीनिया, कैली, पेन्जी आदि की कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधों के चित्र, प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं। पौधे व पुष्प, पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

स्मृति चित्रण– **30 अंक**

वस्तु चित्रण या प्राकृतिक चित्रण के साथ–साथ स्मृति चित्रण सफेद कागज पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित निम्न वस्तुओं मे से किसी एक का चित्र बनाना होगा। जैसे खेल का सामान, मिट्टी की वस्तुयें तथा कृषि की साधारण उपयोगी वस्तुयें। नाप 15 सेंमी० से अधिक नहीं।

(माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape)– **30 अंक**

ग्रामीण जीवन साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठ भूमि में बनाना है। माध्यम–जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयल, आयल पेस्टल व कार्बन चारकोल पेन्सिल, नाप 25 सेंमी० x 30 सेंमी०।

पुस्तकें–

	3	लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट	
इकाई—छः—	1	क्षेत्रीय आकांक्षाएँ	16
	2	भारतीय राजनीति : नए बदलाव	
		योग	**50 अंक**

कक्षा—12

1. प्रश्नों के प्रकार

प्रश्नों के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	कुल अंक
बहुविकल्पीय प्रश्न	10	1	10
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न	10	2	20
लघु उत्तरीय प्रश्न	06	5	30
दीर्घ लघु उत्तरीय प्रश्न	04	6	24
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न	02	8	16
	प्रश्नों की संख्या—32		**योग — 100**

2. प्रश्नों के उद्देश्यों पर बल

क्रमांक	प्रश्नों का प्रकार	अंक	अनुमानित प्रतिशत
1.	ज्ञानात्मक	40	40%
2.	बोधात्मक	40	40%
3.	अनुप्रयोगात्मक	20	20%
	योग—	**100**	**100%**

3. प्रश्नों की कठिनाई स्तर पर बल

क्रमांक	क्लिष्टता स्तर	अंक	प्रतिशत
1.	सरल	30	30%
2.	सामान्य	50	50%
3.	कठिन	20	20%
	योग—	**100**	**100%**

नागरिक शास्त्र पूर्णांक : 100 अंक
कक्षा—12

खण्ड 'क' : समकालीन विश्व राजनीति पूर्णांक : 50

इकाई— I 20 अंक

(1) दो ध्रुवीयता का अंत—

विश्व राजनीति में नई सत्ताएँ : रुस, बाल्कन राज्य, केन्द्रीय एशियाई राज्य; उत्तर—साम्यवादी शासनकाल में लोकतांत्रिक राजनीति और पूँजीवाद का प्रवेश। रूस एवं उत्तर—साम्यवादी राज्यों के साथ भारत के सम्बन्ध।

(2) सत्ता के समकालीन केन्द्र—

उत्तर—माओ युग में चीन का आर्थिक शक्ति के रूप में उदय; यूरोपीय संघ का निर्माण एवं विस्तार। आसियान, चीन के साथ भारत के बदलते सम्बन्ध।

(3) समकालीन दक्षिण एशिया (उत्तर शीत युद्ध युग में)—

पाकिस्तान और नेपाल का लोकतान्त्रिकरण। श्रीलंका का नस्लीय (प्रजातीय) संघर्ष; क्षेत्र पर आर्थिक वैश्वीकरण का प्रभाव। दक्षिण एशिया में संघर्ष एवं शांति के लिये प्रयास। भारत के पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध।

इकाई— II (1) अन्तर्राष्ट्रीय संगठन— 15 अंक

संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन एवं भविष्य। पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र संघ में

भारत की स्थिति। नये अन्तर्राष्ट्रीय कर्त्ताओं का उदय; नये अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन, गैर सरकारी संगठन।

(2) समकालीन विश्व में सुरक्षा–

सुरक्षा की पारम्परिक धारणा; निःशस्त्रीकरण की राजनीति। गैर–पारम्परिक या मानवीय सुरक्षा; वैश्विक गरीबी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा। मानव अधिकार और पारगमन (पलायन) के मुद्दे।

इकाई– III 15 अंक

(1) पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन–

पर्यावरणीय आन्दोलन और वैश्विक– पर्यावरणीय मानकों का मूल्यांकन। संसाधनों की भू–राजनीति (पारंपरिक एवं अन्य संसाधनों पर संघर्ष) मूलवासियों के अधिकार। वैश्विक पर्यावरणीय विचार में भारत का पक्ष।

(2) वैश्वीकरण– आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक घोषणा– पत्र। वैश्वीकरण विरोधी आन्दोलन। वैश्वीकरण के कार्यक्षेत्र के रूप में भारत और इसके विरूद्ध संघर्ष।

खण्ड 'ख' : स्वतन्त्र भारत में राजनीति **50 अंक**

इकाई– IV **(1) राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ–** 16 अंक

राष्ट्र–निर्माण में नेहरू का दृष्टिकोण; विभाजन की विरासत : शरणार्थियों के पुनर्वास की चुनौती, कश्मीर की समस्या; राज्यों का गठन एवं पुनर्गठन; भाषा पर राजनीतिक संघर्ष।

(2) एक दल के प्रभुत्व का दौर–

प्रथम तीन आम चुनाव; राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति; राज्य स्तर पर असमान प्रभुत्व; कांग्रेस की गठबन्धीय प्रकृति। प्रमुख विपक्षी दल।

(3) नियोजित विकास की राजनीति–

पंचवर्षीय योजनायें, राज्य–क्षेत्र का विस्तार एवं नये आर्थिक हितों का उदय, पंचवर्षीय योजनाओं की कमियाँ एवं विलम्ब के कारण।

इकाई– V **(1) भारत के विदेश सम्बन्ध–** 18 अंक

नेहरू की विदेश नीति; भारत–चीन युद्ध 1962; भारत–पाक युद्ध 1965 एवं 1971; भारत का परमाणु कार्यक्रम; विश्व राजनीति में बदलते सम्बन्ध।

(2) कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियॉ और पुनर्स्थापना

नेहरू के बाद की राजनीतिक परिपाटी; गैर कांग्रेसवाद और 1967 का चुनावी विचलन; (पलट) कांग्रेस का विभाजन एवं पुनर्गठन; कांग्रेस की 1971 के चुनावों में विजय।

(3) लोकतांत्रिक व्यवस्था के संकट–

गुजरात का नवनिर्माण आन्दोलन एवं बिहार का आन्दोलन; न्याय पालिका से संघर्ष, आपातकाल : प्रकरण (प्रसंग); संवैधानिक एवं संविधानेत्तर आयाम (पहलू); आपातकाल का विरोध। 1977 के चुनाव और जनता पार्टी का उदय (उत्पत्ति)।

इकाई– VI **(1) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ –** 16 अंक

क्षेत्रीय दलों का उदय; पंजाब संकट एवं 1984 के सिक्ख विरोधी दंगे। कश्मीर की स्थिति, पूर्वोत्तर में चुनौतियाँ एवं प्रतिक्रियाएँ।

(2) भारतीय राजनीति : नये बदलाव–

1990 में भागीदारी की लहर। जनता दल एवं भारतीय जनता पार्टी का उदय; क्षेत्रीय दलों की बढ़ी भूमिका और गठबंधन की राजनीति : राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठनबंधन (NDA) (1998–2004), संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) (2004–2014), राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) (2014 से अब तक)। मण्डल आयोग की रिपोर्ट लागू करना, साम्प्रदायिकता, धर्म निरपेक्षता और लोक तन्त्र।

कक्षा–12 अर्थशास्त्र
केवल प्रश्नपत्र –पूर्णांक – 100

खण्ड–क : परिचयात्मक सूक्ष्म अर्थशास्त्र (Micro Economics)

1–	परिचय	4 अंक
2–	उपभोक्ता संतुलन एवं मांग	18 अंक
3–	उत्पादनकर्ता का व्यवहार एवं आपूर्ति	18 अंक
4–	बाजारों के प्रकार एवं साधारण युक्तियों के साथ आदर्श प्रतिस्पर्धा की स्थिति में मूल्य निर्धारण	10 अंक

खण्ड–ख : परिचयात्मक वृहत अर्थशास्त्र (Macro Economics)

1–	राष्ट्रीय आय एवं पूर्ण योग	12 अंक
2–	मुद्रा एवं बैंकिंग	8 अंक
3–	आय एवं रोजगार का निर्धारण	14 अंक
4–	सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था	8 अंक
5–	भुगतान संतुलन	8 अंक

खण्ड–क : परिचयात्मक सूक्ष्म अर्थशास्त्र

1–परिचय– सूक्ष्म एवं वृहत अर्थशास्त्र–अर्थ, सकारात्मक अर्थशास्त्र एवं नियामक अर्थशास्त्र। अर्थव्यवस्था क्या है? अर्थशास्त्र की केन्द्रीक समस्यायें। 4 अंक

क्या, कैसे और किसके लिये उत्पादन किया जाय। उत्पादन की अवधारणा, उत्पादन संभावना फ्रंटियर एवं अवसर लागत।

2–उपभोक्ता संतुलन एवं मांग : 18 अंक

उपभोक्ता संतुलन– उपयोगिता का अर्थ, सीमांत उपयोगिता, सीमांत उपयोगिता क्षीणता का नियम, सीमांत उपयोगिता विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन संबंधी स्थितियाँ।

उपभोक्ता संतुलन का तटस्थता वक्र द्वारा विश्लेषण –

उपभोक्ता का बजट– (बजट सेट एवं बजट लाइन) उपभोक्ता की प्राथमिकतायें (तटस्थता वक्र एवं उदासीनता मानचित्र) एवं उपभोक्ता संतुलन की स्थितियाँ।

मांग, बाजार मांग, मांग के निर्धारक, मांग अनुसूची, मांग वक्र एवं उसकी ढलान, मांग वक्र में गतिविधियाँ एवं मांग वक्र का खिसकना, मांग लोच की कीमत– मांग लोच की कीमत को प्रभावित करने वाले कारक, मांग लोच की कीमत का मापन, प्रतिशत–परिवर्तन प्रणाली।

इकाई–3 उत्पादनकर्ता का व्यवहार एवं आपूर्ति 18 अंक

उत्पादन परिभाषा– अर्थ, अंशकालिक एवं दीर्घकालिक कुल उत्पाद, औसत उत्पाद, सीमांत उत्पाद।

लागत–अंशकालिक लागत, कुल लागत, कुल निर्धारित लागत, कुल परिवर्तनशील लागत, औसत लागत, औसत निर्धानित लागत, औसत परिवर्तनशील लागत एवं सीमांत लागत– अर्थ एवं उनके संबंध।

राजस्व –कुल, औसत एवं सीमांत राजस्व– अर्थ एवं उनके संबंध।

उत्पादनकर्ता का संतुलन–अर्थ एवं सीमांत राजस्व एवं सीमांत लागत के क्रम उसकी स्थितियां। आपूर्ति, बाजार आपूर्ति, आपूर्ति के निर्धारक, आपूर्ति सारणी, आपूर्ति वक्र एवं उसकी ढ़लान, आपूर्ति वक्र में गतिविधियाँ एवं आपूर्ति वक्र का खिसकना। आपूर्ति लोच की कीमत, आपूर्ति लोच की कीमत का मापन, प्रतिशत–परिवर्तन प्रणाली।

इकाई–4 बाजारों के प्रकार एवं साधारण युक्तियों के साथ आदर्श प्रतिस्पर्धा की स्थिति में मूल्य निर्धारण 10 अंक

आदर्श प्रतिस्पर्धा– विशेषतायें, बाजार संतुलन के निर्धारक एवं उनके खिसकने की मांग एवं आपूर्ति पर असर।

मांग एवं आपूर्ति के साधारण प्रयोग– मूल्य नियंत्रण, न्यूनतम मूल्य आधार

खण्ड–ख परिचयात्मक वृहद् अर्थशास्त्र

इकाई–5 राष्ट्रीय आय एवं संबंधित आँकड़े 12 अंक

कुछ आधारभूत संकल्पनायें– उपभोग में आने वाली वस्तुयें, पूंजीगत माल, अंतिम माल।

मध्यवर्ती माल, स्टाक एवं प्रवाह, आधारभूत निवेश एवं मूल्य ह्रास।

आय का परिपत्र प्रवाह (दो क्षेत्र मॉडल) राष्ट्रीय आय की गणना करने की विधियाँ– उत्पादन गणना विधि, आय गणना विधि, उपयोग बचत विधि या व्यय विधि।

राष्ट्रीय आय से संबंधित आंकड़े–

बाजार भाव पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद, सकल घरेलू उत्पादन एवं शुद्ध घरेलू उत्पाद। कारक लागत पर वास्तविक एवं न्यूनतम सकल घरेलू उत्पाद।

सकल घरेलू उत्पाद एवं कल्याण।

इकाई–6 मुद्रा एवं बैंकिंग– 8 अंक

मुद्रा– परिभाषा एवं मुद्रा की आपूर्ति। जनसाधारण के आधिपत्य में मुद्रा एवं वाणिज्यिक बैंकों द्वारा शुद्ध मांग के अनुरूप धारित कुल जमा राशि।

वाणिज्यिक बैंकिंग प्रणाली द्वारा मुद्रा का सृजन।
केन्द्रीय बैंक एवं उसके कार्य। (भारतीय रिजर्व बैंक का उधाहरण) मुद्रा जारी करने वाला बैंक, राजकीय बैंक, सामुदायिक बैंकों को वित्तीय सेवायें प्रदान करने वाले बैंक।
मुद्रा की मांग और आपूर्ति की तरलता पर बैंक द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार नियंत्रण। नकद आरक्षित अनुपात, साविधिक चल निधि अनुपात, रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट, खुली बाजारू गतिविधियाँ। निवेशक द्वारा अपनी नकदी के प्रति दी जाने वाली न्यूनतम प्रतिभूति।

इकाई–7 आय एवं रोजगार का निर्धारण– **14 अंक**

कुल तैयार उत्पाद एवं सेवायें एवं उसके अवयव।
उपभोग की ओर झुकाव एवं बचत की ओर झुकाव (औसत एवं सीमित)
अल्पाकालिक कुल उत्पादन एवं कुल आपूर्ति संतुलन।
पूर्णकालिक रोजगार का अर्थ एवं अनैच्छिक रोजगार।
अत्यधिक मांग एवं न्यून मांग की समस्यायें एवं इन्हें सुधारने के उपाय। होने वाले शासकीय व्यय में परिवर्तन। कर एवं मुद्रा आपूर्ति।

इकाई–8 सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था– **8 अंक**

सरकारी बजट– अर्थ, उद्देश्य एवं उसके अवयव।
प्राप्तियों का वर्गीकरण– राजस्व प्राप्तियाँ एवं पूंजीगत प्राप्तियाँ। व्यय का वर्गीकरण– राजस्व व्यय एवं पूंजीगत व्यय।
शासकीय घाटों के प्रकार– राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, एवं प्राथमिक घाटा एवं उनका अर्थ।

इकाई–9 भुगतान संतुलन– **9 अंक**

भुगतान संतुलन खाता– अर्थ एवं उसके अवयव, भुगतान संतुलन। घाटा–अर्थ।
विदेशी मुद्रा विनिमय– स्थिर एवं लचीली दरों का अर्थ एवं कामयाब चल।

विषय–समाजशास्त्र
कक्षा–12

केवल प्रश्नपत्र
समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

इकाई		अंक
क	**भारतीय समाज**	
	1. भारतीय समाज का परिचय	04
	2. भारतीय समाज की जनसांख्यिकी संरचना	06
	3. सामाजिक संस्थायें : निरंतरता और परिवर्तन	08
	4. बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में	06
	5. सामाजिक असमानता और बहिष्कार का ढाँचा(स्तर)	08
	6. सांस्कृतिक विभिन्नताओं की चुनौती	10
	7. परियोजना कार्य के लिए सुझाव	08
	योग	**50**
ख	**भारत में परिवर्तन और विकास**	
	8. संरचनात्मक परिवर्तन	05
	9. सांस्कृतिक परिवर्तन	06
	10. संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन	07
	11. ग्रामीण समाज में परिवर्तन और विकास	07
	12. औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास	06
	13. भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन	05
	14. जनसम्पर्क माध्यम और सूचना	06
	15. सामाजिक आन्दोलन	08
	योग	**50**
	महायोग	**100**

खण्ड—(क) भारतीय समाज

इकाई—1 भारतीय समाज का परिचय **04 अंक**

1 उपनिवेशवाद, राष्ट्रीयता, वर्ग और समुदाय

इकाई—2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीसंरचना **06 अंक**

1 जनसांख्यिकी की संकल्पना और सिद्धान्त

2 ग्रामीण नगरीय शहर, सहसम्बन्ध एवं विभाजन

इकाई—3 सामाजिक संस्थायें : निरन्तरता और परिवर्तन **08 अंक**

1. जाति प्रथा, जनजातीय समुदाय
2. परिवार और नातेदारी

इकाई—4 बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में **06 अंक**

1. बाजार और अर्थव्यवस्था पर सामाजिक दृष्टिकोण
2. भूमण्डलीकरण : स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में अर्न्तजुड़ाव

इकाई—5 सामाजिक असमानता और बहिष्कार का ढाँचा **08 अंक**

1. जातिगत पूर्वाग्रह, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्ग
2. जनजातीय समुदाय को हाशिये पर रखना
3. दिव्यांगों का संघर्ष

इकाई—6 सांस्कृतिक विभिन्नताओं की चुनौतियाँ **10 अंक**

1. सांस्कृतिक समुदाय और राष्ट्र—राज्य
2. साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद और जातिवाद की समस्याएँ
3. राष्ट्र—राज्य एवं धर्म सम्बन्धी मुद्दो की पहचान एवं समस्याएँ
4. राज्य और नागरिक समाज
5. साम्प्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता एवं राष्ट्र—राज्य

इकाई—7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव **08 अंक**

1. सर्वेक्षण प्रणाली, साक्षात्कार, प्रेक्षण तथा समसामयिक पद्धतियों का सम्मिश्रण।
2. छोटी शोध परियोजनाओं के लिए सम्भावित प्रकरण एवं विषय।

खण्ड—(ख) भारत में परिवर्तन एवं विकास

इकाई—8 संरचनात्मक परिवर्तन **05 अंक**

1. उपनिवेशवाद, औद्योगीकरण, नगरीकरण,

इकाई—9 सांस्कृतिक परिवर्तन **06 अंक**

1. विभिन्न प्रकार के सामाजिक परिवर्तन
2. सामाजिक सुधार आन्दोलन और कानून

इकाई—10 संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन **07 अंक**

1. संविधान सामाजिक परिवर्तन के एक यंत्र के रूप में
2. पंचायत राज और सामाजिक परिवर्तन की चुनौतियाँ
3. राजनैतिक दल, समूहों का दबाव और जनतांत्रिक राजनीति

इकाई—11 ग्रामीण समाज में परिवर्तन एवं विकास **07 अंक**

1. भूमि सुधार हरित क्रान्ति और उभरता कृषक समाज
2. कृषक सामाजिक संरचना, भारत में जाति और वर्ग
3. भूमि सुधार
4. हरित क्रान्ति और इसका सामाजिक परिणाम
5. ग्रामीण समाज में परिवर्तन
6. भूमण्डलीकरण, उदारीकरण और ग्रामीण समाज

इकाई—12 औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास **06 अंक**

1. योजनाबद्ध औद्योगीकरण से उदारीकरण की ओर
2. व्यवसाय प्राप्त करना
3. कार्य पद्धति

इकाई—13 भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन **05 अंक**

1. भूमण्डलीकरण के आयाम

इकाई—14 जन सम्पर्क माध्यम एवं संचार **06 अंक**

1. जन सम्पर्क माध्यम के प्रकार— दूरदर्शन, रेडियो एवं समाचार पत्र
2. जन सम्पर्क माध्यम का बदलता स्वरूप

इकाई–15 सामाजिक आन्दोलन **08 अंक**

1. सामाजिक आन्दोलन का वर्गीकरण
2. वर्ग आधारित आन्दोलन : श्रमिक और कृषक वर्ग आधारित
3. जाति आधारित आन्दोलन : दलित आन्दोलन, पिछड़ी जाति आंदोलन एवं इसके क्रम में उच्च जाति की प्रतिक्रिया
4. स्वतंत्र भारत में महिला आन्दोलन।
5. जनजातीय आन्दोलन
6. पर्यावरणीय आन्दोलन
7. दहेज प्रथा वास्तविकता, अर्थ एवं उसका विकृतरूप तथा समाज पर उसका कुप्रभाव तथा इसका निवारण।

विषय–शिक्षाशास्त्र

कक्षा–12

100 अंकों का एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा। **न्यूनतम उत्तीर्णांक 33**

खण्ड–क (अंक 50)

(आधुनिक शैक्षिक विचारधारा का विकास)

इकाई–1–शैक्षिक विचारधारा का विकास **20 अंक**

(क) प्राचीन, मध्यकालीन एवं अर्वाचीन समय में शिक्षा का संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण।

(ख) भारतीय शिक्षक पंडित मदन मोहन मालवीय, एनीबेसेन्ट, महात्मा गांधी और रवीन्द्र नाथ टैगोर।

इकाई–2–(क) पर्यावरण शिक्षा अवधारणा स्वरूप, आवश्यकता, महत्व, प्रदूषण की समस्यायें एवं उनका निराकरण। 15 अंक

(ख) पर्यावरण को प्रभावित करने वाली प्राकतिक आपदायें यथा आग, सूखा, बाढ़, भूकम्प, समुद्री लहरें, सड़क दुर्घटनाएँ आदि की मूलभूत जानकारियां, उनके प्रभाव तथा बचाव के उपाय।

इकाई–3–शिक्षा की समस्यायें शिक्षा का प्रसार, शैक्षिक स्तर, बालिकाओं की शिक्षा एवं सामाजिक शिक्षा, जनसंख्या। 15 अंक

खण्ड–ख **50 अंक**

(शिक्षा मनोविज्ञान)

इकाई–1–सीखना (क) अर्थ, सीखने की प्रक्रिया, प्रयास एवं त्रुटि, सूझ, सम्बन्ध, प्रत्यावर्तन के सिद्धान्त, सीखने के लिये नियम, (ख) प्रेरणा, अर्थ एवं सीखने में इनका स्थान, (ग) रूचि, (घ) पुरस्कार एवं दण्ड। **20 अंक**

इकाई–2–मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य के व्यावसायिक निर्देशन उनके अर्थ एवं महत्व। **15 अंक**

इकाई–3–परीक्षण एवं निर्देशन (क) बुद्धि का सामान्य ज्ञान, अर्थ, स्वरूप एवं वर्गीकरण एवं परीक्षण। **15 अंक**

(ख) उपलब्धि परीक्षण एवं प्रकार व्यक्तित्व–अर्थ, प्रकार तथा व्यक्तित्व परीक्षण।

(ग) शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन–उनके अर्थ एवं महत्व।

पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गई है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापकों के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

कक्षा 12

विषय–भूगोल

लिखित (केवल प्रश्न पत्र) **70 अंक**

प्रयोगात्मक **30 अंक**

खंड क **35 अंक**

मानव भूगोल के मूल सिद्धांत **30 अंक**

इकाई –1

अध्याय 1

1–मानव भूगोल–प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

मानव का प्राकृतिकरण एवं प्रकृति का मानवीकरण, मानव भूगोल के क्षेत्र और उपक्षेत्र।

इकाई–2

अध्याय 2

2–विश्व जनसंख्या– वितरण घनत्व और वृद्धि

जनसंख्या वितरण के प्रारूप ,जनसंख्या का घनत्व, जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक, जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या परिवर्तन के घटक, जनांकिकीय संक्रमण, जनसंख्या नियंत्रण के उपाय।

अध्याय 3

3–मानव विकास
अवधारणा, वृद्धि और विकास, मानव विकास के चार स्तंभ, मानव विकास के उपागम, मानव विकास का मापन, अंतरर्राष्ट्रीय तुलनाएं।

इकाई –3
अध्याय 4
4–प्राथमिक क्रियाएं
आखेट एवं भोजन संग्रह, पशुचारण, कृषि, निर्वाह कृषि, आधुनिक कृषि, रोपण, विस्तृत वाणिज्य अनाज, कृषि, डेयरी भूमध्य सागरीय, बाजार के लिए सब्जी एवं उद्यान कृषि, सहकारी कृषि, सामूहिक कृषि, कृषि तथा संबंधित क्रियाओं में संलग्न लोग, खनन की विधियाँ।

अध्याय 5
5–द्वितीयक क्रियाएं
विनिर्माण, विनिर्माण आधुनिक विशेषताएं, कौशल का विशिष्टीकरण एवं उत्पादन की विधियाँ, प्रौद्योगिकीय नवाचार, संगठानात्मक ढांचा एवं स्तरीकरण, अनियमित भौगोलिक वितरण, बाजार तक अभिगम्यता, विनिर्माण उद्योगों का वर्गीकरण–आकार पर आधारित उद्योग, कच्चे माल पर आधारित उद्योग, उत्पादन/उत्पाद आधारित उद्योग, स्वामित्व के आधार पर उद्योग, उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग की संकल्पना।
अध्याय 6
6–तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप
तृतीयक क्रियाकलापों के प्रकार, व्यापार और वाणिज्य, परिवहन, परिवहन को प्रभावित करने वाले कारक, संचार सेवायें दूर संचार सेवाएं, तृतीयक क्रियाओं में संलग्न लोग, कुछ चयनित उदाहरण– पर्यटन, पर्यटक प्रदेश, पर्यटक आकर्षण, भारत में समुद्रपार रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं, चतुर्थ क्रियाकलाप, पंचम क्रियाकलाप, बाह्यस्त्रोतन, अंकीय विभाजक।
अध्याय –7
7–परिवहन एवं संचार
परिवहन, परिवहन की विधाएँ, सड़क परिवहन, महामार्ग सीमावर्ती सड़के, रेलमार्ग, पारमहाद्वीय रेलमार्ग, जल परिवहन, समुद्री मार्ग, महत्वपूर्ण समुद्रीमार्ग, आंतरिक जलमार्ग, वायु परिवहन, अंतर महाद्वीपीय वायुमार्ग, पाइपलाइन, संचार, उपग्रह संचार , साइबरस्पेस–इंटरनेट।
अध्याय 8
8–अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार
अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार का इतिहास, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार, व्यापार संतुलन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रकार, मुक्त व्यापार की स्थिति, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित मामले, पत्तन, अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार, पत्तन और पत्तन के प्रकार ।
मानचित्र– पांच प्रश्न **05 अंक**
नोट– इकाई 1 से इकाई 3 तक से सम्बन्धित भू दृश्य/राजनैतिक और भौतिक मानचित्र का दृश्यांकन – 1/2 अंक सही उत्तर एवं 1/2 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित हैं
दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर पांच प्रश्न रखे जाएंगे जो मानचित्र से संबंधित होंगे।

खंड – ख **35 अंक**
भारत–लोग एवं अर्थव्यवस्था **30 अंक**

इकाई– I
1–जनसंख्या– वितरण, घनत्व वृद्धि और संघटन
जनसंख्या का वितरण, घनत्व एवं वृद्धि, जनसंख्या वृद्धि में क्षेत्रीय भिन्नताएँ, जनसंख्या संघटन, भाषाई संघटन, धार्मिक संघटन, श्रमजीवी जनसंख्या का संघटन, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ–सामाजिक अभियान ।
इकाई– II
2–मानव बस्तियाँ
ग्रामीण बस्तियों के प्रकार एवं वितरण, नगरीय बस्तियाँ एवं प्रकार, भारत में नगरों का विकास, भारत में नगरीकरण नगरों का प्रकार्यात्मक वर्गीकरण, स्मार्ट सिटी मिशन।
इकाई– III
3–भूसंसाधन तथा कृषि
भू–उपयोग वर्गीकरण, भारत में भू–उपयोग परिवर्तन, साझा संपत्ति संसाधन, भारत में कृषि भू–उपयोग, भारत में फसल ऋतुएं, कृषि के प्रकार, खाद्यान फसल–गेहूं, चावल, ज्वार बाजरा, मक्का दालें, चना और तिलहन, रेशेदार फसलें–कपास, जूट, अन्य फसलें– गन्ना, चाय, कॉफी, भारत में कृषि विकास, कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा प्रौद्योगिकी का विकास, भारतीय कृषि की समस्याएँ।

4–जल–संसाधन
भारत के जल संसाधन, धरातलीय जल संसाधन, भौम जल संसाधन, लैगून और पश्च जल, जल की माँग और उपयोगिता, संभावित जल समस्या, जल के गुणों का ह्रास, जल संरक्षण और प्रबंधन, जल प्रदूषण का निवारण, जल का पुनः चक्र और पुनः उपयोग, जल संभर प्रबंधन, वर्षा जल संग्रहण।

5–खनिज तथा ऊर्जा संसाधन
खनिज संसाधनों के प्रकार, वितरण, लौह खनिज, लौह अयस्क, मैगनीज, अलौह खनिज, बॉकसाइड, तांबा, अधात्विक खनिज अभ्रक, ऊर्जा संसाधन, कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, अपरंपरागत ऊर्जा स्रोत, नाभिकीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वरीय या तंरग ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, जैव ऊर्जा, खनिज संसाधनों का संरक्षण।

6–भारत के संदर्भ में नियोजन और सतत पोषणीय विकास
लक्ष्य क्षेत्र नियोजन, पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, सूखा संभावित क्षेत्र विकास कार्यक्रम, केस अध्ययन–भरमौर क्षेत्र में समन्वित जनजातीय विकास कार्यक्रम, सतत पोषणीय विकास, केस अध्ययन–इन्दिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र, सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने वाले उपाय।

इकाई– IV

7–परिवहन तथा संचार
परिवहन एवं संचार, स्थल परिवहन– सड़क परिवहन, रेल परिवहन, जल परिवहन तथा वायु परिवहन, तेल तथा गैस पाइपलाइन, संचार जाल, वैयक्तिक संचार तंत्र, जन संचार तंत्र।

8–अंतरराष्ट्रीय व्यापार
भारत के निर्यात–संघटन, आयात संघटन के बदलते प्रारूप, व्यापार की दिशा, समुद्री पत्तन–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में, पत्तन एवं हवाई अड्डे।

इकाई– V

9–भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएं
पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, नगरीय अपशिष्ट निपटान, ग्रामीण–शहरी प्रवास, केस अध्ययन, गंदी बस्तियों की समस्याएं, भू निम्नीकरण, केस अध्ययन नमामि गंगे कार्यक्रम।

मानचित्र–पांच प्रश्न **05 अंक**

नोट–इकाई 1 से 5 इकाई तक से संबंधित भू दृश्य राजनीतिक और भौतिक मानचित्र का दृश्यांकन–1/2 अंक सही उत्तर एवं 1/2 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित है।

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर पांच प्रश्न रखे जाएंगे जो मानचित्र से संबंधित होंगे।

खण्ड –ग **30 अंक**

प्रयोगात्मक

अध्याय–१

1–आंकड़ें–स्त्रोत तथा संकलन
प्राथमिक द्वितीयक तथा अन्य स्त्रोत, आंकड़ों का सारणीयन, वर्गीकरण, ओजाइव, आवृत्ति बहुभुज।

अध्याय–२–

2–आंकड़ों का प्रक्रमण
केंद्रीय प्रवृत्ति के माप, माध्य ,माध्यिका, बहुलक एवं इनकी तुलना।

अध्याय –3

3–आंकड़ों का आलेखीय निरूपण (प्रस्तुतीकरण)
चित्रों का निर्माण, दंड आरेख, आरेख तथा फ्लोचार्ट, विषय आधारित थीमैटिक मानचित्र, बिंदु निर्माण, कोरोप्लाथ तथा आइसोप्लेथ मानचित्र।

अध्याय 4

4–स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी
भौगोलिक सूचना तंत्र एवं घटक, सॉफ्टवेयर, स्थानिक आंकड़ों का प्रारूप, रेखा पुंज तथा सदिश आंकड़े, भौगोलिक सूचनातंत्र की क्रियाओं का अनुक्रम।

<u>प्रयोगात्मक अंक विभाजन</u>

न्यूनतम अंक – 10
अधिकतम अंक – 30

बाह्य मूल्याँकन– 15 अंक

निर्धारित अंक–

1.	**लिखित परीक्षा–6 प्रश्नों में से केवल 4 प्रश्न**	–	**10 अंक**
2.	**मौखिक परीक्षा, अभ्यास पुस्तिका माडल/चार्ट**	–	**05 अंक**

आन्तरिक मूल्यांकन – 15 अंक

1	**मॉडल / चार्ट**	–	**05 अंक**
2.	**प्रयोगात्मक अभ्यास पुस्तिका एवं मौखिकी**	–	**05+05 अंक**

खण्डों का मूल्यांकन आन्तरिक व बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।

गृहविज्ञान

कक्षा –12

इसमें 70 अंकों की लिखित एवं 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 अंक

(केवल बालिकाओं के लिये) पूर्णांक– 100 अंक

भाग–1

इकाई 1 कार्य, आजीविका तथा जीविका **10**

अध्याय 1 कार्य, आजीविका तथा जीविका

इकाई 2 पोषण, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी **15**

अध्याय 2 नैदानिक पोषण और आहारिकी

अध्याय 3 जनपोषण तथा स्वास्थ्य

अध्याय 4 खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी

अध्याय 5 खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा

इकाई 3 मानव विकास और परिवार अध्ययन **15**

अध्याय 6 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

अध्याय 7 बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं, संस्थानों और कार्यक्रमों का प्रबंधन

भाग–2

इकाई 4 वस्त्र एवं परिधान

अध्याय 8 वस्त्र एवं परिधान के लिए डिजाइन **10**

अध्याय 9 फैशन डिजाइन और व्यापार

अध्याय 10 संस्थाओं में वस्त्रों की देखभाल और रखरखाव

इकाई 5 संसाधन प्रबंधन **10**

अध्याय 11 आतिथ्य प्रबंधन

अध्याय 12 उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण

इकाई 6 संचार एवं विस्तार **10**

अध्याय 13 विकास संचार तथा पत्रकारिता

अध्याय 14 निगमित संप्रेषण तथा जनसंपर्क

गृह विज्ञान– प्रयोगात्मक **30 अंक**

अधिकतम अंक–30 **न्यूनतम अंक–10** **समयः 05 घंटा**

वाह्य मूल्यांकन		**आन्तरिक मूल्यांकन**	
1–पाक कला–	04 अंक	सत्रीय कार्य (सिलाई एवं प्रोजेक्ट)–	06 अंक
2–सिलाई–	04 अंक	पाक कला (पाठ्यक्रम पर आधारित)–	06 अंक
3–सत्रीय कार्य–	04 अंक	मौखिक–	03 अंक
4–मौखिक–	03 अंक		

(मौखिक सभी इकाईयों से होना अनिवार्य है।)

प्रयोगात्मक :

1—विनिर्मित खाद्य—अचार, जैम, मुरब्बा, पापड़ एवं बड़ी बनाना।

2— एक खाद्य सेवा प्रतिष्ठान या स्कूल कैंटीन माध्यान्ह् भोजन साप्ताहिक योजना हेतु व्यंजन सूची तैयार करना। कम से कम चार मीठा एवं चार नमकीन व्यंजन विधि लिखें।

ध्यान रहे पोषण एवं सुरक्षा का होना आवश्यक है। इसके बनाने में दूध, हरी व ताजी सब्जी, फल, छेना तथा खोवे का प्रयोग किया जा सकता है।

3— नैदानिक भोजन एवं पोषण के दृष्टिकोण से किसी दो बीमारी हेतु नैदानिक आहार आयोजन करें। एक व्यंजन भी तैयार करें।

4— सिलाई एवं धुलाई से सम्बन्धित प्रोजेक्ट फाइल तैयार करायें।

पाठों से सम्बन्धित दो फाइल अवश्य तैयार करायी जाय।

5— सिलाई— सलवार— कुर्ता (लेडीज) या मरदानी कमीज या बुशर्ट	ड्राफ्टिंग एवं काटना सिलना शिक्षिका द्वारा बताया जायेगा।

6— एक बेडशीट पर पारम्परिक कढ़ाई के नमूने बनवाये जाय।

पाठों से सम्बन्धित प्रोजेक्ट कार्य एवं क्रियाकलापों का मूल्यांकन कार्य शिक्षिका अपने देख—रेख में करायेंगी। चार्ट, पोस्टर एवं अनुपयोगी वस्तुओं द्वारा दो उपयोगी वस्तुओं के नमूने भी तैयार कराया जाय।

नोट—

1— शिक्षिका द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी के कार्य को बाह्य परीक्षक के सामने प्रस्तुत कराया जाय।

2— बाह्य परीक्षक के समक्ष प्रत्येक परीक्षार्थी से मॉडल बनाने हेतु 1 मीटर कपड़ा ही मंगाया जाय। इस निर्णय का पालन करना अनिवार्य है। (कक्षा—11 एवं 12 में सिलाये गये सिलाई के नमूनों में कोई एक मॉडल तैयार कराया जा सकता है)

3— 50 प्रतिशत अंक आन्तरिक परीक्षक द्वारा प्रदान किये जायेंगे। शेष 50 प्रतिशत बाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

4— व्यक्तिगत परीक्षार्थी को निर्धारित केन्द्र द्वारा उक्त कार्य पूर्ण कराये जायेंगे।

मानवविज्ञान (एन्थ्रोपोलोजी)

कक्षा—12

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न—पत्र 70 अंकों का तीन घण्टे का होंगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा भी होंगी। उत्तीर्ण होने के लिए परीक्षार्थी को लिखित में 23 अंक, प्रयोगात्मक में 10 अंक तथा योग में 33 अंक न्यूनतम प्राप्त करना आवश्यक होगा।

अध्ययन का उद्देश्य——

1—समाज के विकास, उनके आधारभूत कारकों, विस्तार तथा विविधता की जानकारी प्राप्त करना तथा उसके भावरूप के बारे में निष्कर्ष निकालना।

2—प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानव के मध्य अन्तःक्रिया को भारत तथा विश्व के सन्दर्भ में सामाजिक विकास पर पड़ने वाले उसके प्रभाव को समझना, विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालने के लिए सक्षम बनाना।

3—समाज की समसामयिक समस्याओं के बारे में जानकारी करके निर्णय लेने की योग्यता प्राप्त करना।

4—मानव विकास और उसकी उपलब्धियाँ तथा विफलताओं को सजीव एवं प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत कर समाज के समाजवादी स्वरूप की स्थापना करना।

5—विश्व के पर्यावरणीय घटकों, विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों तथा उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य के बारे में निष्कर्ष निकालना।

6—मानवविज्ञान नामक विषय के विकास तथा 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में हुये विभिन्न अध्ययनों से बनी मानवविज्ञान की रूपरेखा का ज्ञान विद्यार्थियों को देना।

7—मानवविज्ञान की विषय—वस्तु, विस्तार तथा विभिन्न शाखाओं का ज्ञान सरल तथा बोधगम्य भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त कराना।

8—मानवविज्ञान एक लोकप्रिय तथा उपयोगी विषय है जो कि मानव जीवन के शारीरिक तथा सामाजिक सांस्कृतिक दोनों ही पक्षों के विकास पर प्रकाश डालता है। मानव जीवन का कोई भी पक्ष इससे अछूता नहीं है। सभी पक्षों के तारतम्य का एकीकृत चित्र प्रस्तुत करना।

9—मानव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की समस्याओं को समझाने तथा सुलझाने की क्षमता का सृजन करना।

10–सभ्यता की मुख्य धारा से दूर बसे सरल जनजाति समाजों की विशिष्टता, विविधता एवं उनकी आधुनिक समस्याओं का ज्ञान देना जिससे उन्हें राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के सफल प्रयास किये जा सके।

खण्ड–क **35 : अंक**

(सामाजिक सांस्कृतिक मानवविज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	मानवविज्ञान की उपयोगिता, निम्नलिखित की मानव वैज्ञानिक परिभाषायें––संस्कृति, समाज एवं समुदाय, समिति, संस्था, संस्कृति एवं सभ्यता, जाति एवं वर्ग, सांस्कृतिक–सापेक्षवाद। 10	
इकाई–2	जादू, धर्म एवं विज्ञान की अवधारणा तथा उनमें समानता एवं भिन्नताएं।	06
इकाई–3	धर्म की उत्पत्ति के सिद्धान्त, आत्मावाद तथा जीवित सत्तावाद, टोटमवाद एवं टैबू।	08
इकाई–4	जनजातीय अर्थव्यवस्था, विशेषतायें एवं उनके प्रकार, विनिमय एवं बाजार।	06
इकाई–5	राज्य विहीन समाज एवं उनकी विशेषतायें।	05

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–डी0 एन0 मजूमदार एवं टी0 एन0 मदान––सामाजिक मानव शास्त्र :एक परिचय।
2–उमाशंकर मिश्र––सामाजिक–सांस्कृतिक मानव शास्त्र।
3–उमाशंकर मिश्र––नृतत्व चिन्तन (पलका प्रकाशन)।
4–विजय शंकर उपाध्याय एवं विजय प्रकाश शर्मा––भारत की जनजातीय संस्कृति (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।
5–शैपिरो एवं शैपिरो––मानव संस्कृति एवं समाज (Man Culture and Society)।
6–एम्बर एवं एम्बर––मानव विज्ञान (हिन्दी अनुवाद) यू0बी0सी0 सर्विसेज, दिल्ली।
7–गोपालशरण एवं आर0 पी0 श्रीवास्तव––मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र (इंगलिश)। न्यू रॉयल बुक कम्पनी, लखनऊ।
8–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र, क्राउन पब्लिकेशन्स, रांची।
9–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––जनजातीय विकास (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।
10–विनय कुमार श्रीवास्तव––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र।
11–प्रो0 ए0आर0एन0 श्रीवास्तव –सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र।
12–डा0 नीरजा सिंह – परिचयात्मक मानव विज्ञान।
13–ए0आर0एन0 श्रीवास्तव–जनजातीय विकास के साठ वर्ष, प्रकाषक– 42/7 जवाहरलाल नेहरूरोड़,प्रयागराज।

खण्ड–ख **35 : अंक**

(शारीरिक मानवविज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	शारीरिक मानवविज्ञान का अर्थ, विषय क्षेत्र एवं अन्य प्रकृति विज्ञानों से सम्बन्ध।	4
इकाई–2	जैविक उद्विकास के सिद्धान्त, लैमार्कवाद, डार्विनवाद तथा संश्लेषणात्मक सिद्धान्त।	6
इकाई–3	प्राणि जगत में मानव का स्थान और प्राइमेट गण की उद्विकासीय विशेषतायें।	5
इकाई–4	जीवाश्मीकरण तथा मानव के जीवाश्म पूर्वज–आस्ट्रेलोपिथेकस, होमोइरेक्ट्स, होमोनियंडरथल तथा होमोसेपियन्स	6
इकाई–5	कोशिका संरचना एवं कोशिका विभाजन।	4
इकाई–6	मेंडल के आनुवंशिकीय नियम––प्रभाविता, अप्रभाविता एवं पृथक्करण का नियम। अलिंग सूत्रीय एवं लिंग सूत्रीय आनुवंशिकता, ए,बी,ओ रक्त समूह, वर्णान्धता एवं हीमोफीलिया।	5
इकाई–7	प्रजाति अवधारणा एवं विशेषतायें, प्रजातीय वर्गीकरण के आधार, विश्व की तीन प्रमुख मानव प्रजातियाँ, उनकी शारीरिक विशेषतायें एवं भौगोलिक वितरण।	5

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–बी0 आर0 के0 शुक्ला एवं सुधा रस्तोगी––मानव उद्विकास (भारत बुक सेण्टर)।
2–सुधा रस्तोगी एवं बी0 आर0 के0 शुक्ला––मानव आनुवंशिकी एवं प्रजातीय विविधता (भारत बुक सेण्टर)।
3–पी0 दास शर्मा––Human Evolution(English), रांची–झारखण्ड।
4–आनुवांशिक मान विज्ञान–उदय प्रताप सिंह।
5–यू0 पी0 सिंह––जैविक मानवविज्ञान (लखनऊ प्रकाशन)।
6–रिपुदमन सिंह––शारीरिक मानवविज्ञान।

(प्रायोगिक मानवविज्ञान) **पूर्णांक 30**

इकाई–1 किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार अनुसूची (इन्टरव्यू शेड्यूल) बनाना एवं पाँच व्यक्तियों का साक्षात्कार लेकर उस पर एक संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना। 10

इकाई–2 किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली बनाना और पाँच व्यक्तियों से भरवाकर संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना। 10

परीक्षा में इकाई 3 या 4 में कोई एक करना होगा।

इकाई–3 प्रायोगिक रिकार्ड (लैब बुक)–– 5

इकाई 1 और 2 विद्यार्थियों को सिखाये जायेंगे तथा उस पर आधारित लैब बुक होगी।

इकाई–4 मौखिक परीक्षा (Viva-voce) 5

कुल अंक . . 30

निर्देश–इकाई 1 में वर्णित कपाल एवं उपांग अस्थियों को चार्ट से देखकर रेखांकित एवं चित्रित करना।

सन्दर्भ पुस्तकें––

(1) सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण––एस0 आर0 बाजपेई

(2) प्रयोगात्मक मानव विज्ञान– डा0 विभा अग्निहोत्री।

मानवविज्ञान

अधिकतम अंक : 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 10 समय : 03 घण्टा

वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन अंक––15	निर्धारित अंक
1–कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित करना–– (सही चित्रण हेतु 3 अंक तथा नामांकन व पहचान हेतु 3 अंक)	06 अंक
2–एन्थ्रोपोस्कोपी	04 अंक
3–मौखिकी––	05 अंक
आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन अंक––15	
4–प्रोजेक्ट कार्य–– (क) किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार (ख) किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली तैयार करना––	5+5 =10 अंक
5–प्रायोगिक रिकार्ड बुक––	05 अंक

नोट :––प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रायोगिक रिकार्ड बुक परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

विषय–सैन्य विज्ञान

कक्षा–12

पाठ्यक्रम का उद्देश्य–

सभी सामाजिक विज्ञानों में सैन्य विज्ञान एक जटिल एवं महत्वपूर्ण विज्ञान है। इसका अर्थ केवल सशक्त सेना संगठन, प्रतिष्ठान, शास्त्र अथवा सैनिक से ही नहीं अपितु उसकी जड़ें राष्ट्र को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैली है। इसका क्षेत्र व्यापक एवं सभी प्रकार के ज्ञान से सम्बन्धित है।

इसका एकांकी अध्ययन नहीं हो सकता। राष्ट्र की शक्ति, गरिमा और गौरव राष्ट्रीय मंच पर कैसे उभर सकती है तथा विश्व शान्ति और सह अस्तित्व स्थापित करने में भारत प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यही इस विषय के पठन–पाठन का मुख्य उद्देश्य है। यह विषय सैन्य शिक्षा अथवा प्रशिक्षण से भिन्न है।

सैन्य विज्ञान विषय का केवल एक प्रश्न पत्र 70 अंको का होगा। 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। लिखित में उत्तीर्णांक 70 में से 23 अंक होंगे तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये 30 अंक में से 10 अंक होंगे। कुल में उत्तीर्णांक 33 अंक होंगे। लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

इकाई–1–राष्ट्रीय सुरक्षा : **10 अंक**

(अ) अर्थ, क्षेत्र एवं तत्व (प्राथमिक विज्ञान)।
(ब) सीमाओं से लगने वाले राष्ट्र तथा उनके साथ राजनैतिक तथा सैन्य सम्बन्ध।
(स) राष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्धारण प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय।

इकाई–2–द्वितीय रक्षात्मक पंक्ति : 10 अंक

(अ) आवश्यकता।
(ब) निम्न संगठनों का सामान्य ज्ञान
(क) आर्मी रिजर्व।
(ख) प्रादेशिक सेना (टी0ए0)।
(ग) एन0सी0सी0।

इकाई–3–नागरिक सुरक्षा : 08 अंक

(अ) आवश्यकता।
(ब) संगठन।
(स) कार्य।

इकाई–4–सैन्य विज्ञानदृमनोविज्ञान : 07 अंक

(अ) नेतृत्व।
(ब) मनोबल।
(स) अनुशासन।

इकाई–5–मराठा युग की सैन्य व्यवस्था– 08 अंक

(शिवाजी के सन्दर्भ में)।

इकाई–6–सिक्ख सैन्य पद्धति– 08 अंक

(महाराणा रणजीत सिंह के सन्दर्भ में)।

इकाई–7–भारत में अंग्रेजी व्यवस्था– 09 अंक

(प्लासी की लड़ाई के सन्दर्भ में), प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 (संग्राम के आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक कारणों तथा स्वतंत्रता संग्राम में निष्कर्षों के आधार पर पुनर्गठन)।

इकाई–8–युद्ध के सिद्धान्त। 10 अंक

(1) भारत–चीन युद्ध, 1962।
(2) भारत–पाक युद्ध, 1965।
(3) भारत–पाक युद्ध, 1971।
(4) कारगिल युद्ध, 1999।

प्रयोगात्मक 30 अंक

(1) मानचित्र पठन–

(1) मापक परिभाषा, साधारण मापक की संरचना।
(2) जालीय निर्देशांक (ग्रिड रिफरेन्स)दृचार तथा छः अंक का।

(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर–

(1) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक का परिचय, उपयोग।
(2) दिक्मान ज्ञात करना।
(3) राशि में चलने के लिये दिक्सूचक सेट करना तथा चलाना।
(4) सर्विस प्रोटेक्टर का परिचय तथा प्रयोग।
(5) प्रयोगात्मक कार्य की अभ्यास पुस्तिका।

3–प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अंकों का विवरण निम्नलिखित होगा

(1) मानचित्र पठन।	20
(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक।	05
(3) प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका।	05

पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

सैन्य विज्ञान

अधिकतम अंक–30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–10 अंक** **समय –04 घण्टे**

नोट :–एक टोली में परीक्षार्थियों की संख्या 20 से अधिक न हो। एक दिन में दो टोली से अधिक की परीक्षा न हो।

वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन–15 अंक

निर्धारित अंक–

1–मानचित्र परिचय परिभाषा, प्रकार, हाशिये पर दी गयी सूचनाओं को वास्तविक मानचित्र पर पढ़ना तथा हाशिये की सूचनाओं के प्रकार	02
2–मानचित्र निर्देशांक चार अंकीय एवं छः अंकीय निर्देशांक।	02
3–मापक की परिभाषा, मापक के प्रकार।	02
4–सरल मापक की रचना।	02
5–दिक्सूचकदृनाम, विभिन्न पुर्जों के प्रकार तथा प्रयोग विधि।	02
6–मानचित्र दिशानुकूल करना।	02
7–मौखिक परीक्षा।	03

आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन– 15 अंक

1–सांकेतिक चिन्ह–चार सांकेतिक चिन्हों को बनाना जिसमें एक सैनिक सांकेतिक चिन्ह अनिवार्य है।	02
2–उत्तर दिशाओं से सम्बन्धित प्रश्न।	02
3–मानचित्र पर ग्रिड दिक्मान नापना।	03
4–दिक्मानों के अर्न्तपरिवर्तन।	03
5–उत्तरान्तरों एवं विशिष्ट दिक्सूचक त्रुटि ज्ञात करना।	02
6–अभ्यास पुस्तिका।	03

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय हों।

संगीत (गायन)

कक्षा–12

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) पूर्णांक : 25

तीन घण्टे का एक प्रश्नपत्र 50 अंको का होगा। 50 पूर्णांक की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। लिखित में 17 तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में 16 तथा योग में 33 अंक पाना आवश्यक होगा।

संगीत (गायन)

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) पूर्णांक : 25

इकाई–1–श्रुतियां वीणा के 36 तार पर शुद्ध स्वरों का स्थान

इकाई–2–पूर्व राग, उत्तर राग, सन्धि प्रकाश राग, आश्रय राग, परमेल, प्रवेशक राग। उत्तर और दक्षिण भारत के थाटों का वर्गीकरण और उससे रागों की उत्पत्ति।

इकाई–3–अंश, न्यास, अल्पत्व, बहुत्व, तान एवं तान के प्रकार।

इकाई–4–भारत की हिन्दुस्तानी और कर्नाटक पद्धतियों के स्वरों एवं श्रुतियों का तुलनात्मक अध्ययन।

इकाई–5–पूर्व तानपुरे के विभिन्न अंगों का ज्ञान, उसका मिलाना, उसके अधिस्वर आदि।

खण्ड–ख पूर्णांक : 25

(संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन)

इकाई–1–गीतों की शैलियां और प्रकार––ध्रुपद, धमार, ख्याल (विलम्बित और द्रुत), टप्पा, ठुमरी, तराना। ग्वालियर घराने की विशेषता।

इकाई–2–प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम में रागों की विशेषतायें।

इकाई–3–स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास और भेद। कठिन अलंकारों की रचना।

इकाई–4–पाठ्यक्रम में प्रस्तावित तालों के बोलों का दुगुन, तिगुन, चौगुन का ज्ञान तीन ताल, एक ताल, चार ताल, धमार।

इकाई–5–गीतों के आलाप, तान, बोलतान सहित लिपिबद्ध करने की क्षमता।

इकाई–6–छोटे स्वर समुदायों के आधार पर रागों को पहचानना और उनकी बढ़त की योग्यता।

इकाई–7–संगीत सम्बन्धी विषय पर निबन्ध।

इकाई–8–भारतीय संगीत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास। मध्यकाल एवं आधुनिक काल।

इकाई–9–भातखण्डे, विष्णुदिगम्बर, गोपालनायक, पं0 जसराज एवं एम0एस0 सुब्बालक्ष्मी की जीवनियां और भारतीय संगीत में उनका योगदान।

प्रयोगात्मक (गायन) **50 अंक**

(1) निम्नलिखित रागों का विस्तृत अभ्यास वृन्दावनी सारंग।

प्रत्येक में कम से कम एक द्रुत ख्याल तैयार होना चाहिए। उचित अलाप तान, मुर्की एवं अन्य लयपूर्ण तालबद्ध विस्तारण के साथ उनको गाने की योग्यता विद्यार्थी में अपेक्षित है।

कठिन तालबद्ध रूपों और निरर्थक वेग पर ही केवल नहीं, वरन् सही ध्वनि, उच्चावचन, स्पष्टता और गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति एवं लय के स्वाभाविक प्रवाह पर बल होना चाहिये।

उक्त रागों के गीतों में कम से कम एक धमार, एव विलम्बित ख्याल व तराना होगा। धमार में दुगुन, तिगुन और चौगुन लयकारी होने की क्षमता होनी चाहिए।

(2) गौड़–सारंग पूर्वी हमीर, रागों का सामान्य रूप में अभ्यास। उक्त में अलाप तान की आवश्यकता नहीं है। केवल स्थायी और अन्तरा पर्याप्त है। प्रत्येक रागों में आरोह, अवरोह और पकड़ गाने की योग्यता होनी चाहिये धीमी गति में अलाप करने पर उन्हें पहचानने की क्षमता विद्यार्थियों में होनी चाहिये।

(3) निम्नलिखित तालों में कम से कम एक गीत सीखना चाहिये।

तीन ताल, झप ताल, एक ताल, और धमार।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित सब तालों के ठेके ताल के साथ कहने एवं लिखने की योग्यता विद्यार्थी में होनी चाहिये।

(4) पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन के रागों में छोटे स्वर समुदाय की जब आकार में गाया तब स्वर पहचानने की योग्यता होनी चाहिए। विद्यार्थी में पाठ्यक्रम के सभी तालों का ठेका तबले पर बजाने की योग्यता होनी चाहिये।

विशेष सूचना–अध्यापकों को वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के विचारार्थ प्रत्येक विद्यार्थी के कार्यों की एक आख्या बनानी चाहिये।

विषय–संगीत (वादन)
कक्षा–12

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) पूर्णांक–25

संगीत गायन में प्रस्तावित पाठ्यक्रम के अलावा निम्नलिखित और रहेगा :

चिकारी, खरज, तोड़ा, तिहाई, जमजमा, पेशकारा, टुकड़ा मुखड़ा, परन, तिहाई लय के प्रकार। सपाट, कूट, अलंकारिक, गमक, सूत, घसीट का विस्तृत अध्ययन। परन गत, तिहाई, तिहाई के प्रकार कायदा, पलटा, लय और उसके प्रकार, लयकारी और उसके विभिन्न प्रकारों की परिभाषा तथा अंकों में लिखने की योग्यता।

भारतीय वाद्यों में जैसे–तबला, पखावज, सितार, वायलिन, गिटार, बांसुरी, वीणा, सरोद, सारगी, इसराज अथवा दिलरूबा वाद्यों के ज्ञान के साथ जो विशेष वाद्य लिया है। उसके विभिन्न अंगों एवं मिलान का विशेष ज्ञान।

खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन) पूर्णांक–25

(1) वाद्य पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित राग (केदार, वृन्दावनी, सांरग, जौनपुरी) की विशेषतायें, स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विस्तार एवं भेद।

अथवा

पाठ्यक्रम के तालों (आड़ा चारताल, तीनताल, धमार के विभिन्न लयों के साथ गजझंपा, सवारी जतताल) लयात्मक प्रकार, कठिन अलंकारों की रचना। विभिन्न लयकारियों को माललिपि में लिखने की क्षमता। जैसे कायदा, परन, टुकड़ा तिहाई, पेशकारा, लिपिबद्ध करने की क्षमता।

अथवा

पाठ्यक्रमों में निर्धारित रागों में गतों को स्वरलिपि बद्ध करने की क्षमता एवं साधारण तोड़ें एवं झाले के साथ लिखने की योग्यता।

(2) विलम्बित और द्रुत लय तथा लय का ज्ञान।

अथवा

बाजों के प्रकार (बनारस, फर्रूखाबाद)

(3) सामान्य संगीत सम्बन्धी विषयों पर संक्षिप्त निबन्ध।

(4) भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास (मध्यकाल एवं आधुनिक) भारतीय संगीतज्ञों की जीवनी एवं उनके योगदान–विष्णु दिगम्बर प्लुष्कर, गोपाल नायक, पं0 सामता प्रसाद, पं0 रविशंकर एवं पन्ना लाल घोष, पं0विष्णूनारायण भातखण्डे।

प्रयोगात्मक परीक्षा (वादन) 50 अंक

विद्यार्थी निम्नलिखत वाद्यों में से कोई भी एक ले सकता है :

(1) तबला, (2) पखावज, (3) वीणा, (4) सितार, (5) सरोद, (6) सारंगी, (7) इसराज अथवा दिलरूबा, (8) वायलन, (9) बांसुरी, (10) गिटार (गिटार का पाठ्यक्रम सितार की भाँति होगा)।

प्रथम दो वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना अन्य वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना से भिन्न होगी।

तबला या पखावज की प्रयोगात्मक परीक्षा

1– विद्यार्थियों को पर्याप्त बोल (ठेका, पेशकार, परन, टुकड़े, तिहाइयां आदि) जानना चाहिये। ताल का पांच मिनट का आकर्षक प्रदर्शन देने की योग्यता होनी चाहिये। इस प्रकार के प्रदर्शन में किसी भी बोल की पुनरावृत्ति न हो वरन् वही बोल विभिन्न लयों और दूसरे प्रकार के तालों से निस्तारण के रूप में यदि जान पड़े तो बजाया जा सकता है। एक ठेके के बोल निश्चय ही दो क्रमिक टुकड़ों आदि के बीच दोहराये जा सकते हैं। एकांकी (सोलों) प्रदर्शन के लिये निम्नलिखित तालें पाठ्यक्रम में है।

तीनताल, धमार, आड़ाचार ताल, दीपचन्दी, गजझम्पा, सवारी और मतताल।

2– विद्यार्थियों की सरल धुनों के साथ, दीपचन्दी, झपताल, एकताल, चौताल और धमार से संगत करने की योग्यता होनी चाहिये।

3– जो वाद्य विद्यार्थी ले उन्हें मिलाने की योग्यता होनी चाहिये।

4– विभिन्न लयकारी जैसे कि दो मात्राओं को तीन में, तीन मात्राओं को चार मात्राओं में।

ठुमरी शैली की संगत अपने वाद्य (तबला) पर विभिन्न प्रकार की लड़ी और लग्गी के साथ करने की योग्यता होनी चाहिये।

सितार आदि लय वाले वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा

निम्नलिखित 3 रागों में से प्रत्येक में एक गत मसीतखानी और एक रजाखानी जिसका विस्तार सहित अभ्यास होगा :

वृन्दावनी सारंग, केदार, जौनपुरी।

वाद्य को गरिमा के साथ बजाने की योग्यता।

(2) कामोद, हमीर, बहार रागों में केवल एक गत बिना किसी विशेष विस्तार के बजाना।

विद्यार्थियों को इनमें से प्रत्येक राग का आरोह–अवरोह और पकड़ बजाने की योग्यता होनी चाहिये और जब उन्हें धीमें अभिव्यक्ति अलापों द्वारा प्रस्तुत किया जाय तब पहचानने की योग्यता होनी चाहिये।

(3) उपरोक्त गतें तीनताल में हो सकती है।

झपताल, एकताल, चौताल, धमार और त्रिताल का ज्ञान।

संगीत गायन/वादन

अधिकतम अंक–50 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–16 अंक समय –06 घण्टे

एक समय में परीक्षा के लिये परीक्षार्थियों की संख्या पर प्रतिबन्ध आवश्यक है। इण्टरमीडिएट परीक्षा संगीत वादन परीक्षा एक दिन में क्रमशः 20–25 परीक्षार्थियों से अधिक न हो। प्रत्येक खण्ड का विवरण तथा निर्धारित अंक :

1–तबला और पखावज लेने वालों के लिये–

(क) वाह्य मूल्यांकन–25 अंक

1–परीक्षार्थियों द्वारा चुने गये अपने ताल का प्रदर्शन।	08
2–पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताले।	03
3–पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन की ताले।	05
4–तालों का कहना और उनका बजाना।	03
5–परीक्षक द्वारा गायी गयी अथवा बजायी गयी धुनों के साथ संगत करने की योग्यता।	03
6–वाद्य मिलाने की योग्यता।	03

(ख) आन्तरिक मूल्यांकन–25 अंक

1–रिकॉर्ड।	05
2–प्रोजेक्ट।	10
3–सत्रीय कार्य।	10

नोट :–संगीत गायन के साथ हारमोनियम की संगत की अनुमति नहीं है।

2 तबला व पखावज के अलावा अन्य संगीत तंत्रवाद्य लेने वाले विद्यार्थियों के लिये–

1–विद्यार्थियों द्वारा चुने गये अपने रुचि के साथ गीत अथवा संगीत का प्रदर्शन।	08
2–विस्तृत अध्ययन के रागों के ऊपर पूछे गये अलाप।	03

3–पाठ्यक्रम में प्रस्तुत विस्तृत अध्ययन की ताल। 05

4–पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताल। 03

5–राग और स्वर समूह को पहचानने की क्षमता। 03

6–परीक्षार्थियों की आवाज और उसका सामान्य प्रभाव। 03

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

(1) व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

(2) अध्यापक को प्रत्येक विद्यार्थी के कार्य का वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षकों के विचारार्थ रखने के लिये अभिलेख रखना होगा।

ग्रन्थ शिल्प

(कक्षा–12)

इसमें 70 अंको का एक प्रश्नपत्र तथा 30 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

उत्तीर्ण होने हेतु लिखित परीक्षा तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में पृथक्–पृथक 23 एवं 10 कुल 33 अंक प्राप्त करना आवश्यक है। ग्रंथ शिल्प एवं सम्बन्धित कला में जिसमें मौखिक एवं वर्ष भर का कार्य भी सम्मिलित होगा।

इकाई–1– **10 अंक**

1–कला और शिल्प का सम्बन्ध। ग्रन्थ शिल्प में कला का महत्व।

2– ग्रन्थ शिल्प की परिभाषा, भारतीय अलंकारिक कला का इतिहास। उपयोगी कलायें एवं आकार।

इकाई–2– **10 अंक**

1–डिजाइन संरचनात्मक तथा अलंकारिक सिद्धान्त एवं उनके विभिन्न रूप एवं आकार ।

इकाई–3 **10 अंक**

1–सजावट का माध्यम पेन और ब्रश, कागज काटकर स्टेन्सिल प्रिन्टिंग, अबरी (नियंत्रित तथा अनियंत्रित) गोल्ड टूलिंग, स्क्रीन प्रिटिंग।

इकाई–4– **20 अंक**

1–अक्षर लिखना (हिन्दी तथा अंग्रेजी)।

2–कम्प्यूटर का प्रारम्भिक ज्ञान, पुस्तक आवरण की रूपरेखा को कम्प्यूटर द्वारा बनाना।

इकाई–5– **20 अंक**

1 कम्प्यूटर द्वारा एक रंगीय तथा बहुरंगीय आवरण की डिजाइन तैयार करना।

2–पुस्तकों के आवरण पर वारनिश, लैमिनेशन तथा यू0वी0 पर्त लगाकर आकर्षक बनाना।

प्रयोगात्मक **30 अंक**

(1) सत्र कार्य–

(अ) प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक मॉडल बनाने का विवरण तैयार करना आवश्यक है। विवरण विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा अवलोकित होगा और प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इसके लिये बाहय परीक्षक द्वारा अंक निर्धारित किये जायेंगे।

(ब) बनाये जाने वाले माडलों की सूची का चार्ट बनाया जाय और कक्षाओं में टांगा जाय।

(स) प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा विषय से सम्बन्धित एक चार्ट भी तैयार करना आवश्यक है।

(2) मौखिक परीक्षा–

प्रत्येक परीक्षक द्वारा कम से कम तीन प्रश्न प्रत्येक विद्यार्थी से पूछे जायेंगे। इसके लिये सभी अंक प्रधान परीक्षक द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।

(3) प्रयोगात्मक–

वाह्य परीक्षक द्वारा एक मॉडल (जो छः घंटे में तैयार हो जाय) दिया जायेगा।

1–(अ) लैटर प्रेस की छपाई में कम्पोजिंग करना एक मिनट में पाँच शब्द की रफ्तार से, प्रूफ निकालना, प्रूफ पढ़ना तथा सुधारना।

(ब) उच्च सुन्दर मॉडल बनाना, जैसे सुन्दर चित्र मंजूषा (एलबम), बस्ते (पोर्टफोलियो)। आभूषण पेटी, श्रृंगारदान आदि।

(स) नई या पुरानी पुस्तकों को दो भांति से पुनः बाइण्डिंग करना, जैसे पुस्तकालय वाली बाइण्डिंग और लोचदार बाइण्डिंग जो फीते पर की गयी हो, पूरी आधी वे केवल पीठ पर कपड़ा, जिल्दसाजी वाला लगाकर जिसमें निम्नलिखित सभी तरीके शामिल हों

पुरानी पुस्तक की सिलाई को तोड़ना, सफाई करना, फटे जुजों की मरम्मत करना, रक्षक कागजों को बनाना और फीते पर सिलाई करना। पीठ पर सरेस लगाना, पीठ को गोल करना व किनारे काटना, ऊपर व नीचे के लिये दफ्ती काटना। पीठ गोल करने के लिये गोलाई बनाना। जिल्दसाजी के कपड़े से उसे मढ़ना, रक्षक कागज को ऊपर नीचे जोड़ना व सुन्दरता के साथ उसे सम्पूर्ण करना।

(द) इसी प्रकार की सम्पूर्ण क्रिया, आधी पूरी व चौथाई प्रकार की जिल्दसाजी में व चमड़े, रैक्सीन की जिल्दसाजी में की जाय।

(य) लेटर पैड का छापना सारी छपाई की क्रिया प्रारम्भ से अन्त तक जैसे कम्पोज करना, छापना, प्रूफ तथा शुद्ध करना, तथा हाथ के प्रूफ प्रेस द्वारा छापना या छोटे ट्रेडिल मशीन पर उसे छापना।

सम्बन्धित कला

(1) विभिन्न प्रकार के सभी सजावट के माध्यम से मॉडलों को सजाना।
(2) हिन्दी व अंग्रेजी के अक्षरों को लिखना।
(3) मॉडलों व औजारों के चित्र खींचना।
(4) कम्पोज किये हुये मैटर को अलंकारिक तरीके से छपाई के लिये बनाना।
(5) रक्षक कागजों तथा पुस्तकों के आवरण पृष्ठ को सजाना।
(6) सजावट के विभिन्न माध्यम द्वारा सजावट करना जिसमें लकड़ी के ठप्पे, लिनोनियम के ठप्पे व हाफ–टोन आदि शामिल हों।

टिप्पणी–

(1) प्रत्येक सत्र में प्रत्येक परीक्षार्थियों द्वारा कम से कम दस मॉडल अवश्य बनाये जायें और इसके अतिरिक्त प्रत्येक को कम से कम दो उच्च कोटि के सुन्दर मॉडल अपनी इच्छानुसार बनाये जायें।
(2) सभी मॉडलों पर सजावट का कार्य स्वयं किया जाये।
(3) अध्यापकों को प्रत्येक परीक्षार्थियों के कार्य के विषय में एक रिपोर्ट प्रयोगात्मक परीक्षक के लिये रखनी चाहिये।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगाः–

अधिकतम अंक–30　　न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–10 अंक　　समय –06 घण्टे

(1) वाह्य परीक्षक द्वारा देय–	**15 अंक**
1–मॉडल बनाना।	03
2–सजावट।	03
3–प्रेस कार्य।	
(क) कम्पोजिंग।	03
(ख) प्रूफ रीडिंग कार्य।	03
4–मौखिक कार्य।	03
(2) आंतरिक मूल्यांकन देय–	**15 अंक**
1–फाइल रिकॉर्ड।	04
2–सत्रीय कार्य सतत् मूल्यांकन।	03
3–प्रोजेक्ट कार्य एवं मौखिकी।	08

नोट– विषय अध्यापक प्रत्येक छात्र के कार्यों की एक रिपोर्ट तैयार करके वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करें।

पुस्तकें– कोई पुस्तक निर्धारित व संस्तुत नहीं की गई है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रमानुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के संबंधित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक के रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे। शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

विषय–काष्ठशिल्प
कक्षा–12

पूर्णांक –100

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंक का तीन घंटे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है, होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा 6 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्म कमसे कम क्रमशः 23+10=33 अंक आने चाहिये।

इकाई–एक **10 अंक**

1. **सहयोग देने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत बेन्च हुक, पिन बोर्ड, शूटिंग बोर्ड, माइटर बोर्ड, माइटर बाक्स बेन्च स्टापर, डावेल, डावेल प्लेट, कार्क रबर, कार्य करने की मेज आदि का ज्ञान।
2. **सफाई करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत स्क्रेपर, रेगमाल तथा रेगमाल तैयार करने का ज्ञान।
3. **यंत्रों को तेज करनाः**–इसके अर्न्तगत काष्ठशिल्प के विभिन्न प्रकार के यंत्रों को तेज करने का सम्पूर्ण ज्ञान। सान लगाने की एमरी पहिया तथा पत्थर के पहिया, आयल स्टोन, आयल स्टोन स्लिप्स आदि का ज्ञान ।

इकाई–दो **10 अंक**

1. **काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाली मशीने**–इसके अर्न्तगत बैण्ड सा मशीन, सर्कुलर सा मशीन, खराद मशीन, मोल्डिंग मशीन, रन्दा करने की मशीन, रेगमाल करने की मशीन तथ यूनिवर्सल वुड वर्किंक मशीन, मर्टिस मशीन का ज्ञान।
2. **धातु वस्तुएँ**– इसके अन्तर्गत कील, पेंच, कब्जे, बोल्ट–नट, क्लैम्ब, इमलिया–कुण्डा, ताले, इस्क्यूचियन, चटखनी, हत्था तथा मूँठ, डोर बोल्ट, हुक तथा आई, स्टे, कास्टर्स, बाल कैच, फ्लस बोल्ट, मिरर क्लिप आदि का ज्ञान।

इकाई–तीन **10 अंक**

1. **काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाली लकड़ियाँ**– लकड़ी के प्रकार, रंग, वजन प्रति घन फुट, प्राप्ति स्थान तथा उनका प्रयोग। लकड़ियां जैसेः– आम, शीशम, सागौन, देवदार, साखू, चीड़ नीम, महुआ, तुनू, इबोनी, रोजवुड, अखरोट, विजयसाल, ऐस, बबूल, बीच वुड, ओक, सेमल, बिर्च, हल्दू आदि।
2. **प्लाई वुड– प्लाईवुड की परिभाशा,** प्रकार (लकड़ी की प्रकृति के आधार पर, सरेस के आधार पर, पर्तों की संख्या के आधार पर, परतों की व्यवस्था के आधार पर) बनाने की विधि तथा उसकी उपयोगिता।
3. काष्ठ परिरक्षण परिभाषा सुरक्षित रखने की विधि तथा काष्ठ परिरक्षण में प्रयोग होने वाले विविध मसाले।

इकाई–चार **10 अंक**

1. डस्ट बोर्ड, सनमाइका तथा फेवीकोल का साधारण ज्ञान।
2. लकड़ी तथा लट्ठे की नाप ज्ञात करना। लकड़ी तथा लट्ठे का मूल्य ज्ञात करना।
3. **मानक मापः**–' घरेलू सामग्रियों (FURNITURE) की मानक माप का ज्ञान। जैसे– साधारण सन्दूक, आलमारी, कुर्सी, मेज, स्टूल, चारपाई, तखत, सेन्टर टेबुल, पलंग, ड्राइंग बोर्ड, डाइनिंग टेबुल, पेग टेबुल, पेपर ट्रे, टी ट्रे आदि।

इकाई–पाँच **10 अंक**

1. **लकड़ी सुखाना**– परिभाषा, सुखाने के प्रकार तथा सुखाने की विधि का सम्पूर्ण ज्ञान।
2. **लकड़ी के जोड़**–जोड़ की परिभाषा, जोड़ो के प्रकार, उनकी उपयोगिता, बनाने की विधि एवं उचित स्थानों पर उनका प्रयोग।

इकाई–छः **10 अंक**

1. नमूनों (MODEL), जोड़ो तथा यंत्रों आदि का रुढ़ सममापीय प्रक्षेप या प्रामाणिक सममापीय प्रक्षेप चित्र बनाना।
2. नमूनों, जोड़ो तथा यंत्रों आदि का समलेखीय प्रक्षेप चित्र या लाम्बिक प्रक्षेप चित्र बनाना।
3. धातु सामग्री (METAL FITTINGS), यंत्रों, जोड़ों आदि का मुक्त हस्त रेखा चित्र बनाना तथा उसमें काले व सफेद शेड देना ।

इकाई–सात **10 अंक**

1. **रेखा चित्र**– रेखा चित्र के यंत्रो तथा रेखा चित्र में प्रयोग होने वाली रेखाओं का ज्ञान।
2. **अक्षर लेखनः** अक्ष्र लेखन का महत्व तथा अक्षर लेखन के प्रकार, हिन्दी तथा अंग्रेजी के बड़े छाप वाले अक्षरों की तिरछी लिखाई या रचना करने की विधि।
3. **पॉलिश, वार्निश तथा पेन्ट**–

(अ) पालिशः पालिश के यंत्र, पालिश के पदार्थ, पालिश के प्रकार, पालिश तैयार तथा प्रयोग करने की विधि। स्टेनिंग, रेशे भरना, फयूमिंग, आयलिंग, तेल वाली लकड़ी पर पालिश करना। काष्ठ सामग्री से धब्बे हटाना, पुरानी पालिश छुड़ाना तथा पालिश करने से लाभ आदि का ज्ञान।

(ब) वार्निशः वार्निश की परिभाषा, वार्निश का अर्थ, वार्निश की उपयोगिता तथा आवश्यकता, वार्निश के अर्न्तगत पैदा होने वाले प्रमुख दोष। वार्निश करने से लाभ आदि का ज्ञान।

(स) पेन्टः पेन्टिंग, पेन्टिंग की आवश्यकता, पेन्ट, अच्छे पेन्ट के लक्षण, पेन्ट हटाने के लिए सामान्य पदार्थ तथा पेन्ट करने से लाभ आदि का ज्ञान।

प्रयोगात्मक कार्य **30 अंक**

1. नमूने (MODEL) की बनावट, लकड़ी से लेकर पॉलिश, वार्निश तथा पेन्ट तक की पूरी होनी चाहिए।
2. जो नमूने बनवाये जायें उसमें आवश्यक जोड़ तथा मेटल फिटिंग्स का उचित प्रयोग होना चाहिए।
3. छात्रों को विभिन्न प्रकार के नमूनों के नाप अनुपात व आकार स्वयं निर्धारित करना चाहिए।
4. प्रयोगात्मक परीक्षा में वाल ब्रैकेट, लेटर रैक, लैम्प स्टैण्ड, विभिन्न प्रकार के ट्रे, मोमबत्ती स्टैण्ड, टावेल रोलर, बुक रैक, फलावर पॉट स्टैण्ड मथानी आदि मॉडल बनवाये जांये।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

अधिकतम् अंक–30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक–10** **समय – 06 घण्टे (एक दिन में)**

(अ) बाह्य परीक्षक द्वारा देय अंक–15	
1. मॉडल की तैयारी, सही बनाने की विधि	03 अंक
2. सही जोड़	03 अंक
3. मॉडल की सही रूप रेखा	03 अंक
4. चिप कार्विंग	02 अंक
5. मौखिक	04 अंक
	योग =15 अंक
(ब) आन्तरिक मूल्यांकन–	**15 अंक**
1. प्रोजेक्ट कार्य	06 अंक
2. रिपोर्ट तैयार करना	05 अंक
3. सत्रीय कार्य एवं सतत् मूल्यांकन	04 अंक

(4) पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों में कार्य कर पाने लायक दक्षता प्रदान करना।

2––रोजगार के अवसर––

(क) वेतन भोगी रोजगार––

1––ग्रामीण पुस्तकालय कम्यूनिटी सेन्टर, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र तथा पंचायत पुस्तकालयों में मुख्य हस्तान्तरण।

2––माध्यमिक विद्यालयों, ब्लाक, तहसील, तालुका पुस्तकालय में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष।

3––माध्यमिक विद्यालयों, ब्लाक, तहसील, तालुका पुस्तकालयों में वर्गीकरण सहायक।

4––कैटलागर।

5––पुस्तकालय सहायक।

6––लैंडिंग सहायक।

7––प्रतिछायांकन सहायक।

8––पुस्तकालय लिपिक।

9––पुस्तक प्रदाता।

10––जेनीटर।

11––पुस्तक संरक्षण सहायक।

(ख) स्वरोजगार––

1––पुस्तकालय लेखन–सामग्री निर्माता एवं पूर्तिकर्ता।

2––पुस्तकालय साज–सज्जा एवं उपकरण।

3——कीटनाशक दवाइयों के विक्रेता।
4——पुस्तकालय परामर्श सेवा।
5——शोध छात्रों के लिये वाङ्मय सूची तैयार करने का व्यवसाय।
6——प्रतिछायांकन का व्यवसाय।
7——पुस्तक विक्रय व्यवसाय।

पाठ्यक्रम——

इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक——				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक——				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट——परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
पुस्तकालय संगठन एवं संचालन——सैद्धान्तिक

1–संचालन——1——विषय प्रवेश, पुस्तकालय संचालन के सामान्य सिद्धान्त, पुस्तकालय समिति, पुस्तकालय अध्ययन सामग्री, चयन एवं क्रयादेश, उपयोग के लिये सुनियोजन, वल्क व्यवस्था एवं प्रदर्शन, पुस्तकालय में निर्गम–आगम प्रणाली। 30

2——पत्र–पत्रिकायें एवं अन्य अध्ययन सामग्री, सन्दर्भ सेवा की व्यवस्था, संख्या सत्यापन, सांख्यिकी, आय–व्ययक तथा आर्थिक विवरण, वार्षिक प्रतिवेदन। 30

द्वितीय प्रश्न–पत्र
संदर्भ सेवा/वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन (सैद्धान्तिक), द्वितीय प्रश्न–पत्र

1–पुस्तकालय विज्ञान के पंच सूत्रों का संदर्भ सेवा, वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन में प्रयोग। 20

2–संदर्भ सेवा के प्रकार, अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन संदर्भ सेवा, सामयिक सूचना संदर्भ सेवा, संदर्भ प्रश्नों के प्रकार।

20

वाङ्मय सूचियों के विभिन्न रूप एंव प्रकार।
वाङ्मय सूची सेवा।

3–डाक्यूमेन्टेशन, इंडेक्सिंग, ऐब्सट्रैकिंग एवं रिप्रोग्रैफिक सेवायें। 20

तृतीय प्रश्न–पत्र
पुस्तकालय वर्गीकरण एवं सूचीकरण (सैद्धान्तिक)

1——पुस्तक वर्गीकरण, पद्धतियों का विकास, प्रमुख पुस्तक वर्गीकरण, पद्धतियों का संक्षिप्त परिचय तथा ड्युई दशमलव पद्धति एवं द्विबिन्दु का अध्ययन। 20

2——सूचीकरण–1——विषय प्रवेश, सूची का अर्थ एवं परिभाषा, आवश्यकता, महत्व एवं उद्देश्य, सूची के स्वरूप, सूची के भेद (प्रकार), सूची संलेख——अर्थ, आवश्यकता एवं महत्व, संलेख के प्रकार, विभिन्न संलेखों की प्रविष्टियां, प्रविष्टियों के सूचक स्रोत। 20

3——विषय शीर्षक संलेख, विश्लेषणात्मक संलेख, सूची संहिताओं का विकास एवं प्रमुख संहिताओं का संक्षिप्त अध्ययन, सूचीकरण के उपकरण, संलेखों का व्यवस्थापन, केन्द्रीयकृत एवं सहकारी सूचीकरण, संघ सूची। 20

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

1––(1) दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का प्रायोगिक कार्य। 30

(2) दशमलव वर्गीकरण के अनुसार अंकों को जोड़ कर शीर्षक निर्माण।

(3) अंकानुक्रम बनाना।

2––(1) निर्धारित वर्गीकरण पद्धति द्वारा वर्गांक बनाना। 30

(2) वर्गांकों को चुन कर सही आंकलन करना।

(3) तालिका एवं सारिणी द्वारा रूप रेखा तैयार करना।

पंचम प्रश्न–पत्र

इकाई–1 **30 अंक**

1–सूची पत्रक का प्रारूप तैयार करना।

2–एंग्लो अमेरिकन कैटलाग रुल्स–2 के अनुसार सूचीकरण।

3–लिस्ट आफ सब्जेक्ट हेडिंग का प्रयोग।

इकाई–2 **30 अंक**

1–लेखक का नाम मुख्य संलेख में इन्ट्री करना।

2–वर्गांकों की क्रमानुसार लिखना।

3–A.A.C.R.-2 द्वारा ट्रेसिंग ज्ञात करना।

प्रायोगिक सूचीकरण ए0ए0सी0आर0–2 संहिता के अनुसार कराया जायेगा। विषय शीर्षक के निर्माण हेतु शेयर लिस्ट आफ सब्जेक्ट ट्रेडिंग के अद्यतन संस्करण का प्रयोग किया जायेगा।

नोट–1––यह प्रश्न–पत्र भी अन्य प्रश्न–पत्रों की भांति होगा।

2––इस प्रश्न–पत्र हेतु उत्तर–पुस्तिका में एक ओर 3"×5" सूची–पत्र का प्रारूप मुद्रित होना चाहिये। प्रारूप का नमूना निम्नवत् है––

5"

3"

यदि उपरोक्त प्रारूप को उत्तर–पुस्तिका पर मुद्रित कराना सम्भव न हो तो प्रत्येक परीक्षार्थी को वांछित संख्या से सूची–पत्रक उपलब्ध कराया जायेगा।

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	संस्करण पुनर्मुद्रण वर्ष	मूल्य
1	2	3	4	5	6
					रुपया
1	पुस्तकालय वर्गीकरण सिद्धान्त और प्रयोग	द्वारका प्रसाद शास्त्री	साहित्य भवन प्रा0लि0, इलाहाबाद (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1987	30.00
2	पुस्तक चयन और संदर्भ सेवा	"	"	1985	16.00
3	सूचीकरण के सिद्धान्त	गिरिजा कुमार, कृष्ण कुमार	वाणी एजूकोन बुक्स, दिल्ली (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1984	35.00
4	पुस्तकालय संगठन एवं प्रशासन	डा0 राम शोभित प्रसाद सिंह	बिहार ग्रन्थ अकादमी, पटना (वितरक–विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1987	40.00
5	प्रलेखीय ग्रन्थ वर्णन	एस0टी0 मूर्ति	मध्य प्रदेश हिन्दी अकादमी, भोपाल	1981	18.00
6	पुस्तकालय संगठन एवं संचालन	सुभाष चन्द्र वर्मा एवं श्याम नारायण श्रीवास्तव	राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी	1988	30.00

7	ग्रन्थालय संचालन तथा प्रशासन	श्याम सुन्दर अग्रवाल	श्रीराम मेहरा एण्ड कम्पनी, हास्पिटल रोड, आगरा	1989	70.00
8	पुस्तकालय विज्ञान कोष	प्रभु नारायण गौड़	बिहार राष्ट्र भाषा परिषद्	1961	13.50
9	विद्यालय पुस्तकालय	प्रभु नारायण गौड़	बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना	1977	09.50
10	पुस्तकालय विज्ञान परिचय	द्वारका प्रसाद शास्त्री	साहित्य भवन प्रा0लि0, इलाहाबाद (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1988	30.00
11	पुस्तक चयन एवं रचना	चन्द्र कान्त शर्मा	"	1975	25.00
12	वाङ्मय सूची और प्रलेखन	द्वारका प्रसाद शास्त्री	"	1983	25.00
13	पुस्तकालय वर्गीकरण सिद्धान्त एवं प्रयोग	भास्करनाथ तिवारी	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	1983	30.00
14	पुस्तक वर्गीकरण	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	30.00
15	पुस्तक सूचीकरण सिद्धान्त	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	25.00
16	संदर्भ सेवा	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	15.00
17	पुस्तकालय परिचय	द्वारका प्रसाद शास्त्री	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	1983	15.00

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की रूप–रेखा
प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

1––सन्दर्भ सेवा प्रायोगिक––

संदर्भ सामग्री का मूल्यांकन करना
विभिन्न प्रकार की वाङ्मय सूचियाँ तैयार करना
फिजिकल विविलियोग्राफीज का ज्ञान करना
डाक्यूमेन्टेशन के सोर्स मैटीरियल छात्रों को दिखाकर उनका परिचय कराना

2––सन्दर्भ सेवा "वाङ्मय सूची एवं डाकूमेन्टेशन (प्रायोगिक)"–– **200 अंक**

डाक्यूमेन्टेशन लिस्ट तैयार करना
इन्डेक्सिग करना
ऐक्सट्रेक्टिंग करना
विविलियोग्राफी तैयार करना
सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा आन्तरिक एवं वाह्य
आन्तरिक परीक्षा
सत्रीय कार्यों पर
कार्य स्थल (प्रयोगशाला)
परीक्षक द्वारा
वाह्य परीक्षा

प्रयोग एवं मौखिक–– **200 अंक**

1––वर्गीकरण प्रायोगिक
2––सूचीकरण प्रायोगिक
3––सन्दर्भ सेवा, वाङ्मय सूची
4––मौखिक

नोट––(1) सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम प्रश्न–पत्रों में निर्धारित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत ही ली जायेगी।

(2) प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	संस्करण पुनर्मुद्रण वर्ष	मूल्य
1	2	3	4	5	6
					रुपया
1	ग्रन्थालय वर्गीकरण	डा0 जी0 डी0 भार्गव	मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1988	25.00
2	सन्दर्भ सेवा सिद्धान्त और प्रयोग	के0 एस0 सुन्दरेखन	मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1985	30.00

संदर्भ सामग्री, परिभाषा, प्रकार, श्रेणियाँ, विशिष्ट गुण।

संदर्भ सामग्री के मूल्यांकन का सिद्धान्त एवं मूल्यांकन।

विविलियोग्राफी (वाङ्मय सूचियाँ), परिभाषा, आवश्यकता, उद्‌देश्य, क्षेत्र, प्रकार, फिजिकल विविलियोग्राफी, परिभाषा, आवश्यकता, प्रकार, विधियां, डाक्यूमेन्टेशन, परिभाषा, आवश्यकता, प्रकार, शीर्ष–मेटेरियल, कार्यविधि, इन्फारमेशन सेन्टर–यूनेस्को, विनीत, आई0बी0, इफला, इल्सडाक।

2––पुस्तकालय विज्ञान के पंच सूत्रों का संदर्भ सेवा, वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन में प्रयोग।

संदर्भ सेवा के प्रकार, संदर्भ प्रश्नों के प्रकार, संदर्भ पुस्तकालयाध्यक्षों की योग्यतायें एवं गुण।

वाङ्मय सूचियों के विभिन्न रूप एंव प्रकार।

वाङ्मय सूची सेवा।

डाक्यूमेन्टेशन, इंडेक्सिंग, ऐब्सट्रैकिंग एवं रिप्रोग्रैफिक सेवायें।

(10) ट्रेड––बहुउद्‌देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित)
कक्षा–12

उद्‌देश्य––

1––मानव शरीर की संरचना एवं कार्यिकी का ज्ञान प्राप्त करना।

2––स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता के नियमों का ज्ञान प्राप्त करना।

3––स्वास्थ्य रक्षा के क्रियाकलाप, प्राथमिक चिकित्सा सहायता और छोटे रोगों के उपचार का ज्ञान प्राप्त करना।

4––बीमारी के निदान व उपचार में चिकित्सक की सहायता करना।

5––प्रयोगशालाओं तथा चिकित्सा नीति शास्त्र के प्रबन्धन का ज्ञान प्राप्त करना।

6––विभिन्न परीक्षण करना एवं व्याख्या करना।

7––एक चिकित्सीय प्रयोगशाला व्यवस्थित कर चलाना।

8––स्वतन्त्र रूप से समस्याओं से निपटने के लिए सक्षमता एवं आरम्भिक चरणों को विकसित करना।

पाठ्‌यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200			
		400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र

(जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण) 60 अंक

इकाई–1––प्राथमिक सहायता 20 अंक

परिभाषा, साधारण प्राथमिक चिकित्सा एवं किट सामग्री, आघात, कोमा तथा उसका प्रबन्धन, रक्तस्राव का नियंत्रण, रोगी की टूटी हड्डी को जोड़कर जमाये रखने के लिये खपच्ची बांधना, घायल को स्थानान्तरित करना, अचेत होते रोगी को तत्काल प्राथमिक सहायता।

इकाई–2–प्रयोगशाला प्रबन्धन एवं नीति शास्त्र 20 अंक

स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति में प्रयोगशाला की भूमिका––सामान्य मानव स्वास्थ्य व बीमारियां, प्रकार, निदान की प्रक्रिया, विभिन्न स्तरों की प्रयोगशालायें, कर्मचारियों के कर्तव्य व उत्तरदायित्व।

भारत में स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तन्त्र की प्रयोगशाला सेवायें, भारत में स्वास्थ्य प्रशासन तन्त्र, राष्ट्रीय राज्य, जिला, ग्राम स्तर पर, भारत में स्वयंसेवी स्वास्थ्य संगठन, भारत में स्वास्थ्य कार्यक्रम।

प्रयोगशाला योजना––सामान्य सिद्धान्त, लक्ष्य, संचालन, आंकड़े, बाजार सामान्यतया, अस्पताल/प्रयोगशाला सम्बन्ध प्रतियोगिता प्रयोगशाला के रूल, विभिन्न स्तरों पर योजना, अस्पताल/प्रयोगशाला सेवाओं की योजना के लिए निर्देशक सिद्धान्त, कारक कार्यकारी दृष्टिकोण संचालन मांग, अस्पताल/प्रयोगशाला के विभाग, सामान्य क्षेत्र, संकल्पना क्षेत्र स्थान की आवश्यकता, एक मूल स्वास्थ्य प्रयोगशाला की योजना।

प्रयोगशाला संगठन––सामान्य सिद्धान्त घटक एक कार्य, कर्मचारी कार्य विवरण; कार्य विशिष्टतायें, कार्य तालिका व्यक्तिगत पुनः व्यवस्था तथा कार्य भार, मूल्यांकन, कांच के सामानों, उपकरणों व रसायनों की देखभाल, कांच के सामान की देखभाल एवं सफाई, साधारण कांच के सामान बनाना, उपकरणों व उपस्करों की देखभाल, प्रयोगशाला रसायन, उनका उचित उपयोग व देखभाल, उचित भण्डारण व लेबिल लगाना।

इकाई–3 20 अंक

प्रतिदर्श हस्तन––सामान्य सिद्धान्त, संग्रहण तकनीक तथा रखने के पात्र, प्रतिदर्शों के प्रकार, प्रविष्टि स्थानान्तरण व वितरण एवं पुनः प्रतिदर्श निपटान, संरक्षण।

प्रयोगशाला सुरक्षा––सामान्य सिद्धान्त खतरे सुरक्षा कार्यक्रम, प्राथमिक सहायता सुरक्षा, उपाय यांत्रिक विद्युत रासायनिक, जीव वैज्ञानिक रेडियोधर्मिता।

संचार––जन सम्बन्ध, रोगी फिजिशियन, नर्सिंग कर्मचारी, बिक्री प्रतिनिधि, अन्य कर्मचारी निवेदन/प्रतिवेदन प्रपत्र निरन्तर शिक्षा विधि मूल्यांकन व चयन।

गुणवत्ता नियंत्रक––सामान्य सिद्धान्त, अविश्लेषक कार्य, अनुमति विशिष्टतायें, प्रतिदर्श विशिष्टतायें, परीक्षणों का विवरण, विश्लेषण कार्य विधि, उपकरण, अभिकर्मक व सामग्री, नियंत्रण क्षमता, परीक्षण।

द्वितीय प्रश्न–पत्र

(मानव शरीर क्रिया विज्ञान)

60 अंक

इकाई–1––शरीर क्रिया विज्ञान 40 अंक

पाचन
श्वसन
संचरण
तंत्रिका तंत्र के कार्य एवं क्रिया विधि
अंतः स्रावी ग्रन्थियों की भूमिका
तापनियमन का शरीर क्रिया विज्ञान
प्रजनन (मूत्र प्रजनन तंत्र)
दृष्टि श्रवण और वाणी का शरीर क्रिया विज्ञान

इकाई–2––जैव विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान 10 अंक

जैव विज्ञान––जैव विज्ञान की परिभाषा, आरम्भिक विचार/सम्पूर्ण दृश्य–कार्बोहाइड्रेट वसा, प्रोटीन के सामान्य चयापचय का, विभिन्न प्रकार के एन्जाइम व उनके कार्य।

सूक्ष्म जीव विज्ञान––सूक्ष्मदर्शी एवं सूक्ष्मदर्शिकी–परिचय, सूक्ष्म जीव वर्गीकरण, नमूनों का संग्रहण, महामारी का अध्ययन, स्थानान्तरण एवं संरक्षण।

इकाई–3–– 10 अंक

रोग विज्ञान––रोग विज्ञान का परिचय, परिभाषा, ज्वलनशील, निओप्लास्टिक, चयापचयिक, जन्मजात प्रकारों का वर्गीकरण वर्णन।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(चिकित्सा एवं जैव रसायन)

60 अंक

इकाई–1–अंगों के कार्य परीक्षण 20 अंक

वृक्क कार्य परीक्षण–मूत्र–सामान्य संघटक, 24 घण्टों का संग्रहण, संरक्षण, भौतिक लक्षण, स्पष्टीकरण परीक्षण, यकृत कार्य परीक्षण, आमाशय कार्य परीक्षण, सी0 एस0 एफ0 के जैव रसायन परीक्षण, पैन्क्रिएटिक कार्य परीक्षण, चिकित्सीय एन्जाइम विज्ञान तथा संगठन।

इकाई–2–चिकित्सीय एन्जाइम विज्ञान–एन्जाइम एवं कोएन्जाइम, एन्जाइम गतिविधि निर्धारण के सिद्धान्त, महत्वपूर्ण सीरम एन्जाइम विज्ञान के सिद्धान्त (फास्फेटेज, ट्रान्सफेरेसेज, ग्लायकोसिलेटेड एन्जाइम, लैक्टिक डीहाइड्रोजिनस, क्रिएटिनाइज क्राइनेज), सीरम एन्जाइमों के चिकित्सकीय उपयोग। संगठन : प्रतिदर्शों का संग्रहण एवं स्थानान्तरण चिकित्सीय जैव रसायन में गुणवत्ता का विश्वास, स्वचालन, किटों का उपयोग तथा मूल्य नियंत्रण। 20 अंक

इकाई–3–विषाणु विज्ञान एवं सीरोलॉजी–वर्गीकरण, सामान्य गुण, विषाणुओं का संवर्धन तथा रोग।

कारकता, प्रतिरक्षी गुण, प्रतिजन, प्रतिकाय, प्रतिजन प्रतिक्रिया तथा बीमारी के निदान में इनका उपयोग। सिद्धान्त, विधि तथा कम्प्लीमेन्ट, स्थिरीकरण प्रतिक्रियायें, अतिसंवेदनशील प्रतिक्रियाओं का सिद्धान्त एवं वर्गीकरण, टीके–वर्गीकरण एवं टीकों का उपयोग। एग्लूटिनेशन, अवक्षेपण, उदासीनीकरण। 20 अंक

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(सूक्ष्म जैविकी)

60 अंक

इकाई–1–सीरोलॉजी एवं कवक विज्ञान **30 अंक**

विषाणु विज्ञान एवं कवक विज्ञान–वर्गीकरण, सामान्य गुण, विषाणुओं का संवर्धन व रोगकारकता। प्रतिरक्षी गुण, प्रतिजन, प्रतिकाय, प्रतिजन, प्रतिकाय प्रतिक्रिया तथा बीमारी के निदान में उनका उपयोग। सिद्धान्त, विधि, एग्लुटिनेशन अवक्षेपण, उदासीनीकरण तथा कॉम्प्लीमेण्ट, स्थिरीकरण प्रतिक्रियायें, अतिसंवेदनशील प्रतिक्रियाओं का सिद्धान्त एवं वर्गीकरण, टीके––वर्गीकरण एवं टीकों का उपयोग।

परजीवी विज्ञान एवं कवक विज्ञान–आकारिकी, जीवन चक्र, रोगकारकता तथा प्रयोगशाला निदान––ई हिस्टोलाइटिका, ई कोलाई, गिएरिडी, ट्राइकामोनास, प्लाजमोडिया, लीशमैनिया, हुक वर्म, राउण्ड वर्म, ह्वीप वर्म, टेप वर्म, थ्रेड वर्म, एकिनोकाकस ग्रेनुलोमस, ड्रैकनकुलस।

वाऊ चेरिया, वैन्क्राफ्टी आदि के विष्ठा संवर्धन का संरक्षण–सिद्धान्त एवं विधि, रोगकारी कवकों की अकारिकी एवं संवर्धनकण्डिडा, एस्पर्मिलस, डर्मेटोफा।

इकाई–2–ऊतक प्रौद्योगिकी **30 अंक**

परिचय––कोशिका, ऊतक व उनके कार्य, इनके परीक्षण की विधियां, ऊतकों का स्थिरीकरण, स्थिरीकारकों का वर्गीकरण, साधारण, स्थिरीकारक व उनके गुण, सूक्ष्म शारीरिकी स्थिरीकारक, कोशिकीय स्थिरीकारक तथा ऊतक रासायनिक स्थिरीकारक, ऊतक प्रसंस्करण, प्रतिदर्श संग्रहरण, लेबल करना, स्थिरीकरण, निर्जलन, स्पष्ट करना, संससेचन, अनतः स्थापना, सैक्शन काटना, माइक्रोटोम व उनके चाकू काटने की तकनीकें, सेक्शनों का आरोपण, हिमीकृत खण्ड, अभिरंजन रंग व उनके गुण, अभिरंजन का सिद्धान्त, हिमेटाक्सिलीन व इओसिन के साथ अभिरंजन तकनीकें, सामान्य एवं विशेष अभिरंजन, विकैल्सीकरण, सिथरीकरण, अंतिम बिन्दु निकालना, उदासीनीकरण व प्रसंसाधन, एक्स फोलिएटिव कोशिका विज्ञान, प्रतिदर्शी के प्रकार व संरक्षण, आलोपों की निर्मित व स्थिरीकरण, पैपिनकोलाड स्थिरीकरण, संरक्षण, प्रदर्शन, शव परीक्षा तकनीक, सहायता अंगों का संरक्षण व ऊतक का प्रसंसाधन, अपशिष्ट निपटान व प्रयोगशाला में सुरक्षा।

पंचम प्रश्न–पत्र
(चिकित्सकीय रोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)

60 अंक

इकाई–1–चिकित्सकीय रोग विज्ञान **40 अंक**

चिकित्सकीय रोग विज्ञान

मूत्र विश्लेषण––सामान्य संघटक, भौतिक परीक्षण, रासायनिक व सूक्ष्मदर्शीय परीक्षण।

विष्ठा विश्लेषण––सामान्य संघटक, असामान्य संघटक।

बलगम विश्लेषण––भौतिक सूक्ष्मदर्शी, रासायनिक वर्गीकरण।

वीर्य विश्लेषण––भौतिक गुण, आकारिकी गतिशीलता।

रुधिर विज्ञान

रुधिर विज्ञान का परिचय——रक्त संग्रह, प्रति स्कंदक।

लाल रक्त कोशिकाएं——हीमोसाइटोमीटर, विधियाँ, गणना।

श्वेत रक्त कोशिकाएं——विधियाँ, गणना।

रुधिर विश्लेषण——हीमोग्लोबिन मात्रा आंकलन, लाल रुधिर कोशिकाओं की आकारकी तथा गणना, श्वेत रुधिर कोशिकाओं की सम्पूर्ण गणना, T.L.C., D.L.C., प्लेटलेट गणना, E.S.R., परीक्षण, रुधिर समूह की जांच।

इकाई–2– **20 अंक**

सीरोलॉजी–सीरम ग्लूकोज का निर्धारण।

सीरम बिलोरुबिन–कुल व प्रत्यक्ष बिलोरुबिन का निर्धारण।

सीरम लिपिड–सीरम कोलेस्ट्राल का निर्धारण, जी0टी0टी0 प्रोटीन रहित नाईट्रोजनस योगिक–सीरम यूरिया, यूरिक एसिड व क्रिटनीन का निर्धारण, सीरम प्रोटीन, ए0जी0 अनुपात, सीरम एंजाइम–ट्रांस ऐमीनोज, (जी0ओ0टी0, जी0पी0टी0) फास्फेट्स (एल्कलाइन) व एसिड फास्फेट्स का निर्धारण। एमाएलेज का निर्धारण। सीरम कैलशियम, फास्फोरस, सोडियम, पोटेशियम क्लोराइड का निर्धारण।

विडाल व वी0डी0आर0एस0, ब्रुसल्ला एग्लूटिनेशन परीक्षण।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

पूर्णांक–400 उत्तीर्णांक–200

इकाई–1–चिकित्सा प्रयोगशाला–

पिपेट, स्लाइड, कवरस्लिप, सिरिंज, सुइयां, रक्त कोशिका गणक, तनुकारक, पिपेट, स्लाइड, जीवाष्विक परीक्षणों में प्रयुक्त कांच के सामान साफ करना, पाश्चर पिपेट, विडोलक, कांच की ट्यूब मोड़ना तथा धावन बोतल आदि बनाना, उपकरणों के उपयोग व देख–रेख की विधि का प्रदर्शन, सुरक्षा तरीकों का प्रदर्शन। संक्रामक कारकों जैसे–HBsAg (हिपैटाइटिस–बी) व एड्स के सुरक्षित हस्टन का प्रदर्शन।

प्राथमिक सहायता–प्राथमिक सहायता किट व उसकी सामग्रियों की पहचान, विभिन्न प्रकार की पट्टियों व खपच्चियों को बांधना।

भोजन एवं पोषण–

निम्नलिखित भोज्य पदार्थों की पहचान एवं उनका पोषण मूल्य–अनाज, दालें, अण्डा, दूध, फल, हरी व पत्तेदार सब्जियां, मेवा, मछली, मांस, वसा एवं तेल।

विभिन्न शरीर क्रियात्मक अवस्थाओं के लिए भोजन तालिका का प्रदर्शन–वयस्क (कम श्रम तथा कठोर परिश्रम वाले) गर्भवती महिला, स्तरपान कराने वाली महिला, शिशु विद्यालय जाने के पूर्व तथा बाद के बच्चों का भोजन।

इकाई–2–शरीर क्रिया विज्ञान–

सूक्ष्मदर्शियों का अध्ययन (पूर्व में शारीरिकी में सम्मिलित) रक्त आलेप, लीशमैन का अभिरंजन, श्वेत रक्त कणों के प्रकार तथा उनकी अवकल गणना, नब्ज, तापमान तथा श्वसन अभिलेखित करना (टी0पी0आर0) तालिका की देखभाल व्यायाम का टी0पी0आर0 पर प्रभाव (यह कक्षा के विद्यार्थियों के मध्य किया जा सकता है) रक्तचाप उपकरण (पारे वाला) का प्रदर्शन तथा रक्तचाप अभिलिखित करना।

रोग विज्ञान–

रोग विज्ञान संग्रहालय का दौरा।

जैव विज्ञान–

प्रयोगशाला के कांच के सामानों से परिचित होना द्रव मापन तथा ठोस पदार्थ तौलने की मूल तकनीकें, कांच के सामानों की सफाई, ठोस व द्रवों को प्रथक करना।

इकाई–3–प्रोटीन रहित नाइट्रोजन्स यौगिक–

सीरम यूरिया, यूरिक अम्ल व क्रिटिनीन का निर्धारण, सीरम प्रोटीन व ए0जी0 अनुपात का निर्धारित, सीरम इलेक्ट्रोफोरेसिस एवं जिंक सल्फेट, टर्बिडिटी परीक्षण।

सीरम एन्जाइम–

(क) ट्रांस एमिबेज (जी0ओ0टी0 व जी0पी0टी0) का निर्धारण।

(ख) फास्फेटेज (एल्कलाइन व एसिड फास्फेटेज) का निर्धारण।

(ग) एमायलेजेज का निर्धारण।

सीरम बिलिरुबिन–कुल व प्रत्यक्ष विलिरुबिन का निर्धारण।

सीरम लिपिड–सीरम कोलेस्ट्राल का निर्धारण।

यकृत कार्य परीक्षण–यकृत कार्य परीक्षण। अन्य शारीरिक द्रवों पर मैदानिक परीक्षण।

इकाई–4

विषाणु विज्ञान–उर्वर अण्डे में संरोपण व विभिन्न मार्गों से संरोपण।

कवक विज्ञान–गोले, आलेप व संवर्धन द्वारा कवकीय परीक्षण।

ऊतक प्रोद्योगिकी–स्थिरीकरण, प्रसंसाधन, संचेतन व चयन स्लाइडों को काटकर तैयार करना, चाकू तेज करना, स्थिरीकारक तैयार करना, विकैल्सीकृत करने वाले द्रव, स्लाइड पर सेक्शन को चिपकाना, कोशिका विज्ञान, आलेप को निर्मित व स्थिरीकरण तथा पपिन कोलाऊ अभिरंजन तकनीकें, पिंजरों की सफाई, शव परीक्षा एवं निपटान।

इकाई–5

चिकित्सकीय रोग विज्ञान–

अण्ड, पुरी, अमीबा, वसा कण, एक्जूडेट के लिए विष्ठा परीक्षण। नियमित मूत्र की जांच।

बलगम–विश्लेषण।

वीर्य–शुक्राणुओं की अकारिकी, गणना, गतिशीलता।

सीरोलोजी–विडाल, बी0डी0आर0एल0, ब्रूसल्ला–एग्लूटिनेशन परीक्षण, आर0आई0ए0सी0आर0पी0ए0एस0ओ0 पाल ब्रूनेल परीक्षण के लिए सालमोनेला निर्मित। परजीवियों के परीक्षण के लिए विष्ठा सामग्री का संग्रहण, संरक्षण व स्थानान्तरण अभिरंजित व अन अभिरंजित विष्ठा सामग्री की निर्मित, विष्ठा की सान्द्रता तकनीकें। परजीवियों का संरक्षण, विष्ठा में अण्डे व पुटी पहचानना।

उपकरणों की सूची एवं मूल्य निर्धारण

क्र0 सं0	उपकरणों के नाम	अनुमानित मूल्य
1	2	3
		रु0
1	संयुक्त सूक्ष्मदर्शी	3,500
2	विसंक्रामक	1,500
3	हाट प्लेट (विद्युत)	1,000
4	बुन्सन बर्नर सहित गैस सिलिण्डर	800
5	स्पिरिट लैम्प	25–प्रति
6	मेज पर रखने योग्य अपकेन्द्रण यंत्र अथवा 12 बकेट सहित	200
7	रेफ्रिजरेटर 165 अथवा 230 ली0	5,000
8	कैलोरीमापी	1,500
9	गर्मवायु अवन	3,000
10	जल ऊष्मक	300
11	रिंगर टाइमर	1,500
12	विश्लेषक तुला	200
13	भौतिक तुला (2 या 5 कि0)	500
14	टाइपराइटर	3,000
15	फ्लेम फोटोमीटर	10,000
16	स्पेक्ट्रो फोटोमीटर	10,000
17	फ्लूओरोमीटर	10,000
18	छोटा गामा काउण्टर	14,000
19	वोल्टेज स्टेबलाइजर	500
20	बोर्टक्स मिक्सर	400
21	आर0आई0ए0 ट्यूब अपकेन्द्रित करने के लिए अपकेन्द्रक यंत्र	4,000
22	पी0 एच0 मीटर	2,500
23	गर्म वायु ब्लोअर	2,000
24	37से0 इन्क्यूबेटर	2,000
25	मफल भट्ठी	500
26	इलेक्ट्रो फोरेसिस	3,000

प्रयोगशाला सामग्री

क्र0सं0	सामग्री का नाम	अनुमानित मूल्य
1	2	3
		रु0
27	सादी शीशे की स्लाइडें	
28	नीडिल	
29	स्पिरिट	
30	रुई	
31	स्पेसीमेन ट्यूब काड्र्स सहित	
32	ग्लास स्प्रेडर	
33	स्लाइड बाक्स पालीथीन	
34	टेस्ट ट्यूब (माइरेक्स)	7,500
35	यूरीन फ्लैक्स	
36	टेस्ट ट्यूब ब्रश	
37	टेस्ट ट्यूब होल्डर	
38	टेस्ट ट्यूब स्टैण्ड	
39	स्पिरिट लैम्प	
40	बीकर	
41	यूरिनोमीटर	
42	मैजरिंग सिलेण्डर 50 एम0एम0	
43	थर्मामीटर	
44	ड्रापर	
45	फारसेप्स	
46	कांच ग्लास	
47	पिपेट	
48	पेनसिलीन बोतलें	
49	शाहली डीमोग्लोबिनोमीटर	
50	शाहली ग्रेड्एटेड पिपेट	7,500
51	छोटी ग्लास रॉड	
52	ड्रापिंग पिपेट	
53	एक्जार्बेन्ट पेपर	
54	लिंटमस पेपर	
55	ब्यूरेट	
56	ड्रापर बोतल	
57	प्रयोगशाला रसायन	

(11) ट्रेड रंगीन फोटोग्राफी

कक्षा—12

फोटोग्राफी शिक्षण के उद्देश्य—

(1) यह एक ऐसा विषय है जिसकी कोई भाषा नहीं है अर्थात् अनपढ़ भी चित्रों से कहानी रच लेता है।

(2) जनसंचार का सबसे प्रखर एवं सुन्दर माध्यम है।

(3) स्वरोजगार के लिए सबसे सरल, महत्वपूर्ण उपकरण है। यह आवश्यक नहीं है कि स्वतः रोजगार के लिए अधिक विस्तृत ज्ञान हो। व्यावसायिक दृष्टिकोण से अत्यधिक धन अर्जन करने का अति सरल माध्यम है।

(अ) उपकरणों का क्रय—बिक्रय।

(ब) उपकरणों का रख—रखाव तथा उनके त्रुटियों का समाधान।

(स) व्यावहारिक जीवन में (शादी ब्याह / उत्सव) छाया—चित्रण।

(द) व्यवसायीकरण (स्टूडियो)।

(4) औद्योगिक क्षेत्र में इससे प्रखर तथा धनोपार्जन का सरल माध्यम दूसरा विषय नहीं।

(अ) फैशन फोटोग्राफी।

(ब) माडलिंग।

(स) औद्योगिक।

(द) अन्तरिक छाया चित्रण।
(य) भूगर्भ से रहस्यों का ज्ञान।

(5) इस बदलते हुए आधुनिक कम्प्यूटरीकृत युग में छाया–चित्रण विषय का एक अद्वितीय चमत्कार शल्य चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक चित्रण करने में योगदान।
(अ) जटिल से जटिल शरीर के अन्दर छिपे रोगों को जानना एवं निवारण, जैसे अल्ट्रासाउण्ड, एम0एम0आर0, जो कम्प्यूटर की मदद से शरीर के किसी भी भाग का थ्रीडाइमेन्शनल चित्र देने में सहायक।
(ब) मनोरंजन के क्षेत्र में इससे सुन्दर और बृहद कोई विषय नहीं है–जैसे छोटे बच्चों की मनोवैज्ञानिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कार्टून चित्र।
(स) वीडियो, टेलीवीजन, चलचित्रण एक प्रखर मनोरंजन का माध्यम जो पूरे संसार में देखे जा सकते हैं और सराहे भी जाते हैं।

(6) शिक्षण के क्षेत्र में छाया चित्रण से जटिल और सुन्दर कोई शास्त्र नहीं है क्योंकि इस विषय की गहराई से अध्ययन तभी सम्भव है जब छात्र भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, इलेक्ट्रॉनिक तथा रचनात्मक कला का ज्ञानी न हो।

(7) उच्चस्तरीय शिक्षण के लिए एक प्रभावशाली माध्यम से आज हमारा देश एवं पश्चिमी देशों में विशेष कर पठन पाठन के लिए उपयोग किया जा रहा है।

(8) भारत जैसे देश में सीमाओं पर रख–रखाव के लिए इन्फ्रारेड फोटोग्राफी के द्वारा देश की सुरक्षा की जा रही है।

(9) विभिन्न देश अपने मानचित्रों को छाया–चित्रण के माध्यम से अंकित करते हैं। देश की रक्षा के लिए अनुसंधान के कार्यों में विशेषकर लाभप्रद है।

(10) कला की दृष्टि से फोटोग्राफी एक सुन्दर माध्यम है जो न केवल स्वान्तः सुखाय है अपितु जनसमुदाय के लिए मनोरंजन एवं लोकप्रिय है।

(11) छाया–चित्रकार के रूप में छाया चित्रकार।
(अ) औद्योगिक गृहों में।
(ब) मुद्रणालय में।
(स) शोध संस्थाओं में।
(द) संग्रहालय में।
(य) विज्ञान अभिकरणों में।
(र) कला भवनों में।
(ल) वन्य जीवन छाया–चित्रकार के रूप में।
(व) प्राकृतिक सौन्दर्य चित्रकार के रूप में कार्यरत है।

(12) अन्य कक्ष प्राविधिक छाया–चित्रण अध्यापक शैक्षिक संस्थानों में।

(13) स्वतन्त्र रूप से छाया चित्रकारिता।
(अ) खेलकूद छाया चित्रकार।
(ब) समाचार छाया चित्रकार।
(स) अपराध छाया चित्रकार।
(द) संसदीय समाचार छाया चित्रकार के रूप में।

पाठ्यक्रम

1–इस ट्रेड में तीन–तीन घन्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी।
2–पाठ्यक्रम में दिये गये प्रयोगात्मक सूची के सभी प्रयोगों को करना अनिवार्य है।
3–अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

(क) **सैद्धान्तिक**––

	पूर्णांक		**उत्तीर्णांक**	
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	

(ख) **प्रयोगात्मक**––

आन्तरिक परीक्षा	200	400	200
वाह्य परीक्षा	200		

नोट–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र

कैमरा–मुख्य भाग

(1) **लेंस**–फोकल लेंथ, अपरचर, क्षेत्र की गहनता, रिजाल्विंग पावर, पर्सपेक्टिव, ऐंगिल आफ ब्यू, आकृति आकार। 10

(2) **शटर तथा शटर स्पीड**–रोटेटिंग डिस्कशटर, कम्प्यूटर शटर, फोकल प्लेन शटर, शटर सिक्रोनाइजेशन। 10

(3) **व्यू फाइण्डर तथा रेन्ज फाइन्डर**–डायरेक्ट विजन, ग्राउण्ड ग्लास तथा दर्पण, ग्राउण्ड ग्लास और प्रिज्म, रेन्ज फाइण्डर। 10

(4) **फोकसिंग डिवाइस**–फिक्स्ड फोकसिंग, लेंस माउण्ट फोकसिंग, ग्राउण्ड ग्लास फोकसिंग, रेन्ज फाइण्डर फोकसिंग, रिफ्लेक्सफोकसिंग तथा पेन्टाप्रिज्म फोकसिंग। 10

(5) **फिल्म ट्रान्सपोर्ट मैकेनिजम**–(1) मैनुअल, (2) ऑटो वाइन्डिंग। 10

(6) एक्सपोजर काउण्टर, फ्लेस कन्टेक्ट, एम0 काटैक्ट (M.contact sistem) सेल्फ टाइमर। 10

द्वितीय प्रश्न–पत्र

डेवलपिंग

1–**फोटोग्राफिक रसायन**–डेवलपर, स्टाप बाथ, फिक्सर, हार्डनर, वेटिंग एजेन्ट। 18

2–**फिल्म प्रोसेसिंग**– 18

(क) विभिन्न विधियां

(ख) विभिन्न प्रकार के डेवलपर

(ग) विशेष डेवलपर–ट्रापिकल, भौतिक, मोनोवाथ।

3–समय ताप व हिलाने का डेवलपर पर प्रभाव, अण्डर तथा ओवर डेवलेपमेन्ट। 8

4–निगेटिव की कमियां, रिडेक्शन, इन्टेन्सीफिकेशन। 8

5–फॉग व उसके प्रकार व उनका निवारण। 8

तृतीय प्रश्न–पत्र

प्रिंटिंग

(1) प्रिटिंग की विशिष्ट विधियां : 24

वर्निंग, डाजिंग, विगनिटिंग, डिस्टार्शन, करेक्शन, डिफ्युजन या साफ्ट फोकस, फोटोग्राफ, बासरिलोफ सोलराईजेशन,

(2) रंग संस्कार तथा उसके प्रकाश–रसायनिक, धातुविध, डाई टोनिंग, राटचिंग व फिनिशिंग। 12

(3) सम्बद्ध उपसाधन :

कैमरा स्टैण्ड (ट्राईपॉड)

पेनिंग टिल्ट हेड, लेन्स हुड, केबिल, रिलीज, एक्सपोजर, मीटर, एक्सटेंशन टयूब, एक्सटेंशन बैलोज, टेली कनवर्टर। 24

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

इन्डोर फोटोग्राफी

(1) **स्टिललाइफ तथा टेबल टाप फोटोग्राफी**– 20

(अ) विभिन्न प्रकार के वस्तुओं के आकार टेक्सचर तथा टोन्स के लिए छाया चित्रण।

(ब) विभिन्न प्रकार के वस्तु उनके समूह तथा रख–रखाव की व्यवस्था प्रकाश के परिप्रेक्ष्य में:

(2) **फ्लैश फोटोग्राफी :** 40

(अ) परिचय, सिद्धान्त, प्रकार, प्रयोग एवं आधुनिक युग में इसका महत्व।

(ब) फ्लैश यूनिट क्या है तथा इसके प्रकारों का अध्ययन

(स) विषयवस्तु पर डाइरेक्ट फ्लैश की व्यवस्था एवं उचित डाइग्राम के माध्यम से अध्ययन।

(द) मल्टीपल फ्लैश क्या है एवं इसके प्रयोग।

(य) फिल–इन फ्लैश क्या है एवं प्रयोग।

(र) फ्लैश से सम्बद्ध उपसाधनों का प्रयोग, एक्सपोजर तथा उसकी समस्यायें।

पंचम प्रश्न–पत्र

चलचित्रण फोटोग्राफी

(1) **सिनेमेटोग्राफी**– 40

(अ) इतिहास, सिद्धान्त तथा आधुनिक भारत में बुनियादी तकनीक।

(ब) रचनात्मक सिनेमेटोग्राफी की कला–गति का कम्पोजीशन (फ्रेम के अन्दर/फ्रेम के बाहर)।

(स) चलचित्र के क्षेत्र में तीव्र गति फोटोग्राफी का योगदान, स्टाप मोशन तथा टाइम लेप्स, फेड, आउट–फेड इन डिजाल्व, कट का चलचित्र में महत्व।

(द) चलचित्र के क्षेत्र में ऐनिमेशन (कार्टून छाया चित्रण) तथा अन्य विशिष्ट तकनीकी का प्रयोग।

(य) चलचित्र फोटोग्राफी की प्रोसेसिंग तकनीक तथा आवश्यक उपकरण का अध्ययन।

(र) एडिटिंग, टाइटिलिंग तथा प्रजेन्टेशन।

(ल) ध्वनि, अंकन प्रणाली तथा तकनीक।

(व) चलचित्र फोटोग्राफी में दूरदर्शन और वीडियो कैमरा के आधारभूत सिद्धान्त, तकनीक एवं प्रणाली।

सिक्रोनाइज्ड स्टेप्स।

(2) **कॉपीइंग**– 20

कॉपीइंग के लिए उपकरण।

उपयुक्त कैमरा और फिल्म।

प्रकाश व्यवस्था।

निगेटिव और डुप्लीकेट ट्रान्सपेन्सीज (स्लाइड) का निर्माण।

ट्रेड–रंगीन फोटोग्राफी

प्रयोगात्मक सूची

(1) 125 ए0एस0ए0 को पैक्रोमेटिक फिल्म से एक लाल गुलाबों के गुलदस्ते को जिसमें हरी पत्तियां हो तथा पृष्ठभूमि में नीली स्क्रीन है, चित्र, निम्न फिल्टरों के द्वारा खीचें।

(1) पीला फिल्टर, (2) नारंगी फिल्टर (3) गहरा लाल।

आउट डोर चित्र लेने के लिए निम्न सारिणी का प्रयोग करेंगे तो सभी चित्र सही एक्सपोज होंगे।

जितनी फिल्म की गति होगी उसी के अनुसार शटर स्पीड लें। उदाहरण यदि हमारी फिल्म 125 ए0एस0ए0 की है तो शटर स्पीड 1/25 से0 होंगे:

शटर स्पीड–सेक0

125

चमकता सूर्य साफ आकाश गहरी परछाई	चमकता सूर्य बादल युक्त आकाश हल्की परछाई	सूर्य बादलों से घिरा अत्यधिक हल्की परछाई	काले बादल कोई परछाई नहीं	बरान्डे में वस्तु
अपरचर एफ0 16	एफ0 11	एफ0 8	एफ0 5.6	एफ0 4

ऊपर स्थित दशा में विभिन्न चित्र खींचे, डेवलप करें तथा उनके प्रिन्ट बनायें।

इस प्रकार प्राप्त निगेटिवों को प्रिन्ट करके क्रिटीसाइज करें।

(2) कुछ अच्छे निगेटिवों को लें और उनके ब्रोमाइड पेपर पर 2, 4, 8, 4, 6 गुना इनलार्जमेंट बनायें।

(1) विभिन्न आकार के अच्छे प्रिन्टों को निम्न ओनिंग घोलों में टोन करें।

2.(1) **सीपिंया टोन**–सोडियम सल्फाइड द्वारा

प्रिन्ट को निम्न घोल में ब्लीच करें–

पोटाशियम ब्रोमाइड	5 ग्राम
पोटाशियम फेरीसायनाइड	1 ग्राम
पानी	100 सी0सी0

ब्लीचिंग के उपरान्त प्रिन्ट को भली–भाँति पानी में धो लें।

अब प्रिन्ट को

साोडियम सल्फाइड	4 ग्राम
पानी	100 सी0सी0

के घोल में डाल दें। प्रिन्ट भूरा या सीपिया टोन में आ जायेगा।

नोट–(i) सोडियम सल्फाइड घोल में उत्पन्न गैस फोटोग्राफी सम्बन्धित वस्तुओं के लिए हानिकारक है इस प्रयाेग को खुले स्थान पर करें।

(ii) सोडियम सल्फाइड घोल को कमजोर न होने दें। कमजोर घोल अच्छे टोन नहीं देता है। 20 प्रतिशत घोल भी अधिक समय तक नहीं टिकता है। यह अपनी ताकत को धीरे–धीरे खोता जाता है।

(iii) सोडियम सल्फाइड घोल को कमजोर न होने दें। कमजाोर घोल अच्छे टोन नहीं देता है। 20 प्रतिशत घोल भी अधिक समय तक नहीं टिकता है। यह अपनी ताकत को धीरे–धीरे खोता जाता है।

2.(2) **हाइपो–एलम**–द्वारा सीपिया टोनिंग।

सर्व प्रथम प्रिन्ट को फार्मलीन या एलम के घोल में सख्त (हार्ड) कर लें।

हाइपो	40 ग्राम
पानी	200 सी0सी0

इस घोल में 10 ग्राम एलम को मिलायें।

प्रयोग के लिए इस घोल का ताप 40 डिग्री से0 से 50 डिग्री से0 तक होना चाहिए अर्थात् घोल अधिक गरम होना चाहिए। इस घोल की खास बात है कि वह दो चार प्रिन्ट को टोन करने के उपरान्त ही उत्तम फल देता है। अतः कुछ पुराने खराब प्रिन्टों की इस घोल में टोन कर लेना चाहिए फिर जिस प्रिन्ट को टोन करना हो उसे इस घोल में ढाल लें। इस कार्य में 10–30 मिनट का समय लग सकता है। ठंडे पानी का प्रयोग न करें।

2.(3) **कापर सल्फेट द्वारा टोनिंग**–

घोल ए–कापर सल्फेड	1 ग्राम
पोटेशियम साइट्रेट	5 ग्राम
पानी	100 सी0सी0
घोल–बी पोटेशियम सल्फेट	8 ग्राम
पोटासियम साइट्रेट	5 ग्राम
पानी	100 सी0सी0

प्रयोग के लिए ए तथा बी को बराबर मात्रा में ले। इस एबी घोल में प्रिन्ट को डाले तथा उचित टोन आने पर निकाल लें।

2.(4) **नीला टोन**–

घोल ए	पोटेशियम फेरी सायनाइड	2 ग्राम
	गन्धक का सान्द्र तेजाब	4 बूंद
घोल बी	फेरिक अमोनियम साइट्रेट	2 ग्राम
	गन्धक का तेजाब सान्द्र	4 बूंद

इस्तेमाल के लिए एबी को बराबर मात्रा में लें। इस घोल में प्रिन्ट तुरन्त नीले हो जाते है अतः इस घोल को 3 गुना पानी में डिल्यूट कर लेनी चाहिए।

(3) **घटाव (रिडक्स्न)**

फारमर रिड्यूसर

घोल ए	हाइपो	10 ग्राम
	पानी	100 सी0सी0
घोल बी	पोटेशिमय फेरी सायनाइड	2 ग्राम
	पानी	100 सी0सी0

प्रयोग के लिए 5 सी0सी0 ए का तथा 5 सी0सी0 बी को लेकर तुरन्त इस्तेमाल करें अन्यथा यह घोल धीरे–धीरे खराब हो जायेगा।

अधिक डेवलप तथा अधिक एक्सपोजर वाले निगेटिव या प्रिन्ट को सही घनत्व में लाने के लिए इस घोल में निगेटिव या प्रिन्ट डालकर हिलाते रहते हैं उचित धनत्व आने पर उन्हें पानी से भली प्रकार धो लेते हैं और फिर सुखा लेते हैं।

(4) **तीब्रीकरण, इनटेन्ससीफिकेशन**

वाइक्रोमेट विधि–जो भी निगेटिव अण्डर डेवलप रह जाय उसे नार्मल बनाने के लिए वाइक्रोमेट इनटेन्सिफायर का प्रयोग करते हैं।

सर्वप्रथम निगेटिव को–

पोटेशियम डाइक्रोमेट	1 ग्राम
पानी	100 सी0सी0
एच0सी0एल0 कान्क0	5 सी0सी0

के घोल में ब्लीच कर लें।

ब्लीचिंग के उपरान्त फिल्म को तब तक धोवें जब तक पीला रंग हट न जाय। अब किसी नार्मल डेवलेपर में निगेटिव को डेवलप कर लें। इस क्रिया को तब तक दुहरावे जब तक इच्छित घनत्व प्राप्त न हो जाय।

(5) रूप चित्र (पोट्रेट) विभिन्न स्थिति के प्रकाश (अरेंजमेन्ट) व्यवस्था में बनायें।

उदाहरण–45 डिग्री 60 डिग्री साइट आदि।

(6) किसी घनी (ओवर एक्सपोज्ड तथा डेवलप) निगेटिव के घनत्व को खुरचकर कम करें रिटचिंग मीडियम से पेन्सिल का कार्य करें। निगेटिव के चमकीले सतह पर लाल रंग लगा कर उसे हल्का करें। ब्रोमाइड पेपर पर आए पिन होल को पेन्सिल या ब्रश द्वारा निकालें तथा उभाड़ें।

(7) फोटोग्राफ या शैडोग्राम या बिना कैमरे के चित्र बनाना।

विभिन्न वस्तुओं को (पत्ती, कांच के खिलौने, गले की चेन आदि) को ब्रोमाइड पेपर के ऊपर डार्क रूम में सजा लें अब सफेद प्रकाश को या लाइट को एक या दो सेकेण्ड के लिए जला दें। फिर पेपर को डेवलप कर फिक्स कर लें। फोटोग्राफ तैयार।

प्रयोगात्मक परीक्षा

1–कान्टेक्ट प्रिन्ट बनाना।
2–प्रिन्ट की वाशिंग, ग्लेजिंग तथा फिनिशिंग।
3–दस प्रिन्टस 7 ग 9 इंच का विभिन्न विषयों पर एक पोर्टफोलियो तैयार करना।
4–प्रिंटिग की नियंत्रित विधि।
5–डोजिंग, वर्निग आदि का प्रयोग करके इन्लार्जमेन्ट बनाना।
6–लार्ज तथा मीडियम फारमेट के कैमरों का प्रयाोग।
7–विभिन्न व्यवस्थाओं और पृष्ठ भूमियों के साथ पोट्रेट।
8–सिर और कन्धा (पूरा चेहरा, 3/4 चेहरा और प्रोफाइल)।
9–3/4 तथा पूरे आकार का पोट्रेट।
10–विभिन्न दूरियों, आकारों तथा रंगों के तीन से पाँच वस्तु का छाया चित्रांकन।
11–एक सीधे फ्लैश का प्रयोग।
12–बाउन्स फ्लैश का प्रयोग।
13–अम्ब्रैला फ्लैश का प्रयोग।
14–विभिन्न प्रकाश दशाओं में रंगीन फिल्मों का उद्भासन।
15–उद्भासन फिल्टर सहित तथा फिल्टर रहित।
16–फिल्म प्रोसेसिंग तथा प्रिन्टिग।
17–कलर निगेटिव बनाना तथा ट्रान्सपेरेन्सीज (स्लाइड) की डुप्लीकेटिंग।
18–रंगीन छाया चित्रण–कार्यशालाओं का परिभ्रमण तथा आख्या तैयार करना।
19–सिनेमेटोग्राफी–कार्यशाला के परिभ्रमण तथा आख्या तैयार करना।
20–मूवी कैमरे की जानकारी तथा संचालन एवं अनुरक्षण।

प्रोजेक्ट वर्क

दिये गये निम्न प्रोजेक्ट कार्य में से किसी एक प्रोजेक्ट पर कार्य करना अनिवार्य है।

स्टेज फोटोग्राफी (डांस, नाटक कलाकारों का छायाचित्रण, कुम्हार, फैशन, रचनात्मक टेबुलटाप, फोटोग्राम) वार्षिक परीक्षा में परीक्षक के समक्ष प्रोजेक्ट कार्य प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रोजेक्ट कार्य 20 अंकों का होगा।

उदाहरण–

दिनांक

प्रयोग नं0 1

विषय–एक निगेटिव का कान्टेक्ट प्रिन्ट बनाना।
उपकरण–कान्टेक्ट प्रिटिंग फ्रेम, निगेटिव।
पेपर का प्रयोग–एग्फा सगल बेट नार्मल।
एक्सपोजर–10 से0 60 वाट लैम्प से 3 फीट की दूरी पर।
डेवलपिंग समय–90 से 68 फा0 ताप पर।
फिक्सिंग समय–5 मिनट।
घुलने का समय–1/2 घंटा बहते पानी में।
परिणाम–उत्तम

निरीक्षण–निगेटिव के कुछ अधिक एक्सपोज होने के कारण अधिक एक्सपोजर देना पड़ा जिससे सही प्रिन्ट बन सके। निगेटिव को हल्का सा रिड्यूस करने से निगेटिव के घनत्व को कम किया जा सकता है। सही टेस्ट स्ट्रिप निकाल कर सही डेवलपिंग समय ताप के अनुसार देना चाहिए। अधिक एक्सपोजर तथा अधिक डेवलपिंग किसी भी मूल्य पर नहीं करना चाहिए।

Date	..	
Example	..	Experiment No. 1
Object	..	To prepare a contact print of a given negative.
Apparatus	..	Contact printing frame.
Paper used	..	Agla single wt. glossy, normal.
Exposure given	..	10 sec. from a 60 wt. lamp at a distance of 3 ft.
Developing time	..	120 sec. at temp 68^{o} F.

Fixing time	. .	6 Min.
Washing time	. .	1/2 hour in running water.
Result	. .	Satisfactory.
Observation	. .	The negative was slightly over exposed hence a longer exposure was required for a correct print. By reducing the negative to lesser density this over exposure problem can be solved.
Precautions	. .	Care must be taken in taking cut the test strips and correct developing time must be given at the temp. Over exposure and over developing must be avoided.

EQUIPMENT NECESSARY FOR COLOUR PHOTOGRAPHY

Sl. no.	Equipment	Make	Country	Cost
1	2	3	4	5
				Rs.
1	35 mm. SLR Camera	Nikon	Japan complete	80,000.00
2	One Med Format Camera	Mamiy	,, ,,	50,000.00
3	One Umatic Video Camera	Betacam	,, ,,	1,50,000.00
4	One VHS Camera	Sony	,, ,,	50,000.00
5	One color Head Enlargers	Sony	,, ,,	60,000.00
6	One Multi Media Computers	Wiper	,, ,,	50,000.00
7	One Color Head Enlargers	Drust	Italy complete	1,50,000.00
8	Four Black & White Enlargers	KB India	India	20,000.00
9	Six Electronic Lights	Pro Blitz	Japan	40,000.00
10	One Air-Conditioner	Videocon	India	40,000.00
11	Two Film Dryer	Philips	India	20,000.00
12	Refrigerator	BPL	India	25,000.00
13	Two Stereo Tape recorders	BPL	India	50,000.00
14	One Heavy Duty Generator Set	Voltas	India	50,000.00
15	Miscellaneous Expenditures	. .	. .	50,000.00
			Total	88,50,000.00
1	Furnished Air-conditioned Studio	(T.V. Video Digital)		40,00,000.00
2	One Televison Camera			1,50,00,000.00
3	Complete Colour Lab.			20,00,000.00
			Total	2,10,00,000.00
	RECURRING			
20	Umatic Tapes	Panasonic	Japan	30,000.00
40	VHS Tapes	Panasonic	Japan	20,000.00
40	Audio Tapes	Sony	Japan	10,000.00
	Studio Back Grounds	Sony	Japan	10,000.00
	Color Sensitive Material	Kodak	Germany	50,000.00
	Black & White Sen Material	Kodak	Germany	80,000.00
			Total	3,20,000.00

BOOKS RECOMMENDED

1. Photography Theory & Practice : L.P. Clerc Vol. I & II
2. The Reproduction of Color : R. W. G. Hunt
3. High Speed Photography & Photonics : Sidney F. Ray
4. Photographic Developing in Practice : Geoffrey Attridge
5. An Introduction to Color : Relph M. Evans
6. Instant Film Photography : Michael Freeman
7. Photographic Optics : Authur Cox
8. The Book of Nature Photography : Heather Angle
9. Male Photography : Michael Busselle
10. Basic Motion Picture Technology : L. Bernard happe

11. Photographic Evidence	:	S. G. Ehrtich
12. Photography in school : A Guil for Teachers	:	Robert Leggat
13. Fillming for Pleasure & Profit	:	Ches Livingstone
14. Motion Picture Camera Data	:	Dareid W. Samuelson
15. T. V. Lighting Method	:	Gerald Millerson
16. 16 mm. Film Cutting	:	John Burder
17. Script Continuity and the Production Secretary	:	Avril Rowlands
18. Motion Picture Film Processing	:	Domnic Oase
19. Basic T. V. Staging	:	Gerald Millerson
20. The Focal Guide to Cibachrome	:	Jack h. Coote
21. The Focal Guide to Camera Accessories	:	Leonard Gaunt
22. Focal Guide to Larger Format Cameras	:	Sidney Ray
23. Photographic Skies	:	David Charles
24. Photo Guide to Portraits	:	Gunter Spitzing
25. Focal Guide to Color Film Processing	:	Derek Watkins
26. फोटोग्राफी, उसके सिद्धान्त तथा तकनीक	:	**हिमांश तिवारी**

(12) ट्रेड–रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन

कक्षा–12

उद्‌देश्य–रेडियो एवं टेलीविजन आधुनिक युग में मनोरंजन का सशक्त माध्यम तो है ही साथ ही विश्व के एक छोर से दूसरे छोर तक अद्यतन सूचना तथा समाचार प्रसारित करने का भी सबल माध्यम है। आज यह विलासिता की वस्तु न रहकर ज्ञान संवर्धन के लिए आवश्यक आवश्यकता बनती जा रही है। इनकी मांग तथा सेवा का प्रसार तीव्रता से हो रहा है। अतः कुछ छात्रों को इस ट्रेड में शिक्षण देना लाभकारी सिद्ध हो सकेगा।

रोजगार के अवसर–

1–रेडियो तथा टेलीविजन निर्माण करने वाली कम्पनियों में नौकरी पा सकता है।

2–किसी रेडियो तथा टेलीविजन की दुकान पर रोजगार पा सकता है।

3–रेडियो तथा टेलीविजन की मरम्मत की दुकान खोलकर स्वरोजगार कर सकता है।

4–रेडियो तथा टेलीविजन के स्पेयर पार्ट्स की दुकान खोलकर स्वरोजगार कर सकता है।

5–डोर टू डोर सेवा के अन्तर्गत खराब रेडियो, ट्रान्जिस्टर एवं टेलीविजन सेट्स को लोगों के घर पर जाकर मरम्मत करके अच्छा धनोपार्जन कर सकता है।

6–रेडियो टेलीविजन ट्रेनिंग सेन्टर खोल सकता है।

7–दो बैंड के रेडियो बनाना, स्टेबलाइजर तथा टी0 वी0 का निर्माण।

पाठ्‌यक्रम–इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पाँच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंको का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

(क) सैद्धान्तिक–		पूर्णांक		उत्तीर्णांक
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) **प्रयोगात्मक**–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
बाह्य परीक्षा	200			

100 अंक प्रयोगात्मक कार्य
100 अंक प्रोजेक्ट कार्य } बाह्य परीक्षा हेतु

टीप–परीक्षार्थियों की लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र

(तरंग गति एवं ध्वनि का सिद्धान्त)

1–**तरंगों का अध्यारोपण**–दो स्रोतों के कारण स्पेस में व्यक्तिकरण, विवर्तन की संकल्पना, विस्पन्द की घटना, विस्पन्दों की गणना। 20

2–अप्रगामी तरंगें–बद्ध माध्यम, अप्रगामी तरंगे, निस्पंद और प्रस्पन्द, बद्ध माध्यम के कम्पनी की लाक्षणिक प्रवृत्तियां, डोरी एवं आयु स्तम्भों के कस (अनत्य संशोधन जैसी बारीकियां नहीं) सोनो मीटर, मैल्डिस का प्रयोग, अनुनाद स्तम्भ और कुन्द नलिका। 20

3–डाप्लर का सिद्धान्त–आभासी आवृत्ति की गणना करना। 20

(1) जब प्रेक्षक, स्रोत की ओर गतिमान हो।

(2) जब प्रेक्षक से दूर जा रहा हो।

द्वितीय प्रश्न–पत्र

(विद्युत तथा विद्युत् चुम्बकत्व का सिद्धान्त)

(क) विद्युत्–

(1) **धारिता**–धारिता की परिभाषा, गोलाकार चालक की धारिता, आवेशित चालक की ऊर्जा, संघारित्र का सिद्धान्त, समान्तर प्लेट संधारित्र की धारिता, गोलाकार संघारित्र की धारिता, श्रेणी क्रम तथा समान्तर क्रम में संघारित्रों का संयोजना, संधारित्र की ऊर्जा। 15

(2) **वैद्युत चालन**–अम्ल, क्षार तथा लवण के जलीय विलयन में वैद्युत चालन (आयतन वैद्युत अपघटन फैराडे के वैद्युत अपघटन के नियम, फैराडे संख्या) गैसों में वैद्युत चालन, धातुओं में वैद्युत चालन, ओम का नियम, धारा घनत्व, प्रतिरोध, विशिष्ट प्रतिरोध चालकता, विशिष्ट चालकता, ताप परिवर्तन का प्रतिरोध तथा विशिष्ट प्रतिरोध पर प्रभाव, प्रतिरोध का ताप गुणांक। 15

(ख) विद्युत् चुम्बकत्व–

(1) **विद्युत चुम्बकीय प्रेरणा**–चुम्बकीय फ्लक्स, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के लिए फैराडे का नियम से प्रेरित विद्युत वाहक बल का लारेंज बलों के आधार पर व्याख्या। विद्युत धारा जनित्र (डायनमों) ए0सी0, डी0सी0 का सिद्धान्त। स्वप्रेरण, स्वप्रेरकत्व पर क्रोड के पदार्थ का प्रभाव। प्रेरणीय परिपथ में धारा के उत्थान और क्षेत्र का ग्राफीय वर्णन (उपपत्ति नहीं) अन्योन्य प्रेरण को परिभाषाओं, क्रोड पदार्थ पर निर्भरता, ट्रान्सफार्मर (गुणात्मक) सरल धारा मीटर का प्रतिकूल विद्युत वाहक बल। 15

(2) **प्रत्यावर्ती धारा परिपथ**–वोल्टता तथा धारा का समय के प्रति ग्राफीय चित्रण। वोल्टा एवं धारा तथा धारा में कलान्तर। वर्ग माध्य मूल मान अश्व शक्ति वाल्हीन धारा चोक, कुण्डली। किसी परिपथ में कम्पन एवं आवृत्ति (एक स्प्रिंग पर लगे पिण्ड के कम्पनों से तुलना)। 15

तृतीय प्रश्न–पत्र

(बेसिक इलेक्ट्रानिक्स)

1–**विद्युत एवं विद्युत स्त्रोत**–विद्युत धारा के प्रकार–दिष्ट धारा, प्रत्यावर्ती धारा, दिष्ट धारा एवं प्रत्यावर्ती धारा के स्रोत। 10

2–**संधारित्र तथा उसके प्रकार**–संधारित्र या पारिग्र (कपिसटर या कण्डेन्सर), मात्रक संधारित्र पर विभिन्न कारकों का प्रभाव, कार्य विभव, संधारित्र के प्रकार–स्थायी, परिवर्ती, अर्द्ध परिवर्ती, बनावट के आधार पर–माइका, पेपर सिरेनिक, पोलिस्टर, इलेक्ट्रोलाइटिक, वाय गैन्ग, ट्रिमर या पेडर, संधारित्रों का संयोजन। 10

3–**लाउड स्पीकर**–संरचना, कार्यविधि, आडियो आवर्ती, अनुक्रिया चक्र। 10

4–**मल्टीमीटर**–संरचना, कार्यविधि, वोल्टमीटर, अमीटर, ओम मापी की तरह, उपयोग, सुग्राहिता, गुण–दोष। 10

5–**अर्द्ध चालक**–शुद्ध चालक, अशुद्ध अर्द्ध चालक–पी0 तथा एन0 प्रकार के अर्द्ध चालक, इलेक्ट्रानिक संरचना। बहुसंख्यक तथा अल्पसंख्यक आवेशवाही। 10

6–**डायोड**–निर्यात डायोड–संरचना व अभिलक्षण वक्र, पी0एन0 सन्धि डायोड–संरचना, कार्यविधि तथा अभिलक्षण वक्र। निर्वात डायोड तथा पी0एन0 सन्धि डायोड में अन्तर। डायोड के उपयोगदिष्टकारी तथा संसूचक के रूप में। सेतु दिष्टकारी–परिपथ, कार्यविधि, निवेशों तथा निर्गत तरंग रूप। 10

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

(ट्रांजिस्टर तथा ट्रांजिस्टर रेडियो)

(1) **ट्रांजिस्टर अभिग्राही**–अभिग्राही का ब्लाक आरेख व कार्य–विधि, विभिन्न अवस्थाओं का विस्तृत विवरण रेडियो आवृत्ति प्रवर्धक, कनवनेर, आई0एफ0 प्रवर्धक, डिटेक्टर तथा श्रवय प्रवर्धक। 20

(2) **टेप रेकार्डर**–आडियोटेप रिकार्डर के मुख्य भाग तथा उनकी कार्य–प्रणाली। 20

(3) **दोष निवारण**–ट्रांजिस्टर अभिग्राही की विभिन्न अवस्थाओं के प्रमुख दोष व निवारण, टेप–रिकार्डर में संभावित दोष व उनका निवारण। 20

पंचम प्रश्न–पत्र
(श्वेत–श्याम तथा रंगीन टेलीविजन)

1–श्वेत–श्याम टेलीविजन के निम्न संभागों की कार्य विधि एवं दोष, टी0वी0 पावर सप्लाई टी0वी0 के कामन सेक्शन, वीडियों सेक्शन, आडियो सेक्शन, सिन्क सेक्शन, ए0जी0सी0 (स्वचालित गेन कन्ट्रोल), होरिजन्टल सेक्शन, वर्टिकल सेक्शन तथा ई0एच0टी0 (एक्सट्रा हाई टेंशन) सेक्शन।	9
2–श्वेत–श्याम टेलीविजन तथा रंगीन टी0वी0 में मुख्य अन्तर प्राथमिक रंग, कलर मिक्सिंग थ्योरी, सेचुरेशन क्रामिनेन्श स्यूमिनेन्स, ह्यू।	9
3–सालिड स्टेट–रंगीन टेलीविजन के विभिन्न भाग, उनके कार्य एवं मुख्य दोष। रिमोट कन्ट्रोल की सामान्य जानकारी।	9
4–टेलीविजन बूस्टर की कार्य प्रणाली तथा उसका टेलीविजन में उपयोग तथा आवश्यकता।	9
5–केबिल टेलीविजन की सामान्य जानकारी।	8
6–टेलीविजन मरम्मत के लिए आवश्यक उपकरण।	8
7–टेलीविजन मरम्मत की दुकान के लिए आवश्यक सामग्री।	8

प्रयोगात्मक कार्य का पाठ्यक्रम

1–दो बैंड के ट्रांजिस्टर अभिग्राही को बनाना तथा उनका परीक्षण करना।

(अ) मीडियम बैण्ड तथा शार्ट वेव।

अथवा

(ब) मीडियम बैण्ड तथा एफ0 एम0।

2–बैण्ड स्विच की वायरिंग करना।

3–अभिग्राही का एलाइनमेन्ट करना।

4–अभिग्राही में दोष निवारण।

5–श्वेत–श्याम टेलीविजन किट की सहायता से असेम्बल करना तथा उनके दोष निवारण निकालना।

6–पैटर्न जनरेटर की सहायता से टेलीविजन का एलाइनमेन्ट।

7–टेलीविजन में बूस्टर का उपयोग तथा उनका परीक्षण।

8–विभिन्न प्रकार के एण्टीना की जानकारी तथा उपयोग।

9–रंगीन टेलीविजन के विभिन्न भागों में मल्टीमीटर के द्वारा परीक्षण करना तथा दोष निवारण करना।

10–टेलीविजन में रिमोट लगाना।

प्रोजेक्ट कार्य सूची

प्रोजेक्ट कार्य के लिए प्रोजेक्टों की सूची निम्नवत् है–

1–नियंत्रित पावर सप्लाई (o. 30v, 1A)।

2–दो बैण्ड वाला अभिग्राही।

3–किट का प्रयोग करके टेप–रिकार्डर एसेम्बिल करना।

4– किट का प्रयोग करके श्वेत–श्याम टी0वी0 बनाना।

5–10 वाट का शक्ति प्रवर्धक।

6–टी0वी0 के लिए प्रयोग में आने वाला स्थायीकारक (स्टेबिलाइजर)।

7–टी0वी0 प्रदर्शन (डिमांस्ट्रेशन) माडल जिसमें दोष–निवारण किया जा सके।

इस सूची के अतिरिक्त विषय अध्यापक स्वविवेक से विषय से सम्बन्धित उपयुक्त प्रोजेक्ट भी बनवा सकते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को समूह में प्रोजेक्ट आवंटन कर सकते हैं परन्तु प्रोजेक्ट बनाना अनिवार्य है।

प्रायोगिक अंकों का विभाजन निम्न प्रकार से प्रस्तावित है–

आंतरिक परीक्षा	200 अंक	
बाह्य परीक्षा	प्रायोगिक परीक्षा	100 अंक
	प्रोजेक्ट	100 अंक
	योग...	200 अंक

रेडियों एवं रंगीन टेलीविजन तकनीक उपकरणों की सूची

क्रम–संख्या	उपकरण का नाम	संख्या	अनुमानित (a) मूल्य / अ0	अनुमानित मूल्य
1	2	3	4	5
			रु0	रु0
1	सोल्डरिंग आइरन (25w. 35w)	25	35.00	875.00
2	कटर	25	10.00	250.00
3	नोज प्लायर	25	10.00	250.00
4	काम्बीनेशन प्लायर	25	15.00	375.00
5	स्क्रू ड्राइवर सेट (सेट आफ 16)	25	100.00	2500.00
6	चिमटी (टवीजर)	25	3.00	75.00
7	ब्रश (इंस्टूमेन्ट साफ करने के लिए)	10	20.00	200.00
8	फाइल (रेती) (फलेंट, राउण्ड ट्रेगलर)	10 सेट	50.00	500.00
9	बेंच वाइस	5	50.00	250.00
10	हैण्ड ड्रिल	5	40.00	200.00
11	हेक्सा तथा हेक्सा ब्लेड	5	20.00	100.00
12	स्पेनर सेट (रिंच सेट)	5	75.00	375.00
13	हैमर (हथौड़ी छोटी)	5	20.00	100.00
14	टेस्टिंग बोर्ड (टेस्टिंग बोर्ड) (मेन्स बोर्ड) (चार या पाँच प्लग साकेट वाला)	10	40.00	400.00
15	मल्टी मीटर (डिजिटल एनालाग)	10	225.00	2250.00
16	बैटरी एलिमिनेटर	15	125.00	1875.00
17	वोल्टेज रेगुलेटर (टी0 वी0 स्टेबिलाइजर)	10	150.00	1500.00
18	श्वेत–श्याम 51 से0मी0 वी0 सेट	2	3500.00	7000.00
19	श्वेत–श्याम 36 से0मी0 टी0वी0 सेट	5	1500.00	7500.00
20	सिगनल जेनरेटर (आर0 एफ0)	2	2500.00	5000.00
21	पैटर्न जेनरेटर	2	1500.00	3000.00
22	ट्रांजिस्टर किट	25	140.00	3500.00
23	टेपरिकार्डर (मोनो)	5	500.00	2500.00
24	टू इन वन (टेपरिकार्डर तथा ट्रांजिस्टर)	5	650.00	3250.00
25	रंगीन टेलीवीजन सेट (दो अलग–अलग प्रकार के)	2	7400.00	14800.00
26	इलेक्ट्रानिक कम्पोनेन्ट तथा सोल्डर	. .	. .	5000.00
27	कैथोड रे आस्सिकोस्कोप	2	14000.00	28000.00
28	आर0 सी0 एल0 ब्रिज	1	4000.00	4000.00
29	आडियो आस्सिलेटर	2	2000.00	4000.00
			योग . .	**96,925.00**

पुस्तकें–

1–रेडियों एवं टेलीवीजन तकनीक–ले0 महेन्द्र सिंह, सबीर सिंह, भारत प्रकाशन मंदिर, 142ए, विजय नगर, वेस्टर्न कचेहरी रोड, मेरठ–मूल्य 125 रु0 लगभग।

2–टेलीवीजन इंजीनियरिंग–ले0 वाई0 डी0 शर्मा, भारत प्रकाशन एण्ड कम्पनी, वेस्टर्न कचेहरी रोड, मेरठ–मूल्य 100 रु0 लगभग।

3–रेडियों एवं टेलीवीजन तकनीक।
4–टेलीवीजन सर्विसिंग मैनुअल।
5–टेलीवीजन सर्विसिंग मैनुअल
6–कलर टेलीवीजन सर्विसिंग मैनुअल
7–रिमोट आपरेटिंग एण्ड सर्विसिंग मैनुअल
8–कलर कोड गाइड

} राज पब्लिकेशन, केदार काम्पलक्स, देहली गेट, मेरठ प्रत्येक का मूल्य लगभग 25 रु0

(13) ट्रेड–ऑटोमोबाइल
कक्षा–12

उद्देश्य–

1–अधिकांश जनसंख्या का निवास गाँव में है, जिनके लिये आने जाने का साधन तथा माल ढोने का साधन केवल वाहनों द्वारा ही उपलब्ध कराया जा सकता है। ऐसी जगहों में रेल उपलब्ध नहीं है, उन वाहनों की मरम्मत हेतु शहर में आना पड़ता है तथा अधिक धन खर्च होता है, जिसको बचाने के लिये ऑटोमोबाइल्स का प्रशिक्षण आवश्यक है। इसके द्वारा हम अपने वाहनों को ग्रामीण क्षेत्र में भी मरम्मत करने के बाद चला सकते हैं तथा अपव्यय को बचा सकते हैं।

2–बेरोजगारी दूर करने में सहायक होता है।

स्कोप–

1–गैरेज खोल सकता है।

2–डिप्लोमा इंजी0 में द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकता है।

3–स्पेयर पार्ट्स की दुकान खोल सकता है।

4–किसी भी ऑटोमोबाइल फैक्ट्री में नौकरी कर सकता है।

5–किसी भी संस्थान में एक वर्ष का अप्रेन्टिशशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंका का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक				
आन्तरिक परीक्षा	200	400		200
वाह्य परीक्षा	200			

आन्तरिक परीक्षा के अंक आन्तरिक परीक्षक द्वारा दिये जायेंगे। जिसका विवरण निम्न है :

क्षेत्रीय कार्य					कार्यस्थल पर प्रशिक्षण	
उपस्थिति अनुशासन	लिखित कार्य	दो वर्षों में पाँच टेस्ट लिये जायेंगे	मौखिकी	योग	प्रतिष्ठानों तथा शैक्षिक भ्रमण	योग
10	20	50	20	100	100	200

वाह्य परीक्षा के अंक परिषद् द्वारा नियुक्त परीक्षक द्वारा दिये जायेंगे।

अंक विभाजन–

दीर्घ प्रयोग	दीर्घ प्रयोग	लघु प्रयोग	लघु प्रयोग	मौखिक प्रयोग के सूची के आधार पर	प्रैक्टिकल नोट बुक	योग
1	2	1	2			
40	40	20	20	40	40	200

प्रथम प्रश्न–पत्र
(ऑटोमोबाइल्स का परिचय इंजनों के प्रकार व पार्ट्स) पूर्णांक : 60

1. कम्प्रेशन इग्नीशन इंजन–उद्देश्य, इंजन की बनावट (टू स्ट्रोक इंजन, फोर स्ट्रोक इंजन) टू तथा फोर स्ट्रोक इंजन कार्यविधि, दो तथा चार स्ट्रोक इंजनों में अन्तर, डीजल तथा पेट्रोल इंजन में अन्तर, सुपर चार्जर, नाकिंग, डिटोनेशन, काल्पनिक तथा वास्तविक P-V आरेख आदि विवरण। 20

2. वाल्व ऑपरेटिंग मैकेनिज्म–वाल्व, प्रणाली की आवश्यकता एवं कार्य, विभिन्न प्रकार के वाल्व ऑपरेटिंग मैकेनिज्म (स्लाइडिंग वाल्व, ओवर हेड लिफ्टिंग आदि) पुशराड, रॉकेट आर्म, स्प्रिंग, वाल्व सीट, वाल्व गाइड आदि का विवरण। 20

3. इन्टेक, एग्जास्ट एवं साइलेन्सर–इनटेक सिस्टम, इन्टेक मेनी फोल्ड, एग्जास्ट सिस्टम, एग्जास्ट मेनी फोल्ड, साइलेन्सर, साइलेन्सर के प्रकार, मफलर, मफलर के प्रकार, कैटेलिक कन्वर्टर, ऑटोमोबाइल्स में प्रदूषण रहित व्यवस्था हेतु विभिन्न यूरो के बारे में विवरण। 20

द्वितीय प्रश्न–पत्र

(इंजन के सिस्टमों का विवरण एवं उनकी कार्य प्रणाली) पूर्णांक : 60

1. फ्यूल सप्लाई सिस्टम (डीजल)–परिचय, इंजेक्शन से तात्पर्य, फ्यूल फीड पम्प, फ्यूल इंजेक्शन पम्प, फ्यूल इन्जेक्टर, फ्यूल फिल्टर, गवर्नर, गवर्नर के प्रकार, नोजल के कार्य का विवरण व विभिन्न प्रकार की नॉजल, उपरोक्त सभी के प्रकार, कार्य, उपयोग, रखरखाव आदि का विवरण। 20

2. इग्नीशन सिस्टम एवं विद्युत्–परिचय, इग्नीशन सिस्टम के कार्य, इग्नीशन सिस्टम के प्रकार (मैग्नेटिक तथा बैटरी इग्नीशन) इग्नीशन क्वॉयल, कन्डेन्सर, डिस्ट्रीब्यूटर, रेग्यूलेटर, स्पार्क प्लग, स्पार्क प्लग के प्रकार, ग्लो प्लग, ऑक्टेन, सीटेन नम्बर, ईंधन का ऊष्मीयमान, विभिन्न प्रकार के इंजनों के फायरिंग आर्डर आदि कार्य प्रभार, भाग, उपयोग, रखरखाव एवं सावधानियों का विवरण। 20

5–छात्रों की सृजन शक्ति का विकास करना।

6–छात्रों में श्रम के प्रति निष्ठा एवं आदर की भावना उत्पन्न करना।

स्वरोजगार के अवसर–

1–स्व–रोजगार स्थापित करने के पूर्व किसी धातु शिल्प के उद्योग में एप्रेन्टिसशिप का जाब कर धनोपार्जन करना तथा वहां पर उद्योग के वातावरण में रहकर सम्बन्धित ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त करना।

2–धातु चादर से कलात्मक वस्तुओं की निर्माणशाला स्थापित कर सकता है।

3–अलौह धातुओं की कलात्मक ढलाई द्वारा वस्तुओं के निर्माण हेतु कुटीर उद्योग स्थापित कर सकता है।

4–इस शिल्प से सम्बनिधत वस्तुओं का बिक्रय केन्द्र खोल सकता है तथा सेल्समैन का कार्य कर सकता है।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

टीप–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(धातुओं का सामान्य ज्ञान)

1–मिश्र धातु की परिभाषा, मिश्र धातु बनाने के उद्देश्य और उसके गुण तथा उपयोग, विभिन्न प्रकार की पीतल, उनके गुण उपयोग। 12

2–विभिन्न प्रकार की धातु चादरों का ज्ञान। 12

3–अल्यूमीनियम, तांबा व पीतल के व्यावहारिक कार्य हेतु विभिन्न रूप–तार, चादर, पटरी, ट्यूब, गोल व चौकोर पाइप, ऐंगिल आदि। 12

4—धातु की लम्बाई, क्षेत्रफल, आयतन, परिमिति की गणना, आपेक्षित घनत्व की सहायता से मात्रा ज्ञात कर मूल्य निकालना। 12

5—भारत में कलात्मक धातु कला का महत्व एवं कलात्मक धातु कला के प्रमुख कार्य स्थल, मुरादाबाद का विशेष सन्दर्भ और उनके निर्यात की सम्भावनायें। 12

द्वितीय प्रश्न—पत्र

(धातु शिल्प के सामान्य यंत्र व उपकरण एवं प्रक्रियाएं)

भाग—अ

1—स्क्रेपिंग। 10

2—पैचिंग व ड्रिलिंग। 10

3—शेप मेकिंग—हाइलोइंग, रेजिंग, क्रीजिंग व शिकिंग। 10

4—ज्वाइंटिंग—रिवेटिंग, सोल्डरिंग, ब्रेजिंग, वेल्डिंग, नट—बोल्ट या सीम जोड़। 10

5—तापीय क्रियाएं—एनीयलिंग, टैम्परिंग, नारमलाइजिंग व केसहाडिनिंग का ज्ञान। 10

6—इलेक्ट्रोप्लेटिंग। 10

तृतीय प्रश्न—पत्र

(डिजाइनिंग एवं साजवट का कार्य)

भाग—अ

1—अलंकरण की विधियां—स्क्रेपिंग, इंग्रेविंग, इनेमलिंग, एचिंग, एम्बालिंग, वुलीवर्क, मीनाकारी, लकरिंग रिपाउच वर्क, टेम्पर कलर की विधियों का ज्ञान कराना। 30

उपर्युक्त क्रियाओं में प्रयुक्त उपकरणों की जानकारी व सही प्रयोग विधि।

2—धातु वस्तु पर पॉलिशिंग का कार्य व प्रयुक्त सामग्री तथा क्रियाविधि की जानाकरी—वफ, एमरो से फलगविपालिंग कम्पाउण्ड। 30

विशेष—चतुर्थ एवं पंचम प्रश्न—पत्र के लिये निम्नलिखित ग्रुप (अ) अथवा ग्रुप (ब) का चयन करना होगा।

ग्रुप (अ)

चतुर्थ प्रश्न—पत्र

(अलौह धातुओं का ढलाई कार्य)

1—अलौह धातुओं की ढलाई में प्रयुक्त उपकरणों की सही प्रयोग विधि का ज्ञान धरिया (क्रसिबुल), विभिन्न प्रकार की सड़सी, हथौड़ा, पैथर या पोडली, सब्बल, धौंकनी (ब्लोवर), हाथ का ब्लोवर, बिजली का ब्लोवर। 12

2—ढलाई कार्य में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार की बालू का ज्ञान। 12

3—बालू मिक्स्चर तैयार करने की विधि। बालू मिक्स्चर तैयार करने की वस्तुओं का ज्ञान—जैसे शीरा, बिरोजा तेल आदि, फेलिंग सैण्ड, पाटिंग पाउडर। 12

4—माल गलाने की विधियां—धरिया द्वारा माल गलाने की विधि। 12

5—गले माल की सफाई का ज्ञान—फ्लेक्स का कार्य एवं प्रयोग। 12

प्रोजेक्ट वर्क—

1—ढलाई कार्य के इतिहास के ऊपर चित्र सहित एक रिपोर्ट लगभग आठ सफों की लिखें।

2—ढलाई के विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में आठ से दस सफों का चित्र सहित वर्णन कीजिये।

ग्रुप (अ)

पंचम प्रश्न—पत्र

(अलौह धातुओं का ढलाई कार्य)

भाग—दो

1—पीतल के अन्दर अशुद्धियों का प्रभाव, ढली हुई वस्तुओं में पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की खराबियों व उनको दूर करने की विधियां। 10

2—ढली हुई वस्तुओं की चिपिंग का ज्ञान 10

3—ढली हुई वस्तुओं पर रासायनिक फिनिशिंग का ज्ञान। 10

4—ढली हुई वस्तुओं का मूल्य निर्धारण। 10

5—ढली हुई अलौह धातु को कलात्मक वस्तुओं के प्रमुख कार्य स्थल की जानकारी। 10

6—लास्ट वैक्स प्रोसेस, आइसनोग्राफी एवं ढोकरा क्राफ्ट। 10

प्रोजेक्ट वर्क—

1—कम से कम दो अलौह धातु की ढलाई से पांच—पांच माडल का निर्माण।

2—लास्ट वैक्स प्रोसेस/आइसनोग्राफी/ढोकरा क्राफ्ट के द्वारा एक वस्तु का निर्माण।

3—ढलाई, लास्ट वैक्स प्रोसेस, आइसनोग्राफी, ढोकरा क्राफ्ट में से किसी एक से सम्बन्धित क्षेत्र का ज्ञान करना और उस पर सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

ग्रुप (ब)

चतुर्थ प्रश्न—पत्र

नक्कासी कार्य व रंग भराई का कार्य

भाग—एक

1—नक्कासी के उपयोग एवं लाभ।	12
2—नक्कासी के लिये विभिन्न नमूनों के निर्माण।	12
3—नक्कासी की फिनिशिंग।	12
4—निर्मित धातु वस्तुओं का मूल्य निकालना तथा लागत बचत का ब्यौरा बनाना।	12
5—निर्मित धातु वस्तुओं के विक्रय केन्द्रों की जानकारी।	12

प्रोजेक्ट वर्क—

1—बच्चे दो साइज के कम से कम 5 गमलों तथा 5 प्लेटों को नक्कासी की विधि द्वारा तैयार करेंगे।

2—नक्कासी से सम्बन्धित किन्हीं दो स्थलों के बारे में 6 से 7 सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

ग्रुप (ब)

पंचम प्रश्न—पत्र

(नक्कासी एवं रंग भराई का कार्य)

भाग—दो

1—स्प्रे पेन्ट की जानकारी।	10
2—फिनिशिंग (छपाई) करने की विधि।	10
3—तैयार वस्तुओं के रख—रखाव व पैकिंग का ज्ञान।	10
4—निर्मित वस्तुओं का मूल्य निकालना।	10
5—निर्मित धातु की वस्तुओं के बिक्रय केन्द्रों की जानकारी।	10
6—फैन्सी आइटम का ज्ञान तथा उनके सजावट का तरीका।	10

प्रोजेक्ट वर्क—

1—बच्चे दो साइज के कम से कम पांच गमलों व पांच प्लेटों को इनमिलिंग द्वारा तैयार करेंगे।

2—इनमिलिंग से सम्बन्धित किन्हीं दो स्थलों के बारे में छः—सात सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

प्रयोगात्मक कार्य का पाठ्यक्रम

प्रयोगात्मक परीक्षा दो भागों में होगी। भाग (क) का प्रयोगात्मक कार्य धातु शिल्प के सभी छात्रों के लिये भाग (ख) का प्रयोगात्मक कार्य विशिष्ट ट्रेड से सम्बन्धित होगा।

विशिष्ट ट्रेड—अलौह धातुओं का ढलाई कार्य अथवा नक्कासी का कार्य व रंग भराई का कार्य।

भाग (क) का पाठ्यक्रम—

भाग (ख) (I) का पाठ्यक्रम—

(I) अलौह धातुओं का ढलाई कार्य—

1—अलौह धातुओं की ढलाई कार्य में प्रयुक्त यंत्रों/उपकरणों के सही नाम जानना और पहचानना।

2—बालू मिक्चर तैयार करना।

3—फेसिंग सैण्ड तैयार करना।

4—मोल्डिंग वैक्स का सही प्रयोग करना।

5—कोर सैण्ड तैयार करना।

6—कोर द्वारा मोल्डिंग करना।

7—भट्ठी में माल गलाना।

8—माल गलते समय धातु की गन्दगी साफ करना।

9—ढली हुई वस्तु की चिपिंग करना।

10—इन्ग्रेन्ड पैटर्न की महीन बालू द्वारा ढलाई करना।

11—ढली हुई वस्तु की फिनिशिंग करना।

नोट—1—प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में कम से कम दो अलौह धातु से पांच मॉडलों/वस्तुओं का पूर्ण रूप से निर्माण किया जाना चाहिये तथा इसे वाह्य परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिये।

2—प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में किये गये अन्य प्रयोगात्मक कार्य/निर्मित वस्तुओं का विस्तृत लेखा/रिपोर्ट विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष रखा जाय।

3—विषय अध्यापक एवं प्रधानाचार्य द्वारा यह प्रमाण—पत्र दिया जाना चाहिये कि मॉडल/वस्तु का निर्माण अमुक छात्र द्वारा ही किया गया है।

भाग (ख) (II) का पाठ्यक्रम–

1–स्प्रे पेंटिंग करना।

2–सफाई करना।

3–निर्मित वस्तुओं का मूल्य निकालना।

4–निर्मित वस्तुओं की पैकिंग करना।

नोट–1–पूर्ण सत्र में प्रत्येक छात्र द्वारा दो साइज के कम से कम 5 गमले तथा 5 प्लेटें जो नक्कासी व रंग भराई की विधि से तैयार की गयी हो, वाह्य परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

2–प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में किये गये प्रयोगात्मक कार्य/निर्मित वस्तुओं का विस्तृत लेखा/रिपोर्ट विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष रखा जाये।

3–विषय अध्यापक एवं प्रधानाचार्य द्वारा यह प्रमाण–पत्र दिया जाना चाहिये कि मॉडल/वस्तु का निर्माण अमुक छात्र द्वारा ही किया गया है।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन–

		अंक
आन्तरिक मूल्यांकन	..	200
वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन	..	200
	योग ..	400

वाह्य परीक्षा की रूपरेखा

समय–10 घण्टा दो दिनों में

मूल्यांकन–

(1) लघु प्रयोग–

	अंक
(अ) प्रयोगात्मक कार्य भाग (क) की परीक्षा का मूल्यांकन	40
(ब) मौखिक प्रश्न	10
योग ..	50

(2) दीर्घ प्रयोग–

	अंक
प्रयोगात्मक कार्य भाग (ख) की परीक्षा का मूल्यांकन	.150
जिसमें मौखिक प्रश्न सम्मिलित है	50
योग ..	200

प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। संस्था के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से उपयुक्त पुस्तक का चयन करा लें।

(35) ट्रेड–कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स
(कक्षा– 12)

उद्देश्य–

आज के विज्ञान जगत में कम्प्यूटर का एक ऐसा स्थान है जो अद्वितीय है। चाहे कारखाना हो, शोध संस्थान हो, राजकीय अथवा निजी कार्य स्थान हो, कम्प्यूटर ने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बैंकों में हिसाब–किताब, रेल आरक्षण–कार्य, परीक्षा कार्य आदि आज सामान्य बात हो गयी हैं अतः यह आवश्यक है कि हर शिक्षित नागरिक को कम्प्यूटर का ज्ञान हो। इस ट्रेड का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर के बारे में जानकारी देना तथा कम्प्यूटर को बनाने व सुधारने के लिये अधिक संख्या में मानव संसाधन उपलब्ध कराना है।

स्वरोजगार के अवसर–

1–कम्प्यूटर मैकेनिक के रूप में

2–कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में

3–कम्प्यूटर टेस्टर्स के रूप में

4–D.T.P. आपरेटर्स के रूप में

5–प्रिंटिंग मैकेनिक के रूप में

6–कम्प्यूटर सुधारक के रूप में

7–डाटा एन्ट्री के रूप में

8–स्व व्यवसाय।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
(1) प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
(2) द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(3) तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(4) चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
(5) पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	

(ख) प्रयोगात्मक–कुल 400 अंकों की होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

आन्तरिक परीक्षा	200 अंक
वाह्य परीक्षा	200 अंक

75–साफ्टवेयर प्रयोग
75–हार्डवेयर प्रयोग
50–मौखिक (Viva)

टीप–1–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

2–प्रयोगात्मक के आन्तरिक परीक्षा में सत्रीय मूल्यांकन तथा दो प्रोजेक्ट (एक साफ्टवेयर व एक हार्डवेयर) का होना अनिवार्य है। प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन आन्तरिक परीक्षण द्वारा होगा, परन्तु इन प्रोजेक्ट्स को वाह्य परीक्षक को भी दिखाया जायेगा।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर परिचय)

पूर्णांक 60

1–बाइनरी अर्थमेटिक (Binary Arithmetic) **20 अंक**

बिट्स निबल्स, बाइट्स बर्ड लेन्थ, कैरेक्टर रिप्रेजेन्टेशन आस्की (ASCII)] कैरेक्टर्स कोड्स, साधारण बाइनरी अर्थमेटिक (जोड़, घटाना, गुणा, भाग) कम्प्यूटर लॉजिक, बूलियन आपरेशन्स।

2–लॉजिक गेट्स (Logic Gate) **40 अंक**

लॉजिकल आपरेटर्स, NOT.AND.OR.NOR.NAND.EXOR गेट्स एवं उनके Truth टेबिल्स।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(आपरेटिंग सिस्टम)

पूर्णांक 60

1–ट्रान्सलेटर्स (Translaters) **10 अंक**

एसेम्बलर्स (Assemblers)] इण्टरप्रेटर्स (Interpreters)] कम्पाइलर्स (Compilers) का अध्ययन करना।

2–कम्प्यूटर नेटवर्क (Computer Network) **20 अंक**

कम्प्यूटर नेटवर्किंग परिचय, प्रकार LAN, WAN, MAN नेटवर्क टॉपोलॉजी–स्टर, रिंग, बस, ट्री, नेटवर्क टॉपोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग का प्रयोग।

3–इन्टरनेट (Internet) **30 अंक**

इन्टरनेट का परिचय, इतिहास, HTTPका परिचय,का परिचय एवं वेबसाइट पहचान, विभिन्न प्रकार के प्रोटोकाल (TCX/IP) उपयोग, इन्टरनेट से जुड़ना, वेब ब्राउसिंग, E-Mail और अटैचमेन्ट (ई–मेल एकाउन्ट, पढ़ना, भेजना, बाहर आना), User ID का परिचय प्रयोग।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर हार्डवेयर)

पूर्णांक 60

1–हार्ड–डिस्क ड्राइव (Hard Disk Drive) **24 अंक**

हार्ड–डिस्क टेक्नालॉजी, संकल्पना, क्षमता, रोटेशन, स्पीड एण्ड डाटा–ट्रान्सफर रेट्स, मीडिया, R/W हेड्स, FAT फारमेटिंग, पार्टीशनिंग, एच0 डी0डी0 का इन्स्टालेशन कलसटर्स H/D के प्रकार (IDE, EIDE, SCSI)A

2–फ्लापी एण्ड CD ड्राइव (Floppy and CD Drive) **16 अंक**

फ्लापी के प्रकार, क्षमता एवं बचाव–एफ0डी0डी0 का परिचय–इन्स्टालेशन और ट्रबलशूटिंग ब्ब ड्राइव–उनके लाभ और क्षमता, डी0वी0डी0 का परिचय।

3–मॉनिटर्स (Monitors) **20 अंक**

मॉनिटर्स का परिचय, प्रकार (VGA, EGA, SVGA) प्रमुख पैरामीटर, वीडियो RAM, AGP, 3D एक्सिलरेटर्स, मॉनिटर्स का ट्रबलशूटिंग, फ्लैट स्क्रीन डिस्प्ले–एक परिचय, प्रकार।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(डी0टी0पी0 एवं ई0डी0पी0)

पूर्णांक 60

1–एम0 एस0 एक्सेल **20 अंक**

एम0 एस0 एक्सेल का परिचय, इसकी शुरुआत, वर्कशीट की संरचना, इसको सेव करना, खोलना और इसकी फाइल पर विभिन्न प्रकार के आपरेशन्स जैसे एडीटिंग, प्रिंटिंग सूत्रों एवं फलन का प्रयोग, ऐरेज और नामांकित रेन्जेस का प्रयोग करना। चार्ट्स बनाना, मेक्रोज तथा फार्म्स का उपयोग करना।

2–ई0डी0पी0 **40 अंक**

डेटा का परिचय, डेटाबेस का परिचय, रिलेशनल डेटाबेस कापरिचय एवं लाभ, फाक्स प्रो का परिचय, फाक्स प्रो द्वारा कार्य करना, डेटाबेस संरचना, डेटाबेस की फाइल्स बनाना, इनको सेव करना एवं खोलना, फाइल में संशोधन–संरचना एवं विषयक संशोधन, सम्पादन तथा डेटा जोड़ना, डेटा समीक्षा, इन्डेक्सिंग एक्सप्रेशन एवं क्वेरी का उपयोग, रिपोर्ट बनाना, लेबल्स तैयार करना, आर0 डी0 (Relational Database) के प्रयोग, स्मृति, वैरियबिल (Variable)] फंक्शन एवं फाक्स प्रो के उपयोग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयोग।

पंचम प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर मेन्टेनेन्स एण्ड नेटवर्किंग)

पूर्णांक 60

इकाई–1–प्रिन्टर्स– **20 अंक**

डाट मैट्रिक्स प्रिन्टर्स–विभिन्न पार्ट्स की पहचान व क्लीनिंग
बबल–जेट तथा इंकजेट प्रिन्टर्स–इसके पार्ट्स की पहचान
कार्ट्रिज (Cartridge) की रिफिलिंग व पुनर्स्थापन
लेजर प्रिन्टर्स–टोनर कार्ट्रिज का पुनर्स्थापन, इन्स्टालेशन एवं ट्रबलशूटिंग

इकाई–2–मोडेम्स– **10 अंक**

सिद्धान्त, कार्यविधि, प्रकार एवं उपयोग
पैरामीटर्स (गति, त्रुटियों एवं उनका संशोधन) इन्स्टालेशन तथा ट्रबलशूटिंग

इकाई–3–बेसिक्स आफ नेटवर्किंग– **20 अंक**

नेटवर्किंग का परिचय, नेटवर्क मीडिया, केबलिंग, नेटवर्क इन्टरफेस कार्ड (NIC)
मीडिया एक्सेस मेथड्स
कनेक्टिविटी डिवाइसेज, रिपीटर्स, हब्स/स्विचेज
क्लाएन्टसरवर की संकल्पना

इकाई–4–टेस्टिंग टूल्स– **10 अंक**

मल्टीमीटर, लाजिक टेस्टर, क्लिपिंग टूल्स, आसिलोस्कोप

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम की सूची
(हार्डवेयर प्रयोग)

पूर्णांक 400
उत्तीर्णांक 200

1–प्रतिरोधों को श्रेणीक्रम व समान्तर क्रम में लगाना।
2–Capacitor व Inductors को Testing करना।
3–डायोड व ट्रांजिस्टर का अभिलाक्षणिक वक्र खींचना।
4–पावर सप्लाई का परीक्षण करना।
5–UPS & CVT का परीक्षण करना।

6–की–बोर्ड का परीक्षण करना।

7–माउस का परीक्षण करना।

8–DMP (Dot Matrix Printer) का अध्ययन करना।

9–मल्टीमीटर व लाजिक टेस्टर्स से प्रयोग करना।

10–ट्रबलशूटिंग व PC की मरम्मत करना।

(साफ्टवेयर प्रयोग)

1–पेज ले आउट सेट करना।

2–टेबल ऑफ कन्टेन्ट्स को तैयार करना।

3–सेलेक्टेड व सम्पूर्ण शीट प्रिन्ट करना।

4–Excel में Number, Text Date and Time के प्रयोग से वर्कशीट बनाना। सेल्स (Cell), रास (Row) एवं कालम्स (Columns) को इन्सर्ट व डिलीट करना, फारमूला प्रयोग करना जिसमें रिलेटिव (Relative) एबसोल्यूट (Absolute) व मिक्स्ड (Mixed) रिफरेसिंग का उपयोग हो।

5–चार्ट बनाना, सुधारना, इन्सर्ट डिलीट करना।

6–साधारण एवं मीनू मेक्रोस को बनाना व चलाना।

7–सेलेक्टेड व सम्पूर्ण वर्कशीट को प्रिन्ट करना। चार्ट को प्रिन्ट करना।

8–डाटाबेस स्ट्रक्चर बनाना, सुधारना व कापी करना। डाटा जोड़ना, सम्पादन एवं समीक्षा।

9–डाटाबेस को क्वेरी (Query) करना व इन्डेक्सिंग करना।

10–रिपोर्ट फाइल बनाना।

11–मेलिंग–लेबल बनाना।

12–फाक्स–प्रो (Fox Pro) का इस्तेमाल करते हुए साधारण प्रोग्रामों का निर्माण करना व परीक्षण।

प्रोजेक्ट की सूची

(साफ्टवेयर प्रोजेक्ट)

1–एक्सेल व लोट्स 1–2–3 की तुलना।

2–फलन एवं माइक्रोस का विस्तृत अध्ययन।

3–एक्सेल का प्रयोग करके चार्ट व ग्राफ की तुलना।

4–विभिन्न प्रकार के फाइल और उनका प्रयोग।

5–फाइल प्रोटेक्शन।

6–रिपोर्ट तैयार करना।

7–लेबल तैयार करना।

8–स्पेल–चेक के प्रकार व गुणवत्ता।

9–विभिन्न प्रकार के डाटाबेस।

10–Fox Pro व अन्य Data base की तुलना।

11–विभिन्न प्रकार की लो–लेवल भाषायें और उनकी आवश्यकता।

12–हाई–लेवल भाषायें और उनके विभिन्न लाभ।

(हार्डवेयर प्रोजेक्ट)

1–DMP की कार्यविधि।

2–लेसर प्रिन्टर्स का प्रयोग व लाभ।

3–मोडम में गुणवत्ता एवं गति का प्रभाव।

4–LAN,MAN, WAN की तुलना।

5–हब्स व स्विच का अध्ययन।

6–मल्टीमीटर की कार्यविधि।

7–आक्सिलोस्कोप का सिद्धान्त।

8–फ्लैट स्क्रीन मानीटर्स।

9–लॉजिक एनालाजर्स।

10–इन्ट्रानेट व इन्टरनेट।

उपकरणों की सूची एवं मूल्य निर्धारण

क्र0 सं0	उपकरण	संख्या	अनुमानित मूल्य
1	2	3	4
			रु0
1	पी0 सी0	3	60,000.00
2	यू0 पी0 एस0	3	8,000.00
3	मल्टीमीटर	3	600.00
4	डिजीटल मल्टीमीटर	3	1,200.00
5	लॉजिक टेस्टर	5	1,000.00
6	एक्सपेरीमेन्टल माडयूल्स		9,000.00
	(क) रेजिस्टर (Resistor)	3	
	(ख) डायोड	3	
	(ग) ट्रांजिस्टर	3	
	(घ) पावर सप्लाई	3	
	(ङ) I. C.	3	
7	टूल्स		5,000.00
	(क) शोल्डरिंग आयरन	5	
	(ख) पेंचकस	5	
	(ग) प्लास	5	
	(घ) कटर	5	
	(ङ) डी–शोल्ड पम्प	5	
	(च) विभिन्न कनेक्टर्स	5	
	(छ) फ्लैट केबिल्स	5	
8	ऑसिलोस्कोप	1	10,000.00
9	फर्नीचर्स, बिजली कनेक्शन, नेट कनेक्शन इत्यादि व अन्य		20,000.00
		कुल योग (लगभग) . .	**1,24,800.00**
			(एक लाख चौबीस हजार आठ सौ मात्र)

(36) ट्रेड–घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव

कक्षा– 12 **पूर्णांक–60**

उद्देश्य :––

(1) विद्युत उपकरणों की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
(2) उपकरणों के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का ज्ञान प्राप्त करना।
(3) घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित पदार्थों की जानकारी प्राप्त करना।
(4) विद्युत मोटर एवं जनरेटर की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
(5) बैटरी के बारे में जानकारी एवं उसका रख–रखाव का सामान्य ज्ञान प्राप्त करना।
(6) स्वतंत्र रूप से घरेलू उपकरणों का परीक्षण करना एवं उनको सुधारने का ज्ञान प्राप्त करना।
(7) विद्युत उपकरणों पर कार्य करते समय सुरक्षा सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त करना।

रोजगार अवसर–

1––स्वरोजगार एवं मजदूरी रोजगार :––

निम्नलिखित व्यवसाय स्वरोजगार की श्रेणी में आते हैं अर्थात् (पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद अपनी इकाइयां लगा सकते हैं) मजदूरी रोजगार अर्थात् दूसरों के लिये रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

1–मोटर बाइन्डिग करने वाला।
2–जनरेटर मरम्मत करने वाला।
3–अभिरुचि कक्षायें चलाने वाला।
4–घरों की वायरिंग करने वाला।
5–स्वयं द्वारा उत्पादित सामग्री को बाजार में बेचने अथवा सप्लाई करने वाला।
6–सभी प्रकार के विद्युत उपकरणों की मरम्मत तथा रख–रखाव करने वाला।

2–केवल मजदूरी रोजगार :––

1–इलेक्ट्रीशियन (कार्यालय तथा उद्योग में) घरों की वायरिंग के लिए।

2–स्कूल या प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षक के सहायक के रूप में।

3–सेल्समैन के रूप में।

4–उपकरणों के एसेम्बलर एवं सुधारक मिस्त्री के रूप में।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक				
(1) प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
(2) द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(3) तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(4) चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
(5) पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
(1) आन्तरिक परीक्षा	200 अंक	400	200	
(2) वाह्य परीक्षा	200 अंक			

नोट :–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50% अंक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(प्रारम्भिक विद्युत अभियांत्रिकी प्रथम–सी0सी0)

पूर्णांक–60

इकाई

1–दिष्ट धारा परिपथ–श्रेणी परिपथ एवं समान्तर परिपथ, किरचाफ का नियम, अधिकतम शक्ति स्थानान्तरण प्रमेय, गणना के सामान्य प्रश्न। 30

2–स्थिर वैद्युतिकी–कुलम्ब के नियम, विद्युत् आवेश, गाउस के नियम, संघनित्र, बनावट, कार्य विधि धारिता (कैपीसिटेन्स)। 16

3–डी0सी0 मशीन–दिष्ट धारा जनित्र का सिद्धान्त, डी0सी0 मशीनों की संरचना, डी0सी0 मोटर की बनावट एवं कार्य विधि, उपयोग, किस्म तथा अनुरक्षण, स्टार्टर। 14

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(ए0 सी0 फन्डामेंटल एवं ए0 सी0 मशीनें)

पूर्णांक–60

इकाई

1–**प्रत्यावर्ती धारा मशीनें**–ट्रान्सफारमर का कार्य सिद्धान्त, बनावट, उपयोग एवं किस्में/सिनक्रोनस मोटर, संरचना, कार्यविधि एवं उपयोग, रोटेटिंग मोटर, प्रेरण मोटर–सिंगल फेज एवं तीन फेज मोटर का सामान्य ज्ञान, ए0सी0 मोटर के स्टार्टर का ज्ञान। 30

2–विद्युत वितरण एवं संचारण व्यवस्था का सामान्य परिचय। 16

3–विद्युत सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार–नियम एवं सावधानियां। 14

तृतीय प्रश्न–पत्र
(घरेलू वायरिंग एवं मोटर वाइन्डिंग)

इकाई **पूर्णांक–60**

1–**फ्यूज**–विद्युत परिपथ में फ्यूज का महत्व, फ्यूज के प्रकार, फ्यूज बनाने में प्रयुक्त पदार्थ, परिपथ में फ्यूज न होने की स्थिति में हानियाँ, फ्यूज की रेटिंग, फ्यूज बाँधना। 16

2–**विद्युत् प्रकाश स्रोत**–आर्क लैम्प, तापदीप्त बल्ब, गैसीय विसर्जन बल्ब, नियोजन बल्ब, सोडियम वाष्प बल्ब, मरकरी पेपर लैम्प, फ्लूरोसेन्ट ट्यूब, बनावट–सहायक सामग्री एवं परिपथ आरेख। 14

3–आरमेचर बाइन्डिंग–विद्युत मोटरों की बाइंन्डिग एवं रिवाइंन्डिंग का अर्थ एवं आवश्यकता, प्रयुक्त पदार्थ एवं आवश्यक उपकरण तथा औजार, ए0 सी0 और डी0 सी0 वाइन्डिंग में उपयोग

किये जाने वाले टर्म्स, मशीन की फिर से वाइन्डिंग करने की विधि ए0 सी0 मशीन स्टेटर वाइंन्डिंग का डेटा प्रत्येक ग्रुप में क्वायल्स को व्यवस्थित करने के नियम, वाइन्डिंग डायग्राम बनाने की विधि, डी0 सी0 आरमेचर वाइन्डिंग की किस्में, ए0 सी0 वाइन्डिंग की किस्में, डी0 सी0 आरमेचर में दोष ज्ञात करना, मशीन की वाइन्डिंग करने के पश्चात् वाइन्डिंग की वार्निशिंग एवं तप्तन। 30

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

(घरेलू विद्युतीय उपकरणों की बनावट एवं अनुरक्षण)

इकाई **पूर्णांक–60**

अंक

1–**अनुरक्षण, मरम्मत कार्य**–अनुरक्षण से तात्पर्य लाभ, विभिन्न प्रकार के अनुरक्षण–बचाव अनुरक्षण एवं कार्य भंग अनुरक्षण, मरम्मत, ओवरहालिंग सर्विसिंग, निरीक्षण आदि। 30

उपकरणों में टूट–फूट के कारण एवं बचाव, संरक्षण से बचाव, स्पेयर पुर्जों का चयन, स्वीकरण परीक्षण।

2–**सम्भावित दोष एवं निराकरण**–ऊपर वर्णित उपकरणों में सम्भावित दोष, उनके कारण तथा बचाव, टूट–फूट की मरम्मत, सोल्डरिंग, बेन्डिंग, इलेक्ट्राप्लेटिंग, रिवेटन, पेन्टिंग, वाइन्डिंग, फिटिंग कार्य एवं बेंच कार्य का संक्षिप्त परिचय, जनरेटर का रख–रखाव। 20

3–**मरम्मत के लिए आवश्यक औजार**–पहचान, बनावट, विशिष्टियाँ, उपयोग एवं सुरक्षा सावधानियाँ 10

पंचम प्रश्न–पत्र

कार्यशाला गणना एवं अभियांत्रिकी पदार्थ **पूर्णांक–60**

इकाई **अंक**

1–विद्युत् ऊर्जा की गणना तथा लागत निकालना एवं विद्युत् मशीन और उपकरणों की मरम्मत सम्बन्धी इस्टीमेट तैयार करना। 20

2–विद्युत् औजारों के मुक्त हस्त चित्र, विद्युत् सामग्री, उपकरण मशीन इत्यादि के संकेत चिन्ह। 10

3–सुरक्षा सावधानी एवं आद्यात उपचार 10

4–**(क) अभियांत्रिकी पदार्थ संवाहक सामग्री**–ताँबा और एल्युमिनियम कम अवरोधक क्षमता वाली सामग्री उनकी विद्युतीय विशेषतायें, चालक तथा कुचालन में अन्तर, डाईइलेक्ट्रिक सामग्री–विशेषतायें एवं उनका उपयोग, इन्सुलेटिंग मैटेरियल–कागज, प्लास्टिक आवरण वाले कागज, एम्पायर क्लाथ, लेदराइज कागज, रबड़, पी0 वी0 सी0 पोरसलीन, वैकेलाइट, फाइवर, वार्निश और पेन्ट उनकी विशेषतायें तथा उपयोग। 20

(ख) चुम्बकीय सामग्री–फैरोमेगनेटिक सामग्री, नर्म और सख्त चुम्बकीय सामग्री, चुम्बकीय सामग्री की हानियाँ तथा हानियों को कम करने की प्रक्रिया।

(ग) इलेक्ट्रानिक्स के मूल सिद्धान्त तथा आधुनिक घरेलू उपकरणों में इसकी उपयोगिता, घरेलू उपकरणों मे लगाये जाने वाले इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेन्ट, उनकी पहचान करना एवं लगाना तथा परीक्षण करना।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

पूर्णांक–400

उत्तीर्णांक–200

1–एक–कलीय एवं त्रिकलीय मोटर स्टार्टर का अध्ययन।

2–कक्ष बोर्ड पर लगी नमूना वायरिंग सामग्री का अध्ययन एवं पहचान।

3–सिरीज बोर्ड बनाने का अभ्यास।

4–एक प्वाइन्ट की वायरिंग करना।

5–फ्लोरासियेन्ट ट्यूबराड फिटिंग की वायरिंग करना।

6–ढाई प्वाइंट की वायरिंग करना।

7–जीना (स्टेयर केस) पर की जाने वाली वायरिंग करना।

8–विद्युत् बल्ब की झालर बनाना।

9–अर्थिंग करना।

10–छत के पंखों की रिवाइन्डिंग करना।

11–क्षैतिज कूलर पम्प की रिवाइन्डिंग करना।

12–ऊर्ध्वाधर कूलर पम्प की रिवाइन्डिंग करना।

13–वाशिंग मशीन की मोटर की रिवाइन्डिंग करना।

14—मिक्सी की मोटर की रिवाइन्डिंग करना।

15—एक्जास्ट पंखे की रिवाइन्डिंग करना।

16—पैडिस्टल पंखे की रिवाइन्डिंग करना।

17—निम्नलिखित घरेलू विद्युत उपकरणों की सफाई मरम्मत करना, उनकी डिसेम्बली एवं असेम्बली का अभ्यास :

(ए) मिक्सी
(बी) वाशिंग मशीन
(सी) छत का पंखा
(डी) पैडिस्टल पंखा
(इ) एग्जास्ट फैन
(एफ) इस्त्री (प्रेस आयरन)
(जी) कूलर पम्प
(एच) विद्युत् घंटी
(आई) गीजर
(जे) इमरजेन्सी लाइट

18—रिवेटन, सोल्डरिंग, फाइलिंग वेल्डिंग अभ्यास।

आवश्यक औजार एवं उपकरणों की सूची

क्रमांक	नाम	संख्या	अनुमानित कीमत
1	2	3	4
			रु0
1	ड्रिल मशीन (विद्युत चलित)	1	4500.00
2	वाइंन्डिंग मशीन	2	5000.00
3	हथौड़ी	2 सेट	200.00
4	ड्रिल सेट	2 सेट	200.00
5	फाइल सभी प्रकार के	2 सेट	200.00
6	चिजेल सभी प्रकार के	2 सेट	150.00
7	वाइस	4	900.00
8	टेप सेट	2 सेट	400.00
9	डाई	2	600.00
10	हैण्ड हैक्सा	4	200.00
11	सोल्डरिंग आयरन	5	1000.00
12	वेल्डिंग ट्रान्सफारमर	1	4000.00
13	रिवटेन औजार	1 सेट	400.00
14	पंच, वाइस	2 सेट	1400.00
15	मापन औजार	1 सेट	2000.00
16	वाट मीटर	2	3500.00
17	वोल्ट मीटर	5	3000.00
18	नेयर	2	2500.00
19	मल्टीमीटर (एनालाग)	2	550.00
20	मल्टी मीटर (डिजिटल)	2	1000.00
21	स्क्रू ड्राइवर सेट	2	200.00
22	रिंच सेट (स्पेनर सेट)	2	250.00
23	रिपेयरिंग किट	2	3000.00
24	मिक्सी	1	4000.00
25	वाशिंग मशीन	1	5000.00
26	छत का पंखा	1	1000.00
27	पेडेस्टल फैन	1	1000.00
28	इक्जास्ट फैन	1	3000.00
29	प्रेस प्रत्येक किस्म के	1 प्रत्येक	2000.00
30	कूलर पम्प	1	4000.00

31	घंटी	1	100.00
32	गीजर	1	3000.00
33	किचेन हीटर	1	100.00
34	टेबुल लैम्प	1	500.00
35	इमरजेन्सी लाइट	1	1000.00
36	ओवेन	1	4000.00
37	इमरशन हीटर	1	600.00
38	बैटरी चार्जर	1	500.00
		योग . .	**56050.00**

विषय सन्दर्भ पुस्तकों की सूची :

		लेखक	प्रकाशक
1–	आधारि वैधत अभियान्त्रिकी	आर0 पी0 गुप्त	नवभारत प्रकाशन, मेरठ
2–	आधारि वैधत अभियान्त्रिकी	टी0 डी0 विष्ट	एशियनपब्लिकेशन, मुजफ्फरनगर
3–	आधारि वैधत अभियान्त्रिकी	एम0 एल0 गुप्ता	धनपतराय एण्ड सन्स, नई दिल्ली
4–	घरेलू उपकरणों का अनुरक्षण एवं रख–रखाव	आर0 के0 लाल	
5–	विद्युत् उपकरणों एवं मशीनों का अनुरक्षण एवं रख–रखाव	महेन्द्र भारद्वाज	नवभारत प्रकाशन, मेरठ
6–	विद्युत् उपकरणों एवं घरेलू उपकरणों का रख–रखाव	एम0 एल0 आडवानी	न्यू हाइट्स पब्लिकेशन, नई दिल्ली
7–	कार्यशाला गणना	एम0 एल0 आडवानी	
8–	संयत असुरक्षा एवं सुरक्षा इंजी0	आर0 के0 लाल	
9–	विद्युत् उपकरणों का संस्थापन, अनुरक्षण एवं मरम्मत	जग्गी शर्मा	नवभारत प्रकाशन, मेरठ

(37)–ट्रेड–खुदरा व्यापार (Retail Trading)
कक्षा– 12

पूर्णांक : 60

पाठ्यक्रम :–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा हैं। अंकों का विभाजन निम्नवत् है :–

(अ) सैद्धान्तिक

प्रथम प्रश्न–पत्र–खुदरा व्यापार का परिचय	–60	300
द्वितीय प्रश्न–पत्र–उत्पाद एवं उपभोक्ता सेवायें	–60	
तृतीय प्रश्न–पत्र–खुदरा व्यापार में भण्डारण एवं आपर्ति	–60	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र–अर्थ व्यवस्था में खुदरा व्यापार	–60	
पंचम प्रश्न–पत्र–बहीखाता एवं लेखा शास्त्र	–60	

(ब) प्रयोगात्मक

(क) आन्तरिक परीक्षा	–200	400
(ख) वाह्य परीक्षा	200	

परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न–पत्र में उत्तीर्णांक न्यूनतम 20 अंक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में 200 अंक पाना आवश्यक है।

नोट :– सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्र में 33 प्रतिशत उत्तीर्णांक हैं तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम की उपयोगिता–

खुदरा व्यापार का देश की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। छात्र–छात्राओं को खुदरा व्यापार के आशय एवं उपयोगिता तथा विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देना शैक्षिक पाठ्यक्रम के लिए अति आवश्यक है। पाठ्यक्रम की उपयोगिता हेतु निम्न बिन्दु महत्वपूर्ण हैं–

1–छात्र–छात्राओं को विक्रय कला की जानकारी।

2–नये उत्पाद का प्रचार–प्रसार करने के कौशल का विकास

3–वस्तु की मांग उत्पन्न करने की तरीकों की जानकारी देना
4–उपभोक्ताओं की रुचि, आदत एवं फैशन आदि की जानकारी
5–एक अच्छे विक्रेता के रूप में छात्रों को तैयार करना।

उद्देश्य–

खुदरा व्यापार के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं में एक अच्छे व्यापारी के गुणों का विकास करना तथा इससे भविष्य में स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता मिलें उनके व्यक्तित्व का विकास करना अच्छे बिक्रय करने की जानकारी देना। प्रतिस्पर्धात्मक व्यापार मे अपने कौशल एवं साहस से सामना करना तथा दिन–प्रतिदिन विकास करने में दक्ष होना।

प्रथम प्रश्न–पत्र
खुदरा व्यापार का परिचय

पूर्णांक : 60

इकाई–1 **20 अंक**

(क) खुदरा व्यापार का अर्थ एवं परिभाषा।
(ख) खुदरा व्यापार की विशेषतायें।
(ग) खुदरा व्यापार के गुण एवं दोष।
(घ) खुदरा व्यापार का महत्व।

इकाई–2 **20 अंक**

(क) खुदरा व्यापार के स्वरूप।
- (अ) छोटे पैमाने के खुदरा व्यापार।
  - (क) फेरी वाले।
  - (ख) एक मूल्य की दुकानें।
  - (ग) साधारण दुकानें।
- (ब) बड़े पैमाने की खुदरा व्यापार।
  - (क) सुपर बाजार।
  - (ख) विभागीय भण्डार।
  - (ग) श्रृंखलाबद्ध दुकानें।
  - (घ) उपभोक्ता सहकारी भण्डार।
  - (ङ) डाक द्वारा व्यापार।
  - (च) इन्टरनेट द्वारा व्यापार।
  - (छ) विक्रय मशीन।
  - (ज) किराया कर पद्धति।
  - (झ) किस्त भुगतान पद्धति।

इकाई–3 **20 अंक**

फुटकर व्यापार की सेवायें–
(क) उत्पादकों के प्रति सेवायें।
(ख) थोक व्यापारियों के प्रति सेवायें।
(ग) उपभोक्ता एवं समाज के प्रति सेवायें।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
उत्पाद एवं उपभोक्ता सेवायें

पूर्णांक : 60

इकाई–1 **20 अंक**

(क) बाजार का अर्थ एवं परिभाषा।
(ख) बाजार के प्रकार।
- (अ) पूर्ण प्रतियोगिता की दशा में।
- (ब) अपूर्ण प्रतियोगिता की दशा में।
- (स) एकाधिकार की दशा में।

(ग) मूल्य निर्धारण–
- (अ) पूर्ण प्रतियोगिता की दशा में।
- (ब) अपूर्ण प्रतियोगिता की दशा में।
- (स) एकाधिकार की दशा में।

इकाई–2 **20 अंक**

(क) खुदरा व्यापार में विपणन की भूमिका।
(ख) विपणन की उत्पत्ति एवं परिभाषा।
(ग) विपणन के लक्षण।
(घ) विपणन का महत्व।
(ङ) विपणन का सिद्धान्त।
(च) उत्पाद एवं सेवा विपणन में अन्तर।

इकाई–3 **20 अंक**

(क) विज्ञापन का अर्थ एवं परिभाषा।
(ख) विज्ञापन के प्रकार।
(ग) विज्ञापन का महत्व।
(घ) खुदरा व्यापार में विज्ञापन का महत्व।

तृतीय प्रश्न–पत्र

खुदरा व्यापार में भण्डारण एवं आपूर्ति

पूर्णांक : 60

इकाई–1 **20 अंक**

(क) भण्डार गृह की स्वच्छता।
(ख) स्वच्छता की आवश्यकता।
(ग) स्वच्छता का महत्व।
(घ) स्वच्छता हेतु उपयोग में आने वाले उपकरण।
(ङ) स्वच्छता एवं स्वास्थ्य में सम्बन्ध।

इकाई–2 **20 अंक**

(क) भण्डार गृहों के सुरक्षात्मक उपायों का अनुरक्षण।
(ख) भण्डार गृहों के सम्भावित खतरे।
(ग) सुरक्षात्मक उपाय।
(घ) सुरक्षा की आवश्यकता।
(ङ) सुरक्षात्मक उपायों हेतु प्रशिक्षण।

इकाई–3 **20 अंक**

(क) आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन।
(ख) आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन की संरचना।
(ग) खुदरा वितरण माध्यम।
(घ) मांग पूर्वानुमान।
(ङ) सामग्री प्रबन्धन।
(च) सामग्री आपूर्ति श्रृंखला एवं प्रौद्योगिकी।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

अर्थ व्यवस्था में खुदरा व्यापार

पूर्णांक : 60

इकाई–1 **20 अंक**

(क) रोजगार का आशय।
(ख) खुदरा व्यापार में रोजगार की सम्भावना।
(ग) खुदरा व्यापार में रोजगार के आवश्यक पात्रता/दक्षता।
(घ) खुदरा व्यापार में कार्यरत कार्मिकों के कार्य एवं उत्तरदायित्व।

इकाई–2 **20 अंक**

(क) संचार का अर्थ एवं परिभाषा।
(ख) संचार चक्र।
(ग) संचार के विभिन्न तत्व।
(घ) संचार में बाधायें।
(ङ) खुदरा व्यापार में संचार का महत्व।

इकाई–3 **20 अंक**

(क) सूचना प्रौद्योगिकी का आशय।
(ख) खुदरा व्यापार में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व।
(ग) सूचना प्रौद्योगिकी की प्रयुक्त तकनीकियाँ (ई0सी0एस0, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, आनलाइन खरीददारी एवं भुगतान)

पंचम प्रश्न–पत्र
बहीखाता एवं लेखाशास्त्र

पूर्णांक : 60

इकाई–1 खाता बही एवं तलपट **20 अंक**

(क) खाता बही की आवश्यकता एवं अर्थ।
(ख) लेखों को खतियाना।
(ग) खातों की बाकी निकालना।
(घ) तलपट का अर्थ।
(ङ) तलपट बनाने की विधियाँ।
(च) तलपट द्वारा प्रकट होने वाली एवं न प्रकट होने वाली अशुद्धियाँ।
(छ) उचन्त खाता।

इकाई–2 अन्तिम खाता समायोजनाओं सहित **20 अंक**

(क) अन्तिम खाते का आशय।
(ख) प्रमुख समायोजनायें।
(ग) व्यापार खाता (समायोजना सहित)।
(घ) लाभ–हानि खाता (समायोजना सहित)।
(ङ) आर्थिक चिट्ठा (समायोजना सहित)।

इकाई–3 भारतीय बहीखाता प्रणाली **20 अंक**

(क) भारतीय बहीखाता प्रणाली का अर्थ।
(ख) विशेषतायें।
(ग) लाभ–दोष।
(घ) प्रमुख बहियाँ–कच्ची रोकड़ बही, पक्की रोकड़ बही, जमा नकल बही व नाम नकल बही।

प्रयोगात्मक

खुदरा व्यापार निर्माताओं, उत्पादकों एवं थोक व्यापारियों को उपभोक्ता से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। खुदरा व्यापार का भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। खुदरा व्यापार में व्यापारी का उपभोक्ता से सीधा सम्बन्ध होने के कारण उपभोक्ता के रुचि, आय, फैशन आदि की जानकारी प्राप्त करके उत्पादकों को अपने उत्पाद का पैमाना निर्धारित करने में सहयोग प्रदान करता है और वहीं दूसरी ओर नये–नये उत्पाद की जानकारी अपने महत्वपूर्ण विक्रय कला कौशल के आधार पर उपभोक्ता तक पहुँचाता है और वस्तु की मांग उत्पन्न करता है।

खुदरा व्यापार का प्रयोगात्मक स्वरूप

1–छात्र–छात्राओं को शहर के प्रतिष्ठित खुदरा व्यापार केन्द्र में भ्रमण कराना।
2–छात्र–छात्राओं को विज्ञापन के नये–नये तकनीकियों से अवगत कराना।
3–छात्र–छात्राओं को वस्तुओं के सुरक्षित रख–रखाव के तकनीक का ज्ञान देना।
4–छात्र–छात्राओं को वस्तु के बिक्रय का दीर्घकालिक लाभ के विषय में सोचने तथा व्यापार में ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के तकनीक पर विचार करना।
5–कम लाभ पर अधिक बिक्रय बढ़ाने की कला को विकसित करना।
6–छात्र–छात्राओं को व्यापार के अनुचित एवं फिजूल खर्चे रोकने तथा न्यूनतम लागत के आधार पर व्यापार चलाने का प्रशिक्षण देना।
7–छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार के खुदरा व्यापार से सम्बन्धित सरकारी नियमों एवं लाइसेंन्सिंग की जानकारी देना।
8–छात्र–छात्राओं को खुदरा व्यापार से सम्बन्धित विभिन्न वस्तुओं के सम्बन्ध में राष्ट्रीय नीति की भी जानकारी देना।
9–अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सम्बन्ध में छात्र–छात्राओं को ज्ञान कराना तथा आयात निर्यात नीति की भी जानकारी देना।
10–छात्र–छात्राओं को व्यापार के उतार–चढ़ाव के प्रभाव एवं दुष्प्रभाव से निपटने की क्षमता को विकसित करना।

नोट :–

वर्ष के दौरान आन्तरिक एवं वाह्य परीक्षा के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं से निम्न कार्य कराये जायें–

1–छात्र–छात्राओं से प्रोजेक्ट कार्य कराकर उसकी फाईल बनायें।
2–चार्ट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करना।
3–छात्र–छात्राओं द्वारा मॉडल भी बनवाया जाये।

4—छात्र—छात्राओं से किसी नये उत्पाद के विज्ञापन की तकनीकियाँ प्रस्तुत करने की विधि पर डिबेट कराया जाये।

5—नये उत्पाद को बाजार में छात्र—छात्राओं से उपभोक्ताओं को जानकारी दिलवाना।

6—बाजार सर्वेक्षण कराकर उपभोक्ता की रुचि, आय, प्रचलित फैशन आदि की जानकारी प्राप्त करना।

आवश्यक उपकरण

1—कम्प्यूटर प्रोजेक्टर

2—चार्ट पेपर

3—फाइलें

4—सादा कागज

5—दैनिक उपभोग से सम्बन्धित प्रमुख उत्पाद।

(38) ट्रेड—सुरक्षा (Security)

कक्षा— 12

उद्देश्य—

1—छात्र—छात्राओं में सुरक्षा चेतना एवं सुरक्षा के प्रति दायित्व बोध का विकास करना।

2—छात्र—छात्राओं मे सम्प्रेषण क्षमता एवं व्यक्तित्व का चतुर्दिक विकास करना।

3—प्राकृतिक आपदा एवं आपातकालीन स्थितिजन्य चुनौतियों से निपटने हेतु सक्षम एवं सेवायें अर्पित करने हेतु तत्पर बनाना।

4—उत्पादन/कार्यस्थलों में सुरक्षा परिवेश को बेहतर बनाकर जीवन स्थितियों (Living Conditions) को सुगम एवं जनहानि कम करना।

5—छात्र—छात्राओं में प्राथमिक उपचार का कौशल विकसित कर, दुर्घटना/आपातकाल मे जरूरतमंदों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना।

6—सार्वजनिक/औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की समझ विकसित कर, कार्यस्थल की सुरक्षा को प्रभावी बनाने में योगदान देना तथा सुरक्षा के रोजगार क्षेत्र में छात्र/छात्राओं को अर्ह बनाना।

रोजगार के अवसर

1—पाठ्यक्रम में दक्षता हासिल करने के उपरान्त छात्र/छात्रायें सुरक्षा बल, सार्वजनिक एवं निजी उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं के रोजगार क्षेत्र में सेवायोजन प्राप्त कर सकेंगे।

2—आपदा प्रबन्धन, नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार के साथ देश के नागरिक होने के दायित्व का निर्वहन भी कर सकेंगे।

प्रश्न—पत्र—प्रथम

आपदा प्रबन्धन

पूर्णांक : 60

1—आपदा सम्बन्धी तैयारी : आपदा का अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन नियोजन, संचार, आपदास्पद स्थितियों में नेतृत्व, उपयोगी वस्तुओं का भण्डारण एवं प्रभावी वितरण, सामुदायिक भागेदारी एवं जन जागरुकता कार्यक्रम। **20 अंक**

2—आपदा प्रबन्धन : विभिन्न अभिकरणों की भूमिका, जिला प्रशासन, सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बल, गैर सरकारी संगठन, जन संचार माध्यम। **20 अंक**

3—राहत कार्य, हताहत प्रबन्धन एवं पुनर्वास : हताहतों/प्रभावितों को खोजना, बचाना, पीड़ितों के लिए बसेरा, पशुधन और राहत कार्य, मलबे को हटाना और मृतकों का संस्कार, अग्नि नियंत्रण, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवायें, पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास, आपदा जन्य हानि का मूल्यांकन एवं समीक्षा। **20 अंक**

द्वितीय—प्रश्न—पत्र

प्रश्न—पत्र—द्वितीय

सुरक्षा

पूर्णांक : 60

1—भारतीय सुरक्षा में सहायक सेनाओं/अर्द्धसैनिक बल की भूमिका : तटरक्षक सेना, सीमा सुरक्षा बल, भारतीय तिब्बत सीमा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, रैपिड एक्शन फोर्स तथा राज्य के सुरक्षा बल। **15 अंक**

2—रक्षा की द्वितीय पंक्ति : राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय राइफल्स, प्रादेशिक सेना। **05 अंक**

3–सशस्त्र सेना की चयन प्रक्रिया एवं प्रशिक्षण : भारतीय स्थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना के प्रवेश की चयन प्रक्रिया, अर्हता शर्तें एवं प्रशिक्षण केन्द्र : भारतीय रक्षा अकादमी, खडगवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून आदि। **25 अंक**

4–केन्द्र एवं राज्य स्तर पर संचालित आसूचना संस्थायें (Intelligence Agencies) : देश की सुरक्षा में आसूचना तंत्र का महत्व, इतिहास एवं वर्तमान में संचालित आसूचना संस्थाओं की आधारित जानकारी। **10 अंक**

5–भारतीय सुरक्षा में व्यक्तिगत सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका **05 अंक**

प्रश्न–पत्र–तृतीय
कार्य स्थलीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय

पूर्णांक : 60

1–खतरों से सम्बन्धित जोखिम का आकलन। 40 अंक

- कार्यस्थलीय स्वास्थ्य की प्रावस्थायें एवं सुरक्षात्मक रणनीति।
- जोखिम प्रबन्धन के विभिन्न चरण।
- कार्यस्थल में जोखिम की तीव्रता को प्रभावित करने वाले कारक।
- कार्यस्थल में खतरों के आकलन से सम्बन्धित विचारणीय तत्व।

2–कार्यस्थल में खतरों से सुरक्षा के उपाय। 20 अंक

- आपातकालीन प्रतिक्रिया के विभिन्न तत्व
- कार्यस्थल में खतरों से सुरक्षा के विभिन्न साधन एवं प्रभावी उपाय।

प्रश्न–पत्र–चतुर्थ
युद्ध में विज्ञान एवं तकनीकी

पूर्णांक : 60

1–नवीन सैन्य तकनीकी (भारत के सन्दर्भ में) 20 अंक

- निर्देशित प्रक्षेपात्रों के प्रकार एवं भारत में उनका विकास।
- इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणालियाँ एवं तकनीकी।
- इलेक्ट्रानिक विरोधी उपाय (Electronic Counter Measures)
- संकुलन (Jamming) : प्रकार एवं विधियाँ।
- इलेक्ट्रानिक विरोधी–विरोधी उपाय (इलेक्ट्रानिक विरोधी उपाय Electronic Counter Counter Measures)

2–**भारत की रक्षा सामर्थ्य एवं उत्पादन 20 अंक**

- भारत के रक्षा प्रतिष्ठान एवं आयुद्ध निर्माणी : उत्पादन एवं उपलब्धियाँ
- भारत का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

3–**भारतीय अन्तरिक्ष कार्यक्रम एवं उपलब्धियाँ 20 अंक**

प्रश्न–पत्र–पंचम
नागरिक सुरक्षा

पूर्णांक : 60

1–बचाव (रेस्क्यू) 20 अंक

- बचाव की आपातकालीन विधियाँ (Emergency Method of Rescue)
- एक बचाव कर्ता द्वारा, दो बचाव कर्ता द्वारा, चार बचाव कर्ता द्वारा
- इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर–दो बांस एवं एक कम्बल से स्ट्रेचर तैयार करना
- ऊँचे भवनों से घायलों को निकालना (Rescue from High Ris Building) : पावर मैन लिफ्ट, चेयर नाट, दो रस्सियों के सहारे स्ट्रेचर उतारना (Sliding Stretcher on two parallel ropes), सीढ़ी के सहारे उतारना (Sliding Stretcher down the ladder), हिन्ज मेथड, टू प्वाइन्ट मेथड, फ्लाइंग

2–विस्थापन (Evacuation) 20 अंक

- हवाई हमले या आपदा के समय जनता को सुरक्षित स्थान पर ले जाना।
- शरण स्थलों का चिन्हांकन एवं स्थापना
- पूछताछ केन्द्र की स्थापना
- विस्थापितों के लिए भोजन एवं वस्त्र की व्यवस्था
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम

3–सामुदायिक पुलिसिंग (Community Policing) **20 अंक**

- आम जनता का स्थानीय पुलिस से बेहतर समन्वय, शान्ति व्यवस्था एवं अपराध नियन्त्रण में पुलिस को सहयोग, सम्भ्रान्त नागरिकों की पुलिस के साथ बैठक।
- अपने गली मोहल्ले में संदिग्धों पर नजर रखना एवं संदिग्ध व्यक्ति/अग्रिम घटना की आशंका होने पर यथा समय सूचना पुलिस को देना।
- मुहल्ला सुरक्षा समितियों का गठन
- राष्ट्रीय पर्वों को सोल्लास मनाकर आम जनता में राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना।

प्रायोगिक **400 अंक**

1–निकटवर्ती रक्षा प्रतिष्ठान/अर्द्ध सैनिक बल मुख्यालय/आतंकवादी विरोधी प्रशिक्षण केन्द्र आदि का भ्रमण एवं बटालियन स्तर तक प्रयुक्त होने वाले रक्षा आयुध/उपकरण/सामग्री, रणनीति/समरतन्त्र का अध्ययन एवं रिपोर्ट तैयार करना।

2–विद्यालय के स्थान का मानचित्र अध्ययन एवं मानचित्र अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण यथा तरल त्रिपार्श्व दर्शी का प्रयोग।

3–स्थल सेना/नौ सेना/वायु सेना में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों यथा टैंक, जलयान एवं यौद्धिक विमान में मॉडल पर आधारित स्पाटिंग।

4–छात्रों द्वारा कृत्रिम हवाई हमले से बचाव का प्रदर्शन

5–विस्थापन की माक ड्रिल

6–छात्रों द्वारा अग्निशमन दल, प्राथमिक एवं बचाव के तीन दल अलग–अलग बनवा कर ड्रिल करवाई जाय।

उपकरण

S.No.	Specifications	Rate	Supplier
1	2	3	4
1.	Liquid Prismatic Compass MK-III A	Rs. 6.000	Ordnance Factory Raipur, Dehradun, (Uttarakhand)
2.	Toposheet (Gridded)	Rs. 75	Surveyor General of India, Hathibarkala, Dehradun
3.	CCTV		
4.	Finger Print Scanner		
5.	Irish Scanner		
6.	Face Scanner		
7.	Door Scanner		
8.	Fire Party : a. Pocket Line-12 b. Bucket-2 c. Helmet-16 d. Fireman Axe-2		
9.	First Aid Kit		
10.	Blanket-3		
11.	Stretcher-5		
12.	Spillers-One set		
13.	Torch-1		
14.	Tripod-12		
15.	Extension Ladder 35'-One		
16.	Rope-200' One		
17.	Rope-100'-One		
18.	Wooden Shaft-2		
19.	Iron Picket-2		
20.	Hammer-1		
21.	Pulley-1 (Single Sheaf)		
22.	Pulley-1 (Double Sheaf)		
23.	Snatch Clock-1		

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और उनकी प्रायोगिक परीक्षा होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक——				
प्रथम प्रश्न पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न पत्र	60		20	

(ख) प्रायोगिक	पूर्णांक		उत्तीर्णांक
आन्तरिक परीक्षा	200	400	
वाह्य परीक्षा	200		200

प्रायोगिक परीक्षा में मूल्यांकन हेतु अंको का वितरण।

S.N.	Practical	Marks Allotted
1	कार्यस्थल की विजिट, किसी एक समस्या/बिन्दु पर केस स्टडी अथवा आख्या तैयार करना।	50
2	रक्षा सेनाओं द्वारा प्रयुक्त यौद्धिक उपकरण/आपदा प्रबन्धन/नागरिक सुरक्षा में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की स्पाटिटंग।	50
3	नागरिक सुरक्षा/आपदा प्रबन्धन/प्राथमिक उपचार की मॉक ड्रिल या मॉक टेस्ट	50
4	मौखिकी	50
	योग . .	**200**

नोट : परीक्षाार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्नपत्र में न्यूनतम 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एंव प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक पाना अनिवार्य होगा।

(39) ट्रेड–मोबाइल रिपेयरिंग

कक्षा–12

1. सैद्धान्तिक – 300 अंक
2. प्रयोगात्मक – 400 अंक

1– सैद्धान्तिक——

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
प्रथम प्रश्न पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न पत्र	60		20	

2–प्रयोगात्मक

आन्तरिक	200 अंक	400	(सत्रीय कार्य के अन्तर्गत प्रोजेक्ट समाहित है।
वाह्य	200 अंक		

मोबाइल रिपेयरिंग

उद्देश्य–शिक्षा के उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयोग व सुधार नवीन अवधारणाओं पर आधारित है जिसके परिणाम स्वरूप शिक्षा में समायनुकूल गुणात्मक एवं मात्रात्मक परिवर्तन सापेक्षिक अर्थ में आधुनिकता के प्रतीक रहे हैं। वर्तमान समय सूचना संचार का युग है, जिसमें मोबाइल रिपेयरिंग शिक्षा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को रोजगार व स्वरोजगार की असीम सम्भावनाएँ प्रस्तुत व उपलब्ध करा रहा है। इस विषय के अध्ययन व प्रयोग से छात्र/छात्राएँ तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

- विद्यार्थियों में उद्यमिता के गुणों का विकास।
- विद्यार्थियों में रोजगार/स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना।
- मोबाइल शाप को मैनेज करना।
- तकनीशियन के रूप में सफलता पूर्वक कार्य करना।
- उच्चशिक्षा में इसका प्रयोग करना।

प्रथम प्रश्नपत्र
बेसिक इलेक्ट्रानिक (मोबाइल के सन्दर्भ में)

पूर्णांक : 60

1. इलेक्ट्रिानिक्स के सिद्धान्त **20 अंक**

परमाणु संरचना, आवेश Hole, के सन्दर्भ में सामान्य ज्ञान, Semi Conductor Material (P type, N type), Diode, Zenor Diode, Trasistor, Mosfet की कार्य प्रणाली। Rectifier circuit (Semi, full, Bridge Rectifier), Resistance Colour Coding, Fundamental of Bands.

2. Integrated Ciruit के सिद्धान्त **20 अंक**

Semi Conductor Material, P type & N type doping Basic circuit board, IC, PCB, RAM, ROM, Analog और Digital Singnal के बीच में अन्तर Binary Coding.

3. Communication System(संचार पद्धति) का परिचय **20 अंक**

Logic Gates, Moduling techniques, Amplitude Modulation, Frequency modulation, Time division, Multiplexing, GSM, technique, CDMA तकनीक, द्वितीय और तृतीय जनरेसन का परिचय।

Smart Phone का परिचय।

द्वितीय प्रश्नपत्र
Hardware(भाग–1)

पूर्णांक : 60

1. मोबाइल के मुख्य भाग–1 **20 अंक**

सामान्य जानकारी–Ringer, Vibrator, Microphone, Speaker, Keypad, Scrolling switch, Joy Stick, LCD और LED का परिपथ और कार्यप्रणाली। बैटरी के प्रकार, Battery connector और चार्जिंग Connector की जानकारी।

2. मोबाइल के मुख्य भाग–2 **20 अंक**

विद्युत प्रबन्धन, प्रोसेसर, बेस बैंड प्रोसेसर, चार्ज सर्किट, आर0 एफ0 सर्किट, मेमोरी कीपैड बैकेलाइट, आडियो, ब्लूटूथ रेडियो, टी–फ्लैस कार्ड, कैमरा माड्यूल, X601 सेन्सर का कनेक्टर।

3. मोबाइल की Accessories **20 अंक**

विभिन्न प्रकार के कैमरा का उपयोग Blue Tooth और Wi-Fi-, Ear Piece, Multimedia पद्धति VGA और Mega Pixel की जानकारी Outer data interface, Card reader अलग–अलग प्रकार की ICs की पहचान और उसकी जानकारी।

तृतीय प्रश्नपत्र
Hardware(भाग–2)

पूर्णांक : 60

1. हार्डवेयर की कमियों का निस्तारण **20 अंक**

प्रयोग किऐ जाने वाले घटकों की शुद्धता की जाँच करना और उनका Specificationer से Diode, Zenor diode, Resistor, Capacitor, Indutor) SMD और उनके भागों का परीक्षण करना। SMD parts को बदलने में प्रयोग की जाने वाली सावधानियाँ। BGA तथा IC की Rebalance installations.

2. मोबाइल तकनीकी में प्रयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी **20 अंक**

बैटरी बूस्टर और हॉट एयर गन की कार्यप्रणाली और उनका उपयोग। विभिन्न प्रकार के Soldering उपकरणों का प्रयोग करके Soldering desoldering करना। Jumpering तकनीक, चिप लेवल रिपेयर करना। Single layer और Multilayer PCB का परिचय।

3. मोबाइल की अन्य समस्याओं का निस्तारण **20 अंक**

सिमकार्ड की समस्या (ERROR SIM or INSERT SIM) Mobile का Automatically turn off होना, Network की समस्या (NOT SHOWING NETWORK BAR)

विभिन्न संदेश का डिस्प्ले– CALL ENDED
होना और उसका अर्थ– LEMITED SERVICE
NO ACCESS
EMERGENCY CALL
NO NETWORK FOUND
NO SERVICE
CALL FAILED
SEARCHING

DEAD HANDSET (TOTAL DEAD WATER LOCK),

Problem in Hands Free Socket और LED की समस्या। विभिन्न प्रकार के मोबाइल सेट के फीचर्स का तुलनात्मक अध्ययन (NOKIA, LG, SAMSUNG)

चतुर्थ प्रश्नपत्र
Software

पूर्णांक : 60

1. फार्मेटिंग (Formating) **20 अंक**

फार्मेटिंग किसे कहते हैं? इसका अर्थ, इसके लिए प्रयुक्त आवश्यक निर्देश, आन्तरिक व वाह्य मेमोरी फार्मेटिंग के आवश्यक जानकारी, विभिन्न प्रकार के हैंडसेट की फार्मेटिंग के लिए आवश्यक निर्देश, भिन्न प्रकार के आपरेटिंग सिस्टम को फार्मेट करने की विधि।

2. डाउनलोडिंग व इन्सटालेशन **20 अंक**

रिंगटोन, सिंगटोन, गेम, वालपेपर कनवर्टर, फाइल, डेक्शनरी इत्यादि की डाउनलोडिंग इण्टरनेट एवं ब्लूटूथ की सहायता से डाउनलोडिंग व इन्सटालेशन में आवश्यक सावधानियाँ एवं निर्देश।

3. अनलाकिंग **20 अंक**

सिम लॉक, फोन लॉक, प्राइवेंसी लॉक की कार्यविधि एवं लॉकिंग का वर्णन, सिक्रेट कोड का प्रयोग, आई फोन अनलाकिंग।

पंचम प्रश्नपत्र
अत्याधुनिक मोबाइल तकनीकी

पूर्णांक : 60

1- Single Band/Dual Band/Trai bandकी जानकारी **20 अंक**

Mobileकी क्षमता, मोबाइल के विभिन्न मॉडल और उनके प्रकार का तुलनात्मक अध्ययन, CDM। और GSMकी कार्यप्रणाली के बीच में तुलनात्मक अध्ययनSecret Codeका इस्तेमाल।

2. अत्याधुनिक तकनीक–1 **20 अंक**

Dongles Upgradation, Complete Software repairing using advance Dongles (On Line/Off Line), SMD Station Practice, Safety technique on replacing SMD parts, Mobile Technique esa Voice Singat Structureका विवरण।Androidका उपयोग।

3. अत्याधुनिक तकनीक (कार्यप्रणाली व निस्तारण)–2 **20 अंक**

- अत्याधुनिक नवीनतम Features o Application
- जम्फर तकनीक व सेटिंग
- अत्याधुनिक Trouble Shootingतकनीक का प्रयोग व कार्यप्रणाली
- विभिन्न प्रकार के मदरबोर्ड (नवीनतम) की कार्यप्रणाली
- ESD सुरक्षा
- हार्डवेयर व साफ्टवेयर तकनीक का निस्तारण
- ट्रैकिंग से निस्तारण

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम की सूची

1. हार्डवेयर

1. जम्परिंग तकनीक
2. स्क्रू ड्राइवर, सोल्डरिंग एवं आयरिंग का प्रयोग
3. विभिन्न सेक्शन की सर्किट की चेकिंग (चार्जिंग), की पैड सेक्शन, डिस्प्ले सेक्शन, स्पीकर, कैमरा, माइक आदि।
4. विभिन्न प्रकार की बैटरी पहचान व मापन।
5. मोबाइल के L.C.D.तथा L.E.D. को लगाना।
6. विभिन्न प्रकार के मैमोरी की पहचान करना।

2. साफ्टवेयर

1. विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर, रिंग टोन, सिंग टोन आदि को डाउनलोड करना।
2. फाइलों को ट्रांसफर करना। (P.C. to Mobile)
3. P.U.K. कोड एवं पासवर्ड तोड़ना
4. इन्टरनेट के प्रयोग से विभिन्न प्रकार के नये फीचर को जोड़ना एवं डाउन लोड करना।
5. ब्लू टूथ, वाई–फाई व अन्य नये तकनीकों का प्रयोग करना।

प्रोजेक्ट की सूची

साफ्टवेयर

1. रिंगटोन व सिंगटोन का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. विभिन्न प्रकार के लाकिंग व अनलाकिंग का प्रयोग।
3. सेट को असेम्बल करना।
4. सुरक्षा व प्रबन्धन।
5. इन्टरनेट का प्रयोग।

हार्डवेयर

1. LCDकी गुणवत्ता एवं लाभ।
2. LED की गुणवत्ता एवं लाभ।
3. जम्फरिंग तकनीक व उनकी कार्यविधि।
4. पावर केबिल सप्लाई की कार्य विधि एवं इसके लाभ।
5. इण्टरनेट की कार्य विधि व उनके लाभ।

नोट :–

उपरोक्त प्रोजेक्ट के अतिरिक्त विषय से सम्बन्धि अध्यापक/अध्यापिकायें नए प्रोजेक्ट भी जोड़ सकते हैं।

Mobile Repairing Tools

1. Screw Driver (Kit)
2. Multi meter
3. Soldering Iron
4. Magnifier
5. Hot Air Gun/SMD
6. Soldering Paste
7. Chimti
8. Brush
9. Faceplate
10. Suction Cup
11. Connector
12. Cable
13. Block Diagram of Different Mobile Set
14. Books (Mobile Repairing & Maintenance)
15. Computer System (For Installing/Downloading Software, Ringtone, Sing tone & Driver etc.)
16. Cleanner
17. Nose Plass
18. Plucker.

(40) ट्रेड–पर्यटन एवं आतिथ्य

कक्षा– 12

प्रथम प्रश्नपत्र

1. सैद्धान्तिक	300 अंक
2. प्रयोगात्मक	400 अंक

1. सैद्धान्तिक

	प्राप्तांक		न्यूनतम	
प्रथम प्रश्न पत्र	60 अंक	300	20 अंक	100
द्वितीय प्रश्न पत्र	60 अंक		20 अंक	
तृतीय प्रश्न पत्र	60 अंक		20 अंक	
चतुर्थ प्रश्न पत्र	60 अंक		20 अंक	
पंचम प्रश्न पत्र	60 अंक		20 अंक	
2. प्रयोगात्मक				
आन्तरिक मूल्यांकन	200 अंक	400	200	
वाह्य मूल्यांकन	200 अंक			

प्रथम प्रश्नपत्र

पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग–परिचय

An Introduction to Tourism & Hospitality Industry पूर्णांक : 60

1. आवास–अवधारणा, प्रकार, रूप व महत्व, भारत में पर्यटक आवास की बदलती आवश्यकताएँ। होटलों का इतिहास व प्रकार, होटल उद्योग का विकास, होटल उद्योग में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की भूमिका।20 अंक

   Accomodation : Concept, Types, Form and Significance, Changing pattern of Accomodation Needs in India. History of Hotels, Types of Hotels, Growth of Hotel Industry, Role of Public and Private Sector in Hotel Industry.

2. भारत में पर्यटन व आतिथ्य उद्योग के विकास में तकनीकी की भूमिका, कम्प्यूटरीकृत आरक्षण लाभ तथा सीमाएँ। 20 अंक

   Role of Technology in growth of Tourism and Hospitality Industry in India. Computerized Reservation System-Advantage and Limitations.

3. पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में नैतिक एवं विधिक मुद्दे। 20 अंक

   Ethical and Legal's sues Tourism and Hospitality Industry.

द्वितीय प्रश्नपत्र

यात्रा एवं पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

Fundamentals of Travel & Tourism पूर्णांक : 60

1. भारत में यातायात के प्रमुख साधान– 20 अंक

   Major Transportation Systems in India.

   (अ) वायुयातायात–प्रमुख सरकारी तथा प्राइवेट एअर लाइन्स

   Air Transport&Main Public and Private Air Lines.

   (ब) प्रमुख पर्यटक रेलगाड़ियाँ–पैलेस आन ह्वील, डेकन ओडीसी, बुद्धिस्ट स्पेशल आदि।

   Major Tourist Trains-Palace on Wheels, Deccan Odyssy, Buddhist special etc.

   (स) सड़क यातायात सामान्य परिचय

   Road Transport-General Introduction.

2. पर्यटन में उभरते हुए आयाम तथा प्रवृत्तियाँ– 20 अंक

13	समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 15000 वर्ग मी0 से 20000 वर्ग मी0 तक का क्षेत्र है। स्थानीय निकाय के साथ भागीदारी करके नियमानुसार श्रोत स्तर पर ही उत्पादकों द्वारा जनित अपशिष्ट का पृथक्करण सुनिश्चित करेंगे। पृथक्कृत अपशिष्ट को भिन्न रूप में संग्रहित किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को या तो अधिकृत अपशिष्ट संग्राहको को अथवा अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहां तक सम्भव हो अपशिष्ट के जैव-निम्नीकरणीय (बायोडिग्रडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव मिथेनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित किया जायेगा। अपशिष्ट के अवशिष्ट अंश को स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशित अपशिष्ट संग्राहको अथवा अभिकरण/संस्था को सौपा जायेगा।	समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 15000 वर्ग मी0 से 20000 वर्ग मी0 तक का क्षेत्र है। यदि उनके द्वारा साफलिड बेस्ट मैनेजमेन्ट नियम 2016 के अनुसार कार्यवाही नही की जाती है। तो नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा रु0 4,00,000 (रु0 चार लाख मात्र) मासिक आधार पर श्रोत स्तर पर ही सम्बन्धित भवन स्वामी/अध्यासी/प्रतिष्ठान के परिसर में उत्पादको द्वारा जनित अपशिष्ट का पृथक्करण सुनिश्चित करेंगे। पृथक्कृत अपशिष्ट को भिन्न रूप में संग्रहित किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को या तो अधिकृत अपशिष्ट संग्राहकों को अथवा अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहां तक सम्भव हो अपशिष्ट के जैव-निम्नीकरणीय (बायोडिग्रडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव मिथेनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित कियें जाने का शुल्क लेगी। उक्त प्रक्रिया का पालन करने वाले समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 15000 वर्ग मी0 से 20000 वर्ग मी0 तक का क्षेत्र है को उक्त निर्धारण सफाई कर देना अनिवार्य होगा जिन भवन/अध्यासी/प्रतिष्ठान के परिसर में स्वतः व्यवस्था कर ली गयी है। उनको उक्त सफई कर से छूट प्रदान की जायेगी।

1	2	3
14	समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 20000 वर्ग मी0 से अधिक का क्षेत्र है। स्थानीय निकाय के साथ भागीदारी करके नियमानुसार श्रोत स्तर पर ही उत्पादको द्वारा जनित अपशिष्ट का पृथक्करण सुनिश्चित करेंगे। पृथक्कृत अपशिष्ट को भिन्न रूप में संग्रहित किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को या तो अधिकृत अपशिष्ट संग्राहकों को अथवा अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहां तक सम्भव हो अपशिष्ट के जैव-निम्नीकरणीय (बायोडिग्रडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव मिथेनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित किया जायेगा। अपशिष्ट के अवशिष्ट अंश को स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशित अपशिष्ट संग्राहको अथवा अभिकरण/संस्था को सौपा जायेगा।	समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 20000 वर्ग मी0 से अधिक का क्षेत्र है। यदि उनके द्वारा साफलिड बेस्ट मैनेजमेन्ट नियम 2016 के अनुसार कार्यवाही नही की जाती है। तो नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा रु0 5,00,000 (रु0 पॉच लाख मात्र) मासिक आधार पर श्रोत स्तर पर ही सम्बन्धित भवन स्वामी/अध्यासी/प्रतिष्ठान के परिसर में उत्पादको द्वारा जनित अपषिष्ट का पृथक्करण सुनिष्चित करेंगे। पृथक्कृत अपषिष्ट को भिन्न रूप मे संग्रहित किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को या तो अधिकृत अपशिष्ट संग्राहकों को अथवा अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहां तक सम्भव हो अपशिष्ट के जैव-निम्नीकरणीय (बायोडिग्रडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव मिथेनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित कियें जाने का शुल्क लेगी। उक्त प्रक्रिया का पालन करने वाले समस्त निवासी समुदाय, संस्थान, होटल, एवं रेस्टोरेन्ट जिनके पास 20000 वर्ग मी0 से अधिक का क्षेत्र है। को उक्त निर्धारण सफाई कर देना अनिवार्य होगा जिन भवन/अध्यासी/प्रतिष्ठान के परिसर मे स्वतः व्यवस्था कर ली गयी है। उनको उक्त सफई कर से छूट प्रदान की जायेगी।
15	सार्वजनिक स्थान/वयक्तिगत स्थान/सड़क मार्ग पर दूध का चट्टा लगा करके दूध निकालने का कार्य करके नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को प्रभावित करना/गन्दगी करना सार्वजनिक मार्ग पर गोबर फैलाना प्रतिबन्धित है।	उक्त कार्य के लिये सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त सफाई कर रु0 50 प्रति पशु सफाई कर देय होगा।
16	नगरपालिका परिषद बांगरमऊ क्षेत्र में खुले में सीवर सेक्सन मशीन से नालियों/खुले में शौचालय के अवशेष डालने पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किया जाता है।	उक्त कार्य के लिये अगर कोई व्यक्ति पाया जाता है, तो उस पर रु0 5,000 जुर्माना नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा वसूला जायेगा।
17	नगरपालिका परिषद बांगरमऊ क्षेत्र के अन्तर्गत इत्र कारखानों में इत्र बनने के उपरान्त बचे हुये अनुपयोगी सामग्री पदार्थ/खश/मेंहदी आदि के अवशेष नालियों में बहाना अथवा सावर्जनिक स्थान पर डालना प्रतिबन्धित किया जाता है।	उक्त दायित्व का अनुपालन न करने पर प्रथम प्रकरण मे रु0 500 व द्वितीय प्रकरण में रु0 1,000 व तृतीय प्रकरण मे रु0 5,000 सफाई कर देय होगा।

1	2	3
18	धर्मशालाओं मे धार्मिक, राजनैतिक, शादी विवाह आदि अन्य गतिविधिया आयोजित की जाती है। जिसमें अपशिष्ट उत्पन्न किया जाता है। धर्मशालाओं द्वारा शुल्क लिया गया है। सम्बन्धित भवन स्वामी/प्रबन्धक को सूचना नगरपालिका परिषद बांगरमऊ को प्रति आयोजन की देनी होगी।	प्रति आयोजन रु0 500 सफाई कर देय होगा, आयोजन की सूचना न देने की स्थिति में सफाई कर 1,000 देय होगा।
19	मैरिजहाल/गेस्टहाउस/होटल/बारातघर/स्कूल/कालेज तथा ऐसे अन्य परिसर जहां पर सामुहिक रूप से लोगों को एकत्रित करके कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके उपरान्त वहां पर अपशिष्ट उत्पन्न होता है। सम्बन्धित भवन स्वामी/प्रबन्धक को सूचना नगरपालिका परिषद बांगरमऊ को प्रति आयोजन की देनी होगी।	प्रति आयोजन रू0 5,000 सफाई कर देय होगा, आयोजन की सूचना न देने की स्थिति मे सफाई कर रु0 10,000 देय होगा।
20	समस्त प्रकार के ऐसे भवन प्रतिष्ठान, अनावासीय परिसर जिसमें 05 से अधिक दुकाने है। जिसमें व्यवसायिक गतिविधियॉ संचालित है। उनको व्यवसायिक श्रेणी में मानते हुये सम्बन्धित परिसरों में महिला शौचालय/प्रशाधन की व्यवस्था 06 माह के अन्दर करना अनिवार्य होगा।	ऐसा न करने पर रु0 5,000 सफाई कर देय होगा एवं 01 वर्ष पश्चात् शौचालय/प्रशाधन की व्यवस्था न करने पर रु0 5,000 प्रतिमाह देय होगा।

5—नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के सभी हितबद्व पक्षकार यदि उक्त दायित्वो का पालन नही करते है तो नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा अपने स्तर से नगर क्षेत्र के ऐसे समस्त हितबद्व पक्षकारों का सर्वे कराने का कार्य कर अनुभाग द्वारा कराकर सर्वे उपरान्त एक माह की सूचना सम्बन्धित हितबद्व पक्षकार को देकर मांग कायम करने का अधिकार होगा। उक्त प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिये कर अधीक्षक/राजस्व निरीक्षक/कर समाहर्ता को अधिकृत किया जाता है। इनके न होने पर उक्त दायित्वों का निर्वाहन अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। तथा वसूली से सम्बन्धित कार्यवाहियां नगरपालिका अधिनियम 1916 के अध्याय 05 के अन्तर्गत दी गई व्यवस्था के अनुसार अनुमन्य होगी।

शस्ति

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा-299,307 मे दिये गये प्राविधानो के अधीन उक्त नियमावली के किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है। तो जुर्माना रु0 1,000 (रु0 एक हजार मात्र) बसूल किया जायेगा। और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किया जाता है, तो प्रथम दोष सिद्ध के दिन से प्रत्येक दिन के लिये रु0 100 (रु0 एक सौ मात्र) अतिरिक्त देय होगा तथा 299 व 307 के उपरान्त के उपबन्ध लागू होंगे।

उ0प्र0 पथ विक्रेता जीविका संरक्षण नियमावली

निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 8वॉ तल इन्दिरा भवन लखनऊ पत्र सं0 3/773सा0/पथ विक्रय/2017 दिनॉक 22 मई 2017 तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा सिविल मिस रिट पिटीशन सं0 53235/2016 दिलीप पासवान बनाम राज्य व अन्य के अनुपालन के क्रम में नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा अपनी सीमा में फेरी नीति/पथ विक्रेता/जीविका संरक्षण नियमावली की विरचना की जाती है।

नगरपालिका परिषद सीमा में पथकर नियमावली के अनुसार 2×2 वर्ग मी0 ढकेल/रेहड़ी/फड़ आदि लगाने पर निम्न दरें लागू होगी।

प्रतिदिन दरें	मासिक दरें	वार्षिक दरें
रु0 50 मात्र प्रतिदिन	रु0 1,000 मात्र मासिक	रु0 8,000 मात्र वार्षिक

1. नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ की सीमा के अन्तर्गत प्रत्येक रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति को नगरपालिका परिषद में अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

2. नगर पालिका परिषद द्वारा प्रत्येक रेहड़ी लगाने वाले का फोटोयुक्त पहचान-पत्र जारी करेगी।

3. नगर पालिका परिषद द्वारा नियत किये गये स्थान पर ही पथ विक्रेता अपनी रेहड़ी/फड़/ठेला आदि लगा सकेगा।

दण्ड

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-299(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद बांगरमऊ यह आदेश देती है कि इस नियमावली में किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर रु0 10,000.00 (दस हजार रुपया) मात्र तक आर्थिक दण्ड दिया जा सकता है। और यदि अपराध निरन्तर जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड लगाया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से यह सिद्ध हो जाने पर किसी अपराधी के द्वारा निरन्तर अपराध जारी रखने पर रु0 100.00 (एक सौ रुपया) मात्र प्रतिदिन हो सकता है।

नगरपालिका परिषद द्वारा मोबाइल टावर, विद्युत ट्रान्सफार्मर, बिजलीघर, कोल्ड स्टोरेज आदि पर शुल्क निर्धारण हेतु उपविधियॉ।

शासनादेश दिनॉक 27 अक्टूबर 1994 द्वारा निधारिंत कर/शुल्क दरें।

क्रमांक	मद का नाम	शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर, 1994 द्वारा निर्धारित दर
1	ट्रांसफार्मर	रु0 500 रुपये/वर्ष
2	विद्युत ग्रह	रु0 50 रु0/गज
3	कोल्ड स्टोरेज	रु0 10,000 रुपये/वर्ष
4	मोबाइल टॉवर	रु0 10,000 रुपये/वर्ष

दण्ड

यू0पी0म्युनिसिपैलिटीज एक्ट, 1916 की धारा 299(1) के अर्न्तगत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद बांगरमऊ ये आदेश देती है कि इस नियमावली में किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर रु0 15,000/— (पन्द्रह हजार रुपया मात्र) दण्ड किया जायेगा और यदि अपराध निरन्तर जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड लगाया जायेगा। जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से यह सिद्ध हो जाने पर किसी भी अपराधी द्वारा निरन्तर अपराध जारी रखा है तो रु0 100.00 प्रतिदिन मात्र होगा।

विविध लाइसेंन्सिंग नियमावली

नगरपालिका परिषद वि0/उपविधियॉ—संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद बांगरमऊ उन्नाव में दुकानों व अन्य लाइसेन्सिंग की नियमित एवं नियन्त्रित करने हेतु निम्नलिखित उपनियम बनाये हैं—

उपविधि

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति—**

(1) यह नियमावली नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमान्तर्गत वाणिज्य नियंत्रण लाइसेंस व अन्य शुल्क उपनियमावली 2023 कहलायेगी।

(ख) यह नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जावेगी।

उपनियम

1 यह नियम नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।

2 नियमावली में निर्धारित दरें धनराशि शुल्क के रूप में कार्यालय नगरपालिका परिषद बांगरमऊ में अदा करके लाइसेन्स प्राप्त कर लिया जायेगा।

3 लाइसेन्स शुल्क की अवधि प्रतिवर्ष 01 अप्रैल, से 31 मार्च, तक होगी।

4 लाइसेन्स शुल्क वर्ष के प्रथम माह अप्रैल, में देय होगी।

5 नियमावली तालिका में वर्णित मदों पर शुल्क लिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिषासी अधिकारी नगरपालिका परिषद बांगरमऊ को है।

6 नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाइसेन्स का निरीक्षण कर सकते है। और प्रत्येक दुकान के अन्दर आवष्यक स्थिति में प्रवेश कर सकते है।

7 अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी सभी लाइसेन्स निर्गत कर सकता है।

8 जो शुल्क इस तालिका में नही है उन्हें सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेन्स शुल्क लिया जायेगा।

9 इस नियम के प्रभावी होते ही पूर्व से प्रभावी लाइसेन्स उपनियमावली की शुल्कों की दरें स्वतः ही निरस्त हो जायेंगी।

10 प्रत्येक व्यवसाय का लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा।

तालिका विवरण

क्र0सं0		धनराशि (रु0) में
1	2	3
		रु0
1	**होटल रेस्टोरेन्ट –**	
	(1) होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 शय्या तक तथा बारात घर	15,000
	(2) होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 11 शय्या से 20 शैय्या तक	12,000
	(3) होटल ढाबा (भोजन)	10,000
	(4) सामान्य होटल (नाश्ता)	5,000
2	**नर्सिंग होम**	
	(1) नर्सिंग होम/अस्पताल (20 बेड तक)	20,000
	(2) नर्सिंग होम/अस्पताल (20 बेड से ऊपर)	30,000
	(3) पैथोलोजी सेन्टर	5,000
	(4) एक्सरे क्लीनिक	3,000
	(5) डेन्टल क्लीनिक	8,000
	(6) प्राइवेट क्लीनिक	4,000

1	2	3
		रु0
3	**परिवहन**	
	(1) ट्रान्सपोर्ट (बिना वाहन के एजेन्सी)	5,000
	(2) ट्रान्सपोर्ट ट्रैक्टर एजेन्सी (वाहन सहित)	10,000
	(3) ऑटो रिक्शा	1,000
	(4) मिनी बस	1,500
	(5) बस	2,500
	(6) तांगा	500
	(7) ई–रिक्शा किराये पर	100
	(8) ई–रिक्शा निजी चलित	200
	(9) ठेला / ठेली	500
	(10) हाथठेला	100
	(11) बैलगाडी / भैंसा गाडी	100
	(12) ट्राली	1,500
	(13) अन्य चार पहियों के वाहन तथा व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन	1,500
3	**परिवहन**	
	(1) मोटर वाहन ऐजेन्सी (सेल्स सर्विस)	20,000
	(2)स्कूटर / मोटर साइकिल ऐजेन्सी	10,000
	(3) साइकिल की दुकान	5,000
4	**पैट्रोलियम**	
	(1)मिटटी के तेल की दुकान 100 गेलेन तक	1,000
	(2)मिटटी के तेल की दुकान 100 गैलेन से अधिक	रु0
	(3)पैट्रोल पम्प / डीजल पम्प थ्रो (आयल काम्पनी)	
	(4)दुकान अन्य पैट्रोलियम उत्पाद	5,000
5	**अन्य व्यवसाय**	
	1– धुलाई गृह (लाण्ड्री)	2,000
	2– ड्राई क्लीनर	3,000
	3– साबुन फैक्ट्री	5,000
	4– गुड़ गोदाम	2,500
	5– कंकड़ तथा सुर्खी का भट्टा	5,000

1	2	3
		रु0
	6– चूना	2,000
	7– पेठा बनाने का कारखाना	5,000
	8– ईट भट्टा	5,000
	9– जूता बनाने वाला कारखाना	3,000
	10–लोहा व्यापारी, टिम्बर मर्चेन्ट सीमेन्ट ईट बालू (थोक मौरंग बालू) मारबल टाइल्स हार्डवेयर	20,000
	11– बिजली सामान के विक्रेता	5,000
	12– कपड़ा फुटकर एंव थोक व्यापारी	10,000
	13– चाय के थोक विक्रेता	5,000
	14– नट फैक्ट्री	1,500
	15– खाल एंव बाल उतारने वालों पर	500
	16– वेटरिंग	5,000
	17– बेकरी	5,000
	18– बेकरी (पावर)	7,000
	19– हेयर कंटिंग सैलून	1,000
	20– ब्यूटी पार्लर	5,000
	21– कुकिंग गैस एजेन्सी	20,000
	22– जनरल मर्चेन्ट (फुटकर एंव थोक)	8,000
	23– कोयला थोक विक्रेता	5,000
	24– मसाला/पान मसाला फक्ट्री	5,000
	25– कोयला फुटकर विक्रेता	2,000
	26– पेन्ट की दुकान (रंग रोगन)	10,000
	27– ज्वैलर्स (बड़े) 5 लाख टर्न ओवर से अधिक	10,000
	28– ज्वैलर्स (छोटे) 5 लाख टर्न ओवर से कम	3,000
	29– विज्ञापन एजेन्सी	10,000
	30– डेरी फार्म	2,000
	31– भूसा फार्म थोक	5,000
	32– भूसा विक्रेता फुटकर	2,000
	33– ऑडियो लाइब्रेरी	5,000
	34– वीडियो लाइब्रेरी	5,000

1	2	3
		रु0
	35– केबिल टी0वी0	10,000
	36– आर्केटेक्ट कन्सलटेन्ट विधि एकाउन्टेट कास्ट एकाउन्टेट	5,000
	37– फाइनेन्स कम्पनी चिटफण्ड	6,000
	38– इश्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	12,000
	39– फाउण्डिंग कम्पनी/इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रियल	5,000
	40– ढलाई भटटी , खराद मशीन	5,000
	41– पशु वध (छोटा)	3,000
	42– पशु बड़ा	5,000
	43– सब्जी गोदाम/फल गोदाम	5,000
	44– हड्डी, खाल सींग, चमड़ा, खांडसारी आदि फुटकर विक्रेता	1,000
	45– बीयर की दुकान	8,000
	46– शीरा फैक्ट्री	5,000
	47– टेन्ट हाउस	8,000
6	**छुकान**	
	1– पान/तम्बाकू की दुकान	500
	2– चाय की दुकान	200
	3– जनरल मर्चेन्ट की दुकान	1,000
	4– किताबों की थोक दुकान	10,000
	5– किताबो की फुटकर दुकान	5,000
	6– न्यूज पेपर विक्रेता	500
	7– लकड़ी की टाल थोक विक्रेता	10,000
	8– लकड़ी की टाल फुटकर विक्रेता	5,000
	9– टिम्बर मर्चेन्ट	5,000
	10– रेडियो मैकेनिक, टी0वी0 मरम्मत	2,000
	11– टी0वी0 शॉप/ इलैक्ट्रॉनिक वस्तुऐं	5,000
	12– फर्टिलाइजर (शॉप)	5,000
	13– फर्टिलाइजर फैक्ट्री	2,000
	15– मिठाई की दुकान	5,000
	16– पानी बतासा की दुकान	500
	17– ड्राई फ्रुट की दुकान	5,000

1	2	3
		रु0
	18– गैस फिलिंग प्लान्ट	10,000
	19– गैस फिलिंग दुकान (छोटी)	5,000
	20– सब्जी की दुकान/फल की दुकान	500
	21– ड्राई फ्रुट की फुटकर दुकान	500
	22– बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	10,000
	23– मसाले की थोक विक्रेता	10,000
	24– मसाले के फुटकर की दुकान	2,000
	25– पीतल एंव स्टील बर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के थोक विक्रेता	10,000
	26–पीतल एंव स्टील बर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के फुटकर विक्रेता	5,000
	27– देशी शराब की प्रति दुकान	10,000
	28– अग्रेजी शराब की दुकान	15,000
	29– पशु वधशाला (स्लाटर हाउस)	5,000
	30– भैंस भैंसा (बड़ा) पशु मांस की दुकान	5,000
	31– बकरा/बकरी (छोटा) पशु मांस की दुकान	2,000
	32– फर्नीचर की दुकान (शोरूम)	5,000
	33– क्रॉकरी विक्रेता	1,000
	34– चूड़ी विक्रेता	1,000
	35– जूता (चमड़ा,प्लास्टिक) विक्रेता	2,000
	36– ग्लास फैक्ट्री /कांच से सामग्री बनाने वाली समस्त फैक्ट्री	5,000
	(38) अंग्रेजी व आयुर्वेदिक दवा की दुकान फुटकर/थोक	2,000
	(39) रस्सी/बान/बॉस बल्ली आदि की दुकान	500
	(40) अन्य सभी प्रकार की दुकान एवं प्रतिष्ठान	500
	(41) अन्य सभी प्रकार की फैक्टरियॉ, स्पेलर सरसों आदि	3,000
7	**पशुपालन**	
	(1) छोटा जानवर	100.00
	(2) बड़ा जानवर	200.00
	(3) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि	50.00
	(4) प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर गाय, भैंस, घोड़े आदि	200.00

1	2	3
		रु0
8	**डेरी एवं दुग्ध उत्पादन**	
	(1) दुग्ध डेरी 100 से अधिक पशु (गाय, भैंस)	20,000
	(2) दुग्ध डेरी 20 से 100 पशु तक (गाय, भैंस)	10,000
	(3) दुग्ध डेरी 5 से 20 पशु तक (गाय, भैंस)	5,000
9	**विविध**	
	(1) आटा चक्की	1,000
	(2) आरा मशीन	5,000
	(3) आइस फैक्ट्री	1,000
	(4) गाड़ी धुलाई सेन्टर	2,000
	(5) गैरेज	2,000
	(6) राइस मिल	10,000
	(7) आटा मिल	5,000
	(8) प्रिटिंग प्रैस	2,000
	(9) धर्मकॉटा	2,000
	(10) लाइट ठेकेदार	3,000
	(11) कम्प्यूटर हार्डवेयर	2,000
	(12) मोबाइल की दुकान	2,000
	(13) केवल ऑपरेटर	3,000

विलम्ब शुल्क

सभी दुकानों व कारखानों पर प्रतिमाह रु0 100.00 (एक सौ रुपया मात्र) विलम्ब शुल्क देय होगा।

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद यह आदेश देती है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) तक का जुर्माना किया जा सकता है। यदि उल्लंघन बराबर जारी रखा तो प्रथम दोष सिद्ध के दिनॉक से रु0 100 (एक सौ रुपया मात्र) प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना किया जा सकता है और जुर्माना अदा न करने पर तीन मास तक का कारावास का दण्ड भी सक्षम न्यायालय द्वारा दिया जा सकता है।

जलमूल्य / जलकर आदि सम्बन्धी नियमावली

1. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ में घरेलू जल उपभोक्ताओं से जल–मूल्य रु0 50 (पचास रु0 मात्र) प्रतिमाह एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं से रु0 100 (एक सौ रुपया मात्र) तथा प्रति नये जल संयोजन पर संयोजन शुल्क रु0 1200 वसूल किया जायेगा।
2. कस्बा क्षेत्र के अन्दर आर0ओ0 प्लान्ट व्यवसायियों के लिये जो अपनी बोरिंग (समर्सेबिल) से आर0ओ0 प्लान्ट की व्यवस्था करते हैं। उनसे अनुमति शुल्क रु0 5,000 (पॉच हजार रुपया) मात्र तथा सम्भरण शुल्क रु0 200 (दो सौ

रुपया मात्र) प्रतिमाह वसूल किया जायेगा। निजी समरसेविल लगाने पर संभरण शुल्क रु 50 मात्र प्रतिमाह वसूल किया जायेगा।

3. जलापूर्ति हेतु निकाय टैंकर उपयोग शुल्क (नगरपालिका परिषद की सीमा में बारात/तिलक आदि कार्य हेतु) रु0 500 मात्र प्रति चक्कर नगरपालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्य हेतु रु0 700 मात्र प्रति चक्कर प्रतिदिन देय होगा। नगरपालिका सीमा क्षेत्र से बाहर उपयोग शुल्क रु0 700 मात्र प्रति चक्कर देय होगा।

विविध नियमावली

1. प्रमाण-पत्र नामांकन के पश्चात् निर्गत प्रमाण-पत्र अदेयता प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, अन्य प्रमाण-पत्र (जन्म-मृत्यु को छोडकर) रु0 200 (दो सौ रुपया) मात्र प्रति प्रमाण-पत्र देय होगा।
2. कर निर्धारण पंजिका नकल शुल्क रु0 100 (एक सौ रुपया) मात्र तत्काल तथा रु0 200 (दो सौ रुपया) मात्र प्रति नकल देय होगा।
3. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ सीमा में आयोजित नुमाइश/मेला निजी जमीन मकान आदि पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 10,000 (दस हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।
4. नगरपालिका परिषद की सीमा में स्थित नाला/नाली/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 10,000 (दस हजार रुपया) मात्र तक हो सकता है पुनरावृत्ति करने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 50,000 (पचास हजार रुपया) मात्र चार्ज किया जायेगा।
5. नगरपालिका परिषद की सीमा के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद की दुकानें/भूखण्ड आदि के किराये का पुनः निर्धारण प्रति पॉच वर्ष में किया जायेगा। जिन आवंटित दुकानों की समय-सीमा उल्लिखित नही है उनके किराये का निर्धारण भी प्रति पॉच वर्ष में किया जायेगा।
6. नगरपालिका परिषद की दुकान/भू-खण्ड आदि का किरायानामा स्टाम्प अधिनियम के अनुसार रजिस्टर्ड कराना होगा।
7. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमा के अन्तर्गत भैस, गाय, सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जावनर को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर रु0 1,000 का जुर्माना देय होगा। और पुनः जानवरो का पकड़े जाने पर पशुपालक के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज करते हुये जानवरों को गौशालाओं में भेज दिया जायेगा।
8. 40 माइक्रोन मोटाई से कम की मोटाई की पॉलीथीन प्रयोग करने पर पैनाल्टी रु0 500/ प्रति प्रकरण। और शासन के शासनादेशानुसार समय-समय पर संशोधित कर जुर्माना लगाया जायेगा।
9. नगर में चिन्हित स्थानों पर लगाये गये कूड़ेदान में ही कूड़ा डाले, यदि बाहर कूड़ा फेकने पर पकड़े जाने पर रु0 500 का जुर्माना देय होगा।
10. भवन स्वामियों द्वारा नल की टोटी खुली पायी जाने पर जुर्माना रु0 100 प्रति प्रकरण।
11. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमा मे निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालय के टायलेट प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति रु0 05 एवं बाथरुम प्रयोक्ता यूजर चार्ज रु0 10 प्रति व्यक्ति किया जायेगा।
12. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ सीमा में गलियों मे बाधे गये जानवरों को पकड़े जाने पर शुल्क रु0 500/प्रति प्रकरण।
13. नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की हर्ष वैन का किराया प्रति चक्कर रु0 400 (रुपया चार सौ मात्र) देय होगा।

स्वमूल्यांकन (स्वकर निर्धारण) नियमावली–2023

उ0प्र0 अधिनियम, 1916 की धारा-298 मे प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद बांगरमऊ उन्नाव के सीमा हेतु **स्वमूल्यांकन (स्वकर निर्धारण) नियमावली–2023** का प्रस्तावित करती है। उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम (संसोधन) 2011 की धारा 128(1), 140(1), 140(क) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं नगर विकास अनुभाग-9

उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 135/9–9–11–190 द्वि0रा0वि0आ0 /04, दिनांक 18 मार्च, 2011 तथा उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 08 जून 2017 के अनुपालन मे नगर सीमान्तर्गत भवनों/भूमियों तथा सम्पत्तियों के द्विवर्षीय/आकस्मिक गृहकर निर्धारण हेतु स्वमूल्याकन (स्वकर) निर्धारण नियमावली वर्ष 2023 बनायी है। उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर (....................) दें। जिसका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा, परन्तु 30 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगरपालिका परिषद बांगरमऊ को प्राप्त आपत्ति/सुझाव का निस्तारण के पश्चात् उक्त प्रस्तावित **स्वमूल्यांकन (स्वकर निर्धारण) नियमावली–2023** उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

उपविधि

संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भः–

1. यह उपविधि **स्वमूल्यांकन (स्वकर निर्धारण) नियमावली–2023** नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के नाम से जानी जायेगी।

2. अर्थ–स्वकर निर्धारण प्रणाली के तहत भवन स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस नियमावली में उल्लिखित दरों के आधार पर आगणन की भवन पर निर्धारण कर सकेगा।

3. **परिभाषायें**:– इस नियमावली में–

1. **नगरपालिका परिषद** से तात्पर्य नगरपालिका परिषद बांगरमऊ उन्नाव से है।

2. **अधिनियम** का तात्पर्य उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 से है।

3. **अधिशासी अधिकारी** का तात्पर्य नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के अधिषासी अधिकारी से है।

4. **अध्यक्ष/प्रशासक** का तात्पर्य नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

5. **सम्पत्ति** से तात्पर्य नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमा में स्थित भूमि, या भवन दोनों से है।

6. **स्वकर निर्धारण** से तात्पर्य किसी स्वामी या अध्यासी द्वारा इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र-क में दाखिल किये जाने वाले स्वतः निर्धारण विवरण से है।

7. **आवासीय भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी प्रत्येक ईकाई उसमें रहने वाले व्यक्ति के अध्यासन में हो और आवासीय उपयोग का प्रविधान हो किन्तु उसमें व्यवसायिक उददेष्य से उपयोग के लिये होटल लाज या किसी अन्य प्रकार के भवन सम्मिलित न हो।

8. **अनावासीय भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसमें प्रयोग व्यवसायिक/औद्योगिक/गैर आवासीय गतिविधियॉ संचालित हो रही है।

9. **मिश्रित भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसमें आवासीय के साथ-साथ व्यवसायिक/औद्योगिक/गैर आवासीय गतिविधियॉ संचालित हो रही है।

10. **पक्का भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी दीवाल ईट,/पत्थर या ऐसे ही किसी अन्य सामग्री से निर्मित हो तथा जिसकी छत आर0सी0सी0 या आर0बी0सी0 पद्धति से निर्मित हो।

11. **अन्य पक्का भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी छत कड़ी पटियां एवं गार्डरों तथा लोहा/सीमेन्ट/फाईवर की चादर से निर्मित हो।

12. **कच्चा भवन** से तात्पर्य ऐसे भवन से है जिसकी छत अस्थाई साधनों या छप्पर आदि से निर्मित हो।

13. **मासिक किराया दर** से तात्पर्य नगरपालिका परिषद द्वारा वार्ड वार निर्धारित भवनों/भूमि के कारपेट एरिया/आच्छादित क्षेत्रफल के लियेक निर्धारित प्रतिवर्ग फुट मासिक किराये से है।

14. **वार्षिक मूल्य** से तात्पर्य अधिनियिम की धारा 140 के अधीन निर्दिष्ट वार्षिक मूल्य से है।

15. **आच्छादित क्षेत्रफल** सें तात्पर्य कुर्सी क्षेत्र के ऊपर निर्मित भवन के प्रत्येक तल के कुल आच्छादित क्षेत्र से है।

16. **कारपेट एरिया** से तात्पर्य अधिनियम की धारा की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण मे निर्दिष्ट कारपेट एरिया से है।

17. **मार्ग की चौड़ाई** से तात्पर्य सार्वजनिक मार्ग के दोनों ओर स्थित सरकारी नाली नाला के बीच की दूरी से है।

18. **अधिसूचित बैंक** से तात्पर्य कर की धनराशि को जमा करने के लिये नगरपालिका परिषद बांगरमऊ अधिसूचित बैंक या बैंको से है।

4—कारपेट एरिया की गणना नियमानुसार की जायेगी—

(क) कमरे आन्तरिक की गणना नियमानुसार की जायेगी।

(ख) आच्छादित बरामदा आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।

(ग) बालकनी, कोरीडोर रसोई व भण्डार गृह आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप।

(घ) गैराज आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप।

(ड) स्नानगृह शौचालय पोर्टकों और जीने से आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग ही होगा।

अथवा

कारपेट एरिया आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग

5—वार्षिक मूल्य की गणना निम्नानुसार की जायेगी।

(क) आवासीय भवनों के वार्षिक मूल्य की गणना— वार्षिक मूल्य कारपेट एरिया निर्धारित क्षेत्रफल का मासिक किराया दर 12 प्रतिशत भाग

(ख) अनावासीय/व्यवसायिक भवनों के वार्षिक मूल्य की गणना— वार्षिक मूल्य आच्छादित क्षेत्रफल/भूमि का खुला क्षेत्रफल निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल किराया दर 4 (गुणक) 12

(ग) औधोगिक ईकाई के भवन/भूमि की वार्षिक मूल्य की गणना— वार्षिक मूल्य आच्छादित क्षेत्रफल/भूमि का खुला क्षेत्रफल निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल किराया दर 2 (गुणक) 12

6—स्वतः अध्यासित भवनों के लिये छूट—

(क) 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन मे 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ख) 10 वर्ष से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन मे 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ग) 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

7—किराये पर उठे आवासीय भवन—

(क) (1) 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकंन में 25 प्रतिशत अधिक समझा जायेगा।

(2) 10 वर्ष से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन में 12.5 प्रतिशत अधिक समझा जायेगा।

(3) 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकंन मे आगणित वार्षिक मूल्यांकन के बराबर समझा जायेगा।

(ख) किराये पर उठे अनावासीय/औद्योगिक/व्यवसायिक भवन का मूल्यांकन अनुबन्ध में उल्लखित वास्तिवित किराये या मासिक किराया दर (प्रति वर्गफुट) मूल्यांकन जो अधिक है। पर किया जायेगा।

(ग) भवन में कई मंजिल होने की दशा में प्रत्येक मंजिल का वार्षिक किराया मूल्य उपरोक्त विधि से ही ज्ञात किया जायेगा।

8– सामान्य कर

(1) वार्षिक किराया मूल्यांकन (ARV) का गृहकर 10 प्रतिशत एवं जलकर 05 प्रतिशत होगा।

(2) निर्धारित तिथि तक प्रपत्र-ख न जमा करने पर रु0 5,000/– (रुपये पांच हजार मात्र) तक अर्थदण्ड देय होगा।

9–रेन्ट कन्ट्रोल के मकान–

रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम 1972 के अधीन आने वाले अवासीय भवनों पर नगरपालिका परिषद बांगरमऊ प्रत्येक करों की गणना के लिये वार्षिक किराये का निर्धारण रेट कन्ट्रोल अधिनियम के अन्तर्गत नही होगा। बल्कि अब इसके किराये का निर्धारण उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। ऐसे भवनों के करो की देयता अब किरायेदारी की होगी।

(क) जिन भवनो में किरायेदारों और सर्वे में भवन स्वामी का पता नही चलता है तो ऐसे भवनों में किरायेदार/अध्यासी को ही गृहकर का भुगतान करना होगा।

10– छूट–

स्वामी द्वारा अध्यासित ऐसा कोई भवन जो 30 वर्गमीटर पर निर्मित किया हो उसका करापोरेट एरिया 15 वर्गमीटर तक तथा उसके स्वामित्व मे नगरपालिका परिषद बांगरमऊ में कोई अन्य भवन न हों, गृहकर से मुक्त होगा।

11– प्रपत्र कब–कब भरना होगा–

(क) जब कभी भवन स्वामी द्वारा भवन को किराये पर दिया जायेगा या किराये से वापस अपने अध्यासन मे किया जायेगा इसके तीन सप्ताह के भीतर प्रपत्र-क में पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

(ख) जब किसी भवन के कारपेट एरिया या भूमि का क्षेत्रफल या दोनों मे परिवर्तन अथवा परिवर्धन किया जायेगा तो उसके लिए तीन माह के भीतर यथास्थिति भवन/भू-स्वामी द्वारा अथवा अध्यासित द्वारा प्रपत्र-क मे विवरण भरना होगा।

(ग) गलत सूचना देने पर रु0 5,000/– (रुपये पांच हजार मात्र) तक का आर्थिक दण्ड देय होगा।

(घ) जिन भवन/भू-स्वामियों/अध्यासियों द्वारा कर निर्धारण का विकल्प नही अपनाया जायेगा उनके सम्बन्ध में कर का निर्धारण व वसूली की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।

10–अनावासीय/गैर आवासीय भवन से तात्पर्य–

(1) सभी प्रकार की फुटकर दुकाने, शौरुम, कृषि उपकरणों के विक्रय केन्द्र, शीतगृह, सिनेमा, व मल्टिप्लेक्स पी0ओ0सी0, पैट्रोल व डीजल फिलिंग स्टेशन, गोदाम, बैंक वाणिज्य कार्यालय नर्सिंग होम, अस्पताल, बारातघर, होटल, रेस्टोरेन्ट, गेस्ट हाउस, राजकीय अर्धराजकीय, स्थानीय निकाय कार्यालय, अतिथिगृह, लाजिंग बोर्डिग हाउस, छात्रावास डाकघर, पुलिस स्टेशन, चौकी अग्निशमन केन्द्र व अन्य व्यवसायिक/भूमि से है।

(2) सभी प्रकार की औधोगिक इकाइयो/भूमि से है।

11–वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर आंगणित कर से सम्बन्धित आधारभूत तथ्य–

(क) नगरपालिका परिषद बांगरमऊ के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगरपालिका परिषद क्षेत्र या उसके भाग में नियमावली मे विहित रीति के अनुसार क्षेत्रवार समय-समय पर किराया दर और कर निर्धारण सूची तैयार करवायेगे। (संशोधित धारा 141)

(ख) सर्वेक्षण के दौरान आवासीय/व्यवसायिक/औधोगिक भवनों के पृथक–पृथक भवन संख्याये आवंटित की जायेगी। यदि किसी भवन मे आवासीय एवं व्यवसायिक दोनो गतिबिधियॉ पाई जाती है तो इन दोनो पृथक–पृथक भवन संख्याये आवंटित की जायेगी।

(घ) अनावासीय/व्यवासायिक/औद्योगिक भवनों पर कर निर्धारण नियमावली में उल्लिखित नियमों के अनुसार किया जायेगा।

13—कोई भी व्यक्ति यदि नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की सीमा में स्थित भवन/भूमि का स्वामी अध्यासी है तो वे भवन/भूमि में सम्पत्तिकर का निर्धारित मासिक किरायेदारों (प्रतिवर्ग फुट) के आधार पर स्वयं मूल्यांकन द्वारा कर लेगे। इसके लिये नगरपालिका परिषद बांगरमऊ से आवेदन-पत्र (प्रपत्र क और प्रपत्र ख) प्राप्त कर अपने मकान का ब्यौरा देकर उपविधि में दी गयी निर्धारित दर के अनुसार स्वकर का निर्धारण करेंगे।

14—आवेदन-पत्र (प्रपत्र क और प्रपत्र ख) नगरपालिका परिषद बांगरमऊ में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

15—भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी द्वारा स्वकर निर्धारण का विकल्प नही करवाया जायेगा तो उसके सम्बन्ध में स्वकर निर्धारण के अन्तर्गत वसूली की कार्यवाही नियमानुसार नगरपालिका परिषद बांगरमऊ उन्नाव द्वारा की जायेगी।

16— भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी द्वारा आवेदन-पत्र (प्रपत्र क और प्रपत्र ख) में गलत तथ्य सूचना देने पर उसको स्वयं रु0 1,000/– (रुपये एक हजार मात्र) से अधिक अर्थदण्ड देय होगा।

17—**कर निर्धारण दर**—

(1) गृहकर की देयता वार्षिक होगी जो वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत होगा।

(2) जलकर की देयता वार्षिक होगी जो वार्षिक मूल्य का 5 प्रतिशत होगा

18—करों का भुगतान—

(1) अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी बनाये गये नियम अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमे एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, नगरपालिका परिषद बांगरमऊ में कर का भुगतान किया जायेगा। स्वकर निर्धारण का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की दशा में उपविधि में दी गई शास्ति तथा नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 173(क) के भी अनुसार कर की वसूली की जायेगी।

(2) जिन भवनों/भूमि को नगरपालिका परिषद बांगरमऊ द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है। उन्हें भी प्रपत्र क और प्रपत्र ख पर उपरोक्तानुसार भरकर जमा करना अनिवार्य है। तथा उनके भवन/भूमि पर यदि कोई पूर्व का बकाया है तो प्रपत्र क अनुसार देय कर एवं पूर्व बकाया कर भी जमा करेंगे।

(3) जब किसी भवन में निर्माण या पुनःनिर्माण के फलस्वरुप कारपेट एरिया/भूमि के क्षेत्रफल अथवा दोनों में कोई परिवर्तन या परिवर्द्धन किया जाता है तो उसके निर्माण के समापन या अध्यासन के दिनांक से 03 माह के अन्दर यथा स्थिति भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा प्रपत्र ख में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

(4) जब कभी भवन स्वामी द्वारा अध्यासित भवन को किराये पर दिया गया हो, या किराये से वापस अपने अध्यासन में लिया गया होतो इसके तीन माह के अन्दर प्रपत्र ख में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

19—करो में छूट—

गृहकर एवं जलकर का भुगतान भवन/भू–खण्ड स्वामी–अध्यासी द्वारा माह सितम्बर तक जमा करने पर गृहकर में 10 प्रतिशत तथा जलकर में 05 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। इसके पश्चात् कर जमा करने पर कोई छूट अनुमन्य नही होगी किन्तु वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त करों का भुगतान भवन/भू-खण्ड

स्वामी–अध्यासी/किरायेदार को 20 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देय होगा। जिसमें भुगतान न जमा करनें पर प्रतिवर्ष सरचार्ज में स्वतः वृद्धि होती रहेगी। और बिल उपलब्ध कराने के 06 माह बाद बकाये की वसूली भू-राजस्व के बकाये की भांति कराने हेतु अधिशासी अधिकारी बाध्य होगा। (नगरपालिका अधिनियम 1916 धारा–139)

20–मकानों को दर्ज करने सम्बन्धी–

कोई भी व्यक्ति किसी भी समय किसी भी भवन या भूमि पर अपना नाम अध्यासी अथवा स्वामी के रुप में अंकित करना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा और यदि उसके नाम के सम्बन्ध में कोई आवेदन निरस्त करने हेतु विचाराधीन है तो उसका उल्लेख लिखित रुप में किया जायेगा अन्यथा उसके बाद कर सूची में आवेदन के अनुसार नाम कर निर्धारण सूची में अंकित कर दिया जायेगा।

21–नगरपालिका परिषद बांगरमऊ की ओर से अधिशासी अधिकारी जैसी भी परिस्थिति हो नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 158(1)(2) के अन्तर्गत पत्र भेजकर किसी भवन/भूमि स्वामी को उसकी सम्पत्ति आदि के बारे में विवरण प्रस्तुत करने तथा अन्य दस्तावेज मांगने व प्राप्त करने का अधिकार होगा।

22–**(क)** निकाय के अधिषासी अधिकारी द्वारा अपनी सीमान्तर्गत भवनो/भूमियों को वार्षिक मूल्याकंन निम्न दरों (प्रतिवर्ग फुट प्रतिमाह) पर निर्धारित किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, बांगरमऊ द्वारा निर्धारित मासिक किराया प्रति वर्गफिट (रुपये) में।

भवन की प्रकृति →	पक्का भवन (R.C.C./R.B.छत)			अन्य पक्का भवन			कच्चा भवन			भूमि के सम्बन्ध में
1	**2**	3	4	5	6	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**
फर्श की प्रकृति → सड़क की चौड़ाई ↓	पत्थर/टाइल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	पत्थर/टाइल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	पत्थर/टाइल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	खाली प्लाट
(क) (15 फिट से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	**4.50**	4.00	2.00	4.00	2.50	**1.00**	**3.00**	**2.00**	**0.80**	**0.80**
(ख) (15 फिट से 10 फिट चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	**3.60**	3.50	1.75	3.00	2.00	**0.90**	**2.50**	**1.50**	**0.60**	**0.60**
(ग) (10 फिट चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	**3.00**	2.75	1.50	2.50	1.80	**0.80**	**2.00**	**1.00**	**0.50**	**0.40**

शस्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-299(1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद, बांगरमऊ यह निर्देश देती है कि–

(1) जो व्यक्ति इस उपविधि का उल्लंघन करने के लिये दुष्प्रेरित करेगा, उसे रु0 1,000/– (रुपये एक हजार मात्र) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा सकता है और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किये जाने की स्थिति में प्रथम दोष सिद्व के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्व होगा रु0 50.00 (रुपये पचास मात्र) तक हो सकेगा।

(2) उप नियम 01 में निर्दिष्ट किसी बात के होते हुये भी उपविधि के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का प्रशमन अपराध के लिये नियत अर्थदण्ड की अन्यून एक तिहाई धनराशि और अनधिक आधी धनराशि की वसूली पर अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जा सकता है।

(राम जी),
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद,
बांगरमऊ-उन्नाव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s PSH INFRA TECH, पता–172, Sec-6 Chiranjiv Vihar Ghaziabad, 201002 पंजीकरण संख्या– GHA/0019374 दि0 03 अक्टूबर, 2024 है। पार्टनरशिप डीड 20 जनवरी, 2017 के अनुसार पार्टनर 1– अन्वेश गुप्ता 2– अंकित गोयल थे। एग्रीमेन्ट मोडिफाईग दि पार्टनरशिप डीड (संशोधित डीड) दिनांक 31 दिसम्बर, 2022, प्रभावी दि0 01 जनवरी, 2023 के अनुसार कपिल चौधरी नवीन साझीदार की हैसियत से सम्मलित करते हुये फर्म का पता–Plot No-108, Shop No-27 Mahalaxmi Market Prakash Industrial Estate, Sahibabad Ghaziabad U.P.-201005 किया गया है।

अन्वेश गुप्ता,
पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s JSPARK, पता– Office No. OC, 1226 Wing-A Floor, 12th Gaur City, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar-201301 पंजीकरण संख्या– जीबीएन/0015303 दि0 05 जून, 2023 है। पार्टनरशिप डीड दि0 21 अप्रैल, 2023 के अनुसार पार्टनर आशुतोष कुकरेटी, बाल मुंकुन्द ठाकुर व हरीश नाथ गोस्वामी थे। पार्टनरशिप रिकोन्स्टीटयूशन डीड दि0 02 दिसम्बर, 2024 के अनुसार पार्टनर बाल मुंकुन्द ठाकुर सेवानिवृत्त हो गये है। फर्म में वर्तमान पार्टनर–1– आशुतोष कुकरेटी 2. हरीश नाथ गोस्वामी है व फर्म का पता परिवर्तित कर ए–1, एफ 102ए सेक्टर–59, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर उ0प्र0–201301 किया गया है।

आशुतोष कुकरेटी,
पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स पकीजा इन्डस्ट्रीज पता विलेज डांडी हमीर पो0 आ0 रिछा जिला बरेली उतर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं0– B-9697 में से तीन साझेदार 1. मो0 फुरकान पुत्र श्री मोहम्मद सुलेमान 2. मो0 जाहिद पुत्र श्री मो0 युनुस 3. श्रीमती जैबुन निशा पत्नी स्व0 खलील अहमद दिनांक 01 जुलाई, 2024 को स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये है। सेवानिवृत्ति के पश्चात तीनो सेवानिवृत्त साझेदारों का फर्म पर व फर्म का सेवानिवृत्त तीनो साझेदारों पर कोई शेष बकाया नही है। वर्तमान में उपरोक्त फर्म में कुल दो साझेदार क्रमशः 1. सनी उर रहमान पुत्र श्री दाउद अहमद व 2. मो0 मुन्तसिर पुत्र श्री दाउद अहमद है।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

मो0 मुन्तसिर,
साझेदार,
मेसर्स पकीजा इन्डस्ट्रीज,
पता–विलेज डांडी हमीर,
पो0 आ0 रिछा जिला बरेली उत्तर प्रदेश।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स एन0आर0 इंडस्ट्रीज, पता–बी–75 सेक्टर–10 नोएडा, गौतमबुद्धनगर की साझेदारी में श्री राजेश कुमार जैन, श्रीमती बीना जैन एवं श्री नवीन जैन साझीदार थे तथा श्री राजेश कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 31 मई, 2024 को हो गयी थी संशोधित साझेदारी डीड दिनांक 28 नवम्बर 2024 के अनुसार फर्म में दो नये पार्टनर श्री संजय जैन एवं श्री विजय कुमार जैन सम्मिलित हो गये है। तथा संशोधित साझेदारी डीड दिनांक 28 नवम्बर, 2024 के अनुसार फर्म में श्रीमती बीना जैन, श्री नवीन जैन, श्री संजय जैन एवं श्री विजय कुमार जैन चार पार्टनर वर्तमान में कार्यरत रहेगे। श्रीमती बीना जैन, श्री नवीन जैन, श्री संजय जैन एवं श्री विजय कुमार जैन उपरोक्त फर्म में साझीदार है।

नवीन जैन,
साझीदार,
मेसर्स एन0आर0 इंडस्ट्रीज,
पता–बी–75 सेक्टर–10 नोएडा,
गौतमबुद्धनगर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स एम0बी0आर0 हॉस्पिटल, ग्राम शरीफपुर, तह0 व जिला–सम्भल पंजीकरण सं0–SBU/0013001 नामक फर्म में पंजीकरण के समय पांच पार्टनर श्री मनोज कुमार, श्री मंजीत सिंह, श्री मनवीर सिंह, श्रीमती रिहाना रियाज खान एवं श्री विरेश कुमार थे। फर्म में दिनांक 17 फरवरी, 2024 को दो पार्टनर श्री राजवीर एवं श्री मुश्ताक अहमद हाजम सम्मिलित हो गये है। दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 को पार्टनर श्री मनवीर सिंह एवं श्री मुश्ताक अहमद हाजम ने रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है एवं उक्त दिनांक को फर्म में श्री सुधा शर्मा सम्मिलित हो गयी है। रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नही है। फर्म में वर्तमान में छः पार्टनर श्री मनोज कुमार, श्री मंजीत सिंह, श्रीमती रिहाना रियाज खान, श्री विरेश कुमार, श्री राजवीर एवं श्रीमती सुधा शर्मा हैं।

मनोज कुमार,
पार्टनर,
मेसर्स एम0बी0आर0 हॉस्पिटल,
ग्राम शरीफपुर,
तह0 व जिला–सम्भल उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स Shanti Highway Petroleum, Chamarua, Kulpahad, Dist-Mahoba- U.P. वर्तमान में पंजीकृत फर्म जिसके साझेदारों का विवरण निम्न प्रकार है–

1. Kamlesh Kumar Kushwaha
2. Rajeev Kumar Jain

दिनांक 11 नवम्बर, 2024 से साझेदारों की आपसी सहमती द्वारा फर्म को बंद किया जा रहा है।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

Rajeev Kumar Jain
साझेदार,
मेसर्स Shanti Highway Petroleum,
Chamarua, Kulpahad,
Dist-Mahoba- U.P.

सूचना

सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म मे0 श्री राम प्लास्टिक सी 57, फाउण्ड्री नगर, आगरा में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह है कि दिनांक 12 अक्टूबर, 2024 को श्रीमती रितिका अग्रवाल पत्नी श्री रचित बंसल निवासी–सी–72 कमला नगर, आगरा को फर्म की साझेदारी में सम्मिलित

कर लिया गया है तथा उक्त दिनांक को ही फर्म के साझेदार श्री दिलीप कुमार मित्तल पुत्र श्री गनेश चन्द मित्तल निवासी–106 अनुपम रॉयल अपार्टमैन्ट, विजय नगर कॉलोनी, आगरा, श्रीमती नीना बंसल पुत्री स्व0 पन्नालाल बंसल निवासी-सी-72 कमला नगर आगरा तथा श्री रचित बंसल पुत्र स्व0 विपिन बंसल निवासी-उपरोक्त फर्म की साझेदारी से स्वेच्छा से पृथक हो गये है। अब फर्म में श्रीमती शिल्पी बंसल तथा श्रीमती रितिका अग्रवाल साझेदार है।

शिल्पी बंसल,
मे0 श्री राम प्लास्टिक,
सी–75, फाउण्ड्री नगर,
आगरा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा तथा मेरी पत्नी का सही नाम क्रमशः सुनील सूर्यमनी शुक्ला (SUNIL SURYAMANI SHUKLA) ज्ञान शीला (GYANASHILA) है जो हम लोगो के आधार कार्ड पैन कार्ड में अंकित है त्रुटिवश मेरे पुत्र के हाईस्कूल के सह अंक प्रमाण पत्र (अनुक्रमांक-23187883) में मेरा नाम सुनील शुक्ला तथा पत्नी का नाम शीला शुक्ला अंकित हो गया है जो कि गलत है।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

सुनील सूर्यमनी शुक्ला
ग्राम बिरधौलपुर पो0 रायपुर,
जिला जौनपुर उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम आरोही जायसवाल पुत्री गौरी शंकर जायसवाल है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है, त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या–6379 9808 4296 में उसका नाम हर्षिता जायसवाल अंकित हो गया है जो कि गलत है, भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम आरोही जायसवाल पुत्री गौरी शंकर जायसवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

गौरी शंकर जायसवाल,
पुत्र श्री महेश प्रसाद जायसवाल,
हुमांयूपुर उत्तरी पो0 गोरखनाथ,
गोरखपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम वंशिका गुप्ता पुत्री रवि कुमार है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या-4464 2132 6858 में मेरी पुत्री का नाम वर्तिका गुप्ता पुत्री रवि कुमार गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम वंशिका गुप्ता पुत्री रवि कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

रवि कुमार,
पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता,
निवासी-डंकीनगंज, तहसील-सदर,
महुआरिया मिर्जापुर,
उत्तर प्रदेश।

सूचना

सूचित हो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों एवं ए0 एन0 एम0 की सर्विस बुक में मेरा नाम प्रियंका पत्नी अवधेश कुमार वर्मा अंकित है जो कि मेरा सही नाम है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश प्रियंका वर्मा पत्नी अवधेश कुमार वर्मा अंकित हो गया है जो कि गलत है।

प्रियंका,
पत्नी अवधेश कुमार वर्मा
निवासी–ग्राम सरतेजपुर,
विकास खण्ड जयसिंहपुर, परगना बरौंसा,
तहसील जयसिंहपुर, जनपद सुलतानपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का सही नाम रवि प्रकाश जायसवाल जो उनके आधार कार्ड में अंकित है त्रुटिवश मेरे हाई स्कूल अंकपत्र व प्रमाण पत्र (2021 अनुक्रमांक–23251332) में मेरे पिता का नाम रवि प्रकाश अंकित हो गया है जो कि गलत है। उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

गौरव जायसवाल,
निवासी–55, मोरी दारागंज,
प्रयागराज उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सुमित्रा देवी पत्नी बेचन राम है, जो मेरे पति के सेवा से सम्बन्धित अभिलेख में तथा परिवार रजिस्टर में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0–8401 2160 5057 में मेरा नाम कुन्ती पत्नी बेचन अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सुमित्रा देवी पत्नी स्व0 बेचन राम के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

सुमित्रा देवी,
पत्नी स्व0 बेचन राम,
ग्राम जयापुर, पो0 जयापुर,
जिला वाराणसी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम शाश्वत शुक्ला पुत्र सूरज कुमार शुक्ला है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या–2136 4080 7121 में उसका नाम गौरव शुक्ला अंकित हो गया है जो गलत है भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम शाश्वत शुक्ला पुत्र सूरज कुमार शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूरज कुमार शुक्ला,
नि0 बाबूपुर साथर, पो0 सिरसा,
तहसील–हण्डिया, जनपद प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम जान्हवी यादव पुत्री जीत लाल है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या–9956 1730 0237 में मेरा नाम बबली यादव अंकित हो गया है जो मेरा घरेलू नाम है भविष्य मे मुझे मेरे सही नाम जान्हवी यादव पुत्री जीत लाल पत्नी अनिल कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

जान्हवी यादव,
पत्नी अनिल कुमार,
पता–259 मऊ सरैया अशोक नगर,
इलाहाबाद।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम प्रियल कुशवाहा पुत्री रामनरेश कुशवाहा है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या–6553 9299 8497 में उसका नाम पल्लवी कुशवाहा अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम प्रियल कुशवाहा पुत्री रामनरेश कुशवाहा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

रामनरेश कुशवाहा,
पुत्र गौरीशंकर कुशवाहा,
पता–ठाकुर नगर वार्ड नं0–2 सलेमपुर,
पोस्ट सलेमपुर, जिला देवरिया उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम नीरज सिंह पुत्र रज्जन लाल है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0–2589 8562 4015 में मेरा नाम मोहित कुमार अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम नीरज सिंह पुत्र रज्जन लाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

नीरज सिंह,
पता— ग्राम बरमपुर, पोस्ट अमौली,
थाना—चाँदपुर, जनपद फतेहपुर
उत्तर प्रदेश।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सही नाम स्वाति चड्ढा है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख आधार कार्ड, पैन कार्ड में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के हाई स्कूल के अंक प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 23267182 में मेरा नाम स्वाती सोबती अंकित हो गया है जो कि गलत है।

स्वाती चड्ढा,
पत्नी अनुपम सोबती,
18/10 करेला बाग कालोनी,
तुलसीपुर प्रयागराज।

सूचना

मेरे आधार संख्या— 8971 6397 1012 में मेरा नाम चनरी देवी गलत अंकित हो गया है। मेरा सही नाम चंद्रकली पत्नी स्व0 नंदलाल निवासिनी—ग्राम कपसा, फूलपुर, प्रयागराज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय।

चन्द्रकली,
ग्राम कपसा, फूलपुर, प्रयागराज।

पी0एस0यू0पी0—41 हिन्दी गजट—भाग 8—2025 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।